
UGC Care Listed

# त्रैमासिक साहित्यिक पत्रिका

ISSN-2321-1504 Nagfani
RNI No. UTTHIN/2010/34408

वर्ष-12, अंक-41, अपैल - जून 2022



आज़ादी का अमृत महोत्सव

# नागफनी

अस्मिता, चेतना और स्वाभिमान जगाने वाला साहित्य

मूल्य
₹ 150/-

# आगामी अंक की सूचना

जुलाई से सितंबर 2022 के लिए 30 जून तक ही लेख स्वीकार किये जायेंगे। 30 जून के बाद मेल पर प्राप्त शोधालेखों पर आगामी अंक में प्रकाशित करने पर विचार किया जाएगा। व्यक्तिगत पंचवार्षिक सदस्यता लेने पर पांच साल तक पत्रिका मिलेगी। शोधालेख प्रकाशन की स्वीकृति/अस्वीकृति का जो भी निर्णय होगा वह आपको मेल से ही सूचित किया जाएगा इसको लेकर संपर्क करने की आवश्यकता नहीं हैं।

"नागफनी" अस्मिता, चेतना, और स्वाभिमान जगाने वाली त्रैमासिक साहित्यिक पत्रिका है। इस पत्रिका को यूजीसी केयर लिस्ट मे शामिल किया गया है। पत्रिका का ISSN&2321&1504 nagfani और RNI No-UTTHIN/2010/34408 नम्बर है। साथ ही यह Peer Reviewed Referred journal है। आलेख –nagfani81@gmail-com पर भेजने का कष्ट करें। व्यक्तिगत पंचवार्षिक सदस्यता लेने पर पांच साल तक पत्रिका मिलेगी।

## आलेख भेजने संबंधी निर्देश–

- शोधालेख यूनिकोड kokila फॉन्ट 14 साइज में तथा एरियल युनिकोड में टाइप करके word और PDF दोनों में भेजना है।
- कलर पासपोर्ट फोटो।
- मौलिकता और प्लेगरिज्म संबंधी प्रमाण–पत्र।
- अन्य किसी टाइप फॉन्ट को स्वीकृत नहीं किया जाएगा।
- आलेख मेल पर भेजने के बाद आलेख स्वीकृति/अस्वीकृति की सूचना मेल पर ही दी जाएगी ।

धन्यवाद!

# नागफनी

A Peer Reviewed Refrred Journal
(अस्मिता चेतना और स्वाभिमान जगाने वाला साहित्य)
UGC Care Listed त्रैमासिक साहित्यिक पत्रिका
ISSN-2321-1504NagfaniRNI No.UTTHIN/2010/34408

संपादक
**सपना सोनकर**

सह संपादक
**रूपनारायण सोनकर**

कार्यकारी संपादक
**डॉ.एन.पी.प्रजापति**
**प्रोफेसर बलिराम धापसे**

**वर्ष-12 अंक41,अप्रैल -जून 2022**

सलाहकार मण्डल (Peer Review Comittee)

प्रोफेसर विष्णु सरवदे, हैदराबाद (तेलंगाना)
प्रोफेसर आर. जयचंद्रन तिरुअनंतपुरम (केरल)
प्रोफेसर दिनेश कुशवाह,रीवा (मध्य प्रदेश)
डॉ.एन. एस. परमार, बड़ौदा (गुजरात)
प्रो. दिलीप कुमार मेहरा, बी.बी.नगर (गुजरात)
डॉ.उमाकांत हजारिका, शिवसागर(असम)
डॉ. आर. कनागसेल्वम, इरोड (तमिलनाडु)
प्रोफेसर संजय एल. मादार,धारवाड़ (कर्नाटक)
प्रोफेसर गोबिन्द बुरसे, औरंगाबाद (महाराष्ट्र)
डॉ.दादा साहेब सालुनके, महाराष्ट्र (औरंगाबाद)
प्रोफेसर अलका गड़करी, औरंगाबाद (महाराष्ट्र)
डॉ. साहिरा बानो बी. बोरगल, हैदराबाद (तेलंगाना)
डॉ. बलविंदर कौर, हैदराबाद (तेलंगाना)
डॉ.ओम प्रकाश सैनी, कैथल (हरियाणा)

## प्रकाशन/मुद्रण

प्रकाशक रूपनारायण सोनकर की अनुमति से डॉ.एन. पी.प्रजापति एवं प्रोफेसर बलिराम धापसे द्वारा नमन प्रकाशन–423/Aअंसारी रोड दरियागंज, नई दिल्ली 11002 में प्रकाशन एवं मुद्रण कार्य

मुख पृष्ठ—डॉ. आजम शेख, मैत्री ग्राफिक्स, सावंगी (ह), औरंगाबाद (महाराष्ट्र)

## संपादकीय/व्यवस्थापकीय कार्यालय

दून व्यू कॉटेज स्प्रिंग रोड, मंसूरी -248179, उत्तराखण्ड, दूरभाष : 0135-6457809 मो.0941077718

## शाखा कार्यालय

पी.डब्ल्यू. डी. आर. -62 ए ब्लॉक कॉलोनी बैढ़न, जिला-सिंगरौली म. प्र. पिन-486886 मो. 09752998467

सहयोग राशि -150/-रुपये, वार्षिक सदस्यता शुल्क (संस्था के लिए)-1000/-रुपये, पंच वार्षिक सदस्यता शुल्क (व्यक्ति के लिए)-2000/-रुपये, पंच वार्षिक संस्था और पुस्तकालयों के लिए –3000/-रुपये, विदेशों में$50 आजीवन व्यक्ति-6000/-रुपये,संस्था-10,000/-रुपये।

**सदस्यता शुल्क एवं सहयोग राशि-इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक–A/C –8367100138282 IFSC Code-IPOS0000001**
**Branch-sidhi, NIRPAT PRASAD PRAJAPATI**

**नोट:-**पत्रिका की किसी भी सामग्री का उपयोग करने से पहले संपादक की अनुमति आवश्यक है। संपादक-संचालक पूर्णतया अवैतनिक एवं अध्यवसायी हैं।**'नागफनी'**में प्रकाशित शोध-पत्र एवं लेख, लेखकों के विचार उनके स्वयं के हैं। जिनमेंसंपादक की सहमति अनिवार्य नहीं हैं ।**'नागफनी'** से संबंधित सभी विवादास्पद मामले केवल देहरादून न्यायालय के अधीन होंगे। अंक में प्रकाशित सामग्री के पुनर्प्रकाशन के लिए लिखित अनुमति अनिवार्य है। सारे भुगतान मनीऑर्डर, बैंक/चेक/बैंक ट्रांसफर/ई-पेमेंट आदि से किए जा सकते हैं। देहरादून से बाहर के चेक में बैंक कमीशन 50/-अतिरिक्त जोड़ें दें।

**लेख भेजने के लिए** –Mail-ID- nagfani81@gamil.com
**पत्रिका के बारे मे विस्तार से जानने के लिए देखें** Website:–http:naagfani.com

# नागफनी

## अनुक्रम

पृष्ठ क्रमांक


संपादकीय .. 5

साहित्यिक विमर्श

1. गिरिधर कविराय के काव्य में अभिव्यक्त सामाजिक-बोध-डॉ. समरेन्द्र कुमार 6-7
2. ज़िम्मेदारी का शुल्क अदा करती असगर वजाहत की कहानियाँ -कपिल देव प्रसाद निषाद 8-9
3. सोहनलाल द्विवेदी रचित 'भैरवी' काव्य संग्रह और स्वाधीनता आंदोलन -डॉ संजय नाईनवाड 10-11
4. मैथिलीशरण गुप्त के काव्य में प्रतिबिम्बित गांधी दर्शन-डॉ.दिनेश साहू 11-13
5. अस्मिता विमर्श: कुछ चिंता और कुछ चिंतन-डॉ. प्रवीण कुमार 14-16
6. तमाशा : लोक परंपरा -प्रा.राजेश दत्तात्रय झनकर 17-18
7. खड़िया का घेरा नाटक की प्रासंगिकता- डॉ.रूपेश कुमार सिंह 18-19
8. मुक्तिबोध के काव्य में पूंजीवादी राजनीतिक चेतना -डॉ.एन.पी.प्रजापति 20-22
9. शिक्षा ही गुलामी कि जंजीरों को तोड़ सकती है :नीला आकाश-डॉ.वीरेन्द्र प्रताप 23-24
10. नीरज काव्य में दार्शनिक तत्व-प्रो.मन्जुनाथ एन.अंबिग 25-26
11. 'विसर्जन' में भूमंडलीकरण का सांस्कृतिक वर्चस्व-उमा बणिचुलल 27-28
12. महादेवी वर्मा : हिंदी के विशाल मंदिर की वीणा-पाणि- डॉ.सुरेन्द्र शर्मा 28-30
13. मुक्तिबोध की कविता में व्यवस्था विमर्श ,'भूरी भूरी घाक धूल' के संदर्भ में-डॉ.जस्टी एम्मानुवल 30-31
14. मंजूर एहतेशाम के कथा साहित्य में अभिव्यक्त संघर्ष और संवेदना के रूप-जरीना.ज.ईटी 32-33
15. ढाई बीघा जमीन : आधुनिकता के परिप्रेक्ष्य में-डॉ.जयंत ज्ञानोबा बोबडे 34-35
16. तिरूमुरुगाट्पडै-एक विहंगम दृष्टि (मुरगन तक मार्गदर्शन)-डॉ.एस.प्रीति 36-37
17. विद्यानिवास मिश्र के निबंध : विचार और व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति-डॉ.नीरज शर्मा 38-39
18. स्वतंत्रता संग्राम में भारतीय भाषाओं का योगदान-डॉ. एस. रज़िया बेगम 40-41
19. राजेश जोशी की कविताओं का प्रतिरोधी तेवर-डॉ.निम्मी ए.ए 41-42
20. उषा प्रियंवदा के उपन्यासों में स्त्री चेतना-पारोमिता दास 43-44
21. 'सादर आपका': बिगड़ते पारिवारिक सम्बन्धों की संघर्ष गाथा -डॉ.अन्सा ए 45
22. ओमप्रकाश वाल्मीकि कृत 'मुंबई कांड' कहानीमेंअम्बेडकरवादी विचारों का चित्रण-डॉ.सोनकांबले अरुण अशोक 46-48
23. उस चिड़िया का नाम'उपन्यास में अभिव्यक्त उत्तराखंड का दर्गम जीवन-अजय सिंह राव 49-50
24. कालजयी कवि नेपाली की कविता का निहितार्थ- रौशन कुमार /डॉ. विश्वजीत कुमार मिश्र 50-52
25. समकालीन हिन्दी कविता में अभिव्यक्त किसान जीवन(केदारनाथ सिंह के विशेष सन्दर्भ में)- नरेन्द्र जादम 53-55
26. हिंदी रंगमंच के विकास में नाट्य-निर्देशिकाओं का योगदान-अजीत कुमार सिंह/डॉ.मधु कौशिक 56-57
27. हरिवंश राय बच्चन की आत्मकथाओं में भाषा-वैशिष्ट के सामाजिक स्वरूप का अध्ययन -अनुराधा शुक्ला 58-59
28. परशुराम शुक्ल के बाल कहानियों में निहित नैतिक सन्देश-एआर.मुत्तुनाच्चम्मै/डॉ.बी.कामकोटी 60-61
29. 'बादल में बारूद' यात्रावृत्तांत का विश्लेषण-मधुसूदन 61-63
30. अज्ञेय के साहित्य में पारंपरिक सरोकार-रचना तनवर 64-65
31. रामचरितमानस के राम और मानवीय मूल्य-जयन्ती/डॉ.रामरति 66-67
32. मोहन राकेश के कथा साहित्य में परंपरागत और आधुनिक मूल्यों का द्वन्द्व-गजराज सिंह /डॉ.नवनीता भाटिया 68-69

स्त्री विमर्श

1. दीप्ति खण्डेलवाल के उपन्यासों में नारी शोषण की समस्या-डॉ.पारुल सिंह 70-71
2. रुदन गीत: स्त्री रुदन के निहितार्थ (संरचना-प्रकार्यात्मक विश्लेषण)-शिव बाबू/वीरेन्द्र प्रताप यादव 71-73
3. कैशोर्य-अस्मिता के बहाने स्त्री-अस्मिता की तलाश : गंटूमूटे-अनुज कुमार 74-75
4. हिंदी साहित्य में नारी विमर्श-राजपाल सिंह यादव 76-77
5. पुरुष समाज में नारी का अस्तित्व-प्रतिभा सिंह 78-79
6. माधव कौशिक के साहित्य में नारी विमर्श-हरी राम 80-81
7. इक्कीसवीं सदी के प्रमुख मुस्लिम लेखकों के उपन्यासों में सामाजिक समस्याएँ(स्त्री संदर्भ)-शेख़ अताउल्लाह 81-83
8. एक और पांचाली उपन्यास में चित्रित जीवन शिक्षण-हरिजन प्रकाश यमनप्पा 84-85
9. समकालीन परिप्रेक्ष्य में शिवमूर्ति का उपन्यास 'त्रिशूल: एक अध्ययन-चन्द्रावती 85-87
10. महुआचरित में स्त्री का अंतर्द्वन्द्व-प्रतिभा सिंह 88-89

आदिवासी विमर्श

1. हिंदी उपन्यासों में चित्रित आदिवासी समाज-डॉ.अमिय कुमार साहू 90-91
2. पूर्वोत्तर भारत का आदिवासी समुदाय और उनका संसदीय प्रतिनिधित्व:एक विवेचन -डॉ.राजबहादुर मौर्य 92-95
3. इक्कीसवीं सदी के हिंदी उपन्यासों में आदिवासी एवं दलित अस्मिता-डॉ.ललित कुमार श्रीमाली 95-97

दलित विमर्श

1. रूपनारायण सोनकर की आत्मकथा नागफनी में चित्रित विद्रोही स्वर-डॉ. दोड्डा शेषु बाबु 98-99
2. दलित साहित्य : सौंदर्यशास्त्र की मांग-डॉ. जय सिंह मीणा 100-101
3. हिन्दी आत्मकथा में दलित स्त्री विमर्श (कौसल्या बैसन्त्री की आत्मकथा 'दोहरा अभिशाप' के विशेष सन्दर्भ में)-डॉ.विनोदकुमार विलासराव वायचळ 'वेदार्य' 102-103
4. समाज में दलित वर्ग की पीड़ा और मुक्ति का सशक्त दस्तावेज : जूठन डॉ. राजन तनवर 104-105
5. 'गटर का आदमी' : दलित उत्थान एवं बाजारीकरण की यथार्थ अभिव्यक्ति -दीपाली 106-107

**6.मेरा बचपन मेरे कंधों पर : दलित चेतना और स्त्री शोषण का जीवंत दस्तावेज़- निर्मल सुवासिया** 108-109
**7.दलित विमर्श : अवधारणा और इतिहास-डॉ. कुलराज व्यास** 109-111
**8.ओमप्रकाश वाल्मीकि के काव्य में जाति दंश के स्वर-ओम प्रकाश** 111-113
**9.दलित आत्मकथाओं में अभिव्यक्त भारतीय समाज का स्वरुप-मनीष कुमार महरा** 113-115

## कविता

**1.खुशियों का पुष्पन-पल्लवन-लाल देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव** 115-116

## किन्नर विमर्श

**1.व्यथा की कथा किन्नर कथा-प्रो. संजय एल.मादार** 117

## गजल

**1.अल्फाज सिंगरौली के चार गजलें** 118

## विविध विमर्श

**1.राष्ट्र निमार्ण में मजदूरों की भूमिका: उनका वर्तमान और भविष्य-डॉ.जीतेंद्र कुमार /डॉ.अशोक डेहरिया** 119-121
**2.भारतीय राजनीति का वर्तमान स्वरूप: एक विमर्श-अरुण कुमार** 122-123
**3.डॉ.भीमराव अंबेडकर के राजनैतिक एवं संवैधानिक विचार और उनका भारतीय समाज पर प्रभाव-ओम प्रताप सिंह** 124-125
**4.प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन के माध्यम से आदिवासी लोगों के सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन में स्वैच्छिक संगठनों के योगदान पर एक अध्ययन-श्री.भाग्यवान सोलंकी /डॉ. दीपक भाई भोये** 126-127
**5.कृषि विकास पर तकनीकी परिवर्तनों का प्रभाव(झुन्झुनू जिले के विशेष संदर्भ में)-पूनम यादव /डॉ. सालिक सिंह** 128-129
**6.नई शिक्षा नीति में भाषा-डॉ.अल्पना शर्मा** 130
**7.नई शिक्षा नीति, समाचार लेखन:संपादन और रोजगार-डॉ. नवनाथ गाड़ेकर** 131-132
**8.भारत में जनसंख्या नीति का समाजशास्त्रीय विश्लेषण-घनश्याम कुशवाहा** 133-135
**9.विद्यालयी विद्यार्थियों को मिलने वाले पुरस्कार एवं दण्ड के प्रभाव का अध्ययन-निकिता बिन्दल /मोहन लाल 'आर्य'** 135-137
**10.बहरोड़ तहसील में कृषि भूमि उपयोग का परिवर्तन एवं नियोजन का एक भौगोलिक अध्ययन-प्रदीप कुमार/डॉ.सालिक** 138-140
**11.गाँधी की बुनियादी शिक्षा एवं आत्मनिर्भर भारत एक अध्ययन-डॉ.दीपक अवस्थी** 140-143
**12.वर्तमान में जल अधिग्रहण कार्यक्रम तथा पर्यावरण प्रबंधन एक अध्ययन झुन्झुनू जिले के सन्दर्भ में-सवित राज/सालिक** 143-145
**13.वर्तमान समय में गुरू जाम्भोजी की वाणी की उपादेयता और महत्व- डॉ.मीना** 146-147
**14.वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं व्यावसायिक तनाव का अध्ययन-अर्चना सिंह /मोहन लाल आर्य** 148-150
**15.भारतीय लोकतंत्र एवं संसदीय प्रतिमानों के विकास में नेहरू की भूमिका का विश्लेषणात्मक अध्ययन-डॉ. संगीता शर्मा** 151-152
**16.अस्सी घाट की रामलीला (वाराणसी)-आशुतोष** 153-154
**17.प्राचीन भारत में तक्षशिला शिक्षा केंद्र से शिक्षाएँ - सौरभ शुभम** 155-156

## English Discourse

1.Higher Education Scenario in North Eastern States (NES) of India: A Comparative Study -Dr. Upen Konch 157-160
2.Contemporary Relevance of the Folk Narratives of Bengal: A Study of Life's Secret and The Indigent Brahmin-Dr. Ramyabrata Chakraborty /Dr.Anup kumar dey 161-162
3.Forecasting of Stock Price Volatility And Modelling The Nifty 50 Companies Using Eviews -K. Kannan/Dr. S. Balamurugan 163-166
4.SAGY: A Scheme for Holistic Development of Villages-Dr. Reenu Rani Mishra 167-171
5.Interrogating Gender through Myths: A Study of Devdutt Pattanaik's The Pregnant King-Dr. Snehsata 172-174
6.Man-Woman Relationship in Chitra Banerjee's Sister of My Heart -Dr. R. Kanagaselvam 175-177
7.Religious Impact on Female characters in the Fiction of Nayantara Sahgal-Dr.G.Baskar 177-179
8.Social Determinants of Health during the time of Covid- 19: A Study on Tea Garden Women of Golaghat District of Assam-Dr. Purabi Bhagawati/Monjit Gogoi/Pranjal Deka 180-183
9.Work Life Balance of Self-Employed Married Women-D.Bhuvaneswari/Dr.P.Thirumoorthi 184-187
10.The life and Art of Ernest Hemingway:A thematic study of his selected Novels-Mahesh Kumar/ Dr.Pratima 188-190
11.A Study of Women Empowerment Issues, Challenge, Strategies and Social Change in Modern India-Anil Kumar/Dr.Anil Kumar Dixit 191-193
12.Nature and women–the preserver and destroyer in the select short stories of Ambai-M.Aarthi Priya 193-195
13.Kamala Markandya and Cultural Dualism-J. Sangeetha/Dr.P.Santhi 196-197
14.Gender Justice and Women's Rights: A Study of Ngugi wa Thiong'o's Weep Not, Child-T.Sriram/Dr. S.P.Sasi Rekha 198-200
15.Role and use of Narratives in Legal research-D.B. Kolte 200-202
16.Analytics of Work Life Balance and Career satisfaction Among Police Personnel:Evidence Form South Indian State, Tamilnadu, Tiruvannamalal-A.Mohammed Hussain/Dr. I.Carmel Mercy Priya 203-206
17.The Pottery art as Sustaninability and Luxury Products-Amit Kumar/Rabindranath Sarma 207-211
18.EspusingFolklore as Communication Tool For Sustainable Development-R K Archana Sada Suman Tudu/ 212-214
19. A prehistoric era review of ethno-herbs drug usages: an empirical analysis among Bonda Particularly Vulnerable Tribal groups (PVTGs) of Malkangiri district Odisha, India -Bhagyashree Sahoo 215-217

20. Humans Domination in Nature: An Ecocritical Study of The Ministry of Utmost Happiness-Nikita Kumawat/A.S.Rao 218-221
21.Denunciation of O pportunity and Education in Shashi Deshpande's The Dark Holds no Terrors and Anne Tyler's Earthly Possessions-S.Mercy Lourdes Latitia/Dr. J.Jayakumar 222-223
22.Black feminist Intersectionality in Bessie Head's The Collector of Treasures and Other BotswanaVillage tales-V. Saranya 224-226
23 .Quest for Self-Identity: A Close Reading of Uma Parameswaran's Riding High with Krishna and Baseball Bat & other Stories.-S. Divya/Dr.P.Mythily 226-228
24 .Culture Aesthetics Of Monologoss and Hetrogloss Elements in The Selective African Poems-Keerthana.K 229-231
25 .Mission of Education: Impact of Christian Missionaries in Igbo Culture-P.Priya 232-233
26.Stress as a Predictor of Depression in Adolescent: A Study in Reference to Farrukhabad District (U.P.)-Shikha Dixit/Mohan Lal 'Arya' 234-235
27. An overview of the woman's protest commentary in the Antarip Novel of Bhabendra Nath Saikia-Dimpi Rani Barman/Dr Prafulla Kumar Nath 236-237
28.Socio-Economic Conditions of the Kaivartas of Assam: A Historical Study-Mr. Khogen Gogoi/ Dr.Diganta Deka 238-239
29.Covid-19 disruptions and post covid scenario of microfinance institutions and self-help groups: An overview of Indian Microfinance 2020-2021.-Aadil Rashid/Dr P. Ashok Kumar 240-242
30.Humanistic Vision in K.V.Dominic's "Enlighten us Buddha"-Mr.G.KALAI VANAN/Dr.S.Kumaran 243-245
31.Desire and Determination of Anita Nair's Female Protagonist-Mrs. P. Kavitha/Dr. K. Ramachandran, 245-247
32.Women Education and Debates as Reflected in Contemporary Literary Records of Colonial Assam.-Sonali Borah 248-250

## संपादकीय

**संपादकीय ...**

**कोई हिन्दू कोई मुस्लिम कोई ईसाई है,**
**सब ने इंसान न बनने की कसम खाई है। -निदा फ़ाजली**

21वी शदी के भारत मे नीची जाती के युवक द्वारा मूछ रखने मात्र से गोली मार दी जाती है, सामाजिक भेदभाव भारतीय समाज मे विभिन्न रूपों में उपस्थित हैं जैसे जातिगत भेदभाव, लैंगिक (महिला और पुरुष) वर्ण, वर्ग, लम्बे, छोटे, इत्यादि। कल यह दुसरे रूप में था आज अलग रूप में है। आने वाले दिनों में दू सरे रूप में होगा। जितने भी भेदभाव हैं उसमे सभी एक दुसरे को नीचा दिखाने का प्रयास करते हैं यदि ऐसा नहीं कर पाते हैं तो उनमे हीन भावना उत्पन्न हो जाती है।उसी का परिणाम है की सभ्य समाज पर मूछ रखने से गोली मारने जैसी घटना कलंक की तरह है। भारतीय संविधान समता, स्वतंत्रता, बंधुत्व और न्याय की बात करती है साथ ही समस्त भारतीयों को नागरिक मानते हुए नागरिक अधिकार प्रदान करती है, किन्तु हम संवैधानिक चरित्र का अनुशरण अपने जीवन मे नहीं कर पाए। हम जाती धर्म और अंधविश्वास की बेड़ियों मे ही जकड़े रहे और उन्ही को आदर्श मानकर उन्ही की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाते रहे। गोकसी के शक मे आदिवासियों की पीट -पीट कर हत्या कर दी जाती है। ऐसे नफरत भरे माहौल मे सवाल खड़ा होता है कि आखिर भारतीय इस ग्लोबलविलेज के दौर मे कहाँ खड़े हैं। हमारी संस्कृति तो विश्व का कल्याण कामना वाली रही है, प्राणियों मे सद्भावना हो, बसुधैव कुटुम्बकम के साथ- साथ सिया राम मय सब जग जानी, की रही है। अब ऐसा क्या हो गया की हम सामान्य मानवीय मूल्यों को भी खोते जा रहे हैं, इंसानियत को तार -तार करते जा रहे हैं।ऐसे कठिन दौर मे साहियकार का दायित्व है कि वह वर्तमान परिस्थितियों की बारीकी से, निष्पक्ष तरीके से चित्रण करे। अपनी लेखनी के माध्यम से समाज मे अन्तश्चेतना जाग्रत करे। समाज मे विद्यमान विसंगतियों, विद्रूपताओं और असमानताओं का निरूपण करे, साथ ही समाज को सही दिशा दिखाने हेतु एक आदर्श चरित्र का सृजन करे। यह दायित्व निभाते हुए समाज के समग्र विकास मे सहयोगी बने। कथा सम्राट मुंशी प्रेम चंद जी ने कहा था की "जो दलित है, पीड़ित है,संत्रस्त है, उसकी साहित्य के माध्यम से हिमायत करना साहित्यकार का नैतिक दायित्व है। " इस दायित्व से यदि कलमकार विलग हुआ तो फिर उस देश को बचाने वाला कौन सामने आएगा। वैचारिक क्रांति के बाद ही किसी क्रांति की उम्मीद होती है यदि वैचारिकता मे भोथरापन आया तो समग्रता मे उसका प्रभाव परिलक्षित होगा। साहित्य मानव को श्रेष्ठ बनाने का संकल्प लेकर चला है। व्यापक मानवीय एवं राष्ट्रीय हित इसमे निहित है। वास्तव मे साहित्य जीवन के सत्य को प्रकट करने वाले विचारों और भावों की सुंदर अभिव्यक्ति है। आज साहित्य के समक्ष - विकास की प्रक्रिया में 'सांस्कृतिक संकट और संक्रमण' दोनों का सवाल महत्त्वपूर्ण है। लेकिन सूचनाक्रांति और वैश्विक पहुँच के दौर में क्या वैश्विक प्रभाव से बचा जा सकता है? क्या विकास की इस दौर में सांस्कृतिक अस्मिता का सवाल राष्ट्रीय अस्मिता का सवाल नहीं? हमे इन सवालों को गंभीरता से लेना होगा और अपनी सोंच-समझ को वैज्ञानिकता के साथ जोड़कर व्यापक करना होगा तभी एक समृद्ध एवं विकसित भारत की संकल्पना साकार कर सकते हैं। इसका अर्थ यह ' विलकुल भी नहीं है की हम अपनी सांस्कृतिक विरासत जो की वैज्ञानिक जीवन मूल्यों को समेटे हुए हैं उनको भी नकार दें। आज जरूरत है कि साहित्यिक संवेदना के उच्च स्तर को जीवन्त रखते हुए समकालीन समाज के विभिन्न अन्तर्विरोधों को अपने-आप में समेटकर देखने का एवं साहित्यकार के सत्य और समाज के सत्य को मानवीय संवेदना की गहराई से जोड़ने का,बाज़ारवाद की अंधी दौड़ का अनुसरण करने की बजाय उसके पीछे व्याप्त सच्चाइयों व अन्तर्विरोधों को सामने लाने का तथा उसका शिकार होने की बजाय एक अच्छे साहित्यकार की भाँति स्वयं को उस मानवीय संवेदना से जोड़ने का। क्योंकि साहित्य का उद्भव ही संवेदनाओं से होता है।

कोरोना महामारी के वीभत्स दौर से अभी भी पूरी दुनियाँ जूझ ही रही है मौत का तांडव नृत्य अभी थमा भी नहीं है और रूस द्वारा उक्रेन पर हमला मानवता को शर्मसार कर रही है। युद्ध बेशक सेनाएं लड़ती हैं लेकिन युद्ध के दुष्प्रभाव को उस देश के आम नागरिक को लंबे समय तक झेलना पड़ता है। अनगिनत मौतें, असंख्य घायल, बेघर शरणार्थी परिवार,बंद पड़े रोजगार धंधे,ध्वस्त इमारतें, बर्बाद इंफ्रास्टक्चर, हथियारों के रासायनिक कचरे का प्रदूषण व इन सबके चलते पर्यावरण का नाश—यही मंजर होता है हर युद्ध के बाद का । इंसानियत के लिए युद्ध किसी भी स्तर पर सही नहीं ठहराया जा सकता। लोकतान्त्रिक तरीके से ऐसे मसलों को सुलझाया जा सकता है।

नागफनी का अप्रैल से जून 2022 का 41वाँ अंक अन्य अंकों की तरह ही विविधता से भरा हुआ है। इसमे मुख्य विषय साहित्यिक विमर्श का है जिसमे देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के विद्वानों के लेख सम्मिलित हैं । स्त्री विमर्श, आदिवासी विमर्श, दलित विमर्श, किन्नर विमर्श कविता, गजल,विविध विमर्श के अतिरिक्त इंग्लिस डिस्कोर्स पर भी कई विद्वानों के लेख हैं। उम्मीद है कि यह अंक आपको पसंद आएगा। साथ ही शोध छात्र छात्राओं के लिए बेहद उपयोगी सावित होगा ऐसा मेरा मानना है।

नागफनी के मुख्य संपादक श्रीमती सपना सोनकर जी और संपादक श्री रूपनारायन सोनकर जी के कुशल मार्गदर्शन मे ही यह पुनीत और कठिन कार्य मूर्त रूप ले पा रहा है। कार्यकारी संपादक और मेरे प्रिय मित्र प्रो. बलीराम धापसे जी के अथक प्रयास और समन्वय से हम इस काम को कर पा रहे हैं। डॉ सजय मादार जी,जो कि शुरू से ही हर अंक मे अपना अमूल्य योगदान हमे प्रदान करते हैं। देश के विभिन्न कोनों से हमारे सलाहकार मण्डल का पूरा सहयोग हमे प्रत्येक लेख पर मिलता है तब जाकर अंक तैयार हो पाता है।

इस त्रैमास मे डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती जगह-जगह पर मनाई गई,देखने मे आया कि उनके विचारों को फैलाने की चिंता अब किसी को नहीं है उनको मनाने की होड़ लगी हुई है। उन्होंने व्यक्ति पूजा को नकारा था लेकिन अब उन्ही की पूजा शुरू कर दी गई है। विचारों को पढ़ने सुनने और सुनाने बताने की फुरसत कहाँ है, पे बैक टू सोशायटी का दायित्व बाबा साहब ने दिया था पर उसके स्थान पर अब जयंती मे पैसा इकट्ठा करना, नृत्य गीत और भोजन करने तक सीमित रह गया है। यह अंक आपको समर्पित है उम्मीद है आपके लिए ज्ञानवर्धक सावित होगा।

-डॉ.एन.पी. प्रजापति

साहित्यिक विमर्श

# गिरिधर कविराय के काव्य में अभिव्यक्त सामाजिक-बोध



डॉ. समरेन्द्र कुमार
एसोसिएट प्रोफेसर
हिंदी विभाग, श्यामलाल कॉलेज
दिल्ली, विश्वविद्यालय-दिल्ली.

**प्रस्तावना :**

गिरिधर कविराय रीतिकाल के नीति कवि हैं और हिंदी भाषी जनता के बीच अपने कुंडलियों के लिए प्रसिद्ध हैं। इनकी कुंडलियों में जीवन से संचित अनुभव का सार अभिव्यक्त हुआ है, जिसमें केवल नैतिकता और आदर्श का कथन ही नहीं किया गया है अपितु व्यावहारिक पक्ष का भी ध्यान रखा गया है। **इनके काव्य में सामाजिक रीति और मानवीय प्रवृत्ति का सूक्ष्म निरीक्षण और विश्लेषण निहित है। समाज में प्रचलित जातिगत भेद-भाव, सांप्रदायिक भावना और समाज में व्याप्त समस्याओं को इन्होंने अपने काव्य में अभिव्यक्त किया है। इन्होंने यथार्थपरक व्यावहारिक बातों पर बल दिया है।** वे चरित्र को उदात्त बनाने के लिए जरूरी गुणों और नैतिक-मूल्यों को अपनाने की सलाह देते हैं तो साथ ही गलत आदतों, बुरी प्रवृत्तियों और कुसंगति से बचने का संदेश भी देते हैं।

**बीज शब्द**:लोक-संस्कृति,लोक-जीवन,मध्ययुगीन,सामंती,मूल्यहीनता, वर्ण-व्यवस्था, सांप्रदायिकता

हिन्दी साहित्य में रीतिकालीन कवि गिरिधर कविराय अपने नीति विषयक कुंडलियों के लिए प्रसिद्ध हैं। इनकी कुंडलियाँ हिंदी भाषी जनता की स्मृतियों का हिस्सा रही है। मौखिक परंपरा और लोक-संस्कृति में इनकी कुंडलियों का प्रयोग बहुधा लोकोक्तियों के रूप में होता रहा है। आधुनिक जीवन-शैली ने भले ही आज जनश्रुतियों की परंपरा को कमजोर बना दिया है, हमारी स्मृतियों को कुंद कर दिया है, लेकिन कुछ वर्ष पूर्व तक पुरानी पीढ़ियाँ कबीर, रहीम, तुलसी, सूर, मीरा आदि के पदों का उपयोग अपने दैनिक व्यवहार में करती थी। इसी श्रेणी में गिरिधर कविराय के पद भी लोक-व्यवहार में प्रयुक्त होते रहे हैं। हिंदी के प्रायः सभी इतिहासकारों ने इनकी लोकप्रियता को स्वीकार किया है। इस संदर्भ में मिश्रबंधुओं का कहना है, "लोकमान्यता की जाँच में गिरिधरराय का साहित्य बहुत ही सच्चा ठहरता है। इस कवि की रचनाओं में कितने ही ऐसे पद आए हैं कि आज वे हिंदी बोलनेवालों की भाषा के भाग होकर कहावत के रूप में हर छोटे-बड़े की ज़बान पर वर्तमान हैं। गोस्वामी तुलसीदासजी को छोड़कर और किसी कवि की रचना को गिरिधरराय की कविता के समान कहावतों में आदर पाने का सौभाग्य नहीं प्राप्त हुआ होगा।" आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने भी इनकी लोकप्रियता को स्वीकार किया है, वे लिखते हैं, "इनकी नीति की कुंडलियाँ ग्राम-ग्राम में प्रसिद्ध हैं। अपढ़ लोग भी दो-चार चरण जानते हैं। इस सर्वप्रियता का कारण है बिल्कुल सीधी-सादी भाषा में तथ्य मात्र का कथन।"

गिरिधर कविराय ने अपने काव्य में नीति-कथनों का प्रतिपादन किया है। लेकिन इन नीति-कथनों में कोरी उपदेशात्मकता नहीं है, अपितु समकालीन समाज की झलक और जीवन के अनुभवों का सार भी सन्निहित है। गिरिधर कविराय विरक्त साधु थे और मुक्त रूप से विचरण करते रहते थे। इस कारण वे समाज के विभिन्न वर्गों और भिन्न-भिन्न स्तर के व्यक्तियों तथा परिवारों के संपर्क में आए। मानव-स्वभाव के विविध पक्षों को अत्यंत निकट से देखने का अवसर इन्हें मिला। जीवन के विभिन्न पहलूओं से संबंधित अनुभवों का इन्होंने प्रत्यक्ष साक्षात्कार किया और यही अनुभव इनकी कुण्डलियों में संप्रेषित हुआ है। लोक-जीवन से संचित इन अनुभवों को गिरिधर कविराय ने अत्यंत सरल और सहज भाषा में अभिव्यक्त किया है, जिसका सीधा प्रभाव सुनने वाले पर पड़ता है और वह इन अनुभवों को अपने उपयोग के लिए गाँठ बांध लेता है। दैनिक जीवन में व्याप्त मूल्यहीनता, नैतिकता के ह्रास और सामाजिक-पारिवारिक संबंधों में बिखराव को लेकर गिरिधर कविराय अपनी चिंता व्यक्त करते हुए जीवन के लिए आवश्यक व्यावहारिक शिक्षा देते हैं।

गिरिधर कविराय जिस युग में लिख रहे थे, वह नैतिक दृष्टि से पतन का युग था। शासक वर्ग जीवन-मूल्यों से हीन होकर भोग-विलासपूर्ण जीवन में आकंठ डूबा हुआ था। शासन से जुड़ा सामंत वर्ग कोई नैतिक आदर्श प्रस्तुत करने की स्थिति में नहीं था। विकृत नैतिक मूल्य और विलासितापूर्ण जीवन-शैली का उदाहरण जनता के लिए अवश्य उपलब्ध था और जिसका अनुकरण करने की इच्छा आम जनता रखती थी। परिणामस्वरूप अपनी दमित वासनाओं की पूर्ति की आकांक्षा में लोक-जीवन भी विकृतियों से ग्रस्त होने लगा। मदिरा, अफीम, गाँजा, पोस्त, तंबाकू आदि मादक पदार्थों का सेवन इस काल-खंड में जनसामान्य के बीच भी प्रचलित हो चुका था। डॉ. नगेन्द्र लिखते हैं, "मदिरा-पान उस समय का सबसे भयंकर व्यसन था। हिन्दू और मुसलमान समान रूप से धार्मिक निषेधों का उपहास करते हुए मदिरा का निर्बाध सेवन करते थे।" गिरिधर कविराय समाज में मादक पदार्थों के व्यसन के प्रभाव को देख रहे थे। व्यक्ति और समाज के लिए व्यसन के दुष्प्रभाव को भली-भाँति समझते हुए वे ऐसे लोगों से दूर रहने का सुझाव देते हैं। स्वस्थ मानसिकता और सजग बुद्धि के लिए ये चीजें नुकसानदेह होती हैं, इसके कारण घर तबाह हो जाते हैं, चेतना और विवेक से हीन व्यक्ति मर्यादा, कर्तव्य और धर्म को भी भूल जाता है। मादक पदार्थों का सेवन करने वाले लोगों से दूरी बनाकर रखने का सुझाव देते हुए वे कहते हैं-

**"पोसत पीवे वारुणी, खात अफीम मजून,**
**गटके गाँजा चरस जो, सो बैराग ते सून।**
**सो बैराग ते सून, अन्यथा है अभिसंधी,**
**अहोपोह से रहित, बुद्धि तिनकी भइ अंधी।**
**कह गिरिधर कविराय, न हूजे तिनका दोसत,**
**भंग तमाखू खात, वारुणी पियत जो पोसत।"**

मादक पदार्थों का सेवन केवल सामंत वर्ग तक सीमित नहीं था, बल्कि आम जनता भी इसकी गिरफ्त में आ चुकी थी। शासक वर्ग और संपन्न तबका जहाँ महंगे मादक पदार्थों का सेवन करता था, वहीं आम जनता हुक्का और तंबाकू का। गिरिधर कविराय का यह स्पष्ट मत है कि इनके सेवन से व्यक्ति की न केवल बुद्धि कुंठित होती है बल्कि उसकी इज्जत भी खत्म होती है क्योंकि नशे की हालत में वह अपने होशोहवास में नहीं रहता, इतना ही नहीं व्यसन का शिकार व्यक्ति अपनी धन-संपत्ति को भी नष्ट करता है। इसलिए वे लोगों को इससे बचने और अपने परिवार को सुरक्षित रखने की सलाह देते हैं।

मध्ययुगीन भारतीय समाज विभिन्न प्रकार के अंधविश्वासों में जकड़ा हुआ था। धार्मिक बाह्याडंबर और सामाजिक कुरीतियों का बोलबाला था। जनजीवन परंपरागत पुरातन मान्यताओं से बंधा हुआ था। धार्मिक विकृतियों की निंदा करते हुए गिरिधर कविराय की वाणी कबीर की तरह ही कठोर हो जाती है। धर्म के नाम पर पाखंड फैलाने वाले साधु-महात्मा और मौलवी-उलेमाओं को 'मजहब का स्वान' बताते हुए वे उनकी भर्त्सना करते हैं। उनकी नजर में फकीरों का वेश धारण करके सामान्य भोली-भाली धर्मपरायण जनता को ठगने वाले ढोंगियों का इलाज यही है कि-

**"नाना लिप्सा हृदय में, बन बैठे उलमाय,**
**ऐसे पीर मुरीद को, दोनों को जुतियाय।**
**दोनों को जुतियाय, मगज कर तिनका पोला,**
**पैरों लाके देइ धड़ाधड़ जूता सोला।**
**कह गिरिधर कविराय, पहर फकिरों का बाना,**
**अजो न लिप्सा तजे, जूत तिनके सिर नाना। "**

धार्मिक कर्मकांडों का निषेध करते हुए वे आत्मा की शुद्धि पर बल देते हैं। अपने आप को पहचानने की बात करते हुए वे जप-तप, पोथी-पत्रा और केदार-मक्का की यात्रा को व्यर्थ बताते हैं तथा ढकोसलों से हटकर मन को पवित्र रखने की सलाह देते हैं।

गिरिधर कविराय ने धार्मिक संकीर्णताओं का विरोध करते हुए सांप्रदायिकता के खतरों के प्रति भी सचेत किया है। आज जब धर्म और मजहब के नाम पर समाज में अविश्वास तथा भय का माहौल बन चुका है; लोग हिंसा पर उतारू होकर एक दूसरे को मार रहे हैं तथा धार्मिक सहिष्णुता का भाव खत्म हो चुका है, तब गिरिधर कविराय के विचार अत्यंत क्रांतिकारी और प्रासंगिक लगते हैं। उन्होंने सांप्रदायिक तत्वों की कड़ी आलोचना की है क्योंकि ऐसे लोग मजहब का नाम लेकर लोगों को लड़ाते हैं तथा वातावरण को विषाक्त करते हैं। कट्टरपंथी तत्व देश, समाज, धर्म और मानवता के दश्मन होते हैं। जिस प्रकार पागल कुत्ते का काटा हुआ व्यक्ति पागल हो जाता है उसी प्रकार सांप्रदायिक व्यक्ति के साथ रहने वाला भी सांप्रदायिक सोच से ग्रस्त हो जाता है। कवि का कहना है कि ऐसे श्वानवत् लोग अत्यंत नीच होते हैं, अतः ऐसे लोगों की संगति से बचना चाहिए-

**"कूकर पागल कटै जिस, वह पागल ह्वै जात,**
**त्यों नर मजबी संग ते, नर मजबी हो जात।**
**नर मजबी हो जात, बात हिरदै धरि लीजै,**
**प्राण जायँ तो जायँ, न मजबी का सँग कीजै।**
**कह गिरिधर कविराय, अधम है सबसे कूकर,**
**ताते भी सो अधम, मजब का जो जो कूकर। "**

गिरिधर कविराय का मानना है कि ऐसे कट्टरपंथी सांप्रदायिक लोगों की एकमात्र सजा फांसी है क्योंकि ऐसे लोग ज्ञान की बात सुनने के लिए तैयार ही नहीं होते हैं। अपने संकुचित दृष्टिकोण में वे इस हद तक जकड़े होते हैं कि तथ्य और तर्क से भी इन्हें कोई फ़र्क नहीं पड़ता है सांप्रदायिकता के साथ ही जातिगत भेद-भाव भी भारतीय समाज का एक कटु यथार्थ है। आज इक्कीसवीं सदी में भी, जब हम उत्तर-आधुनिक होने का दावा करते हैं, हमारे समाज में जाति के आधार पर शोषण और अत्याचार की खबरें आती रहती हैं, तो मध्यकालीन सामंती सामाजिक ढाँचे में जाति-व्यवस्था कितनी कठोर रही होगी इसकी कल्पना की जा सकती है। जातिगत श्रेष्ठता की भावना सामाजिक समरसता और मनुष्य को मनुष्य की तरह स्वीकार करने में बाधक रहा है। गिरिधर कविराय जातिगत संरचना के मूल में मौजूद वर्णाश्रम-व्यवस्था पर प्रश्न-चिह्न खड़ा करते हैं। वे समाज के लिए इसे निरर्थक और अनुपयोगी मानते हैं तथा जातिगत भावना से ग्रस्त व्यक्ति से दूर रहने की सलाह देते हैं। उनका स्पष्ट कहना है कि-

**"जो सँग आश्रम बरन के, ना जा तिनके कोल,**
**जाए तो मत बैठ तहँ, बैठे तो मत बोल।**
**बैठे तो मत बोल, बोलै तो छोर विषेरो,**
**वह पूछैं कछु व्यवहार, थोर में करो निनेरो।**
**कह गिरिधर कविराय, कहै मत तिनके लग जो,**
**ना जा तिनके कोल, बरन आश्रम के सँग जो। "**

गिरिधर कविराय जाति-व्यवस्था को कई तरह की सामाजिक समस्याओं का कारण मानते हैं। जातीय श्रेष्ठता के भाव से ग्रसित सामंती वर्चस्ववादी समुदाय पिछड़े-दलित वर्गों के साथ भेदभाव तो करता ही है, उनकी छाया तक से दूर भागता है। अस्पृश्यता भारतीय समाज की एक कड़वी सच्चाई है और आज भी इसकी जड़ें हमारे समाज में कायम है। गिरिधर कविराय का कहना है कि जाति-बोध ने समाज को इतने व्यापक रूप में ग्रस्त कर दिया है कि यह सामाजिक उपद्रव का कारण बन चुका है। जाति-व्यवस्था की वजह से जब कवि समरसता, भाईचारा और समानता के स्थान पर व्यक्ति को आपस में ही एक दूसरे से ईर्ष्या, द्वेष और घृणा करता हुआ देखता है जो उसे अत्यंत कष्ट होता है। कवि के ही शब्दों में –

**"कारण महा बिछेप का, मेला, जात, जमात,**
**इन समान संसार में, और न कोउ उपाधि।**
**और न कोउ उपाधि, यथा ए हैं त्रय व्यापी,**
**जो जन इनमें धँसे, तिनों की कहा समाधि।**
**कह गिरिधर कविराय, उपद्रव जो अति दारुन,**
**राग, द्वेष, अपमान, मान, इनका त्रय कारन। "**

गिरिधर कविराय की दृष्टि में वर्ण-व्यवस्था और जातिगत भेदभाव के कुत्सित मार्ग से साधु-संतों को दूर रहना चाहिए और सीधे -सरल मार्ग पर चलना चाहिए। इससे उनका तात्पर्य किसी भी तरह की संकीर्णता से मुक्त होने से है। वर्ण-व्यवस्था के ढाँचे को मानने वाले संकुचित दृष्टि वाले लोगों को वे अधम बताते हैं। इसलिए जब वे कहते हैं कि फकीरों को बिना किसी झिझक के चारों वर्णों की रोटी ग्रहण करना चाहिए, तब वे समाज में प्रचलित छुआछूत, अस्पृश्यता तथा सामाजिक वर्जनाओं के विरोध में खड़े होते हैं, जिसमें खान-पान का संबंध पूरी तरह वर्जित था। गिरिधर कविराय लिखते हैं,

**"रोटी चारों वरण की, पावत हैं ला-धरक,**
**कुत्सित मारग छोड़ कै, चालै सुधी सरक।**
**चालै सुधी सरक, न मन में राखै धरका,**
**तिनमें करै विकल्प जोउ, सो पामर लरका। "**

कुल मिलाकर, गिरिधर कविराय को लोक-जीवन और व्यक्ति के स्वभाव की गहरी समझ थी। विरक्त भ्रमणशील जीवन व्यतीत करने के कारण इन्हें समाज के अलग-अलग वर्गों के लोगों को अत्यंत करीब से देखने का मौका मिला; मानवीय आदतों, स्वभाव और चरित्र के विविध पक्षों को प्रत्यक्ष रूप में देखा।

समकालीन जीवन की चुनौतियों और समाज की समस्याओं को देखते हुए गिरिधर कविराय ने यथार्थपरक व्यावहारिक बातों पर बल दिया है। समाज में मौजूद जिन समस्याओं की ओर इनका ध्यान गया है, वे आज भी हमारे समाज में न केवल मौजूद हैं बल्कि कई तरह की चुनौतियाँ प्रस्तुत कर रही हैं। इन सामाजिक बुराईयों को खत्म करना आज तक संभव नहीं हो पाया है, चाहे वह जातीय-उत्पीड़न की बात हो या फिर सांप्रदायिक कट्टरता को समाप्त करने की बात हो। इक्कीसवीं सदी का भारत अभी भी इन चुनौतियों का सामना कर रहा है। समाज से संचित अपने अनुभवों के आधार पर इन्होंने व्यावहारिक युगानुरूप जीवन-मूल्य प्रस्तुत किया है। इन्होंने अपने काव्य में जिस जीवन-दर्शन का प्रतिपादन किया है उसके पीछे सामाजिक रीति और मानवीय प्रवृत्ति का सूक्ष्म निरीक्षण और विश्लेषण निहित है। समस्याओं के समाधान के लिए इनकी सलाह व्यावहारिक धरातल पर आधारित है। गिरिधर कविराय के काव्य की इसी विशेषता को देखते हुए मिश्रबंधुओं ने लिखा है, "इनकी कविता भी गूढ़ काव्यांगों को छोड़कर सर्वसाधारण को प्रसन्न करनेवाली है और वह नायिकाओं के ताक-झाँक तथा दर की कौड़ी को छोड़कर, नित्य के काम-काज और यथार्थ एवं सर्वप्रकारेण सच्ची बात कहनेवाली है।....इसकी कविता चाणक्य की भाँति वास्तविक काम-काज की है।"

*****

**संदर्भ सूची :**


1. गणेश विहारी मिश्र एवं अन्य, मिश्रबंधु-विनोद (द्वितीय भाग), पृष्ठ-664, द्वितीय वार, संवत् 1984, गंगा पुस्तक माला-कार्यालय, लखनऊ
2. रामचंद्र शुक्ल, हिंदी साहित्य का इतिहास, पृष्ठ-196, उनतीसवाँ संस्करण, संवत् 2051, नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी
3. डॉ. नगेन्द्र, रीति-काव्य की भूमिका, पृष्ठ-12, संस्करण-1995, नेशनल पब्लिशिंग हाउस,नई दिल्ली
4. डॉ. किशोरी लाल गुप्त (संपादक), गिरिधर कविराय ग्रंथावली, छंद-403, प्रथम संस्करण, दिसम्बर 1977, मधु प्रकाशन, इलाहाबाद
5. वही, छंद-243
6. वही, छंद-112
7. वही, छंद-111
8. वही, छंद-208
9. वही, छंद-162
10. गणेश विहारी मिश्र एवं अन्य, मिश्रबंधु-विनोद (द्वितीय भाग), पृष्ठ-664



# ज़िम्मेदारी का शुल्क अदा करती असगर वजाहत की कहानियाँ

**कपिलदेव प्रसाद निषाद**
एसोसिएट प्रोफेसर
पी.जी.डी.ए.वी.कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय

**प्रस्तावना:** शिक्षा, समाज और संस्कृति आपस में गहरा संबंध है। शिक्षा से वंचित रहने पर समाज का बहुत बड़ा तबका अंधेरे में रहा। शिक्षा अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती है, पूरे समाज को एक नई दिशा, नई रोशनी देती है। देश के समस्त नागरिक शिक्षित हों इसके लिए सरकारी उपक्रम, योजनाएं भी चलाई गई किंतु वह नाकाफी साबित हुआ। सरकारी तंत्र द्वारा देश को लूटा-खसोटा गया। सरकारी योजनाएं आमजन तक नहीं पहुंची। किंतु साथ ही हत्या,लूट, मारपीट, सांप्रदायिक दंगों ने आम जनजीवन को बहुत गहरे में प्रभावित किया। इन सारी विकृतियों, परिस्थितियों और विडंबनाओं से आम आदमी के साथ-साथ रचनाकार भी प्रभावित हुआ, जिसकी परिणति असगर वजाहत की कहानियों में भी देखी जा सकती है।

**बीज शब्द**: शिक्षा, संस्कृति, साक्षरता, अंधकार, अधिकार, विसंगति, विडंबना, कालाबाजारी, राजनीति सांप्रदायिकता, प्रशासनिक, रेलवे, बैंक, स्कूल, कॉलेज, मजदूर यूनियन,वकील

बीसवीं सदी की महत्वपूर्ण विधा उपन्यास और कहानी मानव जीवन की सभी परिस्थितियों का समग्रता में चित्रण करते हैं। उपन्यास,कहानी आधुनिक युग की उपज है। इस आधुनिक युग में बर्बरता भी है, अपराध भी है। युद्ध से उपजी–विषम परिस्थितियाँ और घृणित यातनाएँ जैसे अनगिनत विषय इस विधा की विषय वस्तु बने। अमानवीय कृत्यों में विज्ञान भी अहम भूमिका निभाता है। विज्ञान से उपजे हथियार और आस्था (जिसे धर्म की संज्ञा दी जाती है) जनित उन्माद भी शामिल है। कविता, कहानी,उपन्यास ये तीनों माध्यम जीवन के अलग-अलग पहलू को दर्शाते हैं। जीवन का ऐसा कौन-सा पक्ष है जिन्हें कविता दर्शाती किंतु उपन्यास, कहानी नहीं। प्रत्येक समय में समाज में व्याप्त संत्रास, दुख, विद्रूपता को अभिव्यक्ति ये विधाएं ही देती हैं। कहानियों को घटना, स्थान, नायक, वातावरण आदि प्रधान शैलियों अभिव्यक्ति मिलती रही है। नई कहानियों के विषय-वस्तु समय-समय पर बदलते रहते हैं। सांप्रदायिकता,राजनीति, स्त्री-प्रधान कथावस्तु, किसान, दस्तकार, गाइड और न जाने कितने ही विषय आज इक्कीसवीं शताब्दी में कहानी के केंद्रीय विषय वस्तु बने। नामवर सिंह का कहना है-"नए कथाकारों ने प्रायः कथा और चरित्र के स्थूल उपादानों से ध्यान हटाकर 'वातावरण' पर दृष्टि केंद्रित की है। वातावरण शब्द काफी व्यापक है इससे प्रकृति का भी बोध हो सकता है और शहर, कस्बा,गांव वगैरा की भीतरी जीवन का भी। पिछली पीढ़ी के कहानीकार वातावरण का चित्रण कभी कहानी को सजाने के लिए करते थे तो कभी अर्थ का रंग देने के लिए। किंतु नई कहानी में वातावरण अलंकरण मात्र नहीं है बल्कि अंतःकरण है।"

आजादी के बाद भारतीय परिवेश में निराशा इस कदर घर कर गई थी कि आगे अब कुछ होने वाला नहीं है। जिसको, जब मौका मिला वही लूट खसोट में शामिल हुआ। नीचे से लेकर सबसे उच्च पदों पर आसीन लोग मौका को हाथ से जाने नहीं दिया। यह हुआ कि वर्षों पूर्व जो आजादी मिली थी; देश को बनाने की और देश की तरक्की के लिए वह नहीं हुआ। परिणाम यह हुआ कि साहित्य के विभिन्न विधाओं में उन सामाजिक, राजनैतिक, प्रशासनिक, खामियों को विडंबना, विसंगति के रूप में चित्रित किया। इसमें अकाल और उसके बाद की स्थिति,खाद्यान्नों की कमी,अनाजों की कालाबाजारी,बेतहाशा मूल्य वृद्धि एक बड़ी समस्या थी; तो दूसरी तरफ राजनीति गलियारे में दूसरी तरह की हलचल थी। केंद्र से विकास के नाम पर जो धन आता था-राज्य के पास, राज्य से जिले तक,जिले से ब्लॉक पर जिसे अधिकारी मिल बाँटकर खा जाते थे, यह सब यहाँ की जनता देख रही थी। सत्ताधारी दल चुनाव जीतने के बाद अनेकों घोषणाएँ करता है। जिनसे बहुत दूर तक कुछ नहीं होता है। जो लोग सत्ता से जुड़े हैं वही श्रेष्ठ हैं,सक्षम और समर्थ हैं। जो कहे करें वही ठीक है किंतु देश, समाज, पतन की ओर जाए। इससे राजनीति से जुड़े लोगों को कोई मतलब नहीं है। वे तो सिर्फ राजनीति करने के लिए हैं। पिछले साठ-सत्तर वर्षों की पुलिस हाथ पर हाथ रख कर बैठी थी अब भी बैठती है 2020 में भी। राजनीतिक दल वादे पर वादा, सौगंध पर सौगंध मेनिफेस्टो में दिखाता है कि हम वो करेंगे ये करेंगे करता कुछ नहीं है। आजादी के बाद केरल देश का पहला साक्षर राज्य बना। देश के बाकी हिस्सों में ऐसा नहीं हुआ; खासकर हिंदी प्रदेशों में। सन्'80 के दशक में प्रौढ़-शिक्षा नामक कार्यक्रम पूरे देश में चलाया गया। गाँव-गाँव मंडली बना दी गई। सरकार द्वारा-कागज,कलम, स्लेट पढ़ाई के लिए जितनी भी आवश्यक चीजें थी; थमा दिया जैसे-बैठने के लिए टाट और रोशनी के लिए लालटेन। किंतु यह कार्यक्रम भी टाय-टाय फिश साबित हुआ। कारण रोजी-रोटी की तलाश में थके हुए किसान-मजदूर जिनके लिए कार्यक्रम चलाया जा रहा था खटने के बाद रात में बैठकर पढ़ना उनके लिए संभव नहीं था; फिर भी गिरते-पड़ते यह कार्यक्रम चलाया गया।

देश के समस्त नागरिकों को साक्षर बनाकर सुसंस्कृत बनाने का जो हवा चली वह नाकाफी साबित हुआ। इस संदर्भ में प्रो.कृष्णदत्त पालीवाल का मानना है कि-"भारतीय संस्कृति 'सामासिक संस्कृति' नहीं है मिश्र संस्कृति है। संस्कृतियाँ प्रभाव ग्रहण करती हैं उनमें आदान–प्रदान चलता है इसलिए वे अपनी 'संग्राहता' से 'मिश्रता' को ही उजागर करती हैं। समन्वय सामंजस्य, विरोधों का मेल,टकराहट–तनाव-संघर्ष यह सब संस्कृति का भीतरी संवादी स्वर है जो अंततः एक 'मिश्र–संस्कृति' का रूप लेता है। समाज शास्त्रीय-पुरातात्त्विक खोजों का सार–सर्वस्व यही है कि भारतीय संस्कृति को 'मिश्रित–संस्कृति' ही कहा जा सकता है।" ऐसी 'मिश्रित–संस्कृति' के प्रति सरकारों की ऐसी समझ रही नहीं है, और यदि है भी तो बायप्रोडक्ट के रूप में। यह संस्कृति शिक्षा के रास्ते ही चलकर आएगी। व्यंग्यकार श्रीलाल शुक्ल का मानना है कि शिक्षा से आमजन को वंचित करना मतलब अनपढ़ बनाए रखना है। जब दुनिया को स्वस्थ सुंदर बनाने की सीढ़ी शिक्षा ही नहीं मिलेगी तो जनता किस पर चढ़कर; कौन-सा मूल्य अर्जित करेगी और फिर किसका विकास होगा। निश्चित है कि जो नहीं पढ़ेगा-लिखेगा उसका विकास नहीं होगा। इस प्रकार मूल्य नहीं रहेगा तो संस्कृत भी नहीं विकसित होगी। होगा क्या लोग भेड़-बकरी की तरह नजर आएंगे। बेकारी, बेरोजगारी, गरीबी, निराशा, हताशा देश में बनी रहेगी।

तत्कालीन सरकारों ने शिक्षा पर खर्च तो किए लेकिन उसका परिणाम नकारात्मक आया और देश का एक बहुत बड़ा तबका ज्ञान से वंचित रहा और उन सरकारों को डर था कि लोग पढ़-लिख लेंगे तो समझदार हो जाएंगे और अधिकार मांगेंगे। विडंबना साक्षर लोग भी धर्म, जाति, संप्रदाय में बँट गए। तब सवाल उठता है कि मनुष्य की मनुष्यता की पहचान कहां की जाए अर्थात उसकी पहचान खत्म होने लगती है। कायदे से पढ़-लिख लेने के बाद मनुष्य में बौद्धिक शक्ति के विकास के साथ-साथ मनुष्यता का विकास होना चाहिए। कुछ लोगों में होता भी है और कुछ में नहीं के बराबर होता है। बांग्ला के कवि चंडीदास ने जड़-धर्मांधता, जातीयता से ऊपर उठकर मानवता को श्रेष्ठ कहा।

वर्तमान समय की पीड़ा, जलालत, गरीबी, तकलीफ, घुटन, सपनों का बिखरना, चोरी के माल में बराबर का हिस्सा लेते देखना,बिना सजा पाए अपराधियों का छुटना आदि बातें सजग रचनाकार को रचने के लिए विवश करती हैं। जिससे कि एक बेहतर समाज-देश बन सके। अन्य लोगों की तरह असगर वजाहत इस दुनिया को बेहतर बनाना चाहते हैं दुनिया इससे बेहतर चाहिए इसे साफ करने के लिए एक मेहतर चाहिए-के लिए संघर्षशील हैं। केदारनाथ सिंह की तरह असगर वजाहत भी मानवीय गरिमा के लिए संघर्षशील हैं कमजोर व्यक्ति के प्रति प्रतिबद्ध है-"सोचा गरीबी कम होगी समानता घटेगी लोग स्वस्थ और शिक्षित होंगे,अपराध कम होगा। जीवन स्तर बेहतर होगा। लेकिन राजनीतिक, नौकरशाहों और पूँजी पतियों ने मिलकर हमारी पीढ़ी के इस सपने को फिलहाल चकनाचूर कर दिया है।" भविष्य की आशंकाओं से लड़ने के लिए प्रेरणा कहानीकार को अपने परिवेश से मिलता है। इसीलिए वे लंबे समय से संघर्षरत हैं। जब तक समाज व्यवस्था संचालित करने वाले नीति-निर्देश तत्व और उसके अधिकारी ठीक से-नैतिक और जिम्मेदार नहीं होंगे; तो न ही व्यवस्था बदलेगी और न कुछ सुधार होगा, न तरक्की होगी और विकास के रास्ते से बाहर हो जाएंगे। क्योंकि–"आधुनिक संवेदना और चिंतन में मनुष्य ही समस्त मूल्यों के चिंतन का स्रोत है।

और मूल्यों का उत्कर्ष और विघटन उसकी काल चेतना की गवाही है।" असगर वजाहत का मानस कर्म इस गवाही का केंद्र बिन्दु है। जीवन के गझिन परतों को संवेदनशील व्यक्ति ही समझ सकता हैं। जड़ता सिर्फ जड़ता ही है जड़ता से बिगड़ता ही है बनता नहीं। असगर वजाहत ने अस्सी के दशक से लिखना शुरू किया। यह वह समय है जब देश में आपात स्थिति है रेलवे, बैंक, स्कूल, कॉलेज, मजदूर यूनियन,वकील सब हड़ताल पर हैं। सरकार लोगों को पकड़-पकड़ जेलों में ठूंस रही थी। आंदोलन के कारण आज भी जनता भूखी है ये आजादी झूठी है-के नारे गूंजने लगे। दंगे हुए,दहशत और सांप्रदायिकता का माहौल बना। असगर वजाहत की कहानियाँ इन्हीं परिस्थितियों की उपज हैं। दिल्ली पहुंचना है (1981), स्विमिंगपूल (1990), सब कहाँ कुछ 1991 में प्रकाशित हुआ जो चौदह कहानियों का संग्रह है। जिसमें,-जख्म,नयागणित,आठवाँ आश्चर्य,जख्म,गुरु–चेला संवाद...आदि और मैं हिंदू हूँ का प्रकाशन 2007 में हुआ। साह आलम कैम्प की रूहें, शीशों का मसीहा कोई नहीं, तेरह सौ साल का बेबी कैमिल आदि जैसी महत्वपूर्ण कहानियाँ हैं। जख्म और गुरु-चेला कहानी की भावभूमि कुछ-कुछ एक जैसी ही है। जख्म में सांप्रदायिक उन्माद,आगजनी की करने के दौरान लूट-हत्या जैसे घृणित और अमानवीय काम किए जाते हैं। फिर शुरू होता है-सांप्रदायिकता फैलाने वालों के खिलाफ,सभा-सम्मेलन-जिसे प्रजातांत्रिक तरीके से किया जाता है। क्या राजनीतिक मलहम से दंगों को धोने का प्रयास नहीं जाता? आठवाँ आश्चर्य कहानी में विदेशी पर्यटकों के टूरिस्ट गाइड द्वारा अपनी रोजी-रोटी चलाने के लिए गलत जानकारी देना लेखक को अखरता है। तथ्यात्मक चीजों गलत तरीके से पेश करना विदेशी पर्यटकों को अच्छा लगता है वे खुश होते हैं गाइड को कुछ अलग से आमदनी भी होती है और उन्हें अपने अंग्रेज होने पर भी नाज होता है कि उन्होंने भारत पर दो सौ वर्षों तक शासन किया। लेखक के द्वारा सही जानकारी देने पर गाइड बगले झाँकने लगता है इसी तरह का एक युवा युगल भी है जो आगरा देखने के लिए गया है। चाल-ढाल, रूप-रंग, भाव-भाषा से देसी है किन्तु उनके व्यवहार हैरान कर देने वाले हैं जब लड़की पानी की बोतल से पानी पीने के बजाय होठ तर करने लगती है।'जख्म' कहानी में सांप्रदायिक दंगों के द्वारा भारतीय नेताओं प्रशासनिक अधिकारियों की अकर्मण्यता, बेईमानी का पोल खोलती है।"दंगे पुलिस पी.ए.सी.प्रशासन नहीं रोक सकता। दंगे सांप्रदायिक पार्टियों भी नहीं रोक सकती क्योंकि वे तो दंगों पर ही जीवित है।"

देश के किसी भी कोने में कोई घटना,दुर्घटना,आगजनी, दंगे हो जाने पर सरकारें मुआवजा की घोषणाएँ करती है। घोषणाएँ सिर्फ घोषणाएँ होती हैं उनसे देश समाज का विकास नहीं हुआ । अफसरशाही का एक नमूना बेमौसम की बारिश में मिलता है। मंत्री बदलते रहते हैं किंतु सचिव नहीं। क्यों नहीं सचिव बदलता?इसका कारण है वह सभी मंत्रियों को अपने विश्वास में लेता है उसे साँठ-गाँठ करता है,और एक ही जगह बना रहता है। एक ही जगह बने रहने का लोभ है लाभ का काम। शीशों का मसीहा कोई नहीं,भारत हेयर कटिंग सलून,लड़कियाँ,तेरह साल का बेबी कैमिल, शाह आलम कैंप की रूहें आदि कहानियाँ विसंगति,बिडम्बना का कच्चा चिट्ठा हैं। कहानी के पाँचवें-खंड में एक बच्चे की रूह आती है जो चमकता हुआ जुगनू की तरह लग रहा था। माँ के कपड़े में लिपटा रहता था और बाप उँगली पकड़े रहता था। वह बहुत खुश था, एक बच्चा पूछता कि तुम इतना खुश क्यों हो? तब वह बच्चा बताता है कि-"मैं सुबूत हूँ। किसका? बहादुरी का। कैसी बहादुरी?-"उनकी जिन्होंने मेरी माँ का पेट फाड़कर मुझे निकाला था और मेरे दो टुकड़े कर दिए थे।" दसवें खंड में रोज की तरह शाह आलम कैंप में आधी रातों की तरह इस रात को भी रूहें आई; पर इन लोगों के साथ एक शैतान रूह भी चली आई। शैतान रूह आ तो गई पर वह अपना चेहरा छुपाने के लिए इधर-उधर भागने लगा कि कोई पहचान न ले। इस कारण वह किसी से आँखें नहीं मिला पा रहा था कन्नी काटता था,रास्ता बदल लेता था। आखिर में लोगों ने उसे पकड़ लिया तब वह लज्जित होकर बोला-"अल्लाह कसम मेरा हाथ नहीं है। लोगों ने कहा-"हाँ-हाँ हम जानते हैं। आप ऐसा नहीं कर सकते आपका भी आखिर एक स्टैंडर्ड है।" शोषित वंचित का सांख्यिकी आँकड़ा है।'गुरु-चेला संवाद' कहानी में कुल सात गुरु–चेला संवाद है जो सीधी-सादी सरल भाषा में होते हुए जबर्दस्त व्यंजना है जो सब कुछ कह देती है जिस लंबे समय से दोनों मुल्कों में महसूस किया जाता रहा है। मसलन मुसलमान विदेशी हैं जो अरब, इराक, ईरान, तुरान से आए हैं।वे भारतीय हैं, किंतु फिर भी विदेशी हैं क्योंकि उनका धर्म विदेशी है। "चेला - बौद्ध धर्म कहाँ का है गुरु जी? गुरु:भारतीय है शिष्य।" बौद्ध धर्म से जुड़े लोगों के संदर्भ में चेला कहता है कि बौद्ध धर्म भारतीय है जो चीन,जापान,थाई,बर्मा और न जाने कहाँ–कहाँ तक फैला है, इनको यहां से चले जाना चाहिए "गुरु- नहीं-नहीं शिष्य! चीनी जापानी और थाई यहाँ आकर क्या करेंगे?" गुरु चेला संवाद चार में-चेला का प्रश्न है कि-"सांप्रदायिक दंगों में कौन लोग मरते हैं?–"गुरु-सांप्रदायिक दंगों में बड़े-बड़े पंडित मौलवी बड़े-बड़े सेठ साहूकार और बड़े अधिकारी मरते हैं।" इसी संवाद में दूसरा अंश देखा जा सकता है,चेला गुरु से पूछता है-"और कौन-कौन लोग कभी नहीं मरते?" "गुरु-मामूली लोग, कारीगर, दस्तकार, रिक्शे वाले, झल्ली वाले, नौकरी-पेशा आदि नहीं मरते।" इसी संवाद में है संवाद-तीन में गुरु कहता है- "देश को बाँटने वालों से घृणा करनी चाहिए? चेला-और देशवासियों को बाँटने वाले से क्या करना चाहिए? गंभीर प्रश्न पर उत्तर मौन है। सदियों से इस देश विभिन्न प्रकार की जातीयाँ एक साथ रहती हुई आई हैं। विभिन्न संस्कृतियों,वेश-भूषा, भाषा से आच्छादित और समृद्ध है ये संस्कृतियाँ एक दिन की उपज नहीं हैं सदियों से पुरखों से मिला हुआ धन है। जिसे बचाना प्रत्येक नागरिक की ज़िम्मेदारी और जवाबदेही भी है। जिसे असगर वजाहत का मन इस लोक-मानस के सुख-दुख प्रति प्रतिबद्ध है। यही प्रतिबद्धता उनको रचना-कर्म संलग्न किए हुए हैं। असगर वजाहत कायदे से आठवें दशक के कथाकार है आजादी से लेकर आठवें दशक का जो समय है उन्होंने एक आम भारतीय नागरिक की प्रत्येक गतिविधि और सरकारी नीतियों, उसकी विफलताओं को देखा;उसके अंदर अकर्मण्यता और निकम्मेपन शासन से जूझते हुए जनता और जनता के दर्द को देखा,उनको जलते हुए देखा, स्वास्थ्य और शिक्षा को बर्बाद होते देखना आम आदमी की पीड़ा असगर वजाहत की कहानियों में जगह पाता है। पंकज बिष्ट के अनुसार–"असगर अपने नाटकों के लिए बहुचर्चित रहे हैं,पर उनकी कहानियों में आज़ादी के बाद के भारतीय इतिहास के सर्वाधिक संकटमय और उथल–पुथल से भरे दौर की अभिव्यक्ति है। असगर की विशेषता जटिल से जटिल मानवीय स्थितियों को अत्यंत सहज व स्वतः स्फूर्त ढंग से कहने में है। उनकी भाषा का चुटीलापन और व्यंग्य समाज में फैली असमानता और शोषण के प्रति उनकी बेचैनी और असहमति का द्योतक है,जिसका वह भरपूर इस्तेमाल करते हैं।"

******

**संदर्भ :-**


1.नामवर सिंह: कहानी: नई कहानी, लोक भारती प्रकाशन,इलाहाबाद -2005, पृष्ठ-33
2.कृष्णदत्त पालीवाल, (अज्ञेय होने का अर्थ) अज्ञेय स्मृति व्याख्यान, वत्सल निधि, नई दिल्ली, 2007 पृष्ठ -7
3.असगर वजाहत: रचनाकार से मधु की बातचीत, साक्षात्कार, अप्रैल-2006 पृष्ठ-12-13
4. कृष्णदत्त पालीवाल:(अज्ञेय होने का अर्थ) अज्ञेय स्मृति व्याख्यान, वत्सल निधि नई दिल्ली, 2007 पृष्ठ -20
5.असगर वजाहत: सब कहाँ कुछ, किताब घर प्रकाशन, नई दिल्ली,1991 पृष्ठ-14
6.वही, पृष्ठ-15 ,
7.वही, पृष्ठ-14 ,
8. वही,पृष्ठ-51
9. असगर वजाहत: मैं हिन्दू हूँ, राजकमल प्रकाशन,नई दिल्ली, 2007, पृष्ठ-148
10. वही, पृष्ठ-148 .,
11.वही, पृष्ठ-149
12.वही, पृष्ठ-151
13.वही, पृष्ठ-100
14.वही, पृष्ठ-100
15.वही, पृष्ठ-103,
16.वही, पृष्ठ-103,
17. वही, पृष्ठ-101
18. असगर वजाहत: सब कहाँ कुछ, किताबघर प्रकाशन,नई दिल्ली,1991,(कवर पेज से)

# सोहनलाल द्विवेदी रचित 'भैरवी' काव्य संग्रह और स्वाधीनता आंदोलन

**डॉ संजय नाईनवाड**
सहयोगी प्राध्यापक, हिंदी विभाग
एस. बी. झाड़बुके महाविद्यालय, बार्शी
तहसील–बार्शी, जिला –सोलापुर (महाराष्ट्र) 413401 मो - 9881440316

भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के अग्निकुंड में क्रांतिकारी, स्वाधीनता सेनानी, समाजसेवी व नेता जिस तरह अपनी ओर से समिधाएँ अर्पित कर रहे थे, उसी तरह हिंदी साहित्यकार भी अपनी रचनाओं द्वारा स्वाधीनता आंदोलन का अग्निकुंड प्रज्वलित रखने का काम कर रहे थे। स्वाधीनता आंदोलन का अग्निकुंड मंगल पांडे द्वारा 1857 में शुरू किए सैनिक विद्रोह से लेकर अगस्त, 1947 यानी देश को आज़ादी मिलने तक अविरत प्रज्वलित रखा गया था। इस दौर में सृजित अधिकतर साहित्य स्वाधीनता की भावना जगानेवाला, देश के लिए त्याग व बलिदान के लिए प्रेरित करने वाला था।

सोहनलाल द्विवेदी (1906-1988) राष्ट्रीय काव्यधारा के अत्याधिक ओजस्वी कवि रहे हैं। इनके भैरवी, विषपान, वासवदत्ता, कुणाल, युगान्धर, वासंती, झरना, बिगुल, चेतना आदि काव्य-संग्रह प्रकाशित हैं। उक्त रचनाओं में देश का गौरवशाली इतिहास, सांस्कृतिक विरासत व ओजपूर्ण राष्ट्रीयता के दर्शन होते हैं। महात्मा गांधी से प्रभावित इस कवि ने गांधीवाद को अभिव्यक्ति देने के लिए युगावतार, गांधी, खादी गीत, गाँवों में किसान, दांडीयात्रा, त्रिपुरी कॉग्रेस, बढ़ो अभय, जय जय जय, राष्ट्रीय निशान आदि रचनाओं का सृजन किया। प्रेमशंकर त्रिपाठी लिखते हैं, ''पं. सोहनलाल द्विवेदी स्वतंत्रता आंदोलन युग के एक ऐसे विराट कवि थे, जिन्होंने जनता में राष्ट्रीय चेतना जागृति करने, उनमें देश-भक्ति की भावना भरने और नवयुवकों को देश के लिए बड़े से बड़े बलिदान के लिए प्रेरित करने में अपनी सारी शक्ति लगा दी। वे पूर्णत: राष्ट्र को समर्पित कवि थे।''[1] इस शोधपत्र में उनके द्वारा रचित 'भैरवी' काव्य संग्रह के आधार पर भारतीय स्वाधीनता संग्राम को समझने की कोशिश की गई है। यह रचना 1941 में प्रकाशित हुई थी। देशप्रेम एवं राष्ट्रीयता से लबरेज इस संग्रह को 'राष्ट्रीय जागरण के गीत' के नाम से भी जाना जाता है। इसमें 37 कविताएँ संग्रहित हैं।

महात्मा गांधी भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन प्रमुख नेता थे। उन्होंने अहिंसा, खादी, चरखा, असहयोग व सत्याग्रह जैसे हथियारों का उपयोग करते हुए अन्यायी ब्रिटिश सत्ता के विरोध में आंदोलन चलाया। महात्मा गांधी ने इन्हीं के बल अखिल भारत को ब्रिटिशों के विरोध में लामबंद किया था। उनके आंदोलन से ब्रिटिश हुकूमत थरथर कांपती थी। उस दौर में महात्मा गांधी का चरखा और खादी भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक बन चुके थे। सोहनलाल द्विवेदी महात्मा गांधी से प्रभावित कवि थे। उनसे प्रभावित होकर ही उन्होने 'खादी गीत' की रचना की थी। इसके एक युग बाद फिर से कवि ने 'भैरवी' इस काव्य संग्रह को रचा और इसे गांधी के प्रति समर्पित किया था। यह रचना इतनी लोकप्रिय हुई थी कि महज इसके प्रकाशन के एक वर्ष में ही इसका दूसरा संस्करण प्रकाशित हुआ था। उस समय महात्मा गांधी ब्रिटिशों द्वारा जेल में बंद कर दिए गए थे। सोहनलाल द्विवेदी इस काव्य संग्रह की 'युगावतार गांधी' नामक कविता में लिखते हैं -

**''चल पडे जिधर दो डग, मग में चल पडे कोटि पग उसी ओर,**
**पड गई जिधर भी एक दृष्टि, गड़ गये कोटि दृग उसी ओर। ''[2]**

स्वाधीनता समर के दौर में खादी और चरखा स्वदेशी का आंदोलन भी था। इसके मूल में विदेशी वस्त्रों को त्यागकर भारतीय वस्त्रों को अपनाने की भावना थी। इसके माध्यम से महात्मा गांधी विदेशी कपडों के अंग्रेजों के व्यापार की कमर भी तोड़ना चाहते थे। इसलिए उन्होंने चरखा और खादी का प्रचार-प्रसार किया। इसके साथ ही महात्मा गांधी ने चरखा और खादी के माध्यम से भारतीय लोगों को आत्मनिर्भर बनाने का भी प्रयास किया। उस दौर में समूचे देश में महात्मा गांधी का खादी आंदोलन चरम पर था। इसने देश की जनता में भावात्मक एकता को भी मजबूत किया। सभी आजादी की के दीवाने हो गए थे। सोहनलाल द्विवेदी भी इस आंदोलन से अभिभूत थे। उन्होने 'खादी गीत' शीर्षक से एक कविता ही लिख डाली थी। खादी आंदोलन को लेकर प्रेमशंकर त्रिपाठी लिखते हैं ''स्वदेश प्रेम तथा स्वदेशी वस्तुओं के प्रति अनुराग जगाने में इस गीत ने बडा ही योगदान दिया था। उस दौरान खादी गीत और सोहनलाल द्विवेदी एक दूसरे के पर्याय हो गए थे।''[3] यह खादी गीत जनता में इतना लोकप्रिय हुआ कि कुछ ही दिनों में समूचे देश में इसकी धूम मच गई। उसमें वे लिखते हैं –

**''खादी के धागे धागे में अपनेपन का अभिमान भरा,**
**माता का इसमें मान भरा अन्यायी का अपमान भरा।**
**खादी ही बढ, चरणों पर पड़ नूपुर-सी लिपट मनायेगी,**
**खादी ही भारत से रूठी आज़ादी को घर लायेगी।''[4]**

मराठवाड़ा में विशेषता: कोल्हाटी अर्थात नट समाज के लोगों के गांव है। उनके यहां विवाह के अवसर पर तमाशा की परंपरा है। विवाह के लिए एकत्रित हुए सभी मेहमानों के लिए इसका आयोजन किया जाता है। इसे कोल्हाटीन अर्थात नट समूह की स्त्री का तमाशा कहाँ जाता है। कोल्हाटीन अखंड सुहागन होती है। नवविवाहित वधु की कोल्हाटीन आरती उतारती है और उसे मंगलसूत्र पहनाती है। ऐसी मान्यता हैं की उससे वह विधवा नहीं होती। विवाह के बाद रात के समय देवी और खंडोबा का जागरण भी किया जाता हैं। इस जागरण में समयानुरूप तमाशा का भी प्रयोग होने लगा हैं।..परंपरागत रूप से महाराष्ट्र की संस्कृति में तमाशा एक अभिन्न अंग है। इसमें प्रयुक्त होने वाले वाद्य महाराष्ट्र के ही है जिन्हें लोकवाद्य कहाँ जाता है। ढोलकी वाला अकेला मंच के बीचोबीच खड़ा होकर अपनी कला प्रस्तुत करता है। तमाशा में बड़ी आवाज लगानेवाले वाक्यों का प्रयोग दिखाई देता है। तमाशा में तुनतुना, हलगी, झांझ और ढोलकी इन चार प्रमुख वाद्य के रूप में प्रयोग होता है। जो सूरों का सुमधुर संगम होता है। नृत्यांगना के पैरों की झांझरिया, बांधे हुए घूंगरू की आवाज नया रंग भर देती है। कभी कभी ढोलकी और घुंघरू इनमें जुगलबंदी भी देखने को मिलती है।

तमाशा के रंगमंच पर हर किरदार अपना अभिनय बड़ी खूबी से प्रस्तुत करता हैं। इनमें सोंगाड्या, विदूषक, मौसी आदि अभिनय द्वारा अपनी विशेषताएं प्रस्तुत करते हैं। मौसी यह स्त्री पात्र पुरुष निभाता है। उसकी सारी हरकतें हास्य व्यंग्य युक्त लुभावनी होती है। उसका स्त्री के समान चलना, नखरे दिखाना, उसकी आवाज आदि इस कारण उसे व्यंग्य रूप में मौसी शब्द से संबोधित किया जाता है। यहां पर सिर्फ पुरुष पात्र ही हास्य निर्मिती नहीं करते बल्कि मौसी के रूप में भी स्त्री पात्र भी माहिर होता है। सोंगाड्या और मौसी यह दोनों पात्र एक ही व्यक्ति निभाता है।

तमाशा लोकनृत्य पर आधारित है जो तमाशा की नायिका बखूबी निभाती है। मंचपर दिखाई देनेवाला नृत्य अस्सल महाराष्ट्रीयन शैली का होता है। नायिका अपने घुंघरू की खनक से सभी का ध्यान आकर्षित करती है। उसकी शारीरिक गतिविधियों में नजाकत होती है। तमाशा की नायिका बहुत ही मनमोहक होती है।वेशभूषा में नौवारी साड़ी होती है जो गाढे रंग की चमकीली, नक्काशीदार पल्लूवाली होता है। उसी रूप में चोली भी आकर्षक होती है। केशरचना में बालों का बड़ा जुडा, उसपर सजे हुए फुल, गजरे आदि। आंखों में काजल, होठों पर लाली, कान के झुमके, मोहक चेहरा, गले में गहने,हाथों की चूड़ियां, कमर पर करधन, पैरोंमें खनकते घुंघरू, अर्थात नायिका का नख शिखांत श्रृंगार दिखाई देता है। वह सोलह सिंगार करती है। नृत्य करते समय आंख मारना, तिरछी आंखों से देखना, इशारे करना आदि तमाशा की भाव-भंगिमा होती है। इन नायिकाओं के साथ ढोलक, एकतारी बजानेवाले पुरुष झमते गाते रहते हैं। तमाशा में नृत्य, संगीत और नाट्य का मेल अद्भुत होता है।

तमाशा में गण, गवळन, बतावनी और रंगबाजी होती है। अनेक संत, साहित्यकारों ने श्रीकृष्ण और गोपियों की भाव-भावनाओं का वर्णन इन गवळन में किया हुआ है। इसका प्रमुख रस श्रृंगार होता है । इसके बाद बतावनी मध्यान्ह का हिस्सा होती है। इसमें चुटकुले दार कथा हास्य और व्यंग्य का पुट लिए होती है। बतावनी घटनाओं पर भाष्य करनेवाली होती है। वर्तमान समय की होने के कारण दर्शकों को अपने भीतर झांकने को मजबूर कर देती है। रंगबाजी में शाहिर की शृंगारिक लावणी प्रस्तुत की जाती है। श्रृंगार के साथ अपनी अदाओं से नृत्य अर्थात लावणी की जाती है। लावणी के आधार पर नृत्य के विभिन्न प्रकार देखने को मिलते हैं। जिसमें भगा ची लावणी, वालेघाटी लावणी, झक्कड़ की लावणी, धोती लावणी, मराठी लावणी आदि होते हैं । वर्तमान समय में तमाशा में बदलाव हुआ हैं। समय के साथ-साथ तमाशा यह गांव, बाजार, मैदान से निकलकर रंगमंच, कैमरा तक पहुंच गया है। वर्तमान में तमाशा का चुटकुला, प्रसंगानुरूप चुटकुले, जवाबी चुटकुले, अश्लील चुटकुले आदि का स्वरूप बदला हुआ दिखाई देता है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इसमें बदलाव निश्चित हुए हैं, फिर भी इसके प्रति आकर्षण कम नहीं हुआ है । तमाशा के प्रति आज भी लगाव है। तमाशा आज मराठी और हिंदी फिल्मों में भी देखने को मिलता है। तमाशा करनेवालों की जिंदगी,कलाकारों का संघर्ष, सामाजिक मान्यताएं, जिजीविषा, आर्थिक, सामाजिक समस्या बड़ी खूबी से फिल्मों में देखने को मिलती है। उदाहरण के रूप में मराठी-हिंदी के श्रेष्ठ कलाकार डॉ श्रीराम लागू और व्ही शांताराम फिल्म निर्देशक की पत्नी संध्या पर बनी फिल्म 'पिंजरा' वर्तमान समय में इन कलाकारों के जीवन को अभिव्यक्त करती हैं। साथ ही अतुल कुलकर्णी द्वारा अभिनीत नटरंग फिल्म की भूमिका इन कलाकारों के जीवन को बड़ी सशक्त रूप में साकार करती हैं।

कुल मिलाकर महाराष्ट्र की लोक परंपरा की धरोहर शृंगारिक रस से ओतप्रोत लावणी हैं। लावणी केवल गांव-कुनबे तक सीमित ना रहते हुए इस लोक कला का वर्तमान समय में विकास हुआ है। तमाशा और लावणी महाराष्ट्र के जन जीवन का एक अटूट हिस्सा है। जो भी हो कला, साहित्य और संस्कृति का लावणी अनूपम उदहारण है। लावणी तमाशा का अभिन्न अंग हैं। इसके कलाकारों का जीवन दिल दहलानेवाला, यथार्थ रूप में हमे देखने को मिलता है फिर भी इन कलाकारों ने इस परंपरा को जीवित रखा है। महाराष्ट्र की लोक कला लावणी लोगों के दिल की धड़कन है। जैसे ही मंचपर ढोलक और पैरों में घुंगरू बजने लगते हैं वैसे ही जन समूह में बैठे हुए लोग खड़े होकर नाचने लगते हैं। नायिका की अदाकारी, शृंगार, ढोलक की धुन आदि पर खुश होकर लोग पैसे और पेहने हुए फेटे अर्थात पगड़ियाँ उछालते हैं। गांव में होने वाले यात्रा, उत्सव के अंतर्गत तमाशा का आयोजन होता है। इसके अंतर्गत अलग-अलग समूह के अर्थात जिसे फड़ कहा जाता है उन्हें शुपारी और शगुन देकर आमंत्रित किया जाता है। मेले, यात्रा, उत्सव आदिमें लगे हुए फडों को गुणवत्ता के आधार पर उत्कृष्ट ठहराकर उसे गांव में सम्मानित किया जाता है। नायिका को सम्मान रूप में साड़ी, चोली और सोने या चांदी का कंगन दिया जाता है। यह समूह के लिए मान सम्मान की बात होती है । इस रूप में यह तमाशा और उसके सभी कला प्रेमी अपने लोक कला में जीवन ज्ञापन करते हैं । दुर्भाग्यवश आज भी इस कला की, कलाकारों की उपेक्षा हो रहीं है । जो भी हो महाराष्ट्र की यह लोक परंपरा आज बहुत ही नगण्य रूप में जीवित हैं । इन लोक कलाओं को जीवित रखने का कार्य जो कलाप्रेमी कर रहे हैं उन्हें जिलाने का कार्य कलाप्रेमियों की जिम्मेदारी हैं। अगर इन लोककला और लोककलाकारों को सहाय्यता का आधार दे पाए तो हम इस महान कला,साहित्य और संस्कति की धरोहर संजोकर रख पाएंगे और आनेवाली पीढ़ी को सौप पाएंगे।

******

**संदर्भ :-**


1. लोक साहित्याचे अंत: प्रवाह -प्रभाकर मांडे-गोदावरी प्रकाशन , मंगल प्रभा१०९,N-5सावरकरनगर सिड्को,औरंगाबाद, ४३१००३
2. लोक रंगभूमी (परम्परा, स्वरूप आणि भवितव्य) - प्रभाकर मांडे - मधुराज पब्लिकेशन प्रा. लि. पुणे, नविन आवृत्ति २००७
3. कंगले र.प. – दशरूपक विधान
4. लोकसाहित्य कला आणि संस्कृति – प्रा. डॉ. द. के. गंधारे, शब्दालय पब्लिकेशन हाउस
5. महाराष्ट्राची कला आणि संस्कृति – प्रा. भूषण देशमुख, निखिल दाते, सकाल मीडिया प्रा. लिमिटेड


# 'खड़िया का घेरा' नाटक की प्रासंगिकता


**डॉ.रूपेश कुमार सिंह**

असिस्टेंट प्रोफेसर
हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग
महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्विद्यालय,वर्धा-महाराष्ट्र
मो.9404549085


'खड़िया का घेरा' नाटक जर्मन के प्रसिद्ध लेखक ब्रेख्त की चर्चित कृति 'डेयर काउकाजिशे क्राइडेक्राइज' का हिंदी अनुवाद है. यह नाटक पहले अग्रेजी में 'कॉकेशियन चॉक सर्कल' के नाम से अनुदित हुआ फिर हिंदी में आया. उर्दू में इस नाटक का अनुवाद 'सफ़ेद घेरा' के नाम से किया गया और राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय ने इसका मंचन 'इंसाफ का घेरा' के नाम से किया. नाटककार ने इसका लेखन अपने जीवन के अंतिम दिनों (मृत्यु से दो वर्ष पूर्व, 1954 ई.) में किया था. Brecht के नाम को हिंदी में ब्रेश्ट[1], ब्रेष्ट[2] और ब्रेख्त[3] आदि लिखा व पढ़ा जाता है. अध्ययन की सुविधा के लिए यहाँ हिंदी में सबसे अधिक प्रचलित नाम ब्रेख्त का उपयोग किया गया है.

ब्रेख्त ने 'खड़िया का घेरा' नाटक के अतिरिक्त 'द थ्री पैनी ऑपेरा', 'द ट्राइल ऑफ लोकुलस', 'मदर करेज', 'द गुड वुमेन ऑफ सेंटाजुआन', 'द लाइफ ऑफ गैलीलियो' आदि की भी रचना की. वह एक नाटककार होने के साथ कुशल रंग-निर्देशक और कवि भी था.ब्रेख्त के इस नाटक का हिंदी में अनुवाद प्रसिद्ध रचनाकार कमलेश्वर ने किया है. इस नाटक के अनुवाद पर बल देते हुए कमलेश्वर लिखते हैं कि "सन् 58-59 में जिस इतिहास और वर्तमान का सामना भारतीय मानस कर रहा था, वह इतना जघन्य और भ्रष्ट नहीं था कि उसके लिए ब्रेष्ट के शब्दों से काम लिया जाता. हाँ, जो कुछ ब्रेष्ट ने कहा था – उसकी ओर नजर दौड़ने लगी थी और यह लगने लगा था कि ब्रेष्ट के शब्दों की जरूरत हमें पड़ेगी. चाहे फिर वह कोई भारतीय नाटककार होगा जो शब्द देगा या फिर ब्रेष्ट को ही भारतीय संदर्भ में रेखांकित करना पड़ेगा. लेकिन यह सचमुच मालूम नहीं था कि ब्रेष्ट की जरूरत इतनी जल्दी पड़ जायेगी."[3]आगे वे भारतीय प्रजातंत्र में राजनीतिज्ञों के बदले रंग और भ्रष्ट शासन के साथ बेशर्म सत्तासंपन्न व्यक्तियों के कारण मोहभंग की चर्चा करते है. यह सब वे आज से पचास वर्ष पूर्व लिख रहे थे, इन पचास वर्षों में देखा जाय तो एक ओर भ्रष्टाचार कई गुना बढ़ा है तो दूसरी ओर इस प्रकार की विषयवस्तु और पैनी भाषा की नाट्य कृतियाँ हिंदी में लगभग न के बराबर आई हैं. ऐसे में 'खड़िया का घेरा' नाटक और अधिक प्रासंगिक होने के साथ पहले से ज्यादा महत्त्वपूर्ण हो जाता है.

'खड़िया का घेरा' नाटक का आरम्भ द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद जर्मनी में हिटलर की तानाशाही के अंत के बाद वहाँ की एक घाटी में गड़रियों और किसानों के बीच जमीन विवाद के कारण संयुक्त-पुनर्निर्माण-आयोग के आगमन से होता है. युद्ध के समय हिटलर की फौज को रास्ता देने के लिए अधिकारियों के आदेश पर गड़रिये दूसरी जगह बस गये थे और युद्ध समाप्ति के बाद वे लौटना चाहते हैं लेकिन हिटलर की फौज से लड़कर जीतने वाले वहाँ के छोटे किसान अपने सेब के बगीचों को बड़ा करने के लिए उसी जमीन को लेना चाहते हैं. घाटी में बाँध बनाकर बंजर जमीन को सिंचित बनाने के बाद पूरी घाटी के बँटवारे पर सहमति बनती है, जिसमें योजना प्रस्तुत करने वाली ट्रक ड्राइवर लड़की कवि मायकोवस्की के हवाले से कहती है कि "सोवियत जन का घर न्याय और विवेक का घर होगा."[5] अर्थात सबको न्याय प्राप्त होगा. इसके बाद सब मिलकर प्रसिद्ध गायक अरकाडी के नेतृत्व में आयोग के विशेषज्ञ के लिए 'खड़िया का घेरा' नाटक खेलते हैं. छह अंकों के नाटक का पहला अंक 'घाटी के लिए कशमकश' यहीं समाप्त हो जाता है. नाटक का यह अंक विषय प्रवेश कराने के साथ ब्रेख्त की मार्क्सवादी विचारधारा को स्पष्ट करता है. इस संदर्भ में सुपरिचित नाटककार और रंग चिन्तक राधाकृष्ण सहाय का कथन अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसमें वह लिखते हैं कि "वामपंथी आस्थाओं के कारण ब्रेख्त ने साहित्य को समाज के संदर्भ में देखा, उसके रूप को द्वंद्ववाद के आधार पर खड़ा किया."[6] जिसकी अनुगूँज इस नाटक में भी जगह-जगह सुनाई पड़ती है.

ब्रेख्त ने 'खड़िया का घेरा' नाटक के पहले अंक को पूर्वपीठिका के रूप में प्रतुत किया है. वस्तविक रूप से नाटक की शरुआत दूसरे अंक 'कुलीन संतान' से होता है, जिसमें ग्रूसिनिया के

गवर्नर एवं उसके परिवार के रुतबे और ऐश्वर्यपूर्ण जीवन के साथ जनता की बदहाली को दिखाया गया है, जो बहुत कुछ आज के भारतीय लोकतंत्र में चुने हुए जनप्रतिनिधियों से मेल खाता है. गवर्नर के चर्च जाने के समय जिस प्रकार है. सिपाही बल-पूर्वक रास्ता खाली कराते हैं, फरियादियों को मिलने नहीं दिया जाता वैसे दृश्य अक्सर हामारे देश में देखने को मिल जाते हैं. पानी के दरोगा की घूसखोरी और गरीबों की खोलियों को गिराकर बाग बनाये जाने का विचार लोकतांत्रिक व्यवस्था में भी आश्चर्यचकित नहीं करता है. गवर्नर की बीवी का यह कथन कि "जार्जी इमारते बनवाते हैं, पर सिर्फ अपने नन्हें माइकल के लिए. माइकल ही उनका सबकुछ है और उनका सबकुछ माइकल के लिए है!"[7] भारतीय राजनीति में पनपे वंशवाद की बरबस याद दिला देता है. नाटक में सत्ता के लिए राजकुमारों द्वारा रची जाने वाली साजिस बदले हुए स्वरूप में आज परिवार केन्द्रित क्षेत्रीय पर्टियों के घरों में आम बात हो गई है. सत्ता के लिए भतीजा चाचा का और भाई-भाई का साथ छोड़ रहा है. सत्ता लोलुपता और सुख भोग की लालसा आपसी रिश्तों को किस तरह तार-तार कर देती है, यह नाटक में महल को विद्रोहियों द्वारा घेरने और गवर्नर को फाँसी दिए जाने के बाद उसकी बीवी द्वारा रेशमी पोशाक और साड़ियों के मैचिंग वाले चप्पल की चिंता के प्रसंग में देखा जा सकता है. सामंतवादी सोच और संवेदनहीनता का चरम नाटक में तब दिखाई पड़ता है जब गवर्नर की बीवी अपनी जान बचाने के लिए बच्चे माइकल को महल में ही छोड़कर चली जाती है. भारतीय राजनीति भी आज ऐसी ही व्यक्तिवादिता और असंवेदनशीलता की शिकार

नाटक के तीसरे भाग का शीर्षक 'उत्तरी पहाड़ों में फरार होना' है, जिसमें सेविका ग्रूसा गवर्नर के बच्चे माइकल की जान बचाने के लिए उसे लेखर उत्तरी पहाड़ों की ओर जाती है. खोजकर लाने वाले के लिए विद्रोही एक हजार पयास्तर (रूपये) का इनाम रखा गया है. विद्रोही सैनिक बच्चे को जगह-जगह खोज रहे हैं और वह बचते-बचाते सराय पहुँचती है, जहाँ बराबर किराया देकर एक ही कमरे में उच्चवर्ग की औरतों के साथ रहना पड़ता है लेकिन जब उनको पता चलता है कि ग्रूसा नौकर है तो वे उसे अपने साथ रखने से मना ही नहीं करते बल्कि चोरी का आरोप लगा देती हैं. इस संदर्भ में नौकर का कथन उल्लेखनीय है, वह कहता है कि "अरे ये वे लोग नहीं हैं जो चमड़ी का मैल तक दे दें. इन काहिल और बेकार लोगों की नकल करने से बड़ी और सजा क्या हो सकती है? इन्हें शक भर हो जाए तुम्हारी कूल्हों पर हाँथ पोछ लेने की आदत है या तुमने कभी झाड़ू छुई भी है, बस-इनकी इंसानियत हवा हो जाती है."[8] सामंती मानसिकता के ऐसे दृश्य हमारे यहाँ आज भी देखने को मिल जाते है. वर्ग विभाजित सामाज में सबका अपना चरित्र है. लोकतंत्र का आगमन समता, स्वतंत्रता और बंधुता वाले नारे के साथ हुआ लेकिन इसकी प्राप्ति अभी तक नहीं हो पाई है.

नाटक का चौथा भाग 'उत्तरी पहाड़ों में' शीर्षक से है, जिसमें सैनिकों से अपनी और बच्चे की जान बचाते ग्रूसा अपने भाई के घर पहुँचती है. वह अपनी भाभी अनीको को बताती है कि उसका पति सैनिक है और लड़ाई पर गया है इसलिए बच्चे को लेकर यहाँ आ गई. भाई लवरेंती को सच्चाई का अंदाजा लग जाता है, इसलिए वह कहता है "पर तुम्हारा यहाँ रुकना ज्यादा दिन मुमकिन नहीं हो पायेगा. यह बड़ी कट्टर है."[9] विवाह के बाद स्त्री का अपना घर पराया हो जाता है, यह कोई नई बात नहीं है. भारत में आज भी यह एक बड़ी सामाजिक समस्या है. स्त्री अगर समाज के लिए चुनौती बन जाती है तो उसका अलगाव और भी बढ़ जाता है. ग्रूसा जिन परिस्थितियों से गुजर रही थी उसका अकेले पड़ जाना स्वाभाविक था. सामाजिक स्वीकृति दिलाने के उद्देश्य से दो वर्षों तक रखने की सर्तों के साथ ग्रूसा का भाई चार सौ पियस्तर (रुपये) में एक कागजी पति ढूंढ़ता है जो मरणासन्न होता है, बच्चे के पता चलने पर जिसकी कीमत छह सौ पियास्तर और विवाह की रस्म तक सात सौ पियास्तर तक पहुँच जाती है. विवाह के उपरान्त लवरेंती ग्रूसा से कहता है कि " अच्छा ग्रूसा मैं चलता हूँ. अब विधवा होकर ही सही, तुम किसी दिन मुझसे मिलने आओगी तो तुम्हें अपनी भाभी से पूरी इज्जत मिलेगी...न मिली तो अबकी मैं बिगड़ जाऊँगा."[10] यह कथन उस समय के जिस सामाजिक विडम्बना और दबाव को उजागर करता है, उसमें आज भी किसी प्रकार का बदलाव दिखाई नहीं देता है. नाटक में इस प्रसंग से यह भी पता चलता है कि स्त्री की उपेक्षा और शोषण वैश्विक समस्या रही है. भारत सहित पूरे विश्व में कानूनन स्त्री को बहुत शसक्त बनाने का प्रयास किया गया लेकिन सामाजिक मान्यताएं इतनी गहरी हैं कि व्यवहारिक धरातल पर जिस प्रकार का परिवर्तन होना चाहिए वह दिखाई नहीं पड़ता है.

नाटक का पाँचवा भाग 'जज की कहानी' में लेखपाल से जज बने अजदक का किस्सा है से बचाकर वह अपने घर ले आता है

जो अमीर जमीदारों से बहुत चिढ़ता है. लेखपाल रहने के दौरान एक फरार को पुलिस और उससे कहता है "मुझे चिढ़ लगती है. इन चर्बी चढ़े अमीर सुअरों को तो परमात्मा ने बना दिया है, सो उन्हें तो बर्दास्त करना ही पड़ता है..."[11] लेकिन फरार का हाथ देखने के बाद जब उसे लगता है कि फरार जमीदार है तो वह गुस्से से भर जाता है और बोलता "मैं तुम्हें पुलिस से बचा रहा हूँ कि चलो भला आदमी होगा, पर तुम लगते जमींदार हो ! फिर ऐसे क्यों भागते फिर रहे हो ! हो न जमींदार ! झठ मत बोलना-तुम्हारा चेहरा बता रहा है. निकल जाओ यहाँ से ! इन्तेजार किस बात का है ! किसानों के हत्यारे."[12] अमीर जमींदारों द्वारा निरीह किसानों के शोषण का इतिहास बड़ा पुराना है. जमींदारी तो नहीं रही लेकिन किसानों का शोषण आज भी बदस्तूर जारी है. अंतर यह है कि जमींदारों की जगह पूँजीपति आ गये. हिंदी कथा साहित्य में जमींदारों द्वारा किसानों के शोषण को लेकर बहुत कुछ लिखा गया है लेकिन नाटकों में इस विषय को कम उठाया गया है. 'खड़िया का घेरा' नाटक इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि किसान उसके केंद्र में हैं. अजदक नाटक का प्रतिनिधि पात्र है और उम्मीद करता है कि एक दिन इन्हीं किसानों, कारीगरों का शासन होगा इसलिए जब उसे पता चलता है कि फरार बड़ा ड्यूक है तो चीखते हुए कहता है " मैंने मदद की, फरार होने में-बड़े ड्यूक की ! उस डाकू की ! इंसाफ के नाम पर माँग करता हूँ कि खुली अदालत में मुझ पर मुकदमा चलाया जाए और सख्त से सख्त सजी दी जाए."[13] नाटक का अंतिम भाग 'खड़िया का घेरा' सबसे महत्वपूर्ण है, जिसमें गवर्नर की बीवी नताला आबाशविली ग्रूसा से अपने बच्चे माइकल को वापस पाना चाहती है और वह देना नहीं चाहती. अजदक की अदालत में मुकदमा चलता है. दोनों पक्ष अपने दावे के मुताबिक बयान देते हैं. गवर्नर की बीवी के साथ दो बड़े वकील भी हैं जो उसके पक्ष में कई तरह से तर्क देते हैं कि क्यों बच्चा उनके मुवक्किल को मिलना चाहिए ? वकीलों से पता चलता है कि बात केवल माइकल की नहीं है बल्कि गवर्नर ने उसे अपना वारिस घोषित किया है इसलिए जायदाद का भी है. अजदक न्याय का एक अनोखा तरीका निकालता है, जिसमें खड़िया के टुकड़े से एक घेरा बनवाकर बच्चे को उसमें खड़ा कर दिया जाता है और दोनों दावेदारों को खीचने के लिए कहता है. ग्रूसा चिर जाने के भय से बच्चे को नहीं खीचती, जज से कहती है कि "मैंने इसे पाला है, और मैं ही इसे टुकड़ों में चिर जाने दूँ ! यह मुझसे नहीं होगा."[14] इस बात से जज ग्रूसा के पक्ष में फैसला दे देता है. पैदा करने वाले की जगह पालने वाली जीत जाती है. नाटक के इस दृश्य से कृष्ण और यशोदा का प्रसंग बरबस याद आ जाता है. हमारे यहाँ न्याय करने के ऐसे तरीकों का प्रयोग परम्परा में लम्बे समय से किया जाता रहा है. कोर्ट से बहार आपसी सहमतियों से बनी पंचायतों में आज भी न्याय करने के ऐसे कई तरीकों का इस्तेमाल यदा-कदा सुनने को मिल जाता है. न्याय करने का यह परम्परागत तरीका आधुनिक व्यवस्था पर बड़ी चोट करता है, जिसमें लोग बड़े-बड़े वकीलों के माध्यम से छल-बल के द्वारा न्याय को अपने पक्ष में करने में सफल हो जाते हैं।

******

**संदर्भ सूची:-**

1.नीलाभ, ब्रेश्ट: सरोकार -विचार यात्रा, (आलेख), समानांतरनामा, तृतीय अंक, 2021, संपादक-अनिल रंजन भौमिक, पृष्ठ-59
2.जैन, कीर्ति, ब्रेख्त और भारतीय रंगमंच, (आलेख), समानांतरनामा, तृतीय अंक, 2021, संपादक-अनिल रंजन भौमिक, पृष्ठ-29
3.ब्रेष्ट, बर्टोल्ट, खड़िया का घेरा (2002) (अनुवाद-कमलेश्वर), दिल्ली, राधाकृष्ण प्रकाशन.
4.वही, ब्रेष्ट हिंदी में: एक अनुवाद जो समाप्त नहीं हो पाता...(भूमिका)
5.वही, पृष्ठ-19
6.सहाय, राधाकृष्ण, बर्टोल्ट ब्रेख्त (आलेख), समानांतरनामा, तृतीय अंक, 2021, संपादक-अनिल रंजन भौमिक, पृष्ठ-230
7.ब्रेष्ट, बर्टोल्ट, खड़िया का घेरा (2002) (अनुवाद-कमलेश्वर), दिल्ली, राधाकृष्ण प्रकाशन, पृष्ठ-28
8.वही, पृष्ठ-51
9. वही, पृष्ठ-67
10. वही, पृष्ठ-73
11.वही, पृष्ठ-87
12. वही, पृष्ठ-87 13. वही, पृष्ठ-90 14. वही, पृष्ठ-90

# मुक्तिबोध के काव्य में पूंजीवादी राजनीतिक चेतना



**डॉ.एन.पी.प्रजापति**
विभागाध्यक्ष एवं शोध निर्देशक
शासकीय अग्रणी महाविद्यालय बैढन, जिला-सिंगरौली म.प्र

**सारांश-**

**'अभिव्यक्ति के सारे खतरे**
**उठाने ही होंगे**
**तोड़ना ही होगा, गढ़ और मठ सब'[1]**

गजानन माधव मुक्तिबोध मानवता के लिए धर्म और पूंजीवादी ताकतों को खतरा बताया है। मुक्तिबोध का मानना है की समाज मे शांति सद्भाव का मूल संतापूर्ण मानवतावादी जीवन है जिसका रास्ता किसी भी धर्म और धन के एकाधिकार से होते हुए बिल्कुल भी नहीं गुजरता है। वह तो समग्रता मे त्याग और समर्पण से होकर गुजरता है।

-गजानन मुक्तिबोध (1917–1964 )सच्चे अर्थों में मानवीय मूल्यों और उनके संरक्षण सम्बर्धन के साथ- साथ प्रगतिशील धारा के सबसे बड़े कवि हैं। 'प्रगतिशील रुझान रखने वाला प्रयोगवादी कवि' मुक्तिबोध 'तार सप्तक' के कवि तथा मिथक और फैंटेसी के कवि मने जाते हैं। वे सर्वहारा से आत्मीयता स्थापित करने के लिए अंत–अंत तक अपने मध्यवर्गीय संस्कारों से लड़ते रहे, वर्तमान युग मे जब मानव जीवन का हर पहलू राजनीति से प्रेरित है तब मुक्तिबोध जैसे प्रभावशाली रचनाकार को हम रजनीति से अलग करके नहीं देख सकते वे मूलत: राजनीतिक कवि ही थे। यह ज़रूर है कि उनकी राजनीति नागार्जुन वाली रोज़मर्रा की राजनीति न होकर वस्तुत: मानव नियति के पर्याय के रूप में रही है। उन्होंने हिंदी में फैंटेसी की शैली में लंबी कविताएँ लिखकर कविता में जैसे एक नई विधा को जन्म दिया। उनकी कविता समाज में चलने वाली ऐतिहासिक द्वन्द्वात्मक नाटक को बहुत ही विशाल पट पर रखकर चित्रित करती है, जिसे देखकर उनमें जो भाँव उभर कर हमारे सामने आते हैं उनका लोहा मानना पड़ता है। मुक्तिबोध राजनीति की अहमियत को भी समझते थे और उससे साहित्य का जो संबंध है उससे भी अवगत थे। उनकी स्पष्ट धारणा थी कि संपूर्ण मनुष्य–सत्ता का निर्माण करने का एकमात्र मार्ग राजनीति है, जिसका सहायक साहित्य है। उन्होंने साहस पूर्वक कहा कि 'साहित्य पर आवश्यकता से अधिक भरोसा रखना मूर्खता है।' देश-भक्ति का अर्थ उन्होंने 'जन-भक्ति' बतलाया और राजनीति और साहित्य दोनों का स्रोत एक ही माना और वो था समाज का यथार्थ परक जीवन या कहें – जनजीवन का यथार्थ। मुक्तिबोध की कविता अपने समय का जीवित इतिहास है। उनकी कविता में समाजिक यथार्थ की

**प्रस्तावना :-**

कवि गजानन माधव मुक्तिबोध कलाकार की प्रकृति को मूलत: राजनीतिक या दार्शनिक नहीं मानते, लेकिन उन लोगों से सहमत नहीं, जो यह कहते हैं कि राजनीतिक प्रेरणा कलात्मक नहीं हो सकती। अपने प्रसिद्ध लेख में उन्होंने कहा है कि कलाकार राजनीतिक क्षेत्र में जिन-जिन आदर्शों को लेकर जाता है, वे उसके हृदय के अपरिमित विस्तार के आवेश से सम्बद्ध होने के कारण उसके लिए कलात्मक ही होते हैं। वह उस क्षेत्र में कोई राजनीतिक कौशल प्राप्त करने नहीं, बल्कि मानव जीवन के महत्त्वपूर्ण क्षेत्र में भीगने, रस लेने, ज्ञान दीप्ति प्राप्त करने और उसे उत्तमतर बनाने तथा उचित दिशा में परिवर्तित करने के लिए किया जाता है। यह भीगने, रस लेने और ज्ञान-दीप्ति प्राप्त करने वाली बात राजनीति के प्रति कवि-रूप में उनके दृष्टिकोण को अच्छी तरह से स्पष्ट कर देती है। यह चीज़ शेष प्रगतिशील कवियों से उन्हें अलग भी करती है। वस्तुत: राजनीति के प्रति उन जैसा सृजनात्मक दृष्टिकोण और उससे उन जैसा सरस और आत्मीय संबंध हिंदी के किसी प्रगतिशील कवि का नहीं रहा। मुक्तिबोध ने अपनी कविता और विमर्श में अपने ज़माने के जटिल जीवन यथार्थ को सूक्ष्मता की गहराइयों तक पकड़ने की कोशिश की है। उन्होंने स्वयं को व्योमजीवी कलाकार कभी नहीं माना। एक प्रतिबद्ध सांस्कृतिक कार्यकर्त्ता की हैसियत से मानवीयता के पक्ष में संघर्ष करते रहे, उनका व्यक्ति और साहित्य दोनों शत-प्रतिशत राजनीतिक है। उन्होंने अपनी प्रतिबद्धता और वैचारिकता को कभी छुपाया नहीं। वह ज्ञान क्या जिसमें संवेदना न हो, और वह संवेदना क्या जो ज्ञान से रहित हो। उन्होंने ज्ञानात्मक संवेदना और संवेदनात्मक ज्ञान की समझ दी। वह मस्तमौला नहीं, पूरी तरह सजग थे जैसे एक अर्थशास्त्री या दार्शनिक होता है। वह जो भी लिखते थे,पूरी जिम्मेदारी के साथ लिखते थे। उनके मानस की रचना इतनी जटिल-संश्लिष्ट थी कि लगता ही नहीं है कि मध्यप्रदेश के ठेठ सामंती सामाजिक परिवेश में यह सब लिखा गया है **आंतरिक और बाहय अभिव्यक्ति मिलती है। वह यथार्थ उनकी कविता में पूरे कलात्मक संतुलन के साथ उपस्थित है। उनकी कल्पना वर्तमान से सीधे टकराती है, जिसे हम फैन्टेसी रूप में देख** सकते हैं। समकालीन जीवन की अभिव्यक्ति के साथ एक गहरे आत्मविश्वास के कारण उनकी कविता नयी कविता की पहचान होते हुए भी उससे आगे निकल जाती है। वे चीजों को मार्क्सवादी दृष्टि से देखते हैं इसी कारण उनकी कविता में सामाजिक यथार्थ का चित्रण मिलता है। उनकी कविता आजादी के बाद की भ्रष्ट पूँजीवादी व्यवस्था, अन्याय, अत्याचार और शोषण के विसंगति को गहराई के साथ अभिव्यक्त करती है। यह विसंगति-बोध कविता को आत्मसंघर्ष की ओर ले जाता है। उनकी कविता में गहरी मानवीय संवेदना मिलती है। वे मानवता के प्रति अपनी प्रतिबध्दता को मानने वाले कवि हैं। उनकी काव्ययात्रा छायावाद से होकर प्रगतिवाद, प्रयोगवाद और नयी कविता की युगधारा को जोडने का काम करती है। उनके काव्य की भाषा और शिल्प के प्रयोग नये रचनाकारों के लिए प्रेरणा स्रोत है।

**मुख्य अंश**

मुक्तिबोध की आरंभिक राजनीतिक कविताएँ उदाहरणार्थ 'लाल सलाम, एक नीली आग, दमकती दामिनी, क्रान्ति' आदि प्राय: युद्ध-काल और युद्धोत्तर काल में रची गई हैं। इनकी पृष्ठभूमि अंतर्राष्ट्रीय भी है और राष्ट्रीय भी– फासिस्ट सेना और लाल सेना के बीच का युद्ध, युद्ध में सोवियत संघ की विजय के साथ पूर्वी यूरोप के देशों में कथित समाजवादी शासन की स्थापना, एशिया और अफ्रीका के औपनिवेशिक देशों में उठने वाली स्वाधीनता की लहर, चीन का मुक्ति-संग्राम, और वहाँ क्रान्ति की विजय तथा भारत का सामंत और उपनिवेश-विरोधी जन उभार, तेलंगाना के किसान आंदोलन, आज़ाद हिंद फौज की बंदियों की रिहाई के लिए किए गए राष्ट्रीय आंदोलन, डाक-तार विभाग के कर्मचारियों और दक्षिण भारतीय रेलवे के मज़दूरों की हड़ताल तथा बंबई के नाविक–विद्रोह के रूप में दिखलाई पड़ा था। बिना इस पृष्ठभूमि के ये कविताएँ नहीं रची जा सकती थीं। जो विद्वान मुक्तिबोध को इस पृष्ठभूमि से अलग करके देखते हैं, वे उनके संबंध में ग़लत निष्कर्ष निकालते हैं। इन कविताओं की सीमा यह है कि इनमें राजनीति और क्रान्ति की चेतना प्राय: भावना के स्तर पर है। इसीलिए उसकी अभिव्यक्ति भी प्राय: भावनात्मक ढंग से ही हुई है। स्वभावत: अभिव्यक्ति के अधिकांश उपादान वही हैं जो छायावादी कविता में काम में लाए जाते थे – बादल, बिजली, तूफ़ान आदि। इन उपादानों का उपयोग भी कवि ने छायावादी ढंग से ही किया है, यानी अप्रस्तुतों के रूप में। यह ज़रूर है कि उनके संयोजन में कुछ ऐसी विशेषता है, जिससे पुराने उपादानों से भी अनेक बार नई आभा से युक्त चित्रों की सृष्टि हुई है, जैसे क्रान्ति के उपमान 'बिजली' के लिए यह कथन – 'लावण्य की अपराजिता असि धार'। शब्द पुराने हैं, लेकिन नई भावना से दीपित, लौ से जलते हुए। जहाँ मुक्तिबोध श्रमजीवी जनता के प्रति गहरा प्रेम प्रकट करते हैं, वहाँ उनके शब्द अनाज के दूध भरे कच्चे दानों – जैसे प्रतीत होते हैं। वे चूँकि वैचारिक दृष्टि से बहुत सजग थे, इसलिए उनका क्रांतिकारी भावावेग उनके वैचारिक अनुशासन को कभी भंग नहीं करता। इसमें अराजकता या विस्फोटकता नहीं है, इसलिए उनकी ये कविताएँ सिर्फ़ राजनीतिक 'तराने' बनकर नहीं रह गई हैं। लेकिन यह सहज है कि इनमें यथार्थवादिता की जगह एक सशक्त रोमानियत है। उसमें सामान्यीकरण का स्थान विशिष्टीकरण लेता जाता है। इसी अनुपात में उनकी कविताओं की लंबाई बढ़ती जाती है और उनकी संरचना जटिल होती जाती है। यह आकस्मिक नहीं है कि उक्त कविताएँ इस दौर की उनकी सबसे लंबी राजनीतिक कविताएँ हैं।

**अब तक क्या किया/ जीवन क्या जिया !!**
**बताओ तो किस -किस केलिए तुम दौड़ गए।**
**करुणा के दृश्यों से हाय ! मुंह मोड़ गए,**
**बन गए पत्थर ;/बहुत -बहुत ज्यादा लिया।**

**दिया बहुत -बहुत कम**
**मर गया देश अरे ,**
**जीवित रह गए तुम !! ( 'अँधेरे में ' )**[3]

स्वतन्त्रता-प्राप्ति के बाद मुक्तिबोध ने अपनी संपूर्ण अग्नि फ़ासिज़्म, साम्राज्यवाद और पूँजीवाद के विरुद्ध केन्द्रित की और छोटी-बड़ी अनेक प्रभावशाली राजनीतिक कविताएँ लिखीं। 'जमाने का चेहरा' 'अंधेरे में' के बाद की एक उल्लेखनीय कविता है। यद्यपि यह एक वर्णनात्मक कविता है और इसमें 'अंधेरे में' जैसी जटिलता नहीं, तथापि यह अपने वर्णन की ओजस्विता और उदात्तता से पाठकों पर म्हाकाव्यात्मक प्रभाव डालती है। 'मुक्तिबोध रचनावली' में इसके अपूर्ण होने की संभावना व्यक्त की गई है, लेकिन यह अपूर्ण नहीं, एक पूर्ण कविता है, जिसमें मुक्तिबोध ने अंतर्राष्ट्रीय राजनीति की अपने काल की सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण घटनाओं का बहुत ही विस्तार से वर्णन किया है – फ़ासिज़्म की पराजय और नव-उपनिवेशवाद का उदय। 'बारह बजे रात के' उनकी एक अपेक्षाकृत छोटी कविता है, जिसमें उन्होंने नाटो और सीटो–जैसी फौजी संधियों वाले साम्राज्यवादी देशों के बीच इंग्लैंड के एक होटल में चलने वाली युद्ध-मंत्रणा का बहुत ही वीभत्स और भयानक चित्र खींचा है।

अपनी अधिकांश कविताओं में उन्होंने पूँजीवाद पर कठोर प्रहार किया है, निश्चय ही अनेक बार बेमालूम तरीक़े से। इनमें उन्होंने पूँजीवाद के आमनवीय रूप वीभत्स चेहरा को उजागर किया है, 'सूखे कठोर पहाड़' उनकी एक सशक्त कविता है,जो 'श्रमजीवियों के प्रतिनिधि' यानी मज़दूर नेता को संबोधित कर लिखी गई है। मुक्तिबोध ने मज़दूर नेता को 'महाश्रमिक' और 'जन-क्रान्ति-रूप' कहा है। सूखे कठोर नंगे पहाड़ पूँजीवादी व्यवस्था के प्रतीक हैं। कवि ने मज़दूर नेता से आग्रह किया है कि वह उन पहाड़ों को अपने बाहु-बल से उठाकर इतिहास के समुद्र में फेंक दे, तभी समाज मे बदलाव लाया जा सकता है। मुक्तिबोध साहित्य को जीवन की पुनर्रचना मानते हैं। साहित्य जीवन की गहरी अनुभूति की उपज है। इसलिए वे साहित्य की समीक्षा आलोचना को जीवन की गहरी अनुभूति समझ के आधार पर गढ़ते हैं। जीवन की परिस्थितियों, प्रवृत्तियों, गतिविधियों और उसकी संवेदनात्मक ज्ञान से बेखबर समीक्षक आलोचकों की आलोचना, मुक्तिबोध की शब्दावली में 'कुतिया के उस बच्चे के समान है जिसकी आंखे नहीं खुली है।'[4] अर्थात साहित्य की रचना और उसकी आलोचना दोनों ही जीवन की व्याख्या-विश्लेषण एवं मूल्यांकन की पद्धति है। जिसके लिए जीवन, जीवन की परिस्थिति-परिपेरक्ष्य का अनुभव, ज्ञान, उसकी विस्तृत जानकारी आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है। 'उलट-पुलट शब्द' एक छोटी लेकिन बहुत ही सार्थक कविता है, जिसमें मुक्तिबोध ने पूँजीवादी कारखाने में माल का उत्पादन करने वाले मज़दूरों के स्वयं माल बन जाने का वर्णन किया है। 'भविष्य धारा' उनकी एक लंबी और उल्लेखनीय कविता है। इसका विषय भी पूँजीवाद ही है। इसमें एक वैज्ञानिक है, जो कवि भी है। वह पूँजीवादी व्यवस्था के उच्छेद के लिए समीकरण के कुछ सूत्र आविष्कृत करता है, जिन्हें पूँजीपति वर्ग चुराकर जला देता है। मुक्तिबोध कहते हैं कि वह कब तक ऐसा करता रहेगा? इतिहास की गति रुकती नहीं है, वे सूत्र पुन: आविष्कृत होंगे। इतिहास के नियमों का गहरा ज्ञान रखने वाले और विश्व-राजनीति की गति को अपनी नाड़ियों में महसूस करने वाले कवि को पूरा विश्वास है कि पूँजीवाद का नाश होकर रहेगा। वे पूँजीपति वर्ग के आश्रयान्वेषी मध्य वर्ग का विस्तार से उसकी असलियत का ज्ञान कराते हैं और निम्न-मध्यवर्ग को 'दर्जेय भविष्य धारा' बतलाते हैं, क्योंकि उसमें क्रान्ति होती है और वह श्रमिक–वर्ग से अपनी एकता स्थापित कर देश के भविष्य का निर्माण करता है। 'अंत:करण का आयतन' शीर्षक प्रसिद्ध कविता की समस्या भी राजनीतिक ही है। इसमें कवि को वर्तमान पूँजीवादी विश्व में दो प्रकार के दृश्य दिखलाई पड़े हैं – ध्वंस के भी और निर्माण के भी, और निराश होने की जगह वह इस निष्कर्ष पर पहुँचता है कि इन परस्पर विरोधी शक्तियों के संघर्ष की प्रक्रिया में ही विश्व का क्रांतिकारी रूपान्तरण होता है।'हर चीज़, जब अपनी' शीर्षक कविता में व्यक्ति और समाज पर पड़ने वाले पूँजीवाद के प्रभाव, अलगाव और व्यक्तित्व-विभाजन का चित्रण और गहराई से किया गया है। पूँजीवादी सत्ता पर जनता के धावा बोलने का एक सरल अथवा सरलीकृत चित्र मुक्तिबोध की 'लकड़ी का बना रावण' शीर्षक कविता में मिलता है। इसमें 'जनतंत्री वानरों ' के समूह को अपने सुरक्षित स्थान की तरफ़ बढ़ते देखकर लकड़ी का बना रावण, जो कि ह्रासोन्मुख पूँजीवादी सत्ता का प्रतीक है, लड़खड़ा उठता है।

मुक्तिबोध ने अपनी राजनीतिक टिप्पणियों की तरह अपनी कविताओं में भी भारत को शेष विश्व से अलग करके नहीं देखा। 'जन-जन का चेहरा एक' शीर्षक कविता में वे कहते हैं –

**'एशिया के, यूरोप के, अमेरिका के**
**भिन्न-भिन्न वासस्थान;**
**भौगोलिक, ऐतिहासिक बंधनों के बावजूद**
**सभी ओर हिंदुस्तान, सभी ओर हिंदुस्तान !'**[5]

एक देश में चलने वाला मुक्ति संग्राम दूसरे देश के मुक्ति संग्राम को प्रभावित करता है; एक देश में क्रान्ति की विजय दूसरे देश के क्रांतिकारी आंदोलन को बल पहुँचाती है; एशिया, अफ़्रीका और अमेरिका के देशों की परिस्थितियों में बहुत कुछ समानता रही है, आज भी है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि अपनी विशेषताएँ नहीं, अपनी परिस्थितियाँ और उनकी क्रान्ति की अपनी अवस्थाएँ नहीं। भारत की भी अपनी विशेष स्थिति है, जिसे मुक्तिबोध ने हमेशा ध्यान में रखा है। भारत जब गुलाम था, उन्होंने 'गुलामी की जंजीरें टूट जाएँगी' शीर्षक कविता में उसे संबोधित कर कहा था :

**'तेरे साथ घूमूँगा गलियों में राहों पर**
**फटे चिथड़ों में भी रहूँगा मैं बादशाह '।**[6]

उसके आज़ाद होने के क़रीब एक दशक बाद शासन से निराश होकर 'चकमक की चिनगारियाँ' शीर्षक कविता में उन्होंने भारतीय क्रान्ति के स्वरूप और परिणाम को लेकर चिंता प्रकट की। उससे स्पष्ट है की उनके पास क्रान्ति का कोई सार्वभौम फ़ार्मूला न था और वे इसके प्रति उत्सुक थे कि वह भारतीय जनता के जीवन और समाज को उच्चतर सांस्कृतिक स्तर पर पहुँचाने वाली राजनीतिक कार्यवाही होगी। भारतीय जनता उनके लिए 'फटेहाल ' भी थी और ज़िंदादिल भी, यह उन्होंने 'सूरज के वंशधर' शीर्षक कविता में बहुत ही सशक्त ढंग से कहा है। इस कविता में आज़ादी के बाद के भारत की बहुत ही सही तस्वीर अंकित है। उससे भारतीय जनता की आर्थिक स्थिति का पता चलता है, उसके स्वभाव का भी, उसके जीवन–संघर्ष का भी और उसकी क्रांतिकारिता का भी।

**'इस नगरी के प्रहरी पहने हैं धुएँ के लंबे चोगे**
**साजिश के कुहरे में डूबी**
**ब्रह्म-राक्षसों की छायाएँ**
**गांधीजी की चप्पल पहने घूम रही हैं।'**[7]

मुक्तिबोध की सर्वाधिक उल्लेखनीय राजनीतिक कविता 'अंधेरे में ' है, जो फ़ासिज़्म की आशंका से ग्रस्त होकर रची गई है। फ़ासिस्ट हुकूमत में न केवल जनता के सारे जनतान्त्रिक अधिकार छीन लिए गए हैं, बल्कि और बड़े पैमाने पर उसका क्रूरतापूर्ण शोषण और दमन आरंभ हो जाता है। 'अंधेरे में ' में जो यह हुकूमत क़ायम हुई है और उसकी तरफ़ से मार्शल लॉ लगाया गया है, उसकी वजह मुक्तिबोध ने पूँजीवाद – विरोधी क्रान्ति की शुरुआत बतलाई है : 'किसी जन-क्रान्ति के दमन –निमित्त यह/मार्शल लॉ है!!' इस मार्शल लॉ में चारों ओर आतंक का वातावरण है। रात में एक जुलूस दिखलाई पड़ता है, जो प्रकारांतर से शासक वर्ग की खूंखार फौजी ताक़त का तो प्रदर्शन करता है, वस्तुत: यह दिखलाता है कि उसके साथ अपराधकर्मियों से लेकर मध्यवर्गीय बुद्धिजीवी तक हैं। ये सब उसकी रक्षा में पंक्तिबद्ध हैं। लेकिन इस सबसे अंतत: जन-क्रान्ति दबती नहीं है और वह फूट पड़ती है :

**'यह कथा नहीं है, यह सब सच है, हाँ भई !!**
**कहीं आग लग गई, कहीं गोली चल चल गई !!**[8]

'अंधेरे में' मुक्तिबोध की सर्वाधिक जटिल कविता भी है, इसलिए इसमें राजनीति सपाट रूप में नहीं आई। इसे जटिल बनाने वाले इसके दो चरित्र हैं, जो इसमें फ़ासिस्ट हुकूमत के जनता से तादात्म्य उसे मध्यवर्गीय संस्कारों और सीमाओं से मुक्त कर देता है, यद्यपि इसमें उसे कल्पित क़िस्म की कोई पूर्णता नहीं प्राप्त होती। दूसरा चरित्र एक 'रक्तालोक-स्नात पुरुष' है, जो रहस्यमय ढंग से कविता में प्रकट होकर काव्य-नायक को प्रेरित करता है कि वह अपने मध्यवर्गीय घेरे से निकलकर सारे ख़तरे उठाते हुए जन-साधारण और उसकी क्रांतिकारी कार्यवाहियों से अपने को जोड़े। यह रक्तालोक-स्नात पुरुष और कोई नहीं, सर्वहारा की संगठित शक्ति का प्रतीक है, उस सर्वहारा की, जिसने पूँजीवाद-विरोधी क्रान्ति शुरू की थी और जिसे फ़ासिस्ट हुकूमत में सबसे अधिक शोषण और दमन का शिकार होना पड़ा है। सर्वहारा होने के कारण ही उक्त पुरुष एक तरफ फटेहाल है, उसके सीने पर बड़ा ज़ख़्म है, वह जेल में बंद है और दूसरी तरफ़ उसके होठों पर मुस्कराहट है, वह प्रचंड शक्तिमान है ! इस तरह 'अंधेरे मे' फ़ासिज़्म-विरोधी और सर्वहारा–वर्ग से एकता–स्थापन के द्वारा मध्यवर्गीय बुद्धिजीवी के व्यक्तित्व-परिवर्तन

की कविता है, जो अपने उद्देश्य में पूर्णत: राजनीतिक है। यह फ़ासिज़्म के आतंक को भी बहुत ही सशक्त रूप में उपस्थित करती है और जनता की क्रांतिकारी कार्यवाही से उसे ख़त्म भी कर देती है।मुक्तिबोध की राजनीतिक कविताओं की एक विशेषता यह है कि ये उनकी राजनीतिक इतिहास और अर्थ-व्यवस्था के ज्ञान से असंपृक्त नहीं है। इस ज्ञान ने ही उनकी राजनीति को गहनता प्रदान की है और इसी की बदौलत उनमें वे साधारण पत्रकार न रहकर 'वास्तविकता के मूलगामी निष्कर्षों' से परिचित 'सौ सौ भीतरी आँखों वाले अख़बारनवीस' नज़र आते हैं। उनकी कविता राजनीतिक है, क्योंकि 'गहन गंभीर छाया आगमिष्यत की/लिए, वह जन-चरित्री है।' आज की तेज़ी से बदलती दुनिया में, संभव है, उनकी कविताओं में वर्णित कुछ घटनाएँ और उनमें अभिव्यक्त कुछ अवधारणाएँ अप्रासंगिक हो गई हों, लेकिन उनकी गहन और ज्वलंत मानवीय अंतर्वस्तु हमेशा प्रासंगिक बनी रहेगी। राजनीतिक कवि के रूप में उन्हें केवल भारतीय जनता की नहीं, बल्कि विश्व की सभी शोषित-पीड़ित जनता की चिंता थी। वे वस्तुत: एशिया, अफ़्रीका और लातीनी अमेरिका के पिछड़े हुए नव स्वतंत्र और अपनी स्वतन्त्रता के लिए लड़ते हुए देशों के कवि थे। स्वभावत: उनकी राजनीतिक कविताओं में पूरा युग प्रतिबिम्बित है,जिसमें मानवता संघर्ष करते हुए स्वतन्त्रता और समानता की दिशा में अग्रसर है। भारत उनके लिए जैसे विश्व का अविभाज्य अंग है, वैसे ही विश्व भी उनके लिए भारत के बिना पूरा नहीं होता। गहन मानवीय संवेदना और इस व्यापक दृष्टि ने ही उनकी राजनीतिक कविताओं को क्लासिकी गरिमा और उदात्तता प्रदान कर दी है। इसके अलावा एक बात यह है कि उनकी प्राय: सभी कविताओं में उन्हीं के शब्द लेकर कहें तो 'गीतात्मक संवेदन के कोमल पारिजात' बिखरे हुए हैं। 'अंधेरे में' से ही उदाहरण लेना हो, तो उसकी ये पंक्तियाँ देखिए

**'रात्रि के श्यामल ओस से क्षालित**
**कोई गुरु गंभीर महान अस्तित्वमहकता है लगातार'/और**
**'कमरे में सुबह की धूप आ गई है**
**गैलरी में फैला है सुनहरा रवि-छोर '।[9]**

मुक्तिबोध की कविताओं की प्रभावोत्पादकता का एक रहस्य यह भी है कि वे स्वप्न का वर्णन यथार्थ की तरह और यथार्थ का वर्णन स्वप्न की तरह करते हैं। रोमानी आवेग और दृढ़ यथार्थ-चेतना उनकी एक विरल विशेषता है।'ब्रह्मराक्षस' शीर्षक कविता विद्वानों द्वारा 'अंधेरे में' के बाद उनकी दूसरी महत्त्वपूर्ण कविता मानी गई है। इसका नायक एक पिशाच है। क्योंकि मरने के बाद उसे मोक्ष-लाभ नहीं हुआ, कारण यह कि उसके व्यक्तित्व में तीन कमियाँ थीं। एक तो यह कि वह कर्म से विरत रहकर अपने विचार और कार्य में सामंजस्य स्थापित करना चाहता था, दूसरे वह अतिरेक के बिन्दु पर जाकर भव्य नैतिक मानों को आत्मसात करते हुए पूर्णता प्राप्त करना चाहता था और तीसरे वह अपने व्यक्तित्व के बिलकुल निषेध के पक्ष में था। ये तीनों कमज़ोरियाँ अपरिपक्व चिंतन की देन हैं, जो मध्यवर्ग की विशेषता है। ब्रह्मराक्षस की आकांक्षाओं से सहानुभूति रखते हुए कविता के प्राय: अंत में कवि कहता है –

**'पिस गई भीतरी**
**औ बाहरी दो कठिन पाटों के बीच**
**ऐसी ट्रेजडी है नीच !!'[10]**

अंत में मुक्तिबोध ने बहुत मार्मिकता के साथ यह कहा है कि वे उस ब्रह्मराक्षस का शिष्य होना चाहते हैं, उसकी त्रासदी से द्रवित, जिससे कि वह जिस कार्य को अधूरा छोड़ गया है, उसे तर्कसम्मत परिणति तक पहुँचा सकें। उसकी वेदना का स्रोत उसका अधूरा कार्य या उद्देश्य ही है। इसी से वह हमेशा बेचैन बना रहता है और असामान्य व्यवहार करता है।

**निष्कर्ष :**यह कि मुक्तिबोध की आकांक्षा अपनी निजता को सुरक्षित रखते हुए कर्म-क्षेत्र में उतरकर अपने व्यक्तित्व का सामाजिक रूपान्तरण करती है।कविताओं से जीवन की उलझनें स्पष्ट करने वाले गजानन माधव मुक्तिबोध अखंड भाव लिए हुए ब्रह्मांड से टकराने वाले दैदीप्यमान नक्षत्रीय कवि के रूप में हिंदी साहित्य में जाने जाते हैं। प्रसिद्ध साहित्यकार श्रीकांत वर्मा ने लिखा है कि गजानन माधव मुक्तिबोध को दूसरों से या अपनों से जो भी मोह रहा हो, अपने से उन्हें मोह कभी नहीं रहा। किसी और कवि की कविताएं उसका इतिहास न हों, मुक्तिबोध की कविताएं अवश्य उनका इतिहास कही जा सकती हैं। जो उनकी कविताओं को समझेंगे उन्हें मुक्तिबोध को किसी और रूप में समझने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जिंदगी के एक-एक स्नायु के तनाव को एक बार जीवन में और दूसरी बार अपनी कविताओं में जीकर मुक्तिबोध ने अपनी स्मृति के लिए कई सारी कविताएं छोड़ी हैं। ये कविताएं ही उनका जीवन वृतांत हैं।उनकी कविताओं के मूल मे समग्र मानवता के कल्याण की उच्च भावना है वे लिखते हैं :-

**समस्या एक-**
**मेरे सभ्य नगरों और ग्रामों में**
**सभी मानव**
**सुखी सुंदर व शोषणमुक्त**
**कब होंगे ?[11]**

*****

**संदर्भ ग्रंथ :-**


**1.** जैन नेमिचंद्र, 1980, मुक्तिबोध रचनावली, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली

**2**.https://janchowk.com/art-culture-society/muktibodh-was-the-front-runner-of-anti-brahminical-movement/

3.https://janchowk.com/art-culture-society/muktibodh-was-the-front-runner-of-anti-brahminical-movement/

3.जैन नैमिचंद्र, मुक्तिबोध रचनावली, वही

4 चाँद का मुंह टेढ़ा है : मुक्तिबोध

5. मुक्तिबोध साहित्य में नई प्रवृत्तियाँ : दूधनाथ सिंह

6. आधुनिक हिंदी कविता का इतिहास : नंदकिशोर नवल

7. अंतस्तल का पूरा विप्लव – अंधेरे में : सं निर्मला जै

8. चाँद का मुंह टेढ़ा है : मुक्तिबोध

9. चाँद का मुंह टेढ़ा है : मुक्तिबोध

10. (ब्रमहराक्षस )चाँद का मुंह टेढ़ा है : मुक्तिबोध

11. चकमक की चिनगारियां ,चांद का मुंह टेढ़ा है : मुक्तिबोध

# शिक्षा ही गुलामी कि जंजीरों को तोड़ सकती है :नीला आकाश



**डॉ. वीरेन्द्र प्रताप**
असिस्टेंट प्रोफेसर
हिंदी विभाग
इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय
अमरकंटक,मध्य प्रदेश,484887

"साले मेहतर ,कंजर ,मांग ,बसोर क्यों चले आते हैं पढ़ने?जाओ अपने माँ –बाप के साथ सड़कें झाड़ो,कचरा उठाओ,मैला साफ़ करो. होमवर्क नहीं करते,पढाई नहीं करते तब कक्षा में क्यों चले आते हो ?"[1] यह कथन उपन्यास के एक मास्टर पात्र का है.यहाँ मास्टर कि जाति खोजना जरूरी नहीं है. जरूरी यह है कि यह किस वर्ग और जाति के लिए संबोधित किया गया है और इस वर्ग के छात्र क्यों होमवर्क नहीं कर पाते या पढाई नहीं कर पाते? इसके लिए कौन वर्ग ज़िम्मेदार है ?आखिर आज़ादी के दशकों बाद भी हमारे समाज में ऐसी स्थितियां क्यों बनी हुई हैं ?यह सवाल कोई नया नहीं है.लगभग हर दलित रचनाकार ने ऐसे दलित जीवन से जुड़े कई सवालों को अपने लेखन में उठाया है.पृष्ठ संख्या की दृष्टि से यह उपन्यास बहुत बड़ा नहीं है। लगभग सौ पृष्ठ का उपन्यास अपने भीतर आकाश के अनंत विस्तार को समाहित भी करता है और अनंत में विस्तृत दूरी को कम भी करता है। यानी आकाश असीमित नहीं सीमित है। व्यक्ति की दृढ़ इच्छा शक्ति असंभव को संभव बनाती है,असीम को सीमित करती है। यह उपन्यास दलित जीवन की अशिक्षा,गरीबी और उससे उपजी उपेक्षा से शुरू होकर डॉ अम्बेडकर के मौलिक सिद्धांतों को समाहित करते हुए शिक्षा,संगठन और संघर्ष की ओर बढ़ जाता है। दलित समाज के भीतर की जातीय संरचना और भेदभाव को भी इस उपन्यास में उठाया गया है और दलित समाज का सवर्णों द्वारा शोषण को भी उठाया गया है। दलित जीवन में शिक्षा के महत्व और संघर्ष को बखूबी चित्रित किया गया है इस उपन्यास में। जहाँ तक अंतरजातीय विवाह का सवाल है उसे भी लेखिका ने उठाया है लेकिन इस उपन्यास में यह दलित जातियों के भीतर ही है। सुशीला टाकभौरे ने अपने दूसरे उपन्यास 'तुम्हें बदलना ही होगा' में अंतरजातीय विवाह को दलित और सवर्ण के बीच ले जाकर हर तरह के जातीय बंधन को तोड़ा है। इस उपन्यास को देखते हुए लगता है कि यह 'तुम्हें बदलना ही होगा' उपन्यास की पूर्व पीठिका है यानी लेखिका पहले दलित समाज के अंतर्विरोध को ख़त्म करना चाहती हैं तत्पश्चात हर तरह के जाति-भेद को।

यह सच है कि कोई भी समाज बिना शिक्षित हुए न संगठित हो पता है और न ही सम्मान पूर्वक जीवन जीने के लिए,अपने अधिकारों के संघर्ष ही कर पाता है। डॉ अम्बेडकर ने दलितों को "शिक्षा,संगठन और संघर्ष"का मूल मंत्र दिया था। शिक्षा ही गुलामी कि जंजीरों को काटती है और गुलाम बनाये जाने वाले कारणों से परिचित भी कराती है। शिक्षा के माध्यम से ही परिवर्तनकामी चेतना का प्रसार होता है। इसीलिए इस उपन्यास में अन्नाभाऊ साठे और डॉ अम्बेडकर का जिक्र बार –बार किया जाता है।

यह उपन्यास आज़ादी के बाद के भारतीय समाज में दलितों कि सामजिक ,आर्थिक,राजनैतिक स्थिति और शिक्षा के लिए संघर्ष का एक प्रमाणिक दस्तावेज है। यह उपन्यास नागपुर,महाराष्ट्र के कन्हान का क्षेत्र और वहां के मातंग,बसोर,मेहतर और वाल्मीकि जाति के मोहल्ले कि कहानी है। कन्हान का यह 'मांग टोला 'या 'मातंग टोला 'देश भर में फैले ऐसे लाखों टोले-मोहल्ले का प्रतिक है। जातियों के आधार पर टोले -मोहल्ले का नामकरण कोई नई बात नहीं है। जाती कि बहुलता के आधार पर यहाँ हर जातियों के टोले –मोहल्ले होते हैं। ये जातीय मोहल्ले सिर्फ जातियों को चिनिहित नहीं करते हैं बल्कि उनकी सामजिक,आर्थिक और राजनैतिक स्थिति का बोध भी कराते हैं। हाँ इतना जरूर है कि जिन जातियों कि सामजिक आर्थिक स्थिति अच्छी है उन्हें अपने जातीय पहचान वाले मोहल्ले से कोई शिकायत नही होती है लेकिन दलित जातियों के लिए यह सामाजिक अस्मिता का सवाल होता है। इसलिए उभरती हुई चेतना या बदलती हुई सामाजिक स्थिति के हिसाब से इन मुहल्लों का नाम भी बदल लिया जाता है। यह मांग टोला भी पहले हरिजन टोला हुआ और बाद में गांधी जी हरिजनोद्धार के आन्दोलन से प्रभावित होकर 'सेवानगर 'हो गया। कामकाजी या सेवादार जातियों कि बहुलता के कारण ही इस मोहल्ले का नाम। 'सेवानगर'हुआ इसी मोहल्ले के मांग जाती के भिकूजी और चंदरी के जीवन संघर्ष के रूप में इस उपन्यास कि कथा आगे बढती है। भीकूजी बाना बजाता है और अपने फन का उस्ताद है। सेवानगर में उसका बड़ा नाम है। लेकिन" सिर्फघेरा बजाने से तो पेट नहीं भरता ,आमदनी के बिना परिवार का भरण पोषण नहीं हो सकता है। भीकूजी को हमेशा चिंता रहती है। शादी-व्याह के मौसम में आमदनी हो जाती है मगर बाकी के मौसम सूखे –सूखे जाते हैं। तब भिकूजी जैसे कलाकार को मेहनत- मजदूरी करनी पड़ती है। मान सम्मान अलग है ,कलाकारी का सम्मान भी अलग है मगर पेट का सवाल सबसे अहं है। "[2] पेट कि आग के आगे कला से प्राप्त सम्मान फीका हो जाता है और कलाओं कि भी तो जातियां होती हैं "उच्च जाति के कलाकारों को अधिक सम्मान'मानधन,और गौरव दिया जाता है,जबकि दलित अछूत कलाकारों कि कला को भी निम्न दृष्टि से देखा जाता है। दलित होने से जैसे उसकी कला भी निम्न हो जाती है। चंद सिक्के उनकी और फेंककर जैसे उनपर उपकार किया जाता है। "[3] फिर भी भीकूजी के लिए कला कला है वह उसे पूरे सम्मान और मनोयोग से पूजता है।

समाज में फैले जातिवाद और छुआछूत से भिकूजी बहुत परेशान होता है। आज़ादी के बाद लागू हुए भारतीय संविधान हर व्यक्ति को समानता का अधिकार देता है। फिर भीकूजी को वह समानता क्यों नहीं मिली ?तो क्या यह आज़ादी भीकूजी और उनके जैसे दलितों के लिए नहीं थी ?आखिर इसी छुआछूत और भेदभाव ने तो भीकूजी को पढ़ने नहीं दिया था। बचपन में भीकूजी के मन में पढ़ने और नौकरी करने कि बहुत इच्छा थी लेकिन जातीय भेदभाव के कारण वह पढ़ नहीं पाया था उसकी पीड़ा उसे आज भी सालती है। वह अभी भी आधी उम्र में अक्षर ज्ञान की कोशिश करता है। भिखूजी कि इस लगन पर चंदरी हंसती है और कहती है –"भीकूजी अब इस उम्र में पढ़ाई करके क्या तुम्हें वकील,बालस्टर बनना है ?"[4] बेचारे लोग नहीं जानते कि पढाई क्या होती है और कैसे होती है?"भीकूजी और चंदरी अनपढ़ और अंगूठा छाप हैं। उनके काम और व्यवसाय भी ऐसे हैं जिसमें अक्षर ज्ञान कि कोई जरूरत नहीं। यदि उनके यही व्यवसाय पीढ़ी दर पीढ़ी चलायें जाएँ तो आगे भी कभी शिक्षा कि जरूरत न पड़े। शायद इसलिए हिन्दू धर्म शास्त्रों में ऐसे विधान बनाए गए हैं कि-"शूद्र अछूत को अपने पैत्रिक रोजगार ही अपनाना चाहिए और इन शूद्र अछूतों को शिक्षा से दूर रखा जाना चाहिए। "[5] अशिक्षा,छुआछूत और धार्मिक प्रपंच ने भीकूजी के मन में व्यवस्था के प्रति आक्रोश पैदा करता है। उसे आज़ादी के दिनों में बड़े बड़े नेताओं द्वारा दिए जाने वाले समता,स्वतंत्रता और बन्धुत्व के नारे याद आते हैं और बार –बार महात्मा फुले,अन्नाभाऊ साठे और डॉ अम्बेडकर का जीवन संघर्ष और परिवर्तन कामी विचार।

डॉ अम्बेडकर का जीवन दर्शन,धर्मांतरण,काला राम मंदिर प्रवेश और महाड़ तालाब आन्दोलन कि बातें उसके जेहन में उतरती चली जाती हैं। शिक्षा,संगठन और संघर्ष कि बात उसके मन में बैठ जाती है। वह यह भी देखता है कि महार जाति के लोगों ने डॉ अम्बेडकर के बताये रास्ते पर चल कर अपनी सामजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार कर लिया है। शिक्षा का मूल मंत्र भीकूजी को मिल गया है। वह मन ही मन विचार करने लगता है कि –"मेरा बेटा बाजा नहीं बजाएगा। मेरा बेटा खूब पढ़ेगा अच्छी नौकरी करेगा। "[6] हालांकि भीकूजी का यह स्वप्न भी पूरा नहीं हो पता है बेटियां दूसरे –तीसरे दर्जे से आगे नहीं पढ़ पाती हैं और बेटा आठवीं से आगे नहीं जा पता है। बेटे को भीकूजी किसी तरह जुगाड़ लगाकर बैंक में सरकारी सफाई कर्मचारी बनवा देता है। बच्चों को नहीं पढ़ा पाने का गुस्सा सरकारी स्कूल के मास्टरों पर फूटता है। आए दिन झंझट होते हैं। लेकिन भीकूजी और चंदरी निराश नहीं होते हैं। समय बदल रहा था। उसी सवर्ण समाज में ऐसे लोग भी थे जो जातिवादी व्यवस्था का विरोध करते थे।यह तमाम दलितों के लिए नई उम्मीद थी। उनका विश्वाश प्रबल हो रहा था कि उच्च वर्ग का हर

व्यक्ति जातिवादी नहीं है। यह लेखिका कि मानवीय दृष्टि है,हर लेखक का दायित्व होता है सामाजिक सच को दिखाना,एकांगिकता को दर्शाना नहीं। इसलिए यहाँ समाज के अँधेरे –उजाले दोनों पक्षों को दिखाया गया है। भले ही मुट्ठी भर लोग समतावादी विचारों के हों,लेकिन ये मुट्ठीभर लोग ही अँधेरे में उजाले कि उम्मीद कि तरह होते हैं। यद्यपिकि दलितों के लिए यह उम्मीद बेमानी ही साबित होती है। इसके लिए उन्हें बहुत लम्बा संघर्ष करना पड़ता है। शिक्षा के लिए देखा गया स्वप्न भीकूजी और चंदरी के जीवन में तीसरी पीढ़ी में पूरा होता है और यहाँ से शुरू होता है वास्तविक संघर्ष। यह परिवर्तन होता है रामकिसन कि बेटी नीलिमा और युवा पीढ़ी के पात्र आकाश से। ”जिन दिनों महाराष्ट्र में दलित पैंथर बहुत जोर –शोर के साथ क्रांतिकारी रूप में समाज जागृत का काम कर रहे थे। मगर अति पिछड़ी मांग और वाल्मीकि जाति के लोग उनकी प्रगतिवादी और परिवर्तनवादी बातों को समझ नहीं पा रहे थे। राम किसन और आकाश जानते हैं,अपने लोगों को जागृत करने के लिए अलग से प्रयत्न करना होगा। वे इस अभियान में जुट गए। ”[7] उस समय दलित समाज के लोग तमाम तरह के अंध विश्वाशों और हिन्दू धर्म कि रूढ़ियों में जकड़े हुए थे। दलित समाज को संगठित करने और उन्हें तमाम रूढ़ियों से मुक्ति दिलाने के लिए ‘मातंग समाज जागृत मित्र मंडल’नामक संस्था बनायीं जाती है और डॉ अम्बेडकर के विचारों से परिचित करने के लिए उनकी जयंती मनाई जाती है। इसके लिए वाल्मीकि समाज का विरोध भी झेलना पड़ता है। रामकिसन को गंगाराम को समझाना पड़ता है कि “अन्नाभाऊ साठे हमारे हैं,डॉ भीमराव आंबेडकर भी हमारे हैं। क्योंकि अन्नाभाऊ साठे ने कहा है कि –हमारे नेता डॉ भीमराव आंबेडकर हैं। ”[8] ’मातंग समाज जागृत मित्र मंडल’को ऐसी ही तमाम गलतफहमियों और परेशानियों का सामना करना पड़ता है। चंदू चौहान जैसे बिगडैल लोगों को समझाते हुए नीलिमा कहती है – “महार जाति कि प्रगति ऐसे ही नहीं हो गई है। इसके लिए उनकी जाति ने बहुत त्याग किया है,बहुत संघर्ष किया है। उनके लाखों लोग बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के पद चिन्हों पर चले हैं। महाराष्ट्र में उन्होंने अपने पूर्वजों के रोजगार छोड़ दिए हैं,उनपर घोर अन्याय हुए हैं,उन्हें गाँव से बहिष्कृत किया गया। वे भूखे,प्यासे रहे मगर झुके नहीं। उन्कोने मेहनत,मजदूरी की,रूखा –सूखा खाया मगर स्वाभिमान के साथ रहे। उन्होंने अपने बच्चों को पढ़ाया,उन्हें ऊँचे पदों पर पहुँचाया। इसलिए आज वे सर ऊँचा करके जीते हैं। ”[9] उसी अम्बेडकर जयंती समारोह में नीलिमा के बाद आकाश ने अपने संबोधन में कहा –“शिक्षा,संगठन और संघर्ष का सन्देश डॉ आंबेडकर ने सबको दिया है। उनके लोगों ने अपने प्रायसों से जो पाया है,वह सब हम भी पा सकते हैं। ”[10] उसने यह भी बताया कि उत्तर भारत में चमारों और जाटओं ने डॉ अम्बेडकर के पद चिन्हों पर चलकर अपनी स्थिति बदल ली है। यह चेतना का प्रस्थान बिंदु था जिसने न सिर्फ दलितों को जागृत किया बल्कि दलित महिलाएं भी इस आन्दोलन से जुड़ती हैं। इसके बाद दलितों के और दलित महिलाओं के कई संगठन बनते हैं जो सामाजिक परिवर्तन कि लड़ाई को आगे बढ़ाते हैं।

डॉ अम्बेडकर ने कहा था कि –“जिस तरह एक देश दूसरे देश पर शासन नही कर सकता उतना ही सच यह भी है कि एक वर्ग दूसरे वर्ग पर शासन नहीं कर सकता।”[11] 1960-70 के दशक में डॉ अम्बेडकर के विचारों का प्रभाव दलित जातियों पर पड़ना शुरू हो गया था। दलित जातियों ने अपने ऊपर हो रहे अत्याचार और शोषण के खिलाफ बोलना शुरू कर दिया था और दलितों के भीतर के अंतर्विरोध को भी दर करने कि कोशिश कि थी। अंतरजातीय विवाहों को भी बढ़ावा दिया जा रहा था। क्योकि इसके बिना जातिवादी व्यवस्था के भीतर बदलाव संभव नही है |डॉ अम्बेडकर ने कहा था कि –“आप किसी भी दिशा में जाइए,किसी भी दृष्टि से विचार कीजिये,जातीयता का भस्मासुर आपकी राह में रोड़ा बनकर आएगा,इस भस्मासुर को नष्ट किये बिना राजनैतिक,सामाजिक तथा आर्थिक सुधार संभव नहीं है। ”[12] दलित चेतना,अंतरजातीय विवाह,दलित स्त्री कि मुक्ति और उच्च शिक्षा में दलितों का आगमन इस उपन्यास के ऐसे बिंदु हैं जो डॉ अम्बेडकर के सिद्धांतों को लेकर आगे बढ़ते हैं।

इस उपन्यास में नीलिमा का जीवन संघर्ष पूरी तरह से लेखिका का जीवन संघर्ष है। नीलिमा का शिक्षा के लिए संघर्ष बी.एड. और हिंदी विषय में पीएच.डी. की डिग्री तक पहुँचना तथ्यतः इस बात की पुष्टि करता है।

वैसे तो लेखक अपने अनुभव जगत के रूप में हर कृति में मौजूद रहता है लेकिन ऐसा लगता है कि यहाँ नीलिमा के रूप में खुद शुशीला टाकभौरे भौतिक रूप से मौजूद हैं और व्यवस्था परिवर्तन के लिए संघर्ष करती हैं। औपन्यासिक चरित्रों के माध्यम से लेखिका का पूरा अम्बेडकरवादी दर्शन कथा में अभिव्यक्त होता है। नीलिमा और आकाश का विवाह न सिर्फ दलित जाति की सीमाओं को तोड़ता है बल्कि बौद्ध परम्परा की स्वीकृति हिन्दू धर्म और जातीय व्यवस्था पर चोट भी है। एक तरह से यह दलित जातियों के आपसी अंतर्विरोध को ख़त्म करते हुए हिन्दू धर्म की रुढियों से मुक्ति की चेतना भी है। इस उपन्यास में हिन्दू कोड बिल कि चर्चा सिर्फ दलित स्त्रियों के सन्दर्भ में नहीं है बल्कि हर स्त्री से सम्बंधित है|इस दृष्टि से यह उपन्यास स्त्रीवाद कि एक सार्थक कड़ी है। इस दृष्टि से यह सिर्फ दमित अस्मिताओं का उपन्यास नहीं है बल्कि समता,स्वतंत्र के मूल्यों को स्थापित करने वाला सम्पूर्ण मानव जाति का साहित्य है जिसमें बुद्ध कि करुणा और अम्बेडकर कि चेतना प्रवाहित होती है।

*****

सन्दर्भ सूची –

1.नीला आकाश,सुशीला टाकभौरे,विश्वभारती प्रकाशन,नागपुर,प्रथम संस्करण 2013,पृ.34
2.वही पृ.12,
(3)वही पृ.12,
(4)वही पृ.21,
(5)वही पृ.21,
(6)वही पृ.22,
(7)वहीपृ.80,
(8)वही पृ.80,
(9)वहीपृ.86,
(10)वहीं पृ.87
11.डॉ बाबा साहेब अम्बेडकर,सं.बसंत आबाजी डहाके,लोक वांग्मय गृह,योजना आयोग भारत सरकार,प्रथम संस्करण 2007,पृ.47,
(12)पूर्वोक्त,पृ.47



# नीरज काव्य में दार्शनिक तत्व

**प्रो.मन्जुनाथ एन.अंबिग**
प्रोफेसर एवं अध्यक्ष हिन्दी विभाग
दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा-चेन्नई
मो. 9481854178

हिंदी काव्य जगत में जिन कवियों और गीतकारों ने अपने जीवन के सूनेपन को भरने के लिए गीत एवं कविता की रचना की तथा अपने मधुर कंठ व मंत्रमुग्ध कर देने वाली सरस पाठ शैली के ज़रिए लोकप्रियता हासिल की,उनमें गोपाल दास नीरज का नाम अग्रगण्य है। नीरज ने अपने काव्य में सर्वाधिक महत्व मानव प्रेम को दिया है, जिसे उन्होंने स्वयं काव्य कृति 'दर्द दिया है' काव्य कृति के 'दृष्टिकोण' (भूमिका) में स्पष्ट किया है कि प्रेम और विशेष रुप से, "मानव प्रेम मेरी कविता का मूल स्वर है। मनोवैज्ञानिक कोण से देखा जाए तो मानव प्रेम नीरज की शक्ति और कमज़ोरी दोनों रहे, क्योंकि उनके पास मनुष्य की यथार्थ तस्वीर थी और शायद इसीलिए वे रास्ते में कहीं भटके नहीं। उनके गीतों एवं कविताओं में हृदय और बुद्धि का अद्भुत संतुलन है। उनके काव्य में भाव एवं तर्क को रेखांकित करते हुए वे लिखते हैं- " कविता में हम हृदय से सोचते हैं और बुद्धि (विवेक) से अनुभूति प्राप्त करते है। किन्तु गीत में हृदय कंठ के द्वारा सोचने लगता है। इसलिए बिना गुनगुनाए हुए गीत नहीं लिखा जाता। यह क्रिया इतनी सूक्ष्म होती है कि कभी-कभी ही रचना के क्षणों में इसका आभास होता है।"

नीरज ने कविता और गीत दोनों की सफलता के लिए उनमें गति अर्थात् लय का होना अनिवार्य माना है। उनकी मान्यता है कि कविता की सबसे बड़ी शक्ति उसकी गति और स्वाभाविकता ही है। जब हम स्वाभाविकता से अस्वाभाविकता की ओर जाते हैं, तब गद्य रचना करते हैं और जग अस्वाभाविकता से स्वाभाविकता की ओर आते है, तब कविता लिखते हैं। वे बल देकर कहते हैं कि स्वाभाविकता ही गति है, जो व्यक्ति, समष्टि और सृष्टि, सब की स्थिति का एकमात्र कारण ही। "कविता भी एक सृष्टि है, इसलिए सृष्टि के सामान गति (लय) उसकी भी आधारशिला है।" एक संवेदनशील कवि के रुप नीरज के भीतर जीवन में प्राप्त हुए हर अनुभव को, चाहे वह दुःख का हो, सुख का हो, ग्रहण करने की अद्भुत क्षमता रही है। जहाँ संवेदना ने उन्हें सहिष्णु बनाया, वहीं उनकी अनुभूतियों को बाह्य जगत से भी जोड़ा। नतीजतन उनके गीतों एवं कविताओं में व्यापकता और समृद्धता आई।

यह चमकीला सत्य है कि नीरज को जीवन में अधिकतर कटु अनुभव ही मिले हैं और परिणामस्वरूप निराशा उन्हें जल्दी ही घेरती रही। उनकी जीवन-प्रक्रिया, उनकी रचना-प्रक्रिया को बराबर प्रभावित करती रही। वे अपने प्रथम काव्य संग्रह 'संघर्ष' के आरंभ में निवेदन करते हैं- "इतना संघर्षपूर्ण था तब मेरा जीवन और उत्तरदायित्वों के पहाड़ों का ऐसा बोझ था मेरे सिर पर की यदि मैं गाकर अपने भीतर का बोझ हल्का न करता तो शायद टूट-फूट कर रास्ते पर कहीं गिर जाता ।मैंने तब कवि बनने के लिए नहीं, बल्कि अपने जीवन के सूनेपन को अपनी आवाज़ से भरने के लिए गाया था।"

नीरज ने 'काम' को 'वासना' का नाम देकर इसे कला और साहित्य की मूल प्रेरणा माना है। उनका मानना है कि पेट की भूख के साथ-साथ मनुष्य में एक और भी भूख है, जिसका नाम है सृजन की भूख। 'वासना' एक ऊर्जा है जो मनुष्य के भीतर निहित पाँच कोषों के अनुसार भिन्न-भिन्न स्तरों पर भिन्न-भिन्न रूपों में प्रकट होती है। जब तक यह वासना अन्नमय कोष में व्याप्त रहती है, तब तक यह आकर्षण कहलाती है। इस स्तर पर मनुष्य मांसलता से आक्रांत रहता है और उसके भीतर का पशु प्रबल होता है। वह पाना तो चाहता है, किन्तु देना कुछ नहीं चाहता। नीरज के विचार में यही पाशविक वृत्ति है और इसी का नाम स्वार्थ है। इस स्तर पर जो रचना की जाती है, वह घोर यौन-तृष्णा से विकल होती है । 'अकविता' के कवियों ने तो नारी भूगोल के सभी कटिबंध तोड़ दिए थे। नीरज ने भी इस वृत्ति के तहत केवल एक ही गीत लिखा है, जिसकी प्रथम पंक्ति है "आज तो मुझसे न शरमाओ, तुम्हें मेरी कसम है।" नीरज आगे तर्क देते है कि संयम के कारण जब यही वासना और ऊपर की ओर संक्रमण करती है, तब प्राण कोष में प्रवेश करती है। इसी बिंदु से 'प्रेम' का उदय होता है। इस स्तर पर मनुष्य में प्राप्ति की कामना के साथ-साथ कुछ देने की भावना भी रहती है। यहाँ से स्वार्थ का परिहार आरंभ होता है। लेकिन स्वार्थ की चेतना सर्वथा मिट नहीं जाती। फिर भी पशुत्व क्षीण होने लगता है और मनुष्यत्व प्रबल होने लगता है। वे आगे कहते हैं कि प्रेम के साथ-साथ ईर्ष्या भी चली रहती है।

यहीं से काव्य में दार्शनिकता का जन्म होता है। प्राप्ति की कामना जब प्राणमय कोष से मनोमय कोष में गमन करती है तब कवि में भक्ति की अनुभूति जाग्रत होती है। प्राप्ति की कामना यहाँ सुप्तावस्था में पहुँच जाती है। कविता इस बिंदु पर पहुंचकर स्त्री बन जाती है, क्योंकि समर्पण स्त्री ही कार सकती है, पुरुष नहीं। गौरतलब है की नीरज ने 'वेदना' के लिए अपने काव्य में कई शब्दों का प्रयोग किया है। वे ऊष्णता या ताप को वेदना का ही पर्याय मानते हैं। ताप जीवन का एक अनिवार्य तत्व है। जब तक शरीर में ताप है, तभी तक जीवन है। इसका अन्त होते ही जीवन भी समाप्त हो जाता है। ताप मनुष्य के हृदय को छूकर उसे सहिष्णु और विशाल बना देता है। इसे ही नीरज ने काव्य में मर्मस्पर्शता का जन्मदाता मन हैं।वे कहते हैं-"मेरी कविताओं इसी वेदना (ऊष्णता) की सहज स्वीकृति है। लेकिन यह नैराश्य-प्रसूत कतई नहीं है। इसे आप यदि मेरी कविताओं से निकाल दें तो मेरी उम्र आधी रह जाएगी।" इसमें मतैक्य है कि संसार के हर महान कवि की रचनाओं में 'वेदना' एक अनिवार्य घटक रही है और इसे काव्य से बहिष्कृत नहीं किया जा सकता है। इस संदर्भ में जॉन-ग्रो, जॉन कीट्स, सी. जी. रोसेती, एलिज़ाबेथ बैरेट बाउनिंग, मीरा, महादेवी वर्मा, पंजाबी गीतकार शिव कुमार बटालवी आदि की काव्य रचनाएँ उल्लेखनीय हैं।

यूँ तो नीरज एक व्यक्तिवादी कवि एवं गीतकार के रुप में प्रतिष्ठित हैं। परंतु उनके काव्य में दार्शनिक अनुभूतियों का व्यापक चित्रण मिलता है। इसके मूल में गुरु नानक,कबीर, फरीद जैसे संत एवं सूफी कवियों तथा अरविन्द, ज़िबान और रवीन्द्रनाथ टैगोर जैसे दार्शनिकों, चिन्तकों एवं साहित्यकारों की दार्शनिक विचारधाराओं का पर्याप्त प्रभाव रहा है। मार्क की बात यह है कि जहाँ कहीं नीरज ने किसी का सीधा प्रभाव ग्रहण किया है, उसे खिले दिल से स्वीकार भी किया है। मिसाल के तौर पर कवि हरिवंशराय बच्चन की कविता का प्रभाव उन्होंने अपनी आरंभिक रचनाओं में ग्रहण किया। नीरज द्वारा अरविन्द की कविताओं के अनुवाद सिद्ध करते हैं की नीरज ने अरविंद दर्शन का अध्ययन भी किया है, जो उनकी सुमित्रानंदन पंत पर लिखी आलोचनात्मक पुस्तक से स्पष्ट होता है। अरविन्द की प्रसिद्ध कविता 'लाइफ एण्ड डेथ' का नीरज ने इस प्रकार अनुवाद किया-

**'जीवन-मरण, मरण-जीवन दो शब्द युगों से**
**भरमा रहे बुद्धि जग की, दीखते विरोधी**
**कर उन्मुक्त अचिन्त्य सत्य चिर मानस सम्मुख**
**खुलें युगों के छिपे हुए सब पृष्ठ प्रबोधी**
**जीवन है संक्षिप्त मृत्यु यदि स्वर न शेष है**
**जन्म-मरण का, मरण-जन्म का छद्मतेष है।'**

स्पष्ट है कि एक नश्वर देह पाकर भी अरविन्द अपने आपको 'अमर' और अंतहीन मानते हैं। इतना ही नहीं, 'अनादि' और 'अनंत' भी समझते हैं-

**'मैं न मरूँगा../आकाशों को हाथ उठाए**
**सृष्टि प्राण धरती का मैं पालन करता हूँ /एक चिरंतन चिन्तक था मैं जन्म**
**समय भी /और रहूँगा मैं असीम हूँ, मैं अनंत हूँ मैं न मरूँगा।'**

अरविन्द से प्रभावित होकर और अंग्रेजी कवि जॉन डन की कविता 'डेथ बी नॉट प्राउड' की तर्ज़ पर नीरज मृत्यु पर विजय पाने के लिए चुनौती भर स्वर में कहते है-

**'सौ-सौ बार चिताओं नेमरघट पर मेरी सेज बिछाई**
**गीतों की आवाज़ चुराई/लाखों बार कफ़न ने रोकर**
**मेरा तन श्रृंगार किया पर/एक बार भी अब तक मेरी**
**जग में मौत नहीं हो पाई।'**

यदि गौर से देखा जाए तो यहाँ अरविन्द जैसे आत्म विश्वास और मृत्यु पर विजय भाव नीरज प्रकट नहीं कर सके हैं। दरअसल, नीरज के मृत्यु-दर्शन की सरहद जहाँ ख़त्म होती है, अरविन्द वहीं से अपना दर्शन प्रारंभ करते हैं।इस सृष्टि की रचना के संबंध में वैदिक, आध्यात्मिक तथा वैज्ञानिक सिद्धांतों में बड़ा विस्तृत विवेचन किया गया है। लेकिन नीरज का मत है-"प्रकृति और पुरुष के संयोग का नाम सृष्टि है। दो के बिना जन्म कहाँ? ....उस अर्धनारीश्वर ( एक तत्व) ने प्रेम के लिए या कहिए सृष्टि प्रसारण के लिए, केलि के लिए, क्रीडा के लिए अपने दो मैं

विभाजित किया (अद्वैत ने द्वैत को जन्म दिया) दो के बाद चार, चार के बाद आठ और इस सृष्टि बन गई।" निस्संदेह, नीरज के सृष्टि संबंधी ये विचार अरविन्द के विचारों से समय रखते हैं। लेकिन नीरज ने अपने मौलिक चिंतन से आदि तत्व के इस विभाजन की कल्पना एक दृष्टि से की है। उनकी मान्यता है कि आदि तत्व के विभाजन से संसार में एक बड़ी ट्रैजिडी हो गई है कि प्रत्येक चेतन तत्व एक अपूर्ण आत्मा हो गया। नतीजे के तौर पर उसके हृदय ने प्यास है, भूख है, अपने उस आत्मा के साथी के लिए जिसको प्राप्त करने के लिए बार-बार उसे मिट्टी के ये कपड़े बदलने पड़ते है।" अध्यात्म- दर्शन की दृष्टि से देखा जाए तो नीरज के कुछ भक्ति काव्य का समर्पण भाव लिए हुआ हैं। उनमें संत कवियों जैसी तन्मयता, भाव प्रवणता और आत्म निवेदन के स्वर मिलते हैं। वे परमात्मा को ही अपना धन एवं मन मानते हैं-

**'धनियों के तो धन अनेक हैं/मुझ निर्धन के धन बस तुम हो कोई पहने माणिक माला कोई लाल जड़ावे कोई रचे महावर मेहंदी मुतियन माँग भरावे सोने वाले, चाँदी वाले, पानी वाले, पत्थर वालेतन के तो लाखों सिंगार हैं/मन के आभूषण बस तुम हो ।'**

नीरज ने सूफी कवियों की तरह जीवन और संसार को 'चुनरिया' और 'मेले' जैसे मनमोहक रूपकों में चित्रित किया है। वे मनुष्य की गलतियों, उसके भौतिक आकर्षण के प्रति मोह एवं सांसारिक कमियों की ओर सूफी अन्दाज़ में गहरा संकेत देते हैं-

**'माँ मत हो नाराज़ कि मैंने खुद ही मैली की न चुनरिया**
**मिट्टी से संबंध हुआ जब/मैलों से अनुराग बढ़ा जब**
**तब कैसे संभव बिल्कुल बेदाग बनी रह जाए चुनरिया'**

कवि नीरज महसूस करते हैं कि आज का मानव पग-पग पर छला जाता है। वह बनावटी, आकर्षणनुमा एवं प्रदर्शनात्मक जीवन बिताने को लालायित है। अर्थ लोलुपता उसके जीवन का केन्द्रीय बिन्दु है। जीवन मूल्य परंपराएँ, प्रतिमान, संबंध और सामाजिक ढाँचा सब कुछ विघटित एवं विखंडन हो रहा है। इस संसार रूपी मेले में आकार कोई भी चादर बेदाग नहीं रह सकती।उन्होंने आशा और निराशा, मधु और हलाहल अर्थात मानव जीवन में सुख और दुःख दोनों की उपस्थिति स्वीकार की है-

**'न आशा ही जीवन की आस/निराशा ही न अंत परिणाम**
**न मधु ही केवल इसका स्वाद/हलाहल ही न पेय अविराम।'**

वे सुख और दुःख में सामंजस्य स्थापित करने पर बल देते हैं। कभी पी. बी. शैली ने भी कहा था कि हर उदासी भरे नग़मे में मधुरता का अंश छिपा रहता है और हर खुशी का गीत कसक युक्त होता है। नीरज सुख और दुःख का संतुलित संधि -स्थल बनाकर जीवन को किसी विशिष्ट लक्ष्य एवं विकास की ओर उन्मुख होने का आग्रह करते हैं। वे यहाँ तक प्रतिपादित करते हैं कि इस संसार में कुछ भी सुन्दर या असुन्दर नहीं है। यह तो व्यक्ति के दृष्टिकोण पर निर्भर करता है कि वह सृष्टि को कैसे ग्रहण करता है-

**'असुन्दर जिसको कहता विश्व,**
**नहीं वह सचमुच घृणित कुरूप ।**
**असुन्दर भाव तुम्हारा किन्तु,**
**भाग्य ही जिसका वह प्रतिरूप ।'**

प्रसंगवश, शेक्सपियर ने भी कहा था कि इस दुनिया में अच्छा अथवा बुरा कुछ भी नहीं है। यह तो हमारी सोच है जो किसी चीज को अच्छी या बुरी घोषित करती है। अपने विश्व प्रसिद्ध महाकाव्य 'पैराडाइज़ लॉस्ट' में जॉन मिल्टन भी कहता है कि यह हमारा मन ही है जो नरक को स्वर्ग एवं स्वर्ग को नरक के रूप में सृजित करता है। जॉन -कीट्स की कविता 'ओड ट् ए ग्रेशियन अर्न' में व्यक्त 'सत्यं, शिवं, सुन्दरं' का विचार उन्हें भारतीय दर्शन से जोड़ता है। वे सत्य को ही सुन्दर और सुन्दर को ही सत्य मानते हैं। इन उदाहरणों से एक बात बड़ी स्पष्ट है कि सुन्दर और असुन्दर का इस संसार में कोई निश्चित एवं अंतिम सिद्धान्त नहीं है। कई जगह असुन्दर में भी सुन्दर विद्यमान रहता है और सुन्दर में कुरूपता भी उपस्थित रहती है। 'बिन काँटे फूल - कहाँ और बिन कीचड़ कमल' शब्दों में निहित सत्य भी शाश्वत है।नीरज की 'मृत्यु गीत' एक लंबी काव्य रचना है जो मृत्यु बोध-संबंधी उनकी दार्शनिक विचारधारा को व्यक्त करती है। वर्ष 1958 में रचित यह काव्य रचना कवि के गंभीर स्वभाव एवं हृदय की परिपक्वता का परिचय देती हैं। इस 'मृत्यु गीत में गीतकार ने मृत्यु संबंधी और मानव मन में व्याप्त इस संबंधी अनेक मनोभावों का चित्रण करते हुए मृत्यु बोध संबंधी मनुष्य की अनेक जिज्ञासाओं को शान्त करने की चेष्टा की है। यह गीत हमारी चेतना को चिंतन प्रधान बनाता है, हमारी संवेदना को जगाता है, हमें भीतर से सचेत करता है, मृत्यु जैसे कठोर सत्य का सामना करने के लिए हमें तैयार करता है और मृत्यु का भय मिटाकर उसे सहने योग्य बनाता है।

महायात्रा पर कूच करने के लिए गीतकार स्वयं मानसिक रूप से सहर्ष तैयार है-

**'अब शीघ्र करो तैयारी मेरे जाने की**
**रथ जाने को बाहर तैयार खड़ा मेरा**
**है मंज़िल मेरी दूर बहुत पथ दुर्गम है**
**हर एक दिशा पर डाला है तम ने डेरा।'**

ज़ाहिर है की इस सुन्दर एवं लघु रूपक में जीवन-मरण संबंधी सभी दार्शनिक चिंतन संगममय हो गए हैं। मनुष्य के अंतिम क्षणों का इतना सजीव एवं प्रभावशाली चित्रण अन्यत्र दुर्लभ हैं। इस गीत में नीरज ने आत्मानुभूति को विश्वानुभूती बनाकर निज पीड़ा को पर पीड़ा से जोड़ा हैं। नीरज ने मनुष्य को मरकर भी अपनी सृजनशीलता और अपनी रचनाओं के माध्यम से अमर होना सिखाया है। यही कारण है कि अरस्तु, होमर, शेक्सपियर, टॉलस्टॉय, दोस्तॉयवस्की, वाल्मीकि, कालिदास, तुलसी, रविंद्रनाथ टैगोर, प्रेमचंद जैसे अनेक साहित्यकार अपनी उत्कृष्ट कृतियों के कारण मृत्यु पर विजय पाकर कालजयी हो गए हैं।

नीरज की दार्शनिकता का एक अन्य प्रखर तत्व आशावादी दृष्टिकोण है। उनकी 'जीवन-गीत' रचना उनके आशावादी होने का सर्वोत्तम प्रमाण है। यह गीत सिद्ध करता है कि गीतकार नीरज न तो निराशावादी हैं और न ही पलायनवादी हैं। इस गीत में उन्होंने संवादनुमा शैली में निराशा को आशा में बदलने का सन्देश दिया है।वे अंग्रेजी कवि रॉबर्ट बाऊनिंग की तरह आस्थापूर्ण हैं कि ईश्वर अपने स्वर्ग में है और इस संसार में उसकी इच्छानुसार सब कुछ ठीक हो रहा है। नीरज के 'जीवन-गीत' के नायक और नायिका क्रमशः आशा और निराशा तथा नर और नारी की परस्पर पूरकता के प्रतिक हैं। वे सिद्ध करते हैं कि एक के बिना दूसरे का अस्तित्व अधूरा है नायक का व्यक्तित्व असंतुलन,दुविधा, बेतहाशा जैसे भावों को प्रकट करता है, जबकि नायिका अपनी 'संतुलित, और विवेकशील बुद्धि द्वारा उसे जीवन में सुख और दुःख में सामंजस्य स्थापित करने का संदेश देती है। नायक स्वयं को बहुत असहाय अवस्था में पाता है और उसके जीवन में कोई ध्येय एवं अभिलाषा नहीं है। लेकिन नायिका उसे समझाती है कि मनुष्य चाहे तो मृत्यु पर भी विजय प्राप्त कार सकता है।

**'तुम्हारा जीवन नहीं विलास, /मरण में हो जाए व्याप्त,**
**वरन् वह ध्येय तुम्हारा एक /विजय जो करे मृत्यु पर प्राप्त।'**

इस महत्वपूर्ण एवं आशावादी गीत में नीरज ने गहरे में रेखांकित किया है कि नारी ही सृष्टि को संपूर्णता प्रदान करने के लिए पुरुष के मनुजत्व का आह्वान करती है। नारी प्रकृति रूपी सृष्टि है और समस्त प्रकृति उसी क ही रुप है। नारी तो समस्त कलाओं को अपना स्वरूप प्रदान करती है।बिना किसी मत-विभाजन के यह स्वीकारने योग्य है की नीरज के पास अद्भुत कल्पना शक्ति, संवेदनशीलता, सहृदयता और कव्यक्षमता थी । उन्होंने मनुष्य जीवन की ज्यामिति को निकटता से समझा और जाना था। उन्होंने व्यक्तिगत गीत विधा में ही नहीं, बल्कि इस युग की संपूर्ण हिंदी कविता में मृत्यु, आशावाद, नारी, काव्य, सृजन-प्रक्रिया, वासना, दर्शन, अध्यात्म, प्रकृति आदि विषयक नई विचारधारा एवं नए चिंतन की प्रतिष्ठा की । लेकिन खेद की बात यह है कि हिंदी साहित्य को गीतों की इतनी अनमोल निधि प्रदान करने वाले नीरज को साहित्य जगत में अपेक्षित स्थान नहीं मिल सका। उनकी काव्य क्षमता कस समीक्षकों एवं आलोचकों ने कोई खास नोटिस नहीं लिया। अफ़सोस इस बात का भी है की डॉ० बच्चन सिंह द्वारा लिखित एवं 1996 में प्रकाशित हिंदी साहित्य का दूसरा इतिहास पुस्तक में गीतकार नीरज का उल्लेख तक नहीं है, जबकि उनका कृतित्व विचार, मूल्यांकन-विश्लेषण तथा समालोचनात्मक निष्कर्षों का प्रखर विषय बनता है।

*****

संदर्भ

1.गोपालदास नीरज, दर्द दिया है, पृ० 6 2.वही, पृ०8
3.डॉ०सुधा सक्सेना,नीरज : व्यक्तित्व और कृतित्व, प्रगति प्रकाशन, आगरा पृ.16
4.गोपालदास नीरज, दर्द दिया है, पृ०5
5.वही, नीरज रचनावली, खंड- 1, पृ०359 6.वही,पृ०362
7.वही,पृ०323 8.डॉ० सुधा सक्सेना, नीरज व्यक्तित्व कृतित्व पृ०41
9.वही, पृ०41 10.गोपालदास नीरज, दर्द दिया है,खंड -3, पृ०31
11.वही,पृ०116 12.वही, 13.नीरज रचनावली, खंड-2 पृ०223
14.वही,पृ०226 15.वही,पृ०175 16.वही,पृ०222

# ‘विसर्जन’ में भूमंडलीकरण का सांस्कृतिक वर्चस्व



**उमा बणिचुलल**
शोधार्थी([पीएच-डी.) हिन्दी विभाग
दक्षिण भारत हिन्दी प्राचार सभा, विजयवाडा
हैदराबाद मो. – 9438202227

‘विसर्जन’शब्द दो शब्द से बना है। पहला ‘वि’ जिसका अर्थ है–‘विशेष’ दूसरा ‘सर्जन’ जिसका अर्थ है ‘रचना’ और ‘त्यागना’ भी है.शब्दकोश में विसर्जन शब्द का अर्थ है परित्याग, तिलांजलि,त्यागना,छोड़ना,विदाईख़ारिज करना या अलग करना। ‘भूमंडलीकरण’ शब्द मूल रूप में ’भूमंडल’शब्द बना है। ‘भू’ का अर्थ है भूमि, पृथिवी तथा मंडल का अर्थ है- ‘परिधि’ इस प्रकार भूमंडलीकरण का अर्थ है’ पृथिवी की परिधि करना’।भूमंडलीकरण शब्द के विभिन्न पर्याय है जैसे–विश्वीकरण,वैश्वीकरण,ग्लोबालाइजेशन, विश्यायन,जगतीकरण,अन्तराष्ट्रीयवाद,उदारीकरण,विश्ववाद,बाज़ारवाद,प श्चिमीकरण, बंधनमुक्त- व्यापार आदि ।‘सांस्कृतिक’ शब्द का अर्थ है संस्कृति सम्बन्धी। संस्कृति शब्द का अर्थ है पवित्रकरण, सभ्यता। सभ्यता की अर्थ है सभ्य होने का भाव। सभ्य शब्द का अर्थ है सभा के योग्य, नम्र। और भी कह सकते हैं-सम+ कृति= संस्कृति,सम–नेक , साधु, कृति का अर्थ ‘रचना’, काम अर्थात नेक होने का भाव ही संस्कृति । ‘वर्चस्व’ शब्द का अर्थ है महान होने का भाव या अवस्था इक्कीसवीं शती में भूमंडलीकरण,अमेरीकीकरण की भारी हलचल में एक पहलु है जो किसी भी आर्थिक प्रभांजन से कमतर नहीं है। इनकी सांस्कृतिक जड़ों को पूरी तरह हिला दिया। अब तक जितनी भी विदेशी सांस्कृतियां आई , वे हमारे जीवन परिधि में पूरी तरह घूल-मिल गई थी। कुछ वर्षों बाद उसको अलग रूप में पहचानना मुस्किल हो गई। वे भारतीय संस्कृति के महासागर में समाकर हो गई । इस संस्कृति ने हमारे पुरातन सभ्यता और संस्कृति को हटाकर अपना स्थान जमा लिया ताकि हमारी निजता, सास्कृतिक मूल्य सभ्यता पारंपरिक स्वरुप आदि का सत्ता नहीं रहा अर्थात सब कुछ बदल गया। इसके लिए सब से अधिक भूमिका निभाई मीडिया जगत। आज पूरी दुनिया के बाज़ार में बहुरास्ट्रीय कंपनियों के उत्पादों से भरे हुए हैं। तरह – तरह माल्स – भी -मार्ट, बाज़ार कलकत्ता, स्टाइल बाज़ार आदि ऊँचे बाज़ार बहुराष्ट्रीय बाज़ार के लुभावने उत्पादों को मूक आमंत्रण करते हैं। हम क्या खरीदते हैं या खरीदना चाहते हैं यह हमारी अपनी इच्छा पर निर्भर नहीं रह गया। मीडिया जगत की वाचलता के उपर ही निर्भर करता है यह कहने का अर्थ यही है की कम्पनियों की विपणन व्यवस्था विज्ञापन की मायावी जगत पर निर्भर करती है। आज बाज़ार दर्शन को साफल्य मंडित कर रहा है वही मायावी विज्ञापन। उद्यग जगत का सफलता के साथ-साथ वस्तु की तीव्र ललक जगा देने एवं वस्तु की तीव्र आवश्यकता का अनुभव करदेना विज्ञापन की मायावी शक्ति ही करती है।

राजू शर्मा का उपन्यास ‘विसर्जन’ इन बदलती सांस्कृतिक पक्षों का सूक्ष्म अवलोकन करता है I निम्नलिखित अनुच्छदों में प्रकट करने का प्रयास किया गया है- नव उदारतावाद, आर्थिक विकास के नए प्रारूप उपभाक्तावाद के दौड़ में दौड़ती सारी मनुष्य जाति विज्ञापन संस्कृति में विकसित बाज़ारवाद सर्वग्रासी संस्कृति के रूप में ग्रस रहा है , उसके दुष्परिणाम सभी मनुष्य समाजको सहना पड़ रहा है। विज्ञापन संस्कृति सभी को भरमा रही है। इसलिए चिंतित सभी विद्यान गण। हिन्दी उपन्यासकर भी इस चिंता से अछूत नहीं रहे। राजू शर्मा का ‘विसर्जन’ उपन्यास इस रूप में एक सार्थक प्रयास है। विवेच्य ‘विसर्जन’ उपन्यास में डूबी हुई उपभाक्तावाद संस्कृति को पात्र – पी.वी. रंगराजन, ऐसार, सपना आदि के माध्यम से उजागर किया गया है। स्पेशल सर्विस व्यूरो के प्रमुख की पत्नी सपना उप्भाक्तावाद की जीती – जगती दृष्टांत है । “ फिर वह बाहर निकली, बाल गिले थे और पीछे की ओर समेटे और कंघी किए हुए, उसने किसी डेनिम की शॉटर्स पहनी थी जिसकी निचले किनारियों धागे निकल रहे थे और उसकी चिकनी उजली जांघों पर हिल रहे थे , उसने पतले स्टेच कपडे की एक सफेद टी-शर्ट उपर डाली थी , जो उसको वक्षों के उपर उभार में गिर रही थी, उसने ब्रा नहीं पहनी थी और हवा के किसी अनजान झोंके में शर्ट यदा- कटा उसकी देह से उठ चिपक रही थी और तब उसके उरोज के शिखर चमक उठते थे....वह शारीर और मन से पूरी तरह उन्मुक्त, तल्लीन और स्व-परिभाषित दिखाई दे रही थी, यह लिबास उसे था, वह लिबास से,वह खुद से भी, खुद अपने से....” वह ब्रांडेड चीजें के प्रति इतना आकर्षित है कि सपना का आईने में खुद को देखते हुए सदा एक अधूरा और अगर- मगर सा अहसास होता। अपनी सूरत नाक- नश्क और शारीर के बारे में कभी पूरा इत्मीनान नहीं होता। मनो उसकी वजूद का जो सास्वत है, वह उससे छिटका और अलग है। वह उसे छू नहीं पाती। पास आने पर वह धुधला हो जाते हैं। “ रूप ला, लावण्य, हुस्न, शराब, नफसत, आब, व्यक्तित्व छवि और आकर्षण संक्षेप में वह सब जिसे सौदर्य प्रतियोगिताओं में आंकने और इनाम देने का तामझाम रचा जाता है, जिसे हजारों व्यक्तिव निखार के स्कूल अपनी खास पहचान बताते है और वह अज्ञात कुछ या सब कुछ रूप प्रसाधन उद्योग का वेश कीमती रहस्य है,और भी कहा गया है “काम देव कहाँ नहीं विराजे थे: किंचित सिंक के उपर बरामदा,स्नानघर, कोठरी लंफट-रतिरमण के लिए हर जगह सुगम थी-उन्होंने कुछ नहीं छोड़ा, साफ टेबिल कुर्सियाँ, आलमारी,आले, शेल्फ,फर्स उपर, आगे - पीछे, उपर – निचे, अगल – वगल, धारण – धारित : उनके संसर्ग का संगती हर जगह सुनाई था। उनकी प्रवृतियाँ एक किसान या हस्तशिल्पी की थी, एक साथ निष्क्रिय और चौकनी , सृजनशील और प्रसुप्त।

पी.वी. की आलिशान जिन्दर्गी के माध्यम से इसी ब्रांडेड संस्कृति के बढ़ते बातों को सामने रखा- “पी. वी. का घर का नाम दौलतखान। इसमें खान के साथ – साथ सब कुछ लगा रहता है। पी. वी. जगत में पार्टी और बैठक,जश्न और विमर्श, मौज और शोक,खेल और डिस्कोर्स एक से और मिले- जुले रहते हैं। यह पी. वी. का सबसे प्रिय स्थान था : ऊपर की मंजिल पर एक विशाल कमरा जिसकी शकल एक बार की भी थी और एक कानफरेंस रूम की भी,दुनिया भर की सुविधाएं सामने थी : महँगी शराब और विरल वाइन के शानदार अम्बार :एक छोटा सा डांस फ्लोर, साथ में संगीत रोशनी और साउंड फ्रूफ़िंग की पूरी व्यवस्था; कानफरेंस के लिए हर साधन : मल्टी मीडिया प्रेजेंटेशन .स्क्रीन, पेपर ,पेन ,नक्शे, फ़ोन, वीडियो कांफेरेंसिंग, इंटरनेट, जी.आई. इस.थ्रेडर फोटोकॉपीयर,केबिनेट, तमाम और चीजें। “ उपन्यास में सबसे बड़ा चेहरा पी.वी. है , उपन्यासकार उसको गुरू प्रचारक नाम दिया है। रियल एस्टेट का सूत्रधार पी.वी. ही है। पी. वी . की खूबी थी वह लोगों को नाम से ज्यादा उनके धन्दे और आपसी कारोबार नेटवर्क से याद रखता था। पी. वी. के दिमाग में चंद्रा योगेश या योगेश चंद्रा नहीं बल्कि बैंकर का रेकी एक्सपोर्ट और एक्सपोर्ट रेकी के बैंकर का संतुलन याद रहता था। पी. वी. अपने देश को बहुत बड़े बाज़ार के रूप में देखता है। सार्वजनिक रूप से सभी के सेवा के लिए भूमंडलीय संस्कृति स्थापित करना चाहता है। वह असहायता पर शोक जताता है इसलिए” जमीन का अहम सवाल” शीर्षक को लेकर पी. वी. ने अपने शोध में पहला पर्चा छापा इसके माध्यम से वह कहा कि ” सरकार और समाज अपनी समृद्धि पर खुद ताला डालना चाहता है न किस्मत मदद कर सकती है न भगवन। जिस जमीन पर आप चल रहे हैं जिसे आप देखते तक नहीं, वही आपकी समृद्धि की नायब कुंजी है, पर सर्कार के जन विरोधी नियम और कानून ने इन अपार संभावनाओं पर जंजीर डाल दी है। ” मीडिया ही ऐसे एक साधन है कंधों पर चढ़कर उपभाक्तावादी के लिए वैशिक संस्कृति अपना पसार मायाजाल फिलाती जा रही है। पश्चिमी तथा अमेरिकीकरण संस्कृति को लेकर मीडिया जगत से टी. वी. चौबीसों घंटे चैनल के माध्यम चिघाड कर पूरी भारतीय जीवन प्रणाली को प्रभावित कर रही है। जो टी. वी. मनरंजन का साधन मात्र था अभी केबल मनरंजन का साधन नहीं रहगया मीठा जहर बनकर भारत की संस्कृति धमनियों में प्रवेश कर के बहने लगा है इसके साथ-साथ जड़ों को भी प्रविस्तार करने लगा है। टी. वी. पर सौंदर्य प्रतियोगिताएँ देख देख कर देश के हर शहर नगर, कस्बों और स्कूलों में भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अभिन्न अंग बन चुका है। चिंतन, विचार, लिखित भाषा को स्थायित्व का रूप देता है समाचार पत्र। अभी समाचार पत्र तथा पत्रकारिता वाशिकरण के प्रभावों से मुक्त नहीं है। जो समाचार पत्र लोगों के हित के लिए परिचित था आज पूरी तरह व्यावसायिकता में ढल चुका है। किसी भी घटना के स्थिति तथा खबर को सनसनाहट करके प्रस्तुत करते है ताकि लोगों को प्रभावित कर सके। ऐसे एक घटना का जिरह उपन्यासकार ने उपन्यास में किए है।

उपन्यास में धारावाहिक घोटाले की जाँच करते हुए ऐसार उस समय मीडिया रिपोर्ट को खोंगालता है। अनुसन्धान से साफ हुआ है कि "करीब अस्सी प्रतिशत कन्टेन्ट दूसरे प्रमुख मीडिया साइट्स और पत्रकारिता की नकल थी मौलिक अंश और खुद की रिसर्च न के बराबर थी। बिना जाँच पड़ताल किए ही दूसरे कापी कर खबर को उछाल रहे थे। एक दिन घोटाला फटा तो हाहाकार मच गया- " देश के सारे न्यूज़ चैनेल एक साथ इस राजनीतिक विस्फोट में कूद गए। दर्शक का घोटाला किसी ने कहा पर दूरदर्शन के कारण जो नाम टिका वह था धारावाहिक घोटाला। मानो कोई घृणास्पद पशु मिल गया है जिसे चाहो कूटो ,पीटो, जिसे हर अनहोनी और बदकिसमती की बजह बना दो, सारा देश धारावाहिक घोटाला पर पिला पड़ा। "मीडिया जानबूझकर सनसनी फैलाने के लिए खबर को बिना तहकीकत किए पेश किया। धारावाहिक घोटाले की रिपोर्ट देते समय ऐसार का दो टूक निष्कर्ष था कि " आई. बी. की कथित दो रिपोर्ट के बारे में जो खबरे मीडिया में उछली थी, बेबुनियाद थी और आई. बी. ने न इस तरह की कोई तहकीकात की या रिपोर्ट बनाई। " असल में में कुछ शक्तियां थी जो दूरदर्शन के सन्दर्भ मेंसूचना मंत्रालय के विनिबेश और निजिकरण के नीतिगत सुधारों के प्रयासों को बदनाम कर उन्हें भंग करना चाहती थी। "एक सुनियोजित षडयन्त्र के तहत उन्होंने झूठी अधकचरी और अधपकी ख़बरों कयासों और निंदा की एक मुहिम छेड़ी और इन ख़बरों पर विस्वसनीयता का आचरण चढ़ने के लिए आई. बी की नामौजूद रिपोर्ट का झठा हवाला दिया और जैसी साजिश और उपेक्षा थी, इस चिनगारी को तुरंत मीडिया और राजनीतिक दलों ने पकड़ा और चिनगारी ने आग का रूप ले लिया एक महिला पत्रकार मीडिया की प्रियतमा जिसे दोस्त और दुश्मन नाम से पुकारने थे क्योंकि विचार उसके इर्द-गिर्द तेज भंवर में घूमते थे। उसका कथन है २४ घटों का न्यूज़ चैनेल अब जिन्दगी से ज्यादा जीवन्त है क्यों कि चैनेल टाइम यानि रील टाइम, रियल टाइम से अधिक तेज और घना है। यह एक नियमित है क्यों कि एक जिन्दगी उसकी उर्जा और भूख के लिए नाकाफी हैं।

शेष मैं कहा जा सकता है कि 'विसर्जन' उपन्यास में अत्यन्त प्रमाणिक ढंग से भूमंडलीकरण का सांस्कृतिक वर्चस्व करके पाठकों के लिए मनोरंजन के साथ–साथ शिक्षणीय होगा एवं मार्गदर्शक होगा। पथ प्रदर्शक बनेगा या पैगम्बर होगा।

*****

**सन्दर्भ सूची :-**


1. विसर्जन/वही पृष्ठ – ४५३
2. विशाल हिन्दी शब्दकोश - श्री प्रकाशन
3. वही पृष्ठ -२९४
4. वही पृष्ठ -९१
5. वही पृष्ठ -१९५
6. वही पृष्ठ -२९५
7. वही पृष्ठ -१२२
8. वही पृष्ठ -१०८
9. वही पृष्ठ -१२३
10. वही पृष्ठ -१२५
11. वही पृष्ठ -८२
12. वही पृष्ठ -८४
13. वही पृष्ठ -४०५
14. वही पृष्ठ -४३३


## महादेवी वर्मा : हिंदी के विशाल मंदिर की वीणा-पाणि




**- डॉ. सुरेन्द्र शर्मा**
शर्मा निवास नमाणा, पत्रालय घूण्ड
तहसील ठियोग, जिला शिमला (हि.प्र.) पिन-171220


हिंदी साहित्य में महादेवी वर्मा को एक सशक्त हस्ताक्षर के रूप में पहचान है। उन्होंने अपनी लेखनी से पद्य एवं गद्य साहित्य को समृद्ध किया है। उन्होंने हिन्दी पद्य की स्मृद्धि अतुलनीय योगदान तो दिया ही साथ ही हिन्दी गद्य में वह महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हिन्दी कविता में वह जहाँ भाववादी दृष्टिकोण से याद की जाती हैं, वहीं गद्य में उनकी छवि एक प्रखर विचारक के रूप में सामने आती हैं। वे हिन्दी साहित्य में छायावादी युग के चार प्रमुख स्तंभों सुमित्रानंदन पंत, जयशंकर प्रसाद और सूर्यकांत त्रिपाठी निराला में से एक मानी जाती हैं। आधुनिक हिन्दी की सबसे सशक्त कवयित्रियों में से एक होने के कारण उन्हें' आधुनिक मीरा' के नाम से भी जाना जाता है। कवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' ने उन्हें 'हिन्दी के विशाल मन्दिर की वीणा-पाणि' कहा है -

**"हिंदी के विशाल मंदिर की वीणा-पाणि**
**स्फूर्ति चेतना,रचना की प्रतिमा कल्याणि।"**

महादेवी ने स्वतंत्रता के पहले का भारत भी देखा और उसके बाद का भी। वे उन कवियों में से एक हैं जिन्होंने व्यापक समाज में काम करते हुए भारत के भीतर विद्यमान हाहाकार, रुदन को देखा, परखा और करुण होकर अन्धकार को दूर करने वाली दृष्टि देने की कोशिश की। न केवल उनका काव्य बल्कि उनके सामाजसुधार के कार्य और महिलाओं के प्रति चेतना भावना भी इस दृष्टि से प्रभावित रहे। उन्होंने मन की पीड़ा को इतने स्नेह और शृंगार से सजाया कि दीपशिखा में वह जन जन की पीड़ा के रूप में स्थापित हुई और उसने केवल पाठकों को ही नहीं समीक्षकों को भी गहराई तक प्रभावित किया। उन्होंने खड़ी बोली हिन्दी की कविता में उस कोमल शब्दावली का विकास किया जो अभी तक केवल बृजभाषा में ही संभव मानी जाती थी। इसके लिए उन्होंने अपने समय के अनुकूल संस्कृत और बांग्ला के कोमल शब्दों को चुनकर हिन्दी का जामा पहनाया। संगीत की जानकार होने के कारण उनके गीतों का नाद-सौंदर्य और पैनी उक्तियों की व्यंजना शैली अन्यत्र दुर्लभ है। उन्होंने अध्यापन से अपने कार्यजीवन की शुरूआत की और अंतिम समय तक वे प्रयाग महिला विद्यापीठ की प्रधानाचार्या बनी रहीं। उनका बाल-विवाह हुआ परंतु उन्होंने अविवाहित की भांति जीवन-यापन किया। प्रतिभावान कवयित्री और गद्य लेखिका महादेवी वर्मा साहित्य और संगीत में निपुण होने के साथ साथ कुशल चित्रकार और सृजनात्मक अनुवादक भी थीं। उन्हें हिन्दी साहित्य के सभी महत्त्वपूर्ण पुरस्कार प्राप्त करने का गौरव प्राप्त है। भारत के साहित्य आकाश में महादेवी वर्मा का नाम ध्रुव तारे की भांति प्रकाशमान है।

आधुनिक युग की मीरा कही जाने वाली कवित्री एवं महान लेखिका महादेवी वर्मा जी का महादेवी का जन्म 26 मार्च, 1907 (भारतीय संवत के अनुसार फाल्गुन पूर्णिमा संवत 1964 को) को प्रातः 8 बजे फ़र्रुख़ाबाद उत्तर प्रदेश में एक साह परिवार में हुआ था । इस परिवार में लगभग 200 वर्षों या सात पीढ़ियों के बाद महादेवी जी के रूप में पुत्री का जन्म हुआ था। अत: इनके बाबा बाबू बाँके विहारी जी हर्ष से झूम उठे और इन्हें घर की देवी- महादेवी माना और उन्होंने इनका नाम महादेवी रखा था। उनके पिता गोविन्द प्रसाद वर्मा सुन्दर, विद्वान, संगीत प्रेमी, नास्तिक, शिकार करने एवं घूमने के शौकीन, मांसाहारी तथा हँसमुख व्यक्ति थे। माताजी जबलपुर से हिन्दी सीख कर आई थी, महादेवी वर्मा ने पंचतंत्र और संस्कृत का अध्ययन किया। महादेवी वर्मा जी को काव्य प्रतियोगिता में 'चांदी का कटोरा' मिला था। जिसे इन्होंने गाँधीजी को दे दिया था। महादेवी वर्मा कवि सम्मेलन में भी जाने लगी थी, वो सत्याग्रह आंदोलन के दौरान कवि सम्मेलन में अपनी कवितायें सुनाती और उनको हमेशा प्रथम पुरस्कार मिला करता था। महादेवी वर्मा मराठी मिश्रित हिन्दी बोलती थी।

महादेवी वर्मा की प्रारम्भिक शिक्षा इन्दौर में हुई। महादेवी वर्मा ने बी.ए. जबलपुर से किया। महादेवी वर्मा अपने घर में सबसे बड़ी थी उनके दो भाई और एक बहन थी। 1919 में इलाहाबाद में 'क्रॉस्थवेट कॉलेज' से शिक्षा का प्रारंभ करते हुए महादेवी वर्मा ने1932 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से संस्कृत में एम.ए. की उपाधि प्राप्त की। तब तक उनके दो काव्य संकलन 'नीहार' और 'रश्मि' प्रकाशित होकर चर्चा में आ चुके थे। महादेवी जी में काव्य प्रतिभा सात वर्ष की उम्र में ही मुखर हो उठी थी।

विद्यार्थी जीवन में ही उनकी कविताऐं देश की प्रसिद्ध पत्र-पत्रिकाओं में स्थान पाने लगीं थीं। उन दिनों के प्रचलन के अनुसार महादेवी वर्मा का विवाह छोटी उम्र में ही हो गया था परन्तु महादेवी जी को सांसारिकता से कोई लगाव नहीं था अपितु वे तो बौद्ध धर्म से बहुत प्रभावित थीं और स्वयं भी एक बौद्ध भिक्षुणी बनना चाहतीं थीं। विवाह के बाद भी उन्होंने अपनी शिक्षा जारी रखी। महादेवी वर्मा की शादी 1914 में 'डॉ. स्वरूप नरेन वर्मा' के साथ इंदौर में 9 साल की उम्र में हुई, वो अपने माँ पिताजी के साथ रहती थीं क्योंकि उनके पति लखनऊ में पढ़ रहे थे।शिक्षा और साहित्य प्रेम महादेवी जी को एक तरह से विरासत में मिला था। महादेवी जी में काव्य रचना के बीज बचपन से ही विद्यमान थे। महादेवी जी की माताजी धर्मपरायण महिला थीं और हिन्दी का संस्कार जबलपुर से वे यहाँ लायी थीं। इसी परिवेश में महादेवी जी का बचपन पलने लगा। महादेवी जी बचपन से ही तुकबन्दी करने लगीं। उन्हीं के शब्दों में-''हमें याद है, हमारी माँ पूजा करती थी तो हमें अपने पास बिठा लेती थी। हमने एक दिन अपने नौकर से कहा, माँ ठाकुर जी को ठंडे पानी से नहलाती हैं। उन्हें ठंड लगती होगी। उसी पर एक तुकबन्दी जोड़ी –

**''ठंडे पानी से नहलाती**
**ठंडा चन्दन उन्हें लगाती उनका भोग हमें दे जाती**
**तब भी कभी न बोले हैं/माँ के ठाकुर जी भोले हैं।''**

महादेवी वर्मा का कार्यक्षेत्र लेखन, संपादन और अध्यापन रहा। उन्होंने इलाहाबाद में प्रयाग महिला विद्यापीठ के विकास में महत्वपूर्ण योगदान किया। यह कार्य अपने समय में महिला-शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम था। इसकी वे प्रधानाचार्य एवं कुलपति भी रहीं। 1932 में उन्होंने महिलाओं की प्रमुख पत्रिका 'चाँद' का कार्यभार संभाला। 1930 में' नीहार 1932 ,'में' रश्मि 1934 ,'में' नीरजा ,' तथा 1936 में' सांध्यगीत 'नामक उनके चार कविता संग्रह प्रकाशित हुए। 1939 में इन चारों काव्य संग्रहों को उनकी कलाकृतियों के साथ वृहदाकार में' यामा 'शीर्षक से प्रकाशित किया गया। उन्होंने गद्य, काव्य, शिक्षा और चित्रकला सभी क्षेत्रों में नए आयाम स्थापित किये। इसके अतिरिक्त उनकी 18 काव्य और गद्य कृतियां हैं जिनमें' मेरा परिवार' ,'स्मृति की रेखाएं' ,'पथ के साथी' ,'शृंखला की कड़ियाँ' और' अतीत के चलचित्र 'प्रमुख हैं। सन 1955 में महादेवी जी ने इलाहाबाद में साहित्यकार संसद की स्थापना की और पं इलाचंद्र जोशी के सहयोग से साहित्यकार का संपादन संभाला। यह इस संस्था का मुखपत्र था। उन्होंने भारत में महिला कवि सम्मेलनों की नीव रखी। इस प्रकार का पहला अखिल भारतवर्षीय कवि सम्मेलन 15 अप्रैल 1933 को सुभद्रा कुमारी चौहान की अध्यक्षता में प्रयाग महिला विद्यापीठ में संपन्न हुआ। वे हिंदी साहित्य में रहस्याद की प्रवर्तिका भी मानी जाती हैं। महादेवी बौद्ध धर्म से बहुत प्रभावित थीं। महात्मा गांधी के प्रभाव से उन्होंने जनसेवा का व्रत लेकर झूसी में कार्य किया और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में भी हिस्सा लिया। 1936 में नैनीताल से 25 किलोमीटर दूर रामगढ़ कसबे के उमागढ़ नामक गाँव में महादेवी वर्मा ने एक बँगला बनवाया था। जिसका नाम उन्होंने' मीरा मंदिर 'रखा था। जितने दिन वे यहाँ रहीं इस छोटे से गाँव की शिक्षा और विकास के लिए काम करती रहीं। विशेष रूप से महिलाओं की शिक्षा और उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए उन्होंने बहुत काम किया। आजकल इस बंगले को' महादेवी साहित्य संग्रहालय 'के नाम से जाना जाता है। 'शृंखला की कड़ियाँ 'में स्त्रियों की मुक्ति और विकास के लिए उन्होंने जिस साहस व दृढ़ता से आवाज़ उठाई हैं और जिस प्रकार सामाजिक रूढ़ियों की निंदा की है उससे उन्हें' महिला मुक्तिवादी 'भी कहा गया। महिलाओं व शिक्षा के विकास के कार्यों और जनसेवा के कारण उन्हें 'समाज-सुधारक 'भी कहा गया है। उनके संपूर्ण गद्य साहित्य में पीड़ा या वेदना के कहीं दर्शन नहीं होते बल्कि अदम्य रचनात्मक रोष समाज में बदलाव की अदम्य आकांक्षा और विकास के प्रति सहज लगाव परिलक्षित होता है। उन्होंने अपने जीवन का अधिकांश समय उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद नगर में बिताया। 11 सितंबर, 1987 को इलाहाबाद में रात 9 बजकर 30 मिनट पर अनंत में विलीन हो गईं, लेकिन वे आज भी भारत के साहित्य आकाश में ध्रुव तारे की भांति प्रकाशमान हैं। साहित्य में महादेवी वर्मा का आविर्भाव उस समय हुआ जब खड़ी बोली का आकार परिष्कृत हो रहा था। उन्होंने का भंडार दिया और भारतीय दर्शन को वेदना की हार्दिक हिन्दी कविता को बृजभाषा की कोमलता दी, छंदों के नए दौर को गीतों स्वीकृति दी। इस प्रकार उन्होंने भाषा साहित्य और दर्शन तीनों क्षेत्रों में ऐसा महत्वपूर्ण काम किया जिसने आनेवाली एक पूरी पीढी को प्रभावित किया। शचीरानी गुर्टू ने भी उनकी कविता को सुसज्जित भाषा का अनुपम उदाहरण माना है।उन्होंने अपने गीतों की रचना शैली और भाषा में अनोखी लय और सरलता भरी है, साथ ही प्रतीकों और बिंबों का ऐसा सुंदर और स्वाभाविक प्रयोग किया है जो पाठक के मन में चित्र सा खींच देता है। छायावादी काव्य की समृद्धि में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अपनी वेदना का प्रकृति-व्यापी अंकन भी बड़े सहज ढंग से किया है-

**कितनी रातों की मैंने /नहलायी है अँधियारी,**
**धो डाली है संध्या के/पीले सिन्दूर से लाली;**
**नभ के धुँधले कर डाले /अपलक चमकीले तारे,**
**इन आहों पर तैरा कर /रजनी कर पार उतारे।**[3]

'नीहार' में जगह-जगह कवयित्री की प्रारम्भिक अनुभूतियों के स्पन्दन हैं। नीहार के बाद 'रश्मि' कवयित्री का दूसरा काव्य-संकलन है जो सन् 1932 में प्रकाशित हुआ। इसमें उनके इक्कीस से चैबीस वर्ष की अवस्था में लिखे गये गीत हैं, जिनमें गुणात्मक बदलाव के साथ-साथ प्रतीक योजना और काल्पनिक चिन्तन में भी एक उझान है। महादेवी जी का 'उलझन' का एक बिम्ब देखें –

**''अलि कैसे उनको पाऊँ ?**
**वे आँसू बनकर मेरे,/इस कारण दुल-दुल जाते,,**[4]
**इन पलकों के बंधन में /मैं बाँध-बाँध पछताऊँ।**

महादेवी वर्मा जी की काव्य-यात्रा का तीसरा पड़ाव है-'नीरजा', जिसे उन्होंने चैबीस से सत्ताईस वर्ष की अवस्था में लिखा। यह कविता-संग्रह सन् 1934 में प्रकाशित हुआ। इसमें रूपात्मकता का विलक्षण रूप दृष्टिगत है। महादेवी जी ने संध्या का जो एक चित्र खींचा है, उसकी कलात्मक अनुभूति यहाँ द्रष्टव्य है –

**''मर्मर की सुमधुर नुपूर ध्वनि,/अलि-गुंजित पद्यों की किंकिणि,**
**भर पद-गति में अलस तरंगिणि,/तरल रजत की धार बहा दे**
**मृदु स्थिति से सजनी। /बिहँसती आ बसन्त-रजनी!''**[5]

महादेवी वर्मा जी का चैथा काव्य-संकलन 'सांध्य गीत' सन् 1936 में प्रकाशित हुआ है जिसे उन्होंने सत्ताईस से उनतीस वर्ष की अवस्था में लिखा है। इसमें पहले से अधिक सूक्ष्म कलात्मकता और प्रौढ़ता है। एक संध्याकालीन चित्र में अपने जीवन को उतार कर देखना निश्चय ही कवयित्री की कल्पना का एक सृजनात्मक स्वरूप है। इसकी कुछ पंक्तियाँ यहाँ द्रष्टव्य हैं:-

**''प्रिय! सांध्य गगन मेरा जीवन / यह क्षितिज बना धुँधला विराग,**
**नव अरुण अरुण तेरा सुहाग, /छाया-सी काया वीतराग,**
**सुधी-भीने स्वप्न रंगीले धन ।''**[6]

अब महादेवी वर्मा जी काव्य-यात्रा 'दीपशिखा') सन 1942में पाँचवें पड़ाव पर है जिसे उन्होंने उनतीस से पैंतीस वर्ष की उम्र में लिखा है। इसमें एक-से-एक प्रतीकों का प्रयोग विशिष्ट शब्दावलियों के साथ मुखरित हुआ है। फिर एक प्रतीक 'घटा' के मिटने का कवयित्री के गीत में उमड़ आता है। **''मिट चली घटा अधीर /चितवन तन श्याम रंग/इन्द्रधनेष भृकुटि भंग विद्युत का अंग राग**
**दीपित मृदु अंग-अंग, /उड़ता नभ में अछोर मेरा भव नीर चीर।''**[7]

महादेवी वर्मा जी के शब्द एकलयता के साथ निगूढ़ भावों को अभिव्यक्ति प्रदान करते हैं। कवयित्री की काव्य-यात्रा के पाँच पड़ाव निश्चय ही क्रमशः भावों की पूर्णता के द्योतक हैं। आत्मानुभूति के सूक्ष्मीकरण का क्रम इनमें आगे बढ़ता जाता है। प्रतीक और बिम्ब भी नये वस्त्र धारण कर सजे-सजाये दिखते हैं। महादेवी वर्मा का काव्य अनुभूतियों का काव्य है प्रतीकों के द्वारा भावनाओं को व्यक्त किया गया है। कहीं-कहीं स्थूल संकेत दिए गए हैं। इनमें संयम और त्याग है तथा दूसरों का हित करने की प्रबल आकांक्षा है :

**मैं नीर भरी दुःख की बदली !/विस्तृत नभ का कोई कोना,**
**मेरा कभी न अपना होना,/परिचय इतना इतिहास यही,/उमड़ी थी कल मिट आज चली।**[8]

महादेवी का काव्य वर्णनात्मक और इतिवृत्तात्मक नहीं है। आंतरिक सूक्ष्म अनुभूतियों की अभिव्यक्ति उन्होंने सहज भावोच्छवास के रूप में की है। इस कारण उसकी अभिव्यंजना-पद्धति में लाक्षणिकता और व्यंजकता का बाहुल्य है। रूपकात्मक बिंबों और प्रतीकों के सहारे उन्होंने जो मोहक चित्र उपस्थित किए हैं, वे उनकी सूक्ष्म दृष्टि और

रंगमयी कल्पना की शक्तिमत्ता का परिचय देते हैं। ये चित्र उन्होंने अपने परिपार्श्व, विशेषकर प्राकृतिक परिवेश से लिए हैं पर प्रकृति को उन्होंने महादेवी वर्मा की काव्य भाषा में भावात्मकता प्रमुख रूप से विद्यमान है। गीतिकाव्य में यह भाव तत्वों ,घटना आदि के माध्यम से न उद्भूत होकर स्वयं प्रकट होता है-

**प्रिय इन नयनों का अश्रु नीर**
**दुख से आविल सुख से पंकिल**
**बुदबुद से स्वपनों से फेनिल**
**बहता है युग युग से अधीर। [9]**

महादेवी वर्मा की काव्य भाषा में गीति संरचना और काव्य विधान का अपना एक गुणात्मक पहलू है जो एक गरिमामंडित उदात्त काव्यलोक की सृष्टि करता है। महादेवी जी का काव्य गहराई में देखने से छायावाद की शास्त्रीयता का काव्य लगता है जो प्रौढ़ है।जहां द्वंद के थपेड़े खाती कवियत्री रात की कोख में भी दिवस की चाह तलाशती है ।उनके सम्पूर्ण काव्यलोक में आंसू है ,पीड़ा है और श्रृंगार भी है, साथ में निजी जीवन की विसंगतियों का भी पारावार हिलकोरे लेता चित्रित हुआ है।महादेवी की पीड़ा बौद्ध दर्शन की दुख मूलक पीड़ा जैसी है । महादेवी अपने सारे चिंतन रुदन तथा गायन के बीच प्रिय के सानिध्य को प्राप्त करने की ही कामना व्यक्त करती रहती हैं। उनके काव्य में सर्वत्र ही विरह को प्रधानता मिली है ।विरह उनका सार्वत्रिक आराध्य और दुख उनके जीवन का एकमात्र संबल है ,महादेवी का यही दुखवाद उन्हें वैयक्तिक सुख दुख से आगे बढ़ाकर लोक की ओर उन्मुख करता है।

*****

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:**

1. वांजपे, प्रो शुभदा (2006). पुष्पक (अर्ध-वार्षिक पत्रिका) अंक-6. हैदराबाद, भारत: कादम्बिनी क्लब. पृ0 - 113.
2. "समापन समारोह है, तौ मन भारी है". विश्व हिंदी सम्मेलन. मूल (एचटीएम) से 8 अक्तूबर 2007 को पुरालेखित. अभिगमन तिथि २८ अप्रैल २००७.
3. निहार : महादेवी वर्मा
4. रश्मि: महादेवी वर्मा
5. नीरजा: महादेवी वर्मा
6. सांध्य गीत : महादेवी वर्मा
7. दीपशिखा: महादेवी वर्मा
8. सान्ध्य गीत : महादेवी वर्मा
9. नीरजा : महादेवी वर्मा, पृ0-11

# मुक्तिबोध की कविता में व्यवस्था विमर्श,'भूरी भूरी खाक धूल' के संदर्भ में

**डॉ.जस्टी एम्मानुवल**
सहायक आचार्या हिन्दी विभाग
अल्फोंसा कांलेज पाला पी.ओ.
अरुनापुरम जिला-कोट्टयम -केरल

मुक्तिबोध का द्वितीय काव्य संकलन भूरी भूरी घाक धूल सन् 1980 में प्रकाशित हुआ। चांद का मुंह टेढ़ा है शीर्षक प्रथम संकलन की तरह इसमें भी मुक्तिबोध की काव्य प्रवृत्तियां शामिल है। इन कविताओं में समाज की विभिन्न समस्याओं पर नजर रखते हुए वे पूंजीवादी शोषण को मूल हेतु मानते हैं। ऐसी समस्याओं में उद्भूत अमानवीय व्यवस्था का विरोध तथा इस व्यवस्था के उन्मूलन की दृढ़ संकल्पना इन कविताओं में दृष्टिगत होती है। इसके लिए उन्होंने पूंजीवादी साजिशों के शिकार हो रहे निम्न मध्य वर्ग और सर्वहारा वर्ग के जीवन का यथार्थ चित्रण प्रस्तुत किया है। शोषितोंऔर उत्पीड़ितों के प्रति गहरी आंतरिक सहानुभूति प्रकट कर समकालीन जीवन के अंतर्विरोधों, तनावो, आतंकों, भय तथा चिंताओं के चित्रण के साथ आत्मा संशोधन तथा व्यक्तित्वांतरण के जरिए जीवन की समग्रता को कविता में आत्मसात कर लेने का लगातार प्रयास भी इन कविताओं में मौजूद है। अतीत और भविष्य को वर्तमान के साथ एक सूत्र में पिरोने की अद्भुत क्षमता के कारण ये कविताएं सर्वथा प्रासंगिक है। जिस दुनिया में हम रहते हैं उसकी वास्तविक पहचान के लिए इन कविताओं में गुजरना उचित है।

भूरी भूरी खाक धूल की कविताओं के सृजन काल में मुक्तिबोध बर्गसां, इमेर्सन जैसे भाववादी दार्शनिकों के आत्मग्रस्त दर्शन से छुटकारा प्राप्त कर जीवन तथा साहित्य में एक व्यवस्थित जीवन दर्शन, मार्क्सवाद को अपनाया जा चुका था।मुक्तिबोध का जीवन काल अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सामंतवादी, पूंजीवादी ह्रास तथा समाजवादी अस्तित्व स्थापन का युग था।लेकिन हमारे भारत में पूंजीवाद का विकास काल था। मार्क्सवादी सिद्धांतों पर दृढ़ विश्वास रखने वाले कवि मुक्तिबोध भारत में भी समाजवादी समाज की स्थापना के अभिलाषी थे। यही अभिलाषा उनकी कविताओं का प्राण तत्व है। "भविष्य धारा" शीर्षक लंबी कविता में कवि ने फैंटेसी के सहारे पूंजीवादी व्यवस्था के अत्याचारों का पर्दाफाश किया है। इस कविता में एक वैज्ञानिक है जो पूंजीवादी व्यवस्था के उन्मूलन के लिए समीकरण का जो सूत्र आविष्कर करता है। जिन्हें पूंजीपति वर्ग चुराकर जला देता है। इतिहास की विरासत का गहरा ज्ञान रखने वाले कवि का पूरा विश्वास है समीकरण का सूत्र पुनः आविष्कृत होगा और पूंजीवाद का नाश होकर रहेगा क्योंकि अतीत में कुकर्मियों का सर्वनाश हुआ है। कवि आगे कहते हैं-

**"तुम्हारा अंतिम दिन आ रोक आ रहा/दृष्ट भाव का सर्प हृदय से कण्ठ**
**कंण्ठ से आगे मस्तिष्क कौंश में घर बना रहा**
**तुम्हें मृत्यु का अक्षर सफेद दिख रहे क्षितिज पर स्पष्ट/व बड़े - बड़े।।"[1]**

मुक्तिबोध की सार्थकता इसमें है कि उनकी कविताएं तत्कालीन समाज और समसामयिक दुनिया की समस्याओं का जीवंत साक्ष्य है। समसामयिक सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक चित्रण के सहारे व्यवस्था के प्रभाव से हमारे सांस्कृतिक स्तर पर हुए विघटन पर विचार करते हैं। "सूरज के वंशधर" कविता में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद के जनसाधारण की दुर्दशा का चित्रण है-

**"सूखी हुई जांघों की लंबी-लंबी अस्थियां/हिलाता हुआ चलता है**
**लंगोटीधारी यह दुबला मेरा हिंदुस्तान/रास्ते पर बिखरे हुए**
**चावल के दानों को बीनता है लपककर/मेरा सांवला इकहरा हिंदुस्तान**
**सटर-पटर सामान को धरे हुए शीर्ष पर/रोते हुए बच्चों को कंधे पर बिठाए हुए**
**जिंदगी ढोता है बहादुर हिंदुस्तान।"[2]**

यह स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद के भारतीय समाज की वास्तविक तस्वीर है। इसमें गरीबी के कारण अस्थि - पंजर हो रहे भारतीय जन साधारण तथा आर्थिक अभाव के कारण भोजन की तलाश में भटकते रहने वाले हिंदुस्तानी निम्नवर्गों का जीवंत चित्रण है कष्टदायक जीवन बिताने वाले भारतीय जनसाधारण तथा इन अभावों के बीच व्यवस्था की अमानवीयता के कारण बड़े बड़े दुखों को झेलने के लिए अभिशप्त हिंदुस्तानियों की यह स्थिति आज ज्यादा प्रासंगिक है। मुक्तिबोध सही अर्थ में राजनीतिक कवि है ।उन्होंने राजनीति को विषय बनाकर कई कविताएं लिखी हैं। "इस नगरी में" कविता राजनीतिक विघटन का सही दस्तावेज है। इसमें पूंजीवादी व्यवस्था के प्रभाव से मनुष्य में हुए बदलाव

को हम देख पाते हैं। आजादी की लड़ाई के दौरान भारत के राजनीतिक नेतागण जनता के साथ थे। जनता के हितों को वे प्रतिनिधित्व भी करते थे। जनता उन पर गहरा विश्वास करते थे ।लेकिन स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद वे जनता से हटकर अपने ही स्वार्थों में लिप्त रहे हैं। कवि ने राजनीतिक नेताओं को 'खद्दर वर्दी पहने जनरल डायर' कहा है।इन नेताओं का सबसे बड़ा हथियार है गांधीवाद। वे गांधीजी जैसे आदर्श नेताओं का अनुकरण बाह्याचारों तक सीमित करते हैं।

**"इस नगरी में प्रहरी पहनते हैं धुएं के लंबे चौगे**
**साजिश के कुहरे में डूबी ब्रह्मराक्षसों की छायाएं**
**गांधीजी की चप्पल पहने घूम रही है ।"[3]**

मुक्तिबोध की राजनीति देशी सीमा का अतिक्रमण कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी गुज़रती है। यहां उनका ध्यान अमेरिकी या ब्रिटेन के पूंजीवाद के खिलाफ संघर्ष पर है। साम्राज्यवाद यहां उनके प्रहार का मुख्य लक्ष्य है। "उलट-पुलट शब्द" शीर्षक कविता में कवि अंतरराष्ट्रीय राजनीति पर अपना विचार फैंटसी के सहारे व्यक्त करते हैं। इसमें उन्होंने पूंजीवादी कारखाने में माल का उत्पादन करने वाले मजदूरों का चित्रण किया है। इस कविता में एक कवि मौजूद है जो माल बनने से इनकार करता है और कारखाने से पलायन करता है। भागता हुआ वह सड़क पर खड़ी कैल्टेक्स कंपनी की विकराल पेट्रोल टंकी में उसके मैनहोल से कूद पड़ता है। अथाह अंधेरे को पार करता हुआ वह न्यूयॉर्क और वाशिंगटन पहुंचता है और वहां उनकी मुलाकात अमेरिकी कवि से होती है। अमेरिकी कवि भारतीय कवि को कविता सुनाते हैं। कविता का विषय दुनिया के हर गांव- नगर के जनसाधारण से और आफ्रिकी मुक्तिसंग्राम से भी जुड़ा था कविता का अंत इस प्रकार है

**"अमेरिकी जनता का प्रतिनिधि/मुझे मिला मेरा दिल सच्चा हुआ"[4]**

इस फेंटेसी के सहारे कवि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पूंजीपतियों द्वारा हुए सामाजिक राजनीतिक विघटन की ओर इशारा करते हैं। मध्यवर्गीय बुद्धिजीवी हमेशा के लिए मुक्तिबोध की चिंता का विषय है। वे मध्यवर्गीय बुद्धिजीवियों की तटस्थता एवं पलायनवादिता को समाज पतन का मुख्य कारण मानते हैं। मुक्तिबोध की राय में सर्वहारा वर्ग जो स्वभावत: अज्ञानी है लेकिन मध्यवर्गीय बुद्धिजीवी ऐसा नहीं है। पूंजीवादी साजिशों को सही ढंग से समझने की क्षमता उनमें है। वास्तव में सर्वहारा को पूंजीवादी साजिशों का वास्तविक रूप समझाकर उनमें एकता स्थापित कर शोषक व्यवस्था का हनन करने का दायित्व इन बुद्धिजीवियों पर निहित है। लेकिन बुद्धिजीवियों की स्वार्थता उन्हें कायर तथा अकर्मण्य और अप्रतिबद्ध बनाती है । मुक्तिबोध बुद्धिजीवियों पर विक्षुब्ध होकर उन्हें उल्लू का पट्ठा,मध्यवर्गीय बुद्धि शील अवसरवादी केंकड़ा आदि बुलाते हैं। मुक्तिबोध ने मध्यवर्गीय बुद्धिजीवियों को विषय बनाकर कई कविताएं सृजित की हैं।

**"तुम्हें कुछ/अच्छाई शेष थी/इसलिए घबरा गए/पकड़ न सके बस**

मध्यवर्गीय बुद्धिजीवी इस व्यवस्था में राजनीति, साहित्य, कला जैसे संस्कृति के क्षेत्रों में मान्यता प्राप्त करने के लिए पूंजीपतियों के शोषण के सिद्ध हस्त स्वामियों के सामने उन्हें रिझाने के लिए सर्कस के जोकर के सामान नाचते कूदते हैं। यह वर्ग सभ्यता का ढोंग करता हुआ मान्यता को त्याग देता है और वह अनुचित निर्धारित मूल्यों, अस्वभाविक, अनैतिक शक्तियों को अपने गहरे न्यस्त स्वार्थों के कारण महिमामंडित करता है-

**"केवल अहलकार का काम करती हुई/अच्छे कई व्यक्तियों की शक्तियां**
**गहरे न्यस्त स्वार्थों से अनुशासित होती है"।[5]**

लेकिन कवि का पूरा विश्वास है कि तमाम बुद्धिजीवी वर्ग पूंजीपतियों के गुलाम बनकर मर नहीं गया है, उनमें से कुछ की आत्मा अभी जीवित है। कवि उन बुद्धिजीवियों को संबोधित कर उनसे जानना चाहता है कि जिस मध्यवर्ग ने पूंजीवाद के पहले दौर में सामंतवाद और उपनिवेशवाद के विरुद्ध संघर्ष कर इतिहास में महान भूमिका निभाई थी। वह आज अपने अनुभवजनित सत्यों को अपने से अलग क्यों रखता है और जनता से दूर क्यों हो गया है-

**"लोगो, एक ज़माने में जो मेरे ही थे,/बहुत स्वप्न दृष्टा थे,**
**कवि थे, चिंतक और क्रांतिकारी थे/क्या हो गया तुम्हें अब।"[6]**

कवि स्वयं उत्तर देते हैं कि बुद्धिजीवियों की आत्मा आज लोभ, लाभ,यश अहंकार द्वारा पूंजीवादी चोर संस्था में बदल दिया है। उन्होंने यहां उक्त बुद्धिजीवियों के अवसरवाद और आत्महनन का बहुत ही सशक्त वर्णन किया है। बुद्धिजीवी, जीवन की श्यामल खानों से निकाले गए मणि रत्नों को जमीन में दबा देते हैं, इस शोषण ग्रस्त समाज की करुणा से जब आत्मजसत्य का गर्भ धारण करती है तो अवैध समझकर एक मूंछ वाली डाक्टरनी से सत्य के भ्रूण को नष्ट करा देते हैं। इस व्यवस्था में न्याय पर आधिष्ठित एक सुनिश्चित नैतिक नियम न होने के कारण हर मनुष्य अपना अपना हिस्सा सीधा करने के प्रयास में है-

**हर आदमी उचककर चढ जाना चाहता है/धक्का देते हुए बढ़ जाना चाहता हैहर एक को अपनी-अपनी पड़ी हुई है।/चढने की सीढ़ियां सिर पर चढ़ी हुई है।[7]**

उन्नति के स्तर तक पहुंचने के लिए कई सीढ़ियां हैं।इन तमभारित सीढ़ियो पर बड़ी भीड़ के कारण बडी ठेल- मठेल है। इस प्रतियोगिता में सभी समय अवसर वंचित जनसाधारण की ओर कवि का इशारा है।

**और वह छूट गयी पीछे रह गये तुम"।।-(भूरी भूरी खाक धूल)[8]**

"सूखे कठोर नन्हे पहाड़ " शीर्षक कविता में उन्होंने श्रमिक वर्ग के नेता से अनुरोध किया है कि पूंजीवादी व्यवस्था का प्रतीक सूखे कठोर के पहाड़ को अपने बाहुबल से उठाकर विकास के समुद्र में फेंक दें। समुद्र तट पर जाने का मार्ग तिलस्मी है और वह मार्ग पूंजीवादी व्यवस्था का संचालक तांत्रिकों की कूटनीति की जालो से संचालित है जो उन तांत्रिकों की कूटनीति के जालों में फंसा है। वे अपने मानवीय रूप खोकर गुलाम बन गए हैं इसलिए वै आगे कहते हैं-

**"हे तांत्रिक के ये सौ गुलाम/तू कर न मित्र ,इनके सलाम या राम -राम**
**सुमधुर व्यक्तित्व की चतुर हास/भावुक छल का कौशल -विलास**
**लेकर वे तेरे साथ साथ/चलकर छलने से हेतु मात्र/उत्सुक है करने बातचीत।"[9]**

बिना संहार के सर्जन असंभव मानने वाले साहित्यकार मुक्तिबोध का पूरा विश्वास है कि संघटन और क्रांति व्यवस्था के उन्मूलन के लिए अनिवार्य है अपनी कविताओं में वह मामूली आदमी के संघर्षमय जीवन का अंत करने के लिए संघटन और क्रांति का सहारा लेते हुए दिखाई पड़ता है "सूरज के वंशधर"कविता में फैंटेसी के सहारे क्रांति की अभिव्यक्ति है-

**हवा में लहराती सुनहली ज्वाला एक/रेंगती सी मेरे पास**
**धीरे-धीरे आती हुई/आसमान छूती हुई व धरती पर चलती हुई**
**बिखराकर नीले नीले स्फूलिंग समूह/वह बनती है अकस्मात**
**विराट मनुष्य रूप/कि जिसे क्रांति कहते हैं/कि कहते हैं जन क्रांति।[10]**

यह क्रांति के माननीय प्रयत्नों के इतिहास की अभिव्यक्ति है। हवा में लहराते सुनहली ज्वाला क्रांति की भावना है। वही भावना कवि के मन को प्रभावित करती है। फिर वह ज्वाला आसमान से पृथ्वी तक फैलाती है वही बिखराखर नीले नीले स्फुलिंग समूह बन जाते हैं अर्थात दुनिया भर के संघर्षरत जन क्रांति भावना से प्रभावित होकर संघटित करते हैं वह क्रांति हो जाती है जिसे जनक्रांति कहते हैं। 'भूरी भूरी खाक धूल' कविता जिसके आधार पर संकलन का नामकरण हुआ है आज की व्यवस्था के अत्याचारों से दूषित जगत की उन स्थितियों के बीच भी कवि का मन इंतजार से भरित है । व्यवस्था की गलतियों से दूषित जगत में भी कवि के मन में एक स्वप्न है सब ठीक हो जाएगा। डॉ शशि शर्मा के शब्दों मे मुक्तिबोध "सामाजिक अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाते हुए सबसे पहले उसकी साजिशों का खुलासा करते हैं और फिर भविष्य के स्वप्न सजाते हैं। टूटी हुई ताकत को पुनः प्राप्त कर लेने का संकल्प इन कविताओं का भावे इतिहास है।"[11] पूंजीवादी व्यवस्था की अमानवीयता तथा इस अमानवीय व्यवस्था में पिस्ता हुआ मनुष्य उनकी कविता के केंद्र में है। व्यवस्था के विघटन का चित्रण उनकी कविता को अधिक जीवंत बनाती है। मनुष्य की पीड़ा भरी जिंदगी को उसकी वास्तविकता में पेश करके मानवतावादी साहित्यकार का कर्तव्य भी उन्होंने पूरा किया। अपनी प्रासंगिकता के कारण यह कविता समकालीनता की बुनियाद पर खड़ी नवीन पीढ़ी को दिशा निर्देश करने में भी ये कविताएं सक्षम हैं।

*****

**संदर्भ**


1. भूरी भूरी खाक धूल-मुक्तिबोध-पृ.56
2.वही पृ.172
3वही -पृ-146
4.वही- पृ-105
5.वही-पृ -182
6.वही-पृ -58
7वही-पृ.-88
8.वही-पृ -20
9.वही-पृ- 222
10.वही-पृ -175
11. समकालीन हिंदी कविता अज्ञेय और मुक्तिबोध के संदर्भ में-डां शशि पृष्ठ-243

# मंजूर एहतेशाम के कथा साहित्य मे अभिव्यक्त संघर्ष और संवेदना के रूप

**जरीना.ज.ईटी**
पीएच-डी. (शोधार्थी)
उच्च शिक्षा और शोध संस्थान
दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा
कर्नाटक शाखा, धारवाड-580001
मों.8861785516

**भूमिका:** मंजूर एहतेशाम स्वतंत्र्योत्तर हिंदी साहित्य के सुप्रसिद्ध कथाकार है। वह एक ऐसे समर्पित कथाकार है, जिनके व्यक्तित्व में मानवतावाद की झलक दिखाई देती है। इनका जन्म 3 अप्रैल, सन् 1948 ई, भोपाल में मध्यमवर्गीय मुस्लिम परिवार में हुआ था। इनका साहित्य के प्रति रुझान बचपन से ही था, बारह वर्ष की उम्र से ही कविताएँ लिखना शुरू कर दिया। कथाकार मंजूर एहतेशाम ने अनेक उपन्यास और कहानियों के साथ नाटक साहित्य भी लिखे हैं। उपन्यासों में, 'सूखा बरगद', 'बशारत मंजिल', 'मदरसा', 'दास्तान ए लापता' आदि उपन्यास प्रमुख है। कहानियों में, 'तमाशा' तथा अन्य कहानियाँ और तस्बीह प्रमुख है। नाटकों में इन्होंने सह लेखक सत्यन कुमार के साथ मिलकर रचना की है जैसे- 'गौतम' और 'एक था बादशाहा' प्रसिद्ध नाटक है। मंजूर एहतेशाम मध्यमवर्गीय भारतीय समाज के द्वंद्वात्मक यथार्थ के अद्भुत शिल्प में अभिव्यक्त करने वाले साहित्यकार है, वैसे तो साहित्य समाज का प्रतिबिंब होता है और व्यक्ति की अनुभूति की अभिव्यक्ति का साधन साहित्य होता है। मानवीय संवेदनाओं के साथ सामाजिक चिंतन तथा चित्रण की एक श्रेष्ठात्मक अभिव्यक्ति, मानी जाती है। हिंदी साहित्य की विधाओं में उपन्यास और कहानी एक ऐसी विधा है, जिसके जरिए से समाज के समस्त दर्शन होते हैं। स्पष्ट है कि प्रेमचंद के समय से ही मुस्लिम समाज का वास्तविक रूप हिंदी उपन्यास, कहानी का भाग बनता रहा है, लेकिन यह सच है कि मुस्लिम समाज के संघर्ष, विचलन, निराकरण को जितने विश्वसनीयता से हिंदी के मुस्लिम साहित्यकारों की रचनाओं में प्रफुल्लित हुआ है उतने प्रमाणिक रूप से गैर-मुस्लिम साहित्यकारों के रचना संसार में विरल है। मंजूर एहतेशाम के 'सूखा बरगद' उपन्यास में मध्यम वर्गीय मुस्लिम समाज के सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक संघर्ष का सजीव चित्रण हुआ है। कहानी संग्रह 'तमाशा तथा अन्यकहानियाँ' में संवेदना के रूपों को रेखांकित किया है।

**सूची शब्द: मध्यम वर्ग, परिवार संघर्ष, मानवीयता, समझौता, नई परिभाषा, मूल्य।**

भारतीय इतिहास में आपस में झगड़ा लगाने वाली एक विचारधारा है,जो मानव -मानव में भेद कराती है , राजनीति करने के लिए ,लोगों में भय पैदा करने वाले लोग आतंकवादियों से खतरनाक है, जो समतामूलक विचारधारा को समाप्त करने के लिए अलग-अलग हथकंडे अपना रहे हैं l उसका नाम है-कट्टर मनुवादी विषम विचारधारा। इसे समाप्त करने के लिए अम्बेडकरवादी विचार ही विकल्प है। अम्बेडकरवाद की अवधारणा को विश्लेषित करते हुए प्रो.दामोदर मोरे मोरे ने लिखा है –''मानवी जीवन को सुंदर करने वाली संवेदना ही अम्बेडकरवाद है l जागृति की ज्वाला जलाये रखनेवाली संवेदना ही अम्बेडकरवाद है l संघर्ष और शोषण के खिलाफ संगठित होकर उठाई हुई बुलंद आवाज अम्बेडकरवाद है l भारतीयों की दीनता ,दुख,दासता और दरिद्रता की गुणकारी दवा है l बुद्ध के चेहरे का स्मित दिन दुखियों के चेहरे खिलाना अम्बेडकरवाद है l एक दूसरे के अस्तित्व और अस्मिता का रक्षण एवं सम्मान करने का सदभाव ही अम्बेडकरवाद है l अम्बेडकरवाद एक जीवन दृष्टि है l''[1] इससे प्रतीत होता है कि अम्बेडकरवाद एक दूसरे का सम्मान करता है l मनुष्यों में वैचारिक मतभेद हो सकते हैं लेकिन मनभेद नहीं होना चाहिए l अगर मनभेद होता है तो अगला रास्ता नफरत का होता है l नफरत से मनुष्य जीवन जी नहीं सकते बल्कि हमें सरल ,सकारात्मक जीवन जीकर मानव –प्रेम की बात करनी चाहिए l अमानवीय को मानवीय बनाना चाहिए l अतार्किक को तार्किकता से उत्तर देना चाहिए l बुद्ध ,आंबेडकर के विचार प्रज्ञा,शील और करुणा से ओतप्रोत है l सत्य के पक्षधर बनकर हमें हमारा जीवन यापन करना है l 'सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं' , इस विचार को हमें अमल में लाना चाहिए l 'ईंट का जवाब पत्थर से देना'इस मानसिकता का 'मुंबई कांड' कहानी में विरोध करते हुए इसका जवाब प्रेम, स्नेह ,आत्मीयता और वैचारिक के माध्यम से देना चाहिए l प्रस्तुत कहानी का नायक सुमेर मुंबई की घटना से तनाव में ही दफ्तर पहुँच चुका था l जिस समय मायावती उत्तरप्रदेश की मुख्यमंत्री थी उस समय शहरों के नाम विश्वविद्यालय के नाम धडाधड बदले जा रहे थे और सरकारी दफ्तर में इससे परेशान गुप्ता नामक सहकर्मी, कहानी का नायक सुमेर का वर्णन करते हुए लेखक ओमप्रकाश वाल्मीकि लिखते हैं-''पूरा दिन तनाव में ही बीता था l आजकल दफ्तरों में राजनीतिक चर्चाएँ कुछ ज्यादा ही होने लगी हैं l वह अक्सर इन चर्चाओं से दूर रहता है फिर भी लोग घसीट ही लेते हैं l आज भी गुप्ता ने उसे नाम लेकर कहा था, ''क्यों सुमेर ,आजकल तो धड़ाधड शहरों के नाम बदले जा रहे हैं l अपने शहर का नाम कब बदलवा रहे हो ?''[2] इससे प्रतीत होता है कि एक आरक्षित वर्ग की जगह पर सुमेर नौकरी कर रहा था l उसका सहकर्मी राजनीतिक बात करके सुमेर को छेड़ने की कोशिश कर उसे उकसाने लगता है l क्योंकि उस समय मायावती सुमेर की बिरादरी से आती थी वह मुख्यमंत्री थी l दफ्तर में राजनीतिक चर्चाएँ करना उस समय और आज भी आम बात है लेकिन हमेशा से ही सवर्ण जाति के कर्मचारी के द्वारा निचली जाति के कर्मचारी का मानसिक शोषण किया जाता है l ऐसा ही मानसिक शोषण सुमेर का गुप्ता द्वारा किया जा रहा है ,ऐसा प्रतीत होता है l मायावती की सत्ता के दौरान शहरों के नाम रफ़्तार के साथ बदले जा रहे थे , इसका कारण यह है कि मायावती अम्बेडकरी आंदोलन के कारण मुख्यमंत्री बन चुकी थी, जो मान्यवर कांशीराम के नेतृत्व में किया जा रहा था l मान्यवर कांशीराम महाराष्ट्र की दलित पैंथर और रिपब्लिकन आंदोलन से प्रेरणा लेकर यह आंदोलन उत्तरप्रदेश लेकर गए l बहुजन समाज पार्टी का निर्माण जब हुआ था तब महाराष्ट्र में मराठवाडा विश्वविद्यालय,औरंगाबाद का नाम बदलकर बाबासाहब डॉ .भिमराव अम्बेडकर जी का नाम देने के लिए 16 वर्ष निरंतर संघर्ष दलित पैंथर और रिपब्लिकन पार्टी जैसे अनेक आंबेडकरवादी संगठन आन्दोलन चलाते रहे l जिसमें अनेक भिमसैनिक शहीद हो गए l बाबासाहब के नाम के लिए जी जान लगाकर आन्दोलन कर रहे थे l इससे प्रेरणा लेकर मान्यवर कांशीराम जी यह भलीभांति जान चुके थे कि संसदीय प्रजातंत्र में संसद और विधानसभा में हमारा बहुमत अगर होगा तो हम आसानी के साथ विश्वविद्यालय हो ,शहर हो उसका नाम बदल सकते हैं l उन्होंने जो कहा था वह काम मायावती को मुख्यमंत्री बनाने के बाद प्रत्यक्ष रूप में होने लगा l राजनीतिक सत्ता की चाबी ऐसी चाबी है जो एक समय अनेक दरवाजे हम खुलवा सकते हैं। उन्होंने सामाजिक परिवर्तन के साथ राजनीतिक परिवर्तन उत्तरप्रदेश में करके दिखाया l इससे सवर्ण जातिवादी कट्टर लोगों का नाराज , आहत होना स्वाभाविक था l क्योंकि समानता उन लोगों को मान्य नहीं थी , जो गुप्ता उनका प्रतिनिधि है l हर गाँव, हर दफ्तर में गुप्ता जैसी विचारधारा पालने वाले अनेक लोग दिखाई देते हैं l

भारत में चली आ रही गुलामी की दासता का प्रतीक के रूप में गुप्ता नामक पात्र विद्यमान है ।सुमेर गुप्ता को कहता है कि उकसाओ मत तब गुप्ता चुप्पी साधता है और दफ्तर में ख़ामोशी छा जाती है । उस समय के चित्र का वर्णन करते हुए लेखक वाल्मीकि लिखते हैं –'' रात के समाचारों ने उसे और ज्यादा क्षुब्ध कर दिया था । वह आक्रोश से भर उठा था । समाचारों में पुलिस फायरिंग में मारे गए लोगों की लाशें देखकर वह हतप्रभ रह गया था । उसने अपनी साँसे घुटती हुई –सी महसूस की थी । गोलियों के जख्म उसने अपने जिस्म पर महसूस किए थे ।''3 इससे ज्ञात होता है कि सुमेर की स्थिति कितनी दयनीय और असहाय हो गई है । उसका मन आक्रोश से भर गया था । समाचारों से ज्ञात हुआ कि पुलिस फायरिंग में मारे गए लोगों की लाशें देखकर वह अंदर से पूरी तरह से टूट गया था । अंदर से उसे बहुत बुरा लगा । जो गोलियाँ लोगों को लगी थीं वह गोलियाँ स्वयं सुमेर को ही लगी है ऐसा लगने लगा । दलित साहित्य की मूल संवेदना सहानुभूति न होकर स्वानुभूति है । इसमें व्यक्ति की जगह समाज को केंद्र में रखा जाता है । कोई भी अन्याय ,जुल्म यह व्यक्तिगत न होकर सामाजिक होता है । केवल यह सुमेर का दुःख नहीं है । जो – जो आंबेडकरवादी इस घटना को देख रहा है ,सुन रहा है ,पढ़ रहा है ,इस घटना से काफी दुखी होकर विद्रोह करने के लिए उठ रहा है । उसका क्रोध काफी खतरनाक है । समग्र समाज की स्थिति का वर्णन प्रस्तुत कहानी में दिखाई देता है । प्रस्तुत घटना महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में 11 जुलाई,1997 में घटित हुई थी इसमें मुंबई के पुलिस अधिकारी मनोहर कदम के आदेश पर आक्रोश रैली पर फायरिंग किया गया । जिससे अनेक आंदोलक अनुयायियों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया था । बाबासाहब के विचारों से प्रेरणा लेकर आन्दोलन करने वाले आन्दोलकों पर पुलिस प्रशासन के द्वारा ऐसा करना काफी निंदनीय था ।कहानी का नायक सुमेर राममंदिर बनाने के लिए जो आन्दोलन चला था उसमें शामिल होकर अयोध्या जाना चाहता था लेकिन किसी नेता का भाषण सुनकर वह जा नहीं पाता है क्योंकि बाबरी मस्जिद गिराने की तारीख 6 दिसंबर ही क्यों चुनी थी कारण यह था कि उस दिन बाबासाहब डॉ .भिमराव अम्बेडकर जी का महापरिनिर्वाण हुआ था जो समग्र अम्बेडकरी अनुयायियों के लिए समग्र शोषितों के लिए यह विश्वास और प्रेरणा का दिवस था । इस दिन को चुनना विषम समाज के ठेकेदारों का षड्यंत्र था । लेकिन किसी एक नेता का भाषण सुनकर सुमेर इसमें हिस्सा नहीं लेता । अब अम्बेडकर की मूर्ति की अवमानना और तत्पश्चात आक्रोशित जनता पर फायरिंग करने के बाद उसके समझ में सारी बाते आने लगी । गुप्ता उसका सहकर्मी सुमेर को हमेशा नीचे दिखाने की कोशिश करता था । इसमें भी बुद्ध और आंबेडकर के विचारों के कारण सुमेर में परिवर्तन दिखाई देता है ,उसको गुलामी का एहसास होता है ।

मुंबई कांड की घटना से उसके मन में अनेक सवाल खड़े होने लगे । प्रस्तुत घटना का विरोध दिल से करने की वह सोच रहा था । इसकी जद्दोजहद का वर्णन करते हुए लेखक वाल्मीकि लिखते हैं –''लेकिन समस्या थी ,विरोध किस प्रकार किया जाए । कई विचार मन में आ रहे थे । कलेक्टर के कार्यालय में जाकर विरोध दर्ज करे ,लेकिन वहाँ पहुंचना ही एक मुश्किल काम था । एक विचार यह भी आया कि बड़े –बड़े अख़बारों में अपना वक्तव्य दे । लेकिन अखबारों का रवैया उसने पिछले कई मौकों पर अच्छी तरह देखा था । उसकी विश्वसनीयता संदिग्ध थी ।''4 प्रस्तुत उद्धरण से समझ में आता है कि सुमेर मुंबई में घटित घटना से काफी नाराज और अंदर से उसका मन असहज बन गया है । उसकी अस्मिता ,उसके आदर्श का इतना अपमान वह सहन नहीं करता है और अंदर से अपना संवैधानिक मार्ग से विरोध प्रकट करना चाहता है ।यहाँ की प्रशासन व्यवस्था को वह ज्ञापन सौंपना चाहता है लेकिन वहाँ पर पहुंचना कठिन काम था । मीडिया में जाकर अपनी बात वह करना चाहता है लेकिन उसकी विश्वसनीयता में यकीन नहीं था । उसमें काफी पक्षपातपूर्ण रवैया रहता है जो अतीत में घटित घटनाओं से काफी परेशान हो गया था । बाद में सुमेर के मन में यह भी आता है कि किसी सांसद या विधायक से मिलकर अपना विरोध करना चाहता था लेकिन वह भी नहीं कर पाता क्योंकि सांसद की व्यस्तता काफी थी । उसके इलाके का विधायक उस दल का था जिसकी मुंबई में सरकार चल रही थी उस समय मुंबई में जब यह घटना घटित हुई तब भारतीय जनता पार्टी और शिवसेना की सरकार चल रही थी । सन 1997 में यह घटना हुई थी । इसलिए उस विधायक के पास भी वह जा नहीं सका। आत्महत्या का विचार भी उसके मन में आया। अंत में किसी मूर्ति का अपमान करके बदला लेने का मन करता है। इसके बाद होनेवाले दुष्परिणामों पर भी विचार कर चुका था। मूर्ति को अपमानित करने की सोचता है सुबह होते ही जूतों की तलाश करता है । उस दिन वह दफ्तर भी नहीं जा पाता है । सुमेर जैसे घर से बाहर निकलता है वैसे ही उसको रास्ते में जयराम रवि जो हाल ही में नेता बना हुआ था उसको सुमेर पूछता है कि मुंबई की घटना पर आपकी प्रतिक्रिया क्या है बाबासाहब की मूर्ति का मुंबई में अपमान हुआ है । ,दलितों पर गोलियाँ चलाई गई ,लोग घायल हुए हैं ,कुछ न कुछ आपको विरोध करना चाहिए । अपने ही बिरादरी के नेता को जब सुमेर पूछता है तब उस नेता और सुमेर के बीच में जब संवाद हुआ तो उस संदर्भ में लेखक वाल्मीकि लिखते हैं –''सुमेरजी,मैं थोड़ा जल्दी में हूँ ...शाम को आकर बात करूँगा अभी मीटिंग में जाना है ।मुख्यमंत्री नगर में आ रही है । रैली करनी है । बस उसी के लिए जाना है ...''जयराम ने अपनी व्यस्तता दिखाई । वह उखड गया, ''जाओ रैलियाँ करो ...वे सब तुम्हारा इस्तेमाल कर रहे हैं । वक्त आने पर कीड़े –मकौड़े की तरह गोलियों से भून दिए जाओगे ।''5 प्रस्तुत संवाद से प्रतीत होता है कि सुमेर सामाजिक आन्दोलन की बात कर रहा है क्योंकि मुंबई में जो हादसा आंबेडकर अनुयायियों पर हुआ है उसका विरोध करने के लिए अपने ही समाज के नए –नए बने नेता जयराम रवि के पास केवल विरोध करने के लिए समय नहीं है क्योंकि मुख्यमंत्री की रैली की तैयारी करनी है । केवल यह एक दलित नेता का यह वक्तव्य नहीं है, समग्र अम्बेडकरी आन्दोलन से उपजे हुए नेता जब आन्दोलन से नेता बनते हैं और राजनीतिक स्वार्थ हेतु अपने आपको राजनीतिक दाँव पर लगाते हैं, उनको अपने समाज से ज्यादा अपने राजनीतिक सत्ता की चिंता सताती है । जयराम रवि की इस बात पर वह उखड जाता है और कहता है कि आप जाओ और रैलियाँ करो ,आप भी कीड़े मकौड़े की तरह गोलियों से भून दिए जाओगे । आप अगर अन्याय को सहन करोगे उसका प्रतिरोध नहीं करोगे तो तुम्हारी स्थिति भी एक दिन ऐसी ही बन जाएगी । आन्दोलन के साथ हमें रहकर उसका मुकाबला करना चाहिए । नहीं तो हम पर अन्याय करने वालों का जवाब नहीं देंगे तो उसका काफी मात्रा में नुकसान उठाना पड़ता है । दलितों के लिए राजनीतिक सत्ता से पहले सामाजिक सम्मान और सामाजिक आन्दोलन की जरुरत काफी अहमियत रखती है । नेता के रवैये से सुमेर अंदर से क्रोधित होता है और होनेवाले नुकसान से परेशान होता है । मुंबई जैसी घटना यहाँ पर भी हो सकती है इसकी चेतावनी वह देता है ।

बाबासाहब की मूर्ति का अपमान हुआ था ,उसका बदला लेने की वह सोच रहा था । जगह –जगह जूतों की तलाश करने लगता है । इलाहाबाद के उस शहर से सात जूते मिलते हैं । घर में उस जूतों को लेकर वह जाता है और माला बनाने के लिए रस्सी मिलने के बाद माला बनाने लगता है ,माला बनाते –बनाते इसका उपयोग किस मूर्ति के लिए किया जाए । उसक आक्रोश किस मूर्ति पर उतारें । शहर में चार मूर्तियाँ थी बाबासाहब ,गांधीजी ,नेहरुजी और पटेलजी की । माला बनाकर वह थैले में रखता है । मुंबई कांड की तस्वीरे उसके सामने आने लगी थी । उसको अपमान महसूस होने लगा । बाबासाहब का सारा आन्दोलन उसके सामने आने लगा । इस संदर्भ में एक उदहारण दृष्टव्य है –''उसे 'हरिजन' शब्द पर होनेवाली बहस याद आने लगी । पुस्तकों में पढ़ी गोलमेज परिषद ,पूना पैक्ट ,अम्बेडकर का महाड आन्दोलन याद आने लगा । दफ्तर में गुप्ता का चेहरा उसकी स्मृति को झकझोर रहा था । उसे लगा गांधी की मूर्ति को ही अपना निशाना बनाएगा । इस विचार के आते ही वह उठ खड़ा हुआ । जल्दी से थैला उठाया और चुपके से अभियान पर निकल पड़ा ।''6 प्रस्तुत वर्णन से ज्ञात होता है कि हरिजन शब्द पर बाबासाहब से लेकर अब तक के आंबेडकरवादी विचारक ,चिन्तक की बहस सुमेर के सामने आने लगती है । बाबासाहब के द्वारा चलाए गए आन्दोलन से शोषित –पीड़ित ,वंचित ,मजलूम लोगों के हक़ –अधिकारों के लिए आवाज विभिन्न परिषद और आन्दोलन के माध्यम से लोगों को एकत्रित करने वाले बाबासाहब के विचार सुमेर के सामने आने लगे । जिससे उनका संघर्ष आँखों के सामने आने लगा । अन्याय करने वालों से अन्याय सहने वाला सबसे बड़ा गुनाहगार होता है । यह बात सुमेर के सामने आने लगती है । तो उसका मूल उद्देश्य बदले के भाव से वह गांधीजी की मूर्ति का अपमान करके बदला लेना तय करता है और अपने नियोजित अभियान पर चलता है । गांधीजी की मूर्ति को माला पहनाने के लिए सुमेर निकलता है । एक महात्मा जिन्हें राष्ट्रपिता नाम से नवाजा गया और अपने मरते दम तक अहिंसा का रास्ता पकड़ा उस महापुरुष को जूतों की माला पहनाने का मन करता है तब अंदर से घीन आती है

इसका वर्णन करते हुए कथाकार वाल्मीकि लिखते हैं ''उसे लगा जैसे मूर्ति का भोलापन और अधिक उभर आया है l उसे झटका सा लगा, 'अरे इस मूर्ति के गले में जूतों की माला'l उसे क्षण –भर को स्वयं पर ग्लानि होने लगी लेकिन यह अहसास ज्यादा देर तक टिक नहीं पाया l अपमान और प्रतिशोध की भावना ने जोर मारा lअखबारों की सुर्खियाँ और समाचारों में देखें रक्त-रंजित चेहरे सामने आने लगे l उसने मन कडा किया l घृणा से मूर्ति की ओर देखा l मूर्ति के चेहरे पर उसे उपेक्षा भाव दिखाई देने लगा l ''7 प्रस्तुत उद्धरण से प्रतीत होता है कि सुमेर बदले के भाव से महात्मा गांधीजी की मूर्ति को जूतों की माला पहनाने का तय करता है तब उसे उस मूर्ति की ओर देखने के बाद ध्यान में आता है कि मूर्ति का भोलापन उभरने से उसको अचानक लगता है कि इस महापुरुष की मूर्ति को जूतों की माला ? उसे क्षण भर के लिए ग्लानि आती है लेकिन यह भाव उसके मन में ज्यादा देर तक टिक नहीं पाता है l क्योंकि प्रतिशोध का भाव और अधिक तेज होता है ,अखबारों के समाचार ,दलित लोगों को जो जी –जान से मारकर उन पर अमानवीय अन्याय किया गया था l वह सारे चित्र सुमेर के सामने आने लगे l इससे ग्लानि का परिवर्तन घृणा में हो जाता है l

गांधीजी की मूर्ति के चेहरे का भाव उपेक्षा से भर जाता है l सुमेर गांधीजी की मूर्ति में से ऐनक और लाठी निकालने की सोचता है l लोग वहाँ से चले जाने के बाद वह माला पहनाने वाला था l एक –एक जूतों की माला लेकर वह उठ खड़ा हुआ l वह आगे बढ़ने के लिए एकदम तैयार था l उतने में उसके मन में विचार आता है कि यह रास्ता ठीक नहीं है l बदले का भाव मानव का नाश कर सकता है l नफरत को प्यार में बदलना मानवीयता का लक्षण है l इस संदर्भ में ओमप्रकाश वाल्मीकि लिखते हैं -''उसने जैसे ही कदम आगे बढाया ,उसके मस्तिष्क में एक विचार कौंधा l क्षण – भर के लिए उसे लगा जैसे विद्युत् तरंगे उसके जिस्म में तैर गई हैं l वह ठिठक गया, ''अरे !मैं यह क्या कर रहा हूँ l मुंबई में किसी ने मेरे विश्वास पर चोट की और मैं यहाँ किसी की आस्था पर चोट करने जा रहा हूँ l कुछ गांधी को 'बापू' कहते हैं और कुछ अम्बेडकर को 'बाबा' : वहाँ 'बाबा' कहनेवाले मारे गए ,यहाँ 'बापू' वाले मारे जा सकते हैं l 'बाबा' कहनेवाले पर भी गाज गिर सकती है l जो भी हो मारे तो निर्दोष ही जाएँगे l ''8 प्रस्तुत वर्णन से प्रतीत होता है कि किसी ने हमें छेड़ा या एक गाल पर थप्पड़ मारा तो हमें उन्हें विरोध नहीं करना चाहिए l सामनेवाला नफरत करता है तो उसके साथ प्रेम से पेश आना चाहिए l मुंबई में किसी समाजद्रोही व्यक्ति ने आपस में झगड़ा लगाने के लिए करोड़ों लोगों की अस्मिता बाबासाहब डॉ.भिमराव अम्बेडकर की मूर्ति पर जूतों की माला पहनाकर अपमान किया था, उसके विरोध में रैली निकाली गई थी l आन्दोलकों पर लाठीचार्ज किया गया जिसमें अनेक लोगों पर गोलियाँ बरसाई गई l इससे समग्र भारत खासतौर पर उत्तरप्रदेश में इसके काफी असर दिखाई दिए थे l सरकारी कार्यालय में काम करनेवाले एक अनुसूचित जाति के कर्मचारी के मन में इस घटना के प्रति क्रोध दिखाई देता है तथा इसका विरोध करने के लिए अलग-अलग तरीकों का इस्तेमाल करता है l बाद में महात्मा गांधीजी की मूर्ति का अपमान करना चाहता है l लेकिन इससे और दंगा भड़क जाएगा,यह उसकी समझ में आता है l मेरी आस्था और प्रेरणा पर किसी ने चोट की है, मैं दूसरे की प्रेरणा और आस्था पर क्यों चोट करूँ l यह रास्ता विनाश की ओर ले जानेवाला है l सुमेर के यह ध्यान में आता है कि हमें कट्टर साम्प्रदायिक शक्तियों की जड़ों को पानी नहीं डालना चाहिए , उस बीज को अंकुरित नहीं होने देना l मुंबई में जो घटना हुई वह मानव के लिए काफी खेदजनक है l रास्ता हमारा संवैधानिक मार्गों का होना चाहिए। आपस में समानता का भाव हमें रखना होगा l

**निष्कर्ष :-**

निष्कर्षतः कहा जाता है कि भारत भूमि में अनेक विचारों का निवास है। विश्व में भारत को बुद्ध के विचारों से जाना जाता है l सभी मनुष्य प्राणी समान है, यह भाव उनके विचारों में निहित है। भारत सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में स्थापित है। इस सबसे बड़े लोकतंत्र के देश का संविधान निर्माण करने वाले बाबासाहब डॉ .भिमराव अम्बेडकर के विचारो में स्वतंत्रता ,समानता ,भाईचारा और न्याय के साथ–साथ प्रबुद्ध ,तर्कनिष्ठ ,वैज्ञानिकता और समतामूलक समाज निर्माण का संगम दृष्टिगोचर होता है। प्रस्तुत कहानी में इन विचारों का प्रत्यक्ष रूप में प्रयोग दिखाई देता है। नायक सुमेर का मन मुंबई में घटित घटना से आक्रोशित हुआ है, बदले का भाव बदलाव में परिवर्तित होता है l भावुक होकर कोई भी निर्णय नहीं लेना चाहिए क्योंकि इससे काफी नुकसान उठाना पड़ता है विचार करके अगर कोई निर्णय हम लेते हैं तो उसके नतीजे भी सकारात्मक होते हैं ,जैसे कहानी का नायक सुमेर बाबासाहब और बुद्ध के विचारों से प्रेरित होकर संभावित धोखे से बचता है lअम्बेडकरवादी विचार में परिवर्तन, आत्मसमान के साथ – साथ दूसरे की अस्मिता और अस्तित्व का आदर करते हुए सदभाव की प्रतिष्ठापना करना है l लेखक ओमप्रकाश वाल्मीकि जी ने प्रस्तुत कहानी में सुमेर के माध्यम से बुद्ध और बाबासाहब के विचारों को स्थापित करते हुए नजर आते हैं , जो मन परिवर्तन का उत्कृष्ट उदाहरण है.

******

**संदर्भ :**


1.इक्कीसवीं सदी के हिंदी साहित्य में दलित विमर्श : प्रधान संपादक –डॉ रमेश कुमार (अम्बेडकरवादी साहित्य में विद्रोही संचेतना का सौन्दर्य –प्रो.दामोदर मोरे ), नटराज प्रकाशन ए -507/12, साउथ गामडी एक्स .दिल्ली -110053, पहला संस्करण :2018, पृष्ठ.सं -28

2.घुसपैठिये :ओमप्रकाश वाल्मीकि , राधाकृष्ण प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड जी-17,जगतपुरी ,दिल्ली -110032, पहला संस्करण :2003 , पृष्ठ संख्या -30

3. घुसपैठिये :ओमप्रकाश वाल्मीकि , राधाकृष्ण प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड जी-17,जगतपुरी ,दिल्ली -110032, पहला संस्करण :2003 , पृष्ठ संख्या -30

4. घुसपैठिये :ओमप्रकाश वाल्मीकि , राधाकृष्ण प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड जी-17,जगतपुरी ,दिल्ली -110032, पहला संस्करण :2003 , पृष्ठ संख्या -31

5. घुसपैठिये :ओमप्रकाश वाल्मीकि , राधाकृष्ण प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड जी-17,जगतपुरी ,दिल्ली -110032, पहला संस्करण :2003 , पृष्ठ संख्या -32

6. घुसपैठिये :ओमप्रकाश वाल्मीकि , राधाकृष्ण प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड जी-17,जगतपुरी ,दिल्ली -110032, पहला संस्करण :2003 , पृष्ठ संख्या -33

7. घुसपैठिये :ओमप्रकाश वाल्मीकि , राधाकृष्ण प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड जी-17,जगतपुरी ,दिल्ली -110032, पहला संस्करण :2003 , पृष्ठ संख्या -34

8. घुसपैठिये :ओमप्रकाश वाल्मीकि , राधाकृष्ण प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड जी-17,जगतपुरी ,दिल्ली -110032, पहला संस्करण :2003 , पृष्ठ संख्या -34 और 35

# 'उस चिड़िया का नाम' उपन्यास में अभिव्यक्त उत्तराखंड का दुर्गम जीवन



**अजय सिंह रावत**
शोधार्थी
हिंदी अध्ययन केंद्र
भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अध्ययन संस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय, गाँधीनगर, गुजरात
मो. 8076034790

**शोध-सार:-**
पंकज बिष्ट द्वारा रचित 'उस चिड़िया का नाम' मस्तिष्क को झकझोरने वाला उपन्यास है। उत्तराखंड के दुर्गम जीवन का वर्णन इस उपन्यास में बखूबी मिलता है। लेखक ने उपन्यास को 'पहले दिन' से लेकर 'बाईस दिनों' में बाँटा है| उपन्यास उत्तराखंड की ग्रामीण संस्कृति को समझने के लिए महत्वपूर्ण है। उपन्यास दर्शन का पुट लिए हुए हैं| रूढ़िवादिता और आधुनिकता का द्वंद उपन्यास में दिखलाई पड़ता है| मनुष्य के जीवन में मृत्यु अटल है किंतु उसके पास इस विषय पर सोचने का समय नहीं होता| यह उपन्यास जीवन-मृत्यु के सवालों की शिनाख्त करता है| गांव से जुड़े व्यक्ति का मन गांव की सुंदरता और विडंबना को समझता है| इसीलिए इस उपन्यास के मुख्य पात्र शहरी परिवेश से होते हुए भी द्वंद में फंसे दिखलाई पड़ते है| दोनों ही शहर में रहते हैं| पिता की मृत्यु हो जाने पर दोनों जब गांव आते हैं तो उन्हें अंचल में दुर्गम जीवन और नारी शोषण का गंभीर स्तर देखने को मिलता है.

**बीज शब्द**–उपन्यास, उत्तराखंड, उत्पीड़न, दुर्गम जीवन, पहाड़ी जीवन, समस्याएँ|

उपन्यास में दुर्गम नारी जीवन एवं उत्पीड़न 'उस चिड़िया का नाम' (प्रथम प्रकाशन 1989) पंकज बिष्ट का पहाड़ी जीवन के चित्रण का सफल प्रयास है| पहाड़ की स्त्रियों की दयनीय स्थिति, पुरुषों द्वारा उनके शोषण, उनकी करुण मृत्यु आदि प्रसंगों में लेखक की गहरी संवेदनशीलता स्पष्ट परिलक्षित होती है| लेखक ने उपन्यास में 'चिड़िया' का प्रतीकात्मक प्रयोग किया है, जो कथा को एक विशेष प्रकार की मार्मिकता प्रदान करती है|"[1] "उत्पीड़न किसी व्यक्ति या समुदाय के साथ किसी अन्य व्यक्ति या समुदाय द्वारा किया गया नियोजित व हानिकारक दुर्व्यवहार होता है| यह दुर्व्यवहार जाति, धर्म, नस्ल, लिंग, राजनीति या अन्य किसी आधार पर हो सकता है|"[2] 'उत्पीड़न को सामान्य बोलचाल की भाषा में जबरदस्ती, दबाव,अवपीड़न अथवा बल प्रयोग भी वह सकते हैं|"'उनका' उस चिड़िया का नाम' (1989) कुमाउनी समाज के मूल अन्तर्विरोध स्त्री की स्थिति और नियति को उठाता है| इसी प्रक्रिया में वह जड़ों की तलाश करता हुआ समूची परम्परा और इतिहास की गहरी और गंभीर पड़ताल करता है|... "[3]

"पर पार्वती उसे लगातार आकर्षित कर रही थी| हल्के साँवले रंग की यह लड़की काफी गठे बदन की थी| असल में पहाड़ के गाँवों में इस तरह की स्वस्थ औरतें कम ही देखने को मिलती हैं| संभवतः विवाहित न हो, उसने सोचा| विवाह के बाद औरतों को बच्चे और जमीन खा जाती है| मर्दों की भूमिका भी इसमें कम महत्त्वपूर्ण नहीं रहती| पार्वती के चेहरे पर एक जबर्दस्त आकर्षण था, कल के मौत के हंगामे और धक्के के बावजूद| असल में उसका स्वास्थ्य सिर्फ यौवन का परिणाम था| युवावस्था के बाद भी अगर किसी को स्वस्थ रहना है तो प्रयत्न करना पड़ता है-वह अपने आप से कह रही थी, पर वह जानती थी पहाड़ में ऐसा हो नहीं सकता| विशेषकर औरतों की जिंदगी का यहाँ उस तरह का कोई अर्थ ही नहीं था| वे बनी ही छिलपट्टों की तरह तेजी से जलने के लिए हैं|"[4]उत्तराखंड के अंचल इलाकों में कई लोक कथाएँ प्रचलित है जिनमें स्त्री के जीवन संघर्ष एवं प्रताड़ना के अंश मिलते हैं|

**मूलभूत सुविधाओं की कमी -**
मौसम की दृष्टि से उत्तराखंड के अंचल ठंडे होते है| गांवों में आज भी गरीबी, दरिद्रता है| कई लोगों के पास आज भी ठंड में पर्याप्त कपड़े नहीं है| इसका वर्णन उपन्यास में भी मिलता है-"लड़की सहमी खड़ी थी, जाड़े से बचने के लिए उलटे हाथ से अपनी साड़ी से चेहरे के निचले हिस्से को ढके, इससे उसकी बाईं आँख भी लगभग छिप गई थी| अब उसने नोट किया कि लड़की कैसिम्लोन का एक हल्का-सा स्वेटर पहने थी, जो इस ठंड में अपर्याप्त था|"[5] "देखते-देखते सुरेंद्र की लटें पत्थरों पर गिरने लगीं|हो सकता है कुछ ज्यादा समय लगा हो और एकाध जगह कटा भी हो, पर कुल मिलाकर पौडत जी ने चमत्कार ही कर दिया था| उस समय रमा तक को ध्यान नहीं आया कि ब्लेड के कटे से टैट्नस तक हो सकता है| अब तक एक अलग ही तरह के अफसोस ने उसे घेर लिया था| इस तरह की कमियाँ और छोटी-छोटी चीज के लिए असमर्थता वह पहली बार देख रही थी| समस्याएँ तो किसी तरह सुलझ ही जा रही थी, इस पर भी उसकी घबराहट और असुरक्षा कम नहीं हो पा रही थी|"[6]उत्तराखंड में छोटे साफ पानी के कई गधेरे(नाले) हैं| ये छोटी तथा बड़ी नदियों के जल सहायक है| पानी की कमी नहीं है किंतु व्यवस्था सुचारू न होने से पानी की किल्लत होती है|"न जाने कब ताई उसके साथ आ खड़ी हुई थी|"ये नल को क्या हो गया है ?" उसने पूछा|"कौन जाने हो| शायद वहाँ कुछ अटक गया लगता है|" ताई ने कहा|"ये पानी आता कहाँ से है ?" उसने नल की ओर इशारा किया|"उधर गधेरे से, ऊपर से लिया है| यहाँ से दो मील तो होगा|"नौले सूख गए हैं ?" रमा ने फिर पूछा| उसे जैसे पार्वती के कहने से यकीन नहीं हुआ था| पहले तो उसमें इतना पानी होता था कि गाँव की जरूरत हीं पूरी नहीं हो जाती थी, बल्कि बेकार बहता भी रहता था|"[7]

**चिकित्सा सुविधा की समस्या :-**
"यद्यपि इस सबकी उसे पूर्व जानकारी थी, फिर भी वह साइकिल से पाँच मील दूर जाकर एक-ऐक दुकान को छान आई थी| तब कहीं उसने लोगों को दौड़ाया था| एक आदमी रानीखेत और दूसरा रामनगर की ओर भेजा गया| जब तक वह पहुँचे होंगे, तब तक इधर को आनेवाली आखिरी बसें छूट चुकी होंगी| इतनी अकल किसी में है नहीं कि टैक्सी लेकर आ जाए| फिर यहाँ इतने रुपए भी होंगे, यह नहीं कहा जा सकता था| टैक्सी न जाने कितना माँगे| वैसे यही कौन-सी गारंटी थी कि रानीखेत या रामनगर में दवाएँ मिल ही जाएँ, उन्हें और आगे न जाना पड़े|"[8] "...मासी और चौखुटिया बाजारों में 'कैमिस्ट' थे ही नहीं| जो लोग डॉक्टरी के नाम पर धंधा कर रहे थे, वही असल में दवा भी बेचते थे| उनके पास कुछ एक पेटेंट दवाओं के अलावा अनजानी कंपनियों की असली-नकली न जाने कैसी-कैसी दवाएँ थीं|"[9]

**जीवन यापन की समस्या :-**"हरीश ने चिढ़कर कहा, "कल मुझसे भाभी कह रही थी, हमारा भी वहीं-कहीं इंतजाम कर दो| यहाँ बच्चों का भविष्य नहीं है|"पढ़े भी होते तो हाईस्कूल कर कहीं चपरासगिरी कर रहे होते या फिर तुम्हारे पा ही इतना पैसा होता कि चलो अपने बच्चों को नैनीताल-अल्मोड़ा पढ़ा पाते! आपकी अर्थव्यवस्था तो यह है कि आपको अपनी खेती में भी पैसा लगाना पड़ता है| दुनिया में शायद ही कोई और ऐसा धंधा हो, जैसी हमारी खेती है, जो कुछ देने की जगह लेने लगी है-श्रम भी और पूँजी भी| ऐसे में, अपने दिल पर हाथ रखकर सुरेंद्र दा, यह बतला कि तू क्या खुद यहाँ रहना चाहता है?"[10] "भवाली में उसकी एक सहेली थी | उनका एक घोड़ा था| उन दिनों सड़कें इतनी नहीं थीं| सहेली के पिता जी डाक्टरी जैसी कुछ करते थे| घोड़े की देखभाल और घासपात लाने के लिए उन्होंने एक नौकर रख रखा था| एक बार वह नौकर घास लेने गया और लौटा ही नहीं| जब तीन दिन तक वह नहीं लौटा तो मालिकों ने मान लिया कि नौकर कहीं भाग गया है| पर अचानक तीन दिन बाद कुछ घसियारों को एक गधेरे में एक आदमी कराहता हुआ मिला| देखा तो वही नौकर था| हुआ यह था कि वह एक चट्टान से फिसल गया था और सैकड़ों फिट लुढ़ककर नीचे गधेरे में जाकर रुका था। उसकी किस्मत अच्छी थी, जो किसी जंगली जानवर ने उसे खाया नहीं| वह सारा इलाका तब काफी घने जंगलों से घिरा हुआ था|जब वह लाया गया था तो रमा ने भी उसे देखा था| उसका चेहरा ही नहीं, बल्कि सारे कपड़े भी जसे खून से सने थे| वह मरणासन्न-सा कराह रहा था| रमा को तब लगा था, यह मर जाएगा, पर वह बच गया था|"[11]

**बुजुर्ग एवं दुर्गम जीवन की समस्या -**
"बुआ लगभग जवानी में ही अंधी हो गई थी| बहुत हुआ तो 40-45 की उम्र तत्काल लाया भी नहीं जा सका| फिर छोटे भाई की अचानक मौत के

में समझो| इधर चूँकि उसकी तबीयत बहुत खराब हो गई थी, इसलिए उसे समाचार ने उसे बावला ही कर दिया| रमा ने बुआ को पहले बचपन में देखा होगा, जब माँ के मरने पर वह गाँव लाई गई थी, कुछ महीनों के लिए | ताई ने उसे बताया था कि उन दिनों बुआ अक्सर ही दस मील की दूरी तय कर रमा से मिलने आ जाती थी, अपने छोटे-छोटे बच्चों को छोड़कर और शाम तक लौट जाया करती थी| ताई ने सामने की जब चढ़ाई, जो बुआ के गाँव के रास्ते में पड़ती थी, दिखलाई थी तो रमा अनुमान लगा पाई थी कि पहाड़ में दस मील का क्या अर्थ होता है| बुआ के प्रेम की ऊँचाई का भी वह प्रमाण थी| और आज अगर बुआ अपने भाई की मौत पर पाँच दिन बाद आई थी, तो सिर्फ इसलिए कि वह दूरी अभी भी पैदल ही तय करनी होती है| और अंधी होने के कारण बुआ को अंततः डाँडी में लाना पड़ा था, विकट ढलान में|"[12]

"अरे, तू तो बहुत ही बदमाश है रे हरीश !" बुआ ने प्यार से उसे थपथपाया, "बचपन में तो तू बहुत चुप रहता था!" फिर बोली, "वैसे बेटा, जो भी कह, शायद भगवान आँख बंद होने के बाद ही दिखलाई देते हैं| और बेटा, सच बात तो यह है कि मैंने भगवान देख लिए हैं| अब मेरी किसी भी भगवान को देखने की इच्छा नहीं है| गोबिंद के बाबू से बड़ा भगवान नहीं हो सकता, बेटा! वरना इस पहाड़ी जिंदगी में अंधी औरत को कौन रखता है|

उन्होंने मेरे साथ सारी उम्र निभाया| मुझे कभी महसूस नहीं हुआ कि मेरी आँखें नहीं हैं| जब तक वह रहे, एक दिन भी उन्होंने मुझे अकेले नहीं छोड़ा| उन्होंने असल में मेरे लिए सारी दुनिया छोड़ दी| यह भगवान करेगा ?" बुआ ने अपनी आँखें शून्य में चलाते हुए पूछा| हरीश को ही नहीं, रमा को भी लगा, बुआ फूफा जी को देख रही है|"[13] "बन्द समाज व्यवस्था के भीतर झाँकने और उसमें तोड़-फोड़ मचाने की सफल कोशिश है| उपन्यास का वैशिष्ट्य इसमें भी है कि इस कृति में पंकज बिष्ट ने पर्वतीय अंचल की अस्मिता के संघर्ष को भी अंकित किया है| बाहर के विकास से रहित और अपनी अस्मिता को खोते जा रहे समाजों के दर्द को अभिव्यक्त करता यह उपन्यास उपभोक्तावादी जहर को पहचानता है जिसके शिकार खुद दीवान सिंह बनते हैं और अपनी पारिवारिक दुनिया को उजाड़ बैठते हैं| उपन्यास में उठी कई समस्याएँ आज राष्ट्रीय बहस की भी माँग करती हैं जिसमें पर्यावरण, जल-संकट, पेड़ों की कटाई, पर्वतों का ध्वंश, लोगों के पलायन जैसी समस्याएँ प्रमुखता से उठी हैं|"[14]

**निष्कर्ष:** उत्तराखंड की संस्कृति एवं सामाजिक परिस्थिति को समझने के लिए यह उपन्यास महत्वपूर्ण है| इस उपन्यास में अंचल क्षेत्र का बखूबी वर्णन है| उपन्यास की विषयवस्तु राज्य की राजधानी देहरादन से दूर अंचल क्षेत्र है| वहां के जीवन यापन की दुर्गमता, शोषण, समस्याएँ उपन्यास में प्रमुख हैं| उपन्यास को सहज और सरल भाषा के माध्यम से गंभीर पाठकों तक पहुँचाने का प्रयास लेखक ने किया गया है| उपन्यास उत्तराखंड के दुर्गम जीवन और स्त्री शोषण को दिखाने में सक्षम है|

******

**संदर्भ :-**


1.राणा, मंजुला, 'दसवें दशक के हिंदी उपन्यासों में सांप्रदायिक सौहार्द', 'वाणी प्रकाशन', पृष्ठ संख्या28

2.अनुवाद scott rempell, defining persecution, Utah law review, vol. 2013, no.1, 2013

3.मधुरेश, हिंदी उपन्यास का विकास, लोकभारती प्रकाशन, 2009, पृष्ठ- 220|

4.बिष्ट, पंकज, 'उस चिड़िया का नाम', राजकमल पेपरबैक्स,दूसरा संस्करण,पृ47. -|48

5.बिष्ट, पंकज, 'उस चिड़िया का नाम', राजकमल पेपरबैक्स, दूसरा संस्करण, पृष्ठ- 11

6. बिष्ट, पंकज, 'उस चिड़िया का नाम', राजकमल पेपरबैक्स, दूसरा संस्करण, पृष्ठ- 36

7. बिष्ट, पंकज, 'उस चिड़िया का नाम', राजकमल पेपरबैक्स, दूसरा संस्करण, पृष्ठ- 48

8. बिष्ट, पंकज, 'उस चिड़िया का नाम', राजकमल पेपरबैक्स, दूसरा संस्करण, पृष्ठ- 14

9. बिष्ट, पंकज, 'उस चिड़िया का नाम', राजकमल पेपरबैक्स, दूसरा संस्करण, पृष्ठ- 14

10. बिष्ट, पंकज, 'उस चिड़िया का नाम', राजकमल पेपरबैक्स, दूसरा संस्करण, 2019, पृष्ठ- 114

11. बिष्ट, पंकज, 'उस चिड़िया का नाम', राजकमल पेपरबैक्स, दूसरा संस्करण, 2019, पृष्ठ- 76-77

12. बिष्ट, पंकज, 'उस चिड़िया का नाम', राजकमल पेपरबैक्स, दूसरा संस्करण, 2019, पृष्ठ- 124-125

13. बिष्ट, पंकज, 'उस चिड़िया का नाम', राजकमल पेपरबैक्स, दूसरा संस्करण, 2019, पृष्ठ-128-|129

14. जोशी, डॉ0 ज्योतिष, 'उपन्यास की समकालीनता', भारतीय ज्ञानपीठ, पहला संस्करण, 2007, पृष्ठ- 51


# कालजयी कवि नेपाली की कविता का निहितार्थ


**डॉ. विश्वजीत कुमार मिश्र**
सहा.प्राध्यापक, हिंदी विभाग,
राजीव गाँधी विश्वविद्यालय, ईटानगर (अ.प्र.)

**रौशन कुमार**
शोधार्थी, हिंदी-विभाग
राजीव गाँधी विश्वविद्यालय,
ईटानगर (अ.प्र.)



**शोध-सारांश**

जनता की आवाज बुलंद करना तथा जागरूकता लाना कवि का परम कर्तव्य होता है। कवि में जमीन-आसमान का परिवर्तन लाने की क्षमता होती है, इसीलिए कवि इतिहास के निर्माता होते हैं। नेपाली जी की कविता का भाव पक्ष बहुत ही उदार है, जिसमें अनेक रस और रंग का समावेश है। यही वजह है कि वे आग और राग के कवि कहे जाते हैं। उनके अनुसार कवि का जीवन एक जगत है। कवि की अनुभूति से जो भाव-लहर उठता है, उससे एक काव्य-संसार की रचना होती है। कविता के भीतर सबकुछ समाहित है। सभी ओर कविता है। नयन में पानी और अधर पर मुस्कान कविता है। हर ऋतु के मनोहर संगीत से कविता बनती है, जिससे कवि-हृदय का खजाना समृद्ध होता है। नेपाली जी ने कवि और कविता की विशेषताओं का अत्यंत ही विस्तृत रूप में चित्रण किया है, जो कि अद्वितीय एवं हदयस्पर्शी है। कवि हृदय की उदारता तथा कविता में निहित विषय की व्यापकता व महता कविता के द्वारा व्यक्त किया जाना यह किसी महान काव्य-प्रतिभा के वश की ही बात है।



**बीज-शब्द -** कालजयी, काव्य-संवेदना, जागरूकता, परिवर्तन, रससिक्तता, प्रेम का सजीव वर्णन, प्रकृति-चित्रण, राष्ट्र-धर्म, देश-प्रेम, प्रगतिशील-चेतना, नवीन-चेतना।


कवि काव्य-संसार का स्रष्टा होता है। जिस प्रकार ब्रह्मा इस संसार के परिवर्तनार्थ स्वेच्छा से आचरण करता है वैसे ही कवि भी अपनी रचना-संसार में। कवि की कल्पनाशीलता की कोई सीमा नहीं होती है वह अपने काव्य द्वारा समाज में महत्त्वपूर्ण परिवर्तन लाने में सक्षम होता है कवि को प्रजापति ब्रह्मा की उपमा भी दी गई है-

***अपारे काव्यसंसारे कविरेकः प्रजापतिः।***
***यथास्मै रोचते विश्वं तथा वै परिवर्तते ॥ अग्निपुराणम् ३३९.१०***

अर्थात् अपार-काव्य-संसार में कवि ही ब्रह्मा है। उसको जैसा रुचिकर लगता है, वह उसी प्रकार से साहित्य-संसार को परिवर्तित करता है। लेकिन कविकर्म एक बहुत बडा दायित्व है। हमारे कवियों ने अत्यंत तल्लीनता के साथ इस उत्तर दायित्व का निर्वहन किया है। केवल तल्लीनता ही नहीं रससिक्तता के साथ-साथ रसलीनता भी विद्यमान रही है। महाकवि सूरदास रसलीनता का उल्लेख करते हुए कहते हैं-

**'नीरस कवि न कहै रसरीति,**
**रसिक ही रस लीला पर प्रीति।।**
**(सूरसागर खण्ड-1, पृ. ६६७)**

इसी श्रृंखला में हिंदी साहित्य-भंडार में अपनी काव्य-कृतियों से श्रीवृद्धि करने वाले गोपाल सिंह नेपाली का आगमन होता है। नेपाली जी कालजयी कवि हैं। वे छायावादोत्तर काल के ऐसे नामचीन हस्ताक्षर के रूप में प्रतिष्ठित हैं, जिन्होंने अपनी काव्य-कृतियों में समसामयिक परिस्थिति व देश-काल को बखूबी पिरोने का सराहनीय कार्य किया। नेपाली की कविता आधुनिक काल की अप्रतिम उपलब्धि है। छायावादोत्तर काल में रचित कविता में आम-आदमी की भावना की सीधे-सीधे अभिव्यक्ति हुई है। इस अवधि की कविता की विषय-वस्तु सामाजिक सरोकार से सीधे संबद्ध है व सरल रूप में वर्णित भी है। छायावादोत्तर काल के कवियों ने अपनी कविता में स्व-भाव को पर-भाव से मिलाते हुए, सरल भाषा में सीधे व सपाट ढ़ंग से अपने हृदय की बात कही है। इन कवियों से मंचों की भी खूब शोभा बढ़ी। सिनेमा-जगत में इनकी रचनाओं का भव्य स्वागत हुआ। कवि की लोकप्रियता परवान चढ़ी। इस समय की कविता अधिक जनोन्मुख हुई तथा उसका व्यापक प्रसार हुआ। इस काल में एक ही रचना भाव के साथ कविता करने वाले अनेक कवि हुए, जैसे हरिवंश राय बच्चन, आरसी प्रसाद सिंह, भगवती चरण वर्मा, नरेंद्र शर्मा, रामधारी सिंह दिनकर, गोपाल सिंह नेपाली आदि। जिन्होंने एक विशेष युग के निर्माण में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। जिनकी कविताएँ हर जन-मन की अभिव्यक्ति बनकर खड़ी हुईं। जिन्हें लोग सुनना चाहते थे, आज भी उनकी कविताएँ लोग बड़ी चाव से पढ़ते हैं, और सदैव पढ़ते रहेंगे। कहना न होगा कि गोपाल सिंह नेपाली अपने युग के प्रखर कवि थे। वैसे नेपाली किसी वाद से बंधे नहीं, और न ही युगबोध का अतिक्रमण किया। उन्होंने वास्तविकता से कभी मुँह नहीं मोड़ा।

सिनेमा जगत में भी नेपाली का सराहनीय योगदान रहा है। मंचों से उन्हें बहुत ही सम्मान के साथ सुना गया। उन्होंने 'उमंग', 'पंछी', 'रागिनी', 'नीलिमा', 'पंचमी', नवीन, 'हिमालय ने पुकारा' आदि काव्य -संग्रह एवं सैकड़ों गीतों की रचना की। जिनकी कलम स्वाधीन है, जिन्हें लगता है कवि इतिहास के नवनिर्माता होते हैं, जो कवि की क्षमता, ओजस्विता एवं कर्तव्यबोध को समझने वाले हैं, कोई और नहीं, वे महान कवि गोपाल सिंह नेपाली हैं। उन्होंने अपने दायित्व का सदा निर्वहन किया है , वे कहते भी हैं –

**लिखता हूँ अपनी मर्जी से, बचता हूँ कैंची-दर्जी से|**
**आदत न रही कुछ लिखने की, निंदा-वंदन-खुदगर्जी से,**
**कोई छेड़े तो तन जाती है संगीन कलम मेरा धन स्वाधीन कलम।**[1]

गोपाल सिंह नेपाली के व्यक्तित्त्व की निर्मिति संघर्ष की बुनियाद पर हुई थी। वे एक अडिग कश्ती की तरह थे, जो विपरीत धारा में भी निरंतर बढ़ते रहे और स्वयं को परिमार्जित करते गए। वैसे सच्चे साहित्य-साधक किसी विशेष परिस्थिति आने की प्रतीक्षा नहीं करते, बल्कि उसे अवसर मानकर उस वक्त से प्राप्त अनुभव व अनुभूति से सर्जना करते हैं। वे बचपन से एक जगह नहीं रह पाये, इसकी वजह थी उनके पिता फौज में थे। नेपाली का बाल्यकाल सुखकर नहीं रहा। खास कर आर्थिक रूप से जीवन भर सघर्ष करते रहे। उन्हें अकादमिक शिक्षा बहुत ज्यादा प्राप्त नहीं हुई यानी बड़ी डिग्रीधारी नहीं बन सके। पर उन्होंने इतना तो साबित कर ही दिया कि प्रतिभा, अध्ययन एवं अभ्यास बड़ी से बड़ी डिग्री पर भारी पड़ते हैं। उनकी काव्य-कृतियाँ उच्च-श्रेणी की हैं। उनकी रचनात्मकता की कोई तुलना नहीं है। उनके द्वारा कविता के कथ्य का आधार भावना और ज्ञान दोनों को बनाया गया है। उन्होंने एक तरफ मानव मन में सीधे प्रवेश कर उसके मनःस्थिति को अभिव्यक्त किया है, दूसरी तरफ समकालीन परिवेश को बड़े ही स्पष्टता से प्रस्तुत किया है। भाषा-शैली भी सुस्पष्ट, प्रांजल, असाधारण एवं स्तरीय है। वे इतिहास यूँ ही नहीं बदलने की बात कहते हैं। नेपाली जी ने कवि के महत्त्व को शीर्ष पर पहुँचाने का कार्य किया है। वे कवि कर्म की महत्ता तथा दायित्व के प्रति सजग हैं। उन्हें न केवल कवि की कविता में उचित मर्म का ही फिक्र है, बल्कि उनके कर्म व निष्ठा का बोध भी है। न्याय, समता, समानता से युक्त राष्ट्र निर्माण की शक्ति है, जिसकी रक्षा में उनकी कलम तलवार बनकर तैनात है। वे इसे कवि का धर्म-कर्म समझते हैं। जनता की आवाज बुलंद करना तथा जागरूकता लाना कवि का परम कर्तव्य होता है। कवि में जमीन-आसमान का परिवर्तन लाने की क्षमता होती है, इसीलिए कवि इतिहास के निर्माता होते हैं। नेपाली जी की कविता का भाव पक्ष बहुत ही उदार है, जिसमें अनेक रस और रंग का समावेश है। यही वजह है कि वे आग और राग के कवि कहे जाते हैं। उनके अनुसार कवि का जीवन एक जगत है। कवि की अनुभूति से जो भाव-लहर उठता है, उससे एक काव्य-संसार की रचना होती है। कविता के भीतर सबकुछ समाहित है। सभी ओर कविता है। नयन में पानी और अधर पर मुस्कान कविता है। हर ऋतु के मनोहर संगीत से कविता बनती है, जिससे कवि-हृदय का खजाना समृद्ध होता है। नेपाली जी ने कवि और कविता की विशेषताओं का अत्यंत ही विस्तृत रूप में चित्रण किया है, जो कि अद्वितीय एवं हदयस्पर्शी है। कवि हृदय की उदारता तथा कविता में निहित विषय की व्यापकता व महता कविता के द्वारा व्यक्त किया जाना यह किसी महान काव्य-प्रतिभा के वश की ही बात है। गीतों के राजकुमार की संज्ञा से अभिहित गोपाल सिंह नेपाली की ये पंक्तियाँ द्रष्टव्य हैं -

**कवि ने जो कुछ जाना, कवि ने जो कुछ पहचाना**
**बनता है वह छंद-छंद में प्राण-प्राण में गाना**
**हृदय- हृदय का गाना लोक- लोक में गाना**
**बनता है वह-भाव लहर में उठता हुआ जमाना।**[2]

नेपाली जी प्रेम के सच्चे कवि हैं। इनका प्रेम संकुचित व सीमित दायरे से बाहर है। इनका प्रेम का क्षेत्र विस्तृत है, इनकी कविताओं मे जड़-चेतन सबके प्रति प्रेम है। नेपाली जी की कविता में वर्णित प्रेम का सौन्दर्य और सौन्दर्य के प्रति प्रेम अद्वितीय है। जिसे पढ़ने पर पाठक का हृदय स्वतः पुलकित हो जाता है, मन रोमांचित हो उठता है। उनके प्रेम में समर्पण का भाव है, एकनिष्ठता है। सौंदर्य का आकर्षण है, जो कि किसी भी प्रेमी के लिए स्वाभाविक है। जिससे प्रेम करता है उस प्रेयसी के लिए उपमाएँ कम पड़ जाती हैं। सच तो यह कि सौंदर्य का कोई पैमाना नहीं होता है, उसकी बनावट जैसी भी हो, मगर होती है अतुलनीय ही। लाख मुखड़ों के बीच जो जँचती है वो तो बस अकेली होती है। प्रेयसी की सारी अदाएँ उसकी बातें निराली होती हैं, जो कि प्रेम की विशेषता है। प्रेम शाश्वत है,जो दुनिया में कल भी था, आज भी है और कल भी रहेगा। सौंदर्य व आकर्षण को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। कवि दूर रहने पर भी न बिसरने की बात करते हैं। जिसे मन बार-बार पुकारता है। नेपाली की कविता में चित्रित प्रेम अत्यंत ही प्रेरक है। संबंध की प्रगाढ़ता एवं उसके अहमियत पर बल दिया गया है। दुनिया की हर चीज भले ही क्षणिक हो, पर प्रेम के दीप सदैव प्रकाशित होते रहे। इसे इस प्रकार नेपाली जी ने लिखा है-

**चाँद सूरज दीये, दो घड़ी के लिए, रोज आते रहे और जाते रहे,**
**दो तुम्हारे नयन, दो हमारे नयन, चार दीपक सदा जगमगाते रहे|**
**मुख तुम्हारा अंधेरी डगर की शमा, रात बढ़ती गई तो हुआ चंद्रमा,**
**याद तुमको किया, रोज हमने जहाँ, आँधियों में वहीं छा गई पूर्णिमा।**[3]

नेपाली की कविता में सौन्दर्य, आकर्षण व प्रशंसा आदि का न सिर्फ वर्णन है बल्कि हृदय पक्ष का उदात्त चित्रण भी है। जिसमें आंतरिक सौंदर्य एवं भावनाओं का प्रांजल प्रवाह है। प्रेम की आभ्यंतर विशेषताओं की गहराई से अभिव्यक्ति हुई है। उन्होंने जिंदगी के सफर में साथ, और साथ मिलकर हाथ न छूटे इस बात पर बल दिया है। इस बात की आज के दौर में प्रासंगिकता बहुत बढ़ जाती है। वे जीवन में उतार-चढ़ाव के बीच संबंध में समान व्यवहार की अपेक्षा करते हैं। प्रतिकूल परिस्थिति में न भूलने की बात का आग्रह करते हैं और ऐसे वक्त में मन की छुई-मुई को न मुरझाने की उम्मीद रखते हैं। वास्तव में नेपाली जी का प्रेम-वर्णन धरातलीय है। सामान्य मानव के जीवन में व्यवहार के लिए तथा उत्प्रेरणा के लिए उनकी रचनाएँ सार्थक हैं। उनकी कविता में प्रेम का सजीव वर्णन है, इसीलिए उनकी कविता चिरजीवी है। जो रचनाएँ आम व्यक्ति के जीवन से जुड़ी होती हैं, लोगों के ओठ पर सदा विद्यमान रहती हैं। बोलचाल में उसका व्यवहार होता है। नेपाली जी की रचनाओं को यह प्रतिष्ठा प्राप्त है। तो इस परिप्रेक्ष्य में चंद पंक्तियाँ प्रस्तुत हैं -

**हम गाते हैं, इठलाते हैं, मुसका कर प्यार जताते हैं,**
**हैं आज हमारे सुख के दिन हम प्रेमी हैं, मन भाते हैं।**
**किन्तु पड़ेगा जब रोना, तब दुख में नहीं रुलाओगे,**
**जब आवेंगे संकट के दिन, कह दो तब न भुलाओगे।**[4]

गोपाल सिंह नेपाली की कविता में प्रकृति का मनोरम दृश्य चित्रित है। नेपाली जी ने अपनी कविता में प्रकृति का सजीव वर्णन किया है। शायद ही प्रकृति का ऐसा कोई पक्ष हो जिसे न वर्णित किया गया हो। इनकी कविताओं में पहाड़, मेघ, नदी, झील, पेड़-पौधे, पशु-पक्षी, जीव-जंतु, आदि सबका उल्लेख किया गया है। उन्होंने 'घास', 'पीपल', 'बेर', 'पंछी', 'सरिता', 'वसंत', 'किरण', 'मौलसिरी', 'मसूरी की तलहटी', 'इस रिमझिम में चाँद हँसा है', 'पावस ने अंजलि उड़ेल दी', 'प्रभात-गान', 'मेघ', 'यह लघु सरिता का बहता जल' आदि शीर्षकों से प्रकृति पर आधारित अनगिनत कविताएँ लिखी हैं। गोपाल सिंह नेपाली साहित्य के गहन अध्येता प्रो. सतीश कुमार राय कहते हैं कि - "नेपाली के प्रकृति चित्रण का अवलोकन करने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि वे प्रकृति के समग्र कवि हैं। उनकी समस्त कविताओं का लगभग अर्धांश प्रकृति को ही समर्पित है। इतना ही नहीं अपने पहले संग्रह से लेकर अंतिम कृति तक उन्होंने प्रकृति का चित्रण किया है। यह प्रमाण है कि प्रकृति के प्रति नेपाली का प्रेम किसी कालावधि या प्रवृत्ति के आग्रह के कारण नहीं है। वे नैसर्गिक रूप से प्रकृति के कवि हैं। उनकी कविताओं में प्रकृति का प्रेम है और प्रेम की प्रकृति है। इस अर्थ में वे आधुनिक हिंदी कविता में न केवल प्रकृति के प्रतिनिधि कवि हैं बल्कि उसके अकेले संपूर्ण कवि भी हैं।"[5] नेपाली जी ने कविता सृजन का श्रेय प्राकृतिक वातावरण को दिया है। उनका यह स्व-कथन पठनीय है - "सुरम्य हरियाली की गोद में फौजी छावनी टिकी हुई है। सुबह-शाम सैनिकों की कवायद होती है। बैंड और पाइप बजते हैं और हवा में नंगी-नंगी संगीनें चमकती हैं। सामने तुलसीदास जी की रामायण खुली हुई है और किर्चे साफ हो रही हैं। वहाँ टालस्टाय और गाँधी को कोई नहीं जानता। दुनिया गेंदे की तरफ फूलती और हमेशा रंगी रहती है। इसी के चारों ओर खेत हैं, वन हैं। नदी-नाले हैं और पहाड़-पहाड़ियाँ हैं। कोई सहृदय प्रकृति प्रेमी यदि वहाँ पहुँच जाए तो आगे के लिए वह अपनी दिनचर्या ऐसी बनाएगा कि सबकी आँख बचाकर रोज वहाँ पहुँच जाया करे। यह हरी-भरी दूब की ही महिमा है कि आज मेरे हाथ में बंदूक के बदले लेखनी है।"[6] 1934 ई. में प्रकाशित 'उमंग' काव्य-संग्रह की एक कविता 'पीपल' की चंद पंक्तियाँ द्रष्टव्य हैं, जिसमें प्रकृति के अनेक अवयवों का एक साथ पूरे समन्वित रूप में अनूठा वर्णन है। एक पीपल के पेड़ के साथ अनेक जैव-विविधताओं के बीच

अनन्य संबंध को दर्शाया गया है -

**कानन का यह तरुवर एक पीपल ,**
**युग-युग से जग में अचल-अटल.**
**ऊपर विस्तृत नभ-नील नील, नीचे वसुधा में,**
**नदी-झील, जामुन, तमाल, इमली, करील.**
**जल से ऊपर उठता मृणाल, फुनगी पर**
**खिलता, कमल तिर-तिर करते मराल.**
**ऊँचे टीले से वसुधा पर झरती है निर्झरिणी झर-झर,**
**हो जाती बूँद-बूँद झर कर,**
**निर्झर के पास खड़ा पीपल सुनता रहता.**
**कल-कल छल-छल,**
**पल्लव हिलते ढलपल-ढलपल ।**[7]

नेपाली जी की कविताओं में देश-प्रेम की अविरल धाराएँ प्रवाहित हो रही हैं। कवि ने स्वतंत्रता से पूर्व तथा स्वतंत्रता के पश्चात दोनों ही कालों में एक राष्ट्रीय कवि की भूमिका निभायी है, वे जन-जागरण तथा राष्ट्रीय चेतना जाग्रत करने का कार्य कर सदैव कवि-धर्म का निर्वहन करते रहे। नेपाली की कविता में भारत भूमि की अनूठी संस्कृति, इतिहास, भूगोल तथा दर्शन की परंपरा का वर्णन है। अपने देश की अनुपम विशेषताओं को उन्होंने शब्दों से पिरोया है। उनकी कविताओं में देश-प्रेम की भावनाएँ कूट-कूट कर भरी हैं। जिनमें भारत की गरिमा, राष्ट्रीय-चेतना और आत्मसम्मान की भावना की उत्कृष्टता देखने को मिलती हैं। 'सत्याग्रह', स्वतंत्रता की ओर', 'देश दहन', 'विशाल भारत', 'नवीन' स्वतंत्रता का दीपक', 'चालीस करोड़ को हिमालय ने पुकारा', 'नवीन कल्पना करो', 'भारत का कश्मीर है' आदि कविताएँ देश-प्रेम से युक्त हैं। नेपाली जी के देश-प्रेम की कविता के संबंध में सतीश कुमार राय का कथन उल्लेखनीय है - "नवीन तक नेपाली की राष्ट्रीयता का एक पक्ष हमारे सामने आता है। इस राष्ट्रीयता में स्वाधीनता की पुकार है, सत्याग्रह है, अहिंसा है तथा सहिष्णुता है। 'हिमालय ने पुकारा' में नेपाली की राष्ट्रीयता का दूसरा पक्ष देखने को मिलता है। यहाँ उनकी मानसिकता बदली हुई नजर आती है, दृष्टिकोण बदला हुआ दिखाई देता है, यहाँ वे अहिंसा से हिंसा की ओर, सहिष्णुता से प्रतिकार की ओर, सत्याग्रह से युद्धाग्रह की ओर बढ़े प्रतीत होते हैं। यही कारण है कि कभी गाँधी दर्शन में अपनी अटूट निष्ठा रखने वाला कवि नेहरू के अहिंसा और सहिष्णुता के प्रति अपनी अनास्था व्यक्त करता है।"[8] उनकी कविताएँ स्वतंत्रता-संग्राम के काल में राष्ट्रीय आंदोलन को ओज-भाव से प्रेरित करने का कार्य कर रही हैं, तो आजादी के बाद देश की अनेक समस्याओं को रेखांकित कर सरकार को राह दिखाने का कार्य भी। पड़ोसी देश के द्वारा छल व्यवहार और उसके लिए भारत की शांति-प्रियता का भाव नेपाली जी को खटक रहा है। और कहते भी हैं 'ओ राही दिल्ली जाना तो कहना अपनी सरकार से चरखा चलता है हाथों से, शासन चलता तलवार से।' वे संदेश देते हुए कहते हैं -

**भूला है पड़ोसी तो प्यार से कह दो,**
**लंपट है लुटेरा है तो ललकार से कह दो I**
**जो मुँह से कहा है वही तलवार से कह दो,**
**आए न कोई लूटने भारत को दुबारा ।**
**चालीस करोड़ों को हिमालय ने पुकारा ।**[9]

नेपाली जी ने अपनी कविताओं में अनेक बार चालीस करोड़ आबादी को संबोधित किया है, जो उस समय की आबादी थी। यानी वे देश के प्रत्येक मामले में देश की समस्त आबादी को शामिल करते हैं। सबकी खुशहाली सबके साथ समरसता, समानता, न्याय की कामना करते हैं। उनकी कविता में राग है, तो आग भी है। प्रेम की अनुगूँज है, तो क्रांति का बिगुल भी है। हालाँकि यह क्रांति भी प्रेम का ही कारक है। वे प्रेम के लिए क्रांति की चाहत रखते हैं। उन्हें पूरे देश से प्रेम है, जिससे एक भी प्राणी वंचित नहीं है। देश के गरीब, असहाय, दीन-हीन, व्यक्ति के प्रति उनका अपार प्रेम है। जिसके लिए क्रांति का आह्वान करते हैं। नेपाली जी के संबंध में एक बात जोर देकर कहा जा सकता है कि नेपाली जी घोषित प्रगतिवादी कवि भले ना हो, किन्तु उनकी कविताओं में मुखर रूप से प्रगतिशील चेतना उभर कर आई है। वे समाज के सभी लोगों के जीवन-मूल्य की चिंता करते हैं। जन जागरण करना जिनका मूल उद्देश्य है। कवि सदैव नवीन कल्पना करने, नसीब का नाम न लेने तथा क्रांति को सफल बनाने के लिए सदा प्रेरित करता है। नेपाली ने दया और भिक्षा के द्वारा समानता नहीं, बल्कि अपने अधिकार को अपने कर्म-फल के रूप में प्राप्त करने का आग्रह किया है। वे नवनिर्माण के अभिलाषी हैं, नया-सबेरा के लिए जन-जागृति की भाव-धाराएँ बहाने वाली नेपाली जी की चंद पंक्तियाँ दृष्टव्य हैं -

**अब घिस गई समाज की तमाम नीतियाँ,**
**अब घिस गई मनुष्य की अतीत रीति |**
**हैं दे रहीं चुनौतियाँ तुम्हें कुरीतियाँ,**
**निज राष्ट्र के शरीर के सिंगार के लिए,**
**तुम कल्पना करो, नवीन कल्पना करो ।**[10]

इस प्रकार हम कह सकते हैं कि नेपाली जी के लगभग तीन दशकों की साहित्य-साधना की अवधि में, उनकी कविता के विविध रंग-रूप दिखाई पड़ते हैं। उसमें युगानुकूल परिदृश्य से साक्षात्कार कराने की प्रवृति की उपलब्धता है। जिसमें कवि की सहज भावना की सरस अभिव्यक्ति हुई है। कवि गोपाल सिंह नेपाली ने विभिन्न विषयों पर आधारित कविता की रचना की है। उनकी कविता में विषयगत केंद्र-बिंदु को चिह्नित करने की चेष्टा की जाय, तो मुख्यतः प्रेम की अमिट छाप अंकित दिखाई पड़ती है। उनके प्रेम का प्रसार विविध क्षेत्रों में हुआ है। उनकी कविता में अपार संवेदनाओं की व्याप्ति हुई है। रचनाओं में कवि की व्यापक दृष्टि परिलक्षित होती है। उनकी कविताओं में मानव प्रेम के विभिन्न रूपों का चित्रण, प्रकृति के अनुपम छटाओं का वर्णन तथा राष्ट्रीयता की भावना का निरूपण मुख्य रूप से किया गया है।

*****

संदर्भ-सूची :-


1 गोपाल सिंह नेपाली संकलित कविताएँ, नंदकिशोर नंदन, नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया, नई दिल्ली, 2013, पृष्ठ – 127

2 . वही, पृष्ठ – 93

3 . गोपाल सिंह नेपाली चुनी हुई कविताएँ, सुरेश सलिल, मेधा बुक्स, दिल्ली, पृष्ठ – 23

4 . वही, पृष्ठ - 24

5 . नेपाली, चिंतन-सृजन, सतीश कुमार राय, समीक्षा प्रकाशन, मुजफ्फरपुर, पृष्ठ – 65

6 . गोपाल सिंह नेपाली युग द्रष्टा कवि, नंदकिशोर नंदन, प्रकाशन, विभाग,दिल्ली पृष्ठ – 45

7 . गोपाल सिंह नेपाली चुनी हुई कविताएँ, सुरेश सलिल, मेधा बुक्स, दिल्ली, पृष्ठ – 48

8 . नेपाली, चिंतन-सृजन, सतीश कुमार राय, समीक्षा प्रकाशन, मुजफ्फरपुर, पृष्ठ – 70

9 . गोपाल सिंह नेपाली संकलित कविताएँ, नंदकिशोर नंदन, नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया, नई दिल्ली, 2013, पृष्ठ – 117

10 . गोपाल सिंह नेपाली युग द्रष्टा कवि, नंदकिशोर नंदन, प्रकाशन, विभाग, पृष्ठ – 196



# समकालीन हिन्दी कविता में अभिव्यक्त किसान जीवन
## (केदारनाथ सिंह के विशेष सन्दर्भ में)

**नरेन्द्र जादम**
पीएच.डी. शोधार्थी
हिंदी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय
मों. 9870516239

स्वतंत्रता के बाद नेहरु युग में भूमि-आवंटन होता हैं और जिन जमींनदारों, शक्तिशाली व्यक्तियों की जमीन ली जाने लगी थी, उसी प्रक्रिया में वे अपनी जमीन छिपाने लगे थे। इसके बावजूद सामन्तवाद और प्रगतिशील शासक एकदम आमने-सामने होते हैं। उसी समय अनेक आन्दोलन चल रहे थे, जिसमें भूमि-आवंटन से संबंधित आन्ध्रप्रदेश का किसान आन्दोलन, तेलंगाना किसान आन्दोलन उसी समस्या में पैदा होता है। नक्सलबाड़ी आन्दोलन तो स्थानीय स्तर पर सामन्तवाद, भू-स्वामी एवं भूमिहीन का सघन संघर्ष है। दूसरा संघर्ष गाँव और शहर के आधार पर होता है क्योंकि तत्कालीन समय गाँव और शहर बँटा हुआ भी होता है जो बाद में बाजार के आने पर बहुत बदलता है। लेकिन स्वतंत्रता के बाद से सन् 1970-75 तक गाँव व शहर के बीच दूरी बहुत है, जहाँ संचार के साधन नहीं है। जहाँ पर गाँव भू-स्वामी, सम्पत्तिहीन और भूमिहीन में बँटा हुआ है और वहाँ पर दोनों में द्वंद्व दिखाई देता है।

हिन्दी कविताओं में सन् 1960-70 तक गाँव व शहर का भेद साफ-साफ दिखेगा जो सभी कवियों के यहाँ दिखता है- धूमिल, केदारनाथ सिंह, ऋतुराज आदि। इन तमाम कवियों के यहाँ गाँव अपना ग्रामीणपन लिए हुए आता है। दूसरे वे भू-स्वामियों के खिलाफ भी लड़ रहे हैं, फिर भी कविता में सामन्तवाद बहुत सघन होता है। धूमिल, राजकमल चौधरी आदि जो उस समय के कवि है, उनके यहाँ दलितों एवं स्त्रियों के प्रति बहुत हिंसात्मक रवैया है।इसके पश्चात् आती है समकालीन कविता। समकालीन यानी सन् 1980 के बाद की कविता। इसकी पृष्ठभूमि में 70-75 का युग है जिसमें इंदिरा गाँधी है, भारत-पाकिस्तान युद्ध है और हरित क्रान्ति का समय है। इस दौर में भारतीय समाज खाद्यान्न की कमी से जूझ रहा होता है। पहली बार इंदिरा गाँधी अमेरिका से गेहूँ, चावल आयात करती है और इसके पश्चात् हरित क्रान्ति पर जोर दिया जाता है परिणाम स्वरूप पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तरी-पश्चिमी मध्यप्रदेश, उत्तरी-पूर्वी राजस्थान, तमिलनाडु, आदि अनेक राज्यों में एकाएक उभार आता है और समाज में दूसरे तरह की असमानता बढ़ती है। किसानों के पास कुछ पूंजी आती है जिससे स्थानीय बाजार शुरू होता है। यह तो उनका आर्थिक पहलू है।

स्वतंत्रता के बाद सरकारी नीतियों के माध्यम से एक हलचल पूरे देश में शुरू होती है, उसी से नकस्लबाड़ी आन्दोलन व तेलंगाना आन्दोलन की पृष्ठभूमि तैयार होती है। इसमें सरकार हस्तांतरण भी करती है और भूमि-आवंटन भी करती है व इसके साथ उस आन्दोलन को भी दबना चाहती है, जिसके लिए कानून भी लाती है और उसी का दमन भी करना चाहती है अर्थात् सरकार कुछ करना नहीं चाहती बस सिर्फ हवा है। इस समय के संघर्ष से जो कविता उत्पन्न होती है, वो कविता भू-स्वामी, भूमिहीनो, गाँव और शहर के खिलाफ बहुत तरीके से प्रतिक्रिया देती है। इसके बाद की कविता उसको जमीनी स्तर पर उतारने का काम करती है और उसका सर्जनात्मकता के साथ प्रयास करती है। सन् 1990 के बाद भारतीय समाज का यह कविता क्रम एकएक टूटता है। नयी कविता मध्यवर्गीय कविता है, वह गाँव की कविता नहीं है। वहीं समकालीन कविता गाँव को प्रधानता से पेश करती है।

सन् 1990 में जिसे हम उदारीकरण व बाजारवाद कहते हैं वह 87-88 से करीब-करीब शुरू हो जाता है, इसने एकाएक कृषि व्यवस्था, किसान सभ्यता को तोड़ा है। अब तक गाँव स्थिर यानी अपेक्षाकृत बहुत स्थिर था। वहाँ पर बाजार से आयात बहुत कम होता था जबकि निर्यात होता है। यह पूरी की पूरी व्यवस्था किसान सभ्यता की थी। पहली बार सन् 1990 के बाद तमाम कम्पनियों ने एवं बाजार ने किसान के जीवन को प्रभावित करना शुरू कर दिया, इस पूरी व्यवस्था को भी। इससे इनका संबंध बहुत तेजी से टूटा और बदला भी। जातिवाद जो पहले था अब वह वैसा नहीं रह गया क्योंकि उत्पादन, विपणन आदि प्रक्रिया में ही संबंधों का बनना और बदलना चलता रहता है।सन् 1990 के बाद दूसरा पुनरुत्थान होता है तो इस दौर के कवि केदारनाथ सिंह, मंगलेश डबराल, अरुण कमल, राजेश जोशी, अष्टभुजा शुक्ल, एकान्त श्रीवास्तव आदि फिर वे गाँव-लोक की तरफ लौटते हैं। लेकिन अब इनमें रोमान है, क्योंकि वो प्रतिक्रिया में पैदा हुआ है। अब इस भूमंडलीकरण व उदारीकरण से भागकर गाँव को जीवित नहीं किया जा सकता है, और उचित भी नहीं है, वैज्ञानिक पद्धति भी नहीं है। लेकिन जब हमारी चेतना शहर से टकराती है तो भी हम लौटकर उधर जाते हैं, यह भी इस परिस्थिति में उचित नहीं है। किसान सभ्यता व संस्कृति के लिए उत्पादन और हस्तानान्तर दोनों बहुत महत्वपूर्ण है। किसान संस्कृति में प्राथमिक स्तर पर उत्पादन और हस्तानान्तर पहले आता, पूँजी बाद में आती है। द्वितीय स्तर पर वस्तु विनिमय से मुद्रा विनिमय आती है। अब प्राथमिक स्तर के उत्पादन और हस्तानान्तर से वहाँ की संस्कृति निर्मित होती है। जिसमें व्यक्ति-व्यक्ति संबंध, समाज-समाज संबंध और समुदाय-समुदाय संबंध निर्मित होता है। उत्पादन के स्वरूप के अनुरूप संबंध, प्रेम, कार्य की जाति इत्यादि बदलती रहती है, यह संबंध स्थिर न होकर समयनुसार बदलते रहते हैं। कृषि सभ्यता में व्यक्ति, समुदाय के संबंध बदलते रहते हैं।

उदारीकरण से जो कृषि व्यवस्था पर संकट आया है, उसको कविता में किस तरह रचा जा रहा है? इसमें दो-तीन तरह की स्थिति है। केदारनाथ सिंह तथा जितने भी इस दौर के कवि है उनके यहाँ विस्थापन एक बहुत बड़ी समस्या है। सारी कविताएँ उन्हीं पर केन्द्रित है। किसान छूट रहा है और टूट भी रहा है, लोग वहाँ से पलायन कर रहे हैं, फिर पलायन ही नहीं वहाँ के संबंध भी बदल रहे हैं। गाँव का संयुक्त परिवार बहुत तेजी से टूट रहा है। लोक-बिम्ब, प्रकृति, जाति, संबंध सब बदल रहे हैं और वो सब कुछ बदल रहा है जो किसान सभ्यता-संस्कृति का अंग है। बदलता हुआ जातिय सन्तुलन हमें हर कवि के यहाँ मिलता है प्रशासन व्यवस्था की गलत नीतियों के कारण ही प्रत्येक स्तर पर व्यवस्थागत शोषण विद्यमान है जिसका शिकार निरीह जनता और गाँव के किसान होते हैं। इस व्यवस्था के दुष्चक्र में किसान मृत्युपर्यन्त फँसा रहता है। इससे उसे पीड़ा और छटपटाहट होती है लेकिन वह चाहकर भी कुछ नहीं कर पाने की विवशता की यंत्रणा वहन करता रहता है। समकालीन कविता के रचनाकारों ने इस व्यवस्थागत शोषण संबंधी दृष्टिहीनता को उजागर किया है।

केदारनाथ सिंह की कविताएँ इस शोषण को आश्रय देने वाली व्यवस्था की विसंगतियों को दर्शाती है- जहाँ मेहनतकश वर्ग सिर्फ मेहनत ही करता रहता है, और कुछ लोग इस मेहनत का उपयोग करते हैं। केदारनाथ सिंह की कविता '**यह अग्नि किरीटी मस्तक**' इसे उजागर करती है-

**सब चेहरों पर सन्नाटा**
**हर दिल में गढ़ता काँटा**
**हर घर में गीला आटा**
**यह क्यों होता है ?.....**[1]

समकालीन कविता यह बताती है कि किसान अपने परिश्रम का उपभोग नहीं कर पाते हैं और जिसका मेहनत से दूर-दूर तक का वास्ता नहीं वे ही उसका उपभोग करते हैं। यही व्यवस्थागत शोषण है जिसमें अनाज पैदा करने वाला अन्नदाता भूखा रह जाता है और सरकारी नीतियों का संचालन करने वाले लोग उस अनाज को पचा जाते हैं।उदय प्रकाश की '**पिता**' कविता में- पिता को सम्बोधित कर कवि पिता की व्यवस्था को पिट्ठु बताता है-

**तुम्हें मालूम नहीं पिता**
**इतिहास की इस अंधेरी गहरी सुरंग में**
**तुम्हारा कितना लहू/ कितना पसीना कितना**
**दर्द बहता रहा जिसमें.../ सामूहिक आग जलाते हैं।**[2]

'**बहेलिये**' कविता में उदयप्रकाश ने शासन व्यवस्था की असफलता को दिखाया गया है। इसमें बहेलिया सत्ता का धूर्त नुमाइन्दा है जो दिखावे के लिए कागज़ों में देश का विकास करता है, खुशहाली फैलाता है, हरियाली दर्शाता है यह सब उसके योजनापत्रों में ही है, वास्तव में ऐसा कुछ नहीं होता। इसलिए कवि इसे बहेलिये से सम्बोधित करता है क्योंकि जनता जब अपने अधिकार माँगती है तो वे गुर्राना शुरू कर देते हैं- उनके योजनापत्रों में

**वृक्ष है हर देश के हर जंगल में हर मौसम में**
**हर साल पैदा होने वाले....**[3]

इसी प्रकार राजेश जोशी भूमंडलीकरण के दौर से गुजर रहे भारत के

किसान वर्ग और मजदूर वर्ग को अपनी कविता में प्रधान मानकर लिखते है। उनकी कविता '**नौवीं मंजिल**' जिसमें एक सम्पन्न पुरुष नौवीं मंजिल से नीचे देखता है और कहता है-

**कितना झूठ कितना गलत**
**सूखे और भूख का शोर**
**कितनी हरी-भरी है धरती**
**एक हरी-भरी कविता की तरह ! नहीं**
**न वह हरी ऐनक लगाए है /न सावन अंधा है**
**उसके अनुभव का /संसार भी**
**हरा-भरा है... और....वह... जमीन से.... नौ मंजिल ऊपर**
**खड़ा है।'**[4]

अरुण कमल की कविताएँ व्यवस्था के विरुद्ध संघर्षशील व्यक्ति को दर्शाती है। जिसमें उस क्रूर संवेदनहीन व्यवस्था के प्रति आक्रोश से भर उठती है, जिसने मनुष्य का जीना दुष्कर कर दिया है। '**सबूत**' कविता में कवि ने बताया-

**'ऐसा क्यों हो रहा है'**
**सामने सड़क पर एक औरत की इज्जत जा रही है**
**और लोग अपने-अपने....**
**ऐसा क्यों हो रहा है**
**बगल में एक आदमी का खून हो रहा है.....**[5]

राजेश जोशी के काव्य संग्रह 'मिट्टी का चेहरा' की कविता- 'असली किस्सा तबियत के हिरण हो जाने का' यह कविता आतंकपूर्ण व्यवस्था के प्रति बगावत का संदेश देती है-

**मैंने सुलगायी तमाम बीड़िया एक साथ**
**और बाँट दी उन तमाम लोगों में जो शहनशाह थे मेरी ही तरह....।**
**धुएँ ही धुएँ से भर गया सारा स्वर्ग**
**सात मंजिला स्वर्ग**
**चमक उठी बीड़ियाँ**
**चमक उठी जैसे सैकड़ों मशाले।.....**[6]

समकालीन कविता के प्रतिबद्ध कवि केदारनाथ सिंह का मानना हैं कि आज किसान जीवन का मानवीय यथार्थ सबसे अधिक राजनीतिक शब्दावली के भीतर ही प्रकट होता है। समकालीन कवियों के यहाँ राजनीतिक शब्दावली का अर्थ कहीं अधिक व्यापक हैं प्रकृति के रूप-व्यापार-सूचक शब्द भी राजनैतिक अर्थवत्ता से सम्पन्न हो सकते है, जिसका प्रमाण केदारनाथ सिंह कि '**दाने**' कविता है-

**नहीं/हम मंडी नहीं जाएँगे**
**खलियान से उठते हुए कहते है, दाने**
**जाएँगे तो फिर लौटकर नहीं आएँगे**
**जाते-जाते कहते जाते है दाने.....**[7]

केदारनाथ सिंह की कविताएँ किसान जीवन की साक्षात् अभिव्यक्ति है, जो काव्य प्रक्रिया की जटिलता को और उनके पीछे कार्यरत रचनात्मक संघर्ष को प्रमाणित करती है। उनकी कविताओं में वर्षा, धूप, रात-दिन इत्यादि एक जैविक संबंध मूलक तनाव में दिखाई पड़ता हैं। उनकी '**रोटी**' कविता का संबंध इस प्रकार है-

उसके बारे में कविता करना
**हिमाकत की बात होगी/और वह मैं नहीं करूँगा**
**मैं सिर्फ आपको आमंत्रित करूँगा /कि आप आये और मेरे साथ सीधे**
**उस आग तक चले /उस चूल्हे तक जहाँ वह पक रही है**
**एक अद्भुत ताप और गरिमा के साथ.....**[8]

किसान जीवन में 'रोटी' से बड़ी और सच्चाई क्या होगी? परन्तु अब वही परिचित सच्चाई किस तरह, किन अर्थस्तरों पर सघनता प्राप्त करती है। 'रोटी' किसान के जीवन में हमेशा नया ताप, नया स्वाद लेकर आती है ऐसा कवि महसूस करता है-

मैंने जब भी उसे तोड़ा है
**मुझे हर बार पहले से ज्यादा स्वादिष्ट लगी है**
**पहले से ज्यादा गोल और खूबसूरत**
**पहले से ज्यादा सुर्ख और पकी हुई**
**आप विश्वास करें मैं कविता नहीं कर रहा**
**सिर्फ आग की ओर ईशारा कर रहा हूँ।.....**
**वह पक रही है /और आप देखेंगे- यह भूख के बारे में**
**आग का बयान है/जो दिवारों पर लिखा जा रहा है।.....**[9]

यहाँ कवि उस ग्रामीण मजदूर किसान का जिक्र कर रहा है जिसे आज वर्तमान दौर में मेहनत करके भी दो जून की रोटी उसे नसीब नहीं हो रही है। यह कविता किसान के अस्तित्व के बिल्कुल नजदीक उसकी नींद और भूख तक जाकर यथार्थ का बोध कराती है।

'**सूर्य**' कविता में केदारनाथ सिंह का भारतीय ग्रामीण किसान मजदूर के परिवेश की सच्चाई की ओर ईशारा है- जिनका जीवन भूमण्डलीकरण और उदारीकरण के बाद किस तरह प्रभावित हुआ है-

**''मेरी बस्ती के लोगों की दुनिया में**
**वह (सूर्य) एक अकेली चीज हैं।**
**जिस पर भरोसा किया जा सकता है.....**[10]

'सूर्य' केदारनाथ सिंह की कविता में इस प्रकार आया जो कि किसान (अन्नदाता) की असली जिन्दगी में हर दिन होने वाली वास्तविकता को उभारता है-

**एक पतीली गरम होने लगती है**
**एक चेहरा लाल होना शुरू होता है**
**एक खूंखार चमक तम्बाकू के खेतों से उठती है**
**और आदमी के खून में टहलने लगती है।.....**[11]

यह कविता उस भारतीय श्रमिक का प्रतिनिधित्व करती है जिसको हालात ने हाशिये पर फैंक दिया है।

'**सूर्य**' कविता में-

**ताखे पर रखी हुई रात की रोटी**
**उसके आने की खुशी में जरा सी उछलती है। और एक**
**भूखे आदमी की नींद में गिर पड़ती है।.....**[12]

केदारनाथ सिंह ने कविताओं में अपने स्वयं के ग्रामीण जीवन के अनुभव द्वारा एक तीखी सच्चाई को उजागर किया है। उनकी '**बारिश**' कविता में इसका जीवित संदर्भ भी है जिसका सामना हर किसान को करना होता है। यहाँ विडंबना यथार्थ की टकराहट से दिखाई देती है-

**वह अचानक शुरू हुई.....**
**यह सीझनें की तैयारी थी.....**
**जिरह के बीचोबीच एक गधा खड़ा था और भीग रहा था.....**
**उसके पास छाता नहीं था.....**[13]

'पकते हुए दानों के भीतर' शब्द होने की संभावना पहचानने वाले केदारनाथ सिंह को यथार्थ पर जितना भरोसा था उतना ही स्मृतियों पर भी क्योंकि यहाँ स्मृतियां संघर्ष की है न कि काल्पनिक।केदारनाथ सिंह का काव्य संग्रह 'जमीन पक रही है' में संग्रहीत कविताएँ- रोटी, बैल, फर्क नहीं पड़ता, एक प्रेम कविता को पढ़कर, नंगी पीठ, दीवार, बारिश और टमाटर बेचने वाली बुढिया। यह सब मानवीय मूल्यों से प्रेरित कविताएँ हैं।

**मैं लिखना चाहता हूँ 'पेड़' / यह जानते हुए कि लिखना पेड़ हो जाना है / मैं लिखना चाहता हूँ 'पानी' / 'आदमी' - मैं लिखना चाहता हूँ / एक बच्चे का हाथ / एक स्त्री का चेहरा।**

पेड़, पानी, बच्चे का हाथ, स्त्री का चेहरा- ये सब मानव मूल्यों के प्रतीक है और इनके पीछे श्रमिक वर्ग स्थित है जो कवि के मन को बेचैन करता है।केदारनाथ सिंह ने किसान जीवन पर '**बैल**' नामक कविता के बहाने से उसकी स्थिति का चित्रण किया है-

वह जरा सा हांफता है
**उसके कान खड़े हो जाते हैं**
**यह भूसे की खूशबू है- वह अपने आप से कहता है**
**वह एक नई उम्मीद के साथ**
**अपने पूरे शरीर को**
**बस्ती की नींद और गरमाहट पर छोड़ देता है।.....**
**लेकिन इस बैल की नियति क्या है?**
**अचानक उसे चारागाहों की याद आती है।.....**
**और बस्ती के इक्कीस चक्कर लगाने के बाद**
**पाता है वह ठीक अपने हल के सामने खड़ा है।**[14]

यही स्थिति किसान के जीवन की है वह हर वर्ष एक नई उम्मीद के साथ मेहनत करके फसल उगाता है कि अच्छी आमदानी होगी लेकिन बाजारीकरण ने उसकी कमर तोड़ दी है वह वापस अपने को उसी असहाय स्थिति में पाता है।

'**दीवार**' कविता में कवि ने इसे मानव-विरोधी व्यवस्था के प्रतीक के रूप में माना है-

**''एक फावड़े की तरह उससे पीठ टिकाकर**
**एक समूची उम्र काट देने के बाद**
**मैं इस नतीजे पर पहुँचा हूँ**
**कि लोहा नहीं**
**सिर्फ आदमी का सिर उसे तोड़ सकता है।''.....**[15]

किसान सभ्यता व संस्कृति में प्राथमिक स्तर पर उत्पादन और हस्तानान्तरण आता है उसके पश्चात् पूँजी आती है। प्राथमिक स्तर के उत्पादन और हस्तांतरण से वहाँ की संस्कृति निर्मित होती है इसका श्रेष्ठ उदा- केदारनाथ सिंह की कविता '**जाड़ो के शुरू में आलू**' है जिसकी

विषयवस्तु मध्यवर्गीय समाजशास्त्र-आर्थिक ढांचे और उत्पादन, उत्पादक और उपभोक्ता समाज के रिश्तों को छूती है-

**'वह जमीन से निकलता हैं**
**और सीधे बाजार में चला जाता हैं**
**यह उसकी क्षमता हैं**
**जो मुझे अक्सर दहशत में भर देती हैं/ वह आता है.....**
**मैं उसका छिलका उठाता हूँ**
**और झांककर पूछता हूँ- /मेरा घर कहाँ है.....**
**वह बाजार में ले आता है आग / और बाजार अब सुलगने लगता है...**[16]

केदारनाथ सिंह की कविता के शब्दों के संदर्भगत अर्थ भी है- 'घर', 'जमीन', 'बाजार', की संदर्भ गति स्पष्ट है- कि वह जमीन से निकलता है और सीधे बाजार में चला जाता है। उससे कवि पूछता है मेरा घर कहाँ है।आलू के साथ किसान परिवार से आने वाले लोगों की अनेक स्मृतियां जुड़ी हुई है, जो शहर में रहते है, उन्हें आलू उनके घर की याद दिलाता है। इस आलू की विशेषता यह है कि इसमें टूटन नहीं जुड़ाव है- जहाँ बहुत सी चीजे लगातार टूट रही है। वह हर बार आता है और पिछले मौसम के स्वाद से जुड़ जाता है।

उत्पादन, उत्पादककर्त्ता और उपभोक्ता के बीच के संबंधों के भीतर ही कहीं न कहीं 'घर' की अर्थवता है। कवि अपने ग्रामीण परिवेश में अन्नदाता (किसान) है जिसका संबंध इस समाज से होते हुए भी वह बहुत अलग है उसका यथार्थ दृष्टिकोण बताता है कि वह अपनी छोटी सी दुनिया तक सीमित रह गया है।

केदारनाथ सिंह भूमण्डलीकरण और उदारीकरण के बाद की स्थिति को स्वीकार करते हुए कहते हैं। यह न आधुनिक शहरों की दुनिया है, न शुद्ध गाँव की। यह वह दुनिया है जो शहर और गाँव दोनों के मेल से बनी हैं यह मेरी बस्ती है।

भारतीय समाज और उसके जनजीवन को समझने के लिए वह आवश्यक है। कि गाँव के जीवन से पूर्ण रूप से परिचित होना और उनकी भावनाओं को समझना। यह इसलिए कि भारतीयता की जड़े गाँवों में ही है। बीसवीं सदी के अन्तिम वर्षों में भू-मण्डलीकरण और उदारीकरण की नीतियों में धुआँधार शहरीकरण ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को हिलाकर रख दिया। शहरीकरण की इस आँधी ने गाँव की सामाजिक-सांस्कृतिक पहचान को सबसे अधिक नुकसान पहुँचाया जिसको इस दौर के समकालीन कवियों ने इस तथ्य को शिद्दत से महसूस किया और अपनी काव्य-चेतना का विस्तार गाँव के किसानों की ओर किया। ग्रामीण जीवन के यथार्थ से कवियों का गहन सम्बन्ध अपनी गहरी जड़ों से है।समकालीन कविता के दौर में केदारनाथ सिंह ने अपने परिवेश में किसान और उनकी भूमिका को प्रासंगिकता की गहराई के साथ चित्रण किया। केदारनाथ सिंह ने भूमंडलीकरण उदारीकरण के बाद समाज में आये बदलावों से प्रभावित अन्नदाता किसान के सामाजिक यथार्थ और मानवीय मूल्यों के साथ उसके अस्तित्व के नजदीक जाकर सच्चाई से अवगत कराया उनकी कविताओं में अन्नदाता किसान की संवेदना अत्यन्त सूक्ष्म रूप में घुली-मिली है जो हमारे देश के कृषि प्रधान समाज में अत्यन्त आवश्यक और प्रासंगिक है। कवि केदारनाथ सिंह के काव्य संग्रह वर्तमान समय में सर्वाधिक प्रासंगिक हैं और होते जा रहे हैं क्योंकि आज भी अन्नदाता किसान को प्राकृतिक आपदा से लाखों रूपए के नुक्सान के बाद क्षतिपूर्ति के रूप में मुआवजे के तौर पर सरकारी तंत्र द्वारा केवल 27, 147, 138, 353, 244 और 918 रुपयों की भारी धनराशी उनके नाम पर दी जाती है।

******

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची**


1. केदारनाथ सिंह की प्रतिनिधि कविताएँ- सं- परमानन्द श्रीवास्तव, (पृष्ठ 82)
2. सुनो कारीगर (पिता), उदय प्रकाश, पृष्ठ सं.- 30
3. सुनो कारीगर (बहेलिये), उदय प्रकाश, पृष्ठ सं.-52
4. नौवीं मंजिल, राजेश जोशी, पृष्ठ सं.-17
5. सबूत (ऐसा क्यों हो रहा है), अरुण कमल, पृष्ठ सं.-26
6. मिट्टी का चेहरा (असली किस्सा तबियत के हिरण हो जाने का), राजेश जोशी, पृष्ठ सं.-22
7. आँसू का वजन (दाने), केदारनाथ सिंह, पृष्ठ सं.-29
8. जमीन पक रही है (रोटी), केदारनाथ सिंह, पृष्ठ सं.-23-25
9. वही
10. जमीन पक रही है (सूर्य), केदारनाथ सिंह, पृष्ठ सं.-09-10
11. वही
12. वही
13. जमीन पक रही है (बारिश), केदारनाथ सिंह, पृष्ठ सं.-71
14. जमीन पक रही है (बैल), केदारनाथ सिंह, पृष्ठ सं.-37-38
15. जमीन पक रही है (दीवार), केदारनाथ सिंह, पृष्ठ सं.-65
16. जमीन पक रही है (जाड़ों के शुरू में आलू), केदारनाथ सिंह, पृष्ठ सं.-57- 58


## ज्योतिबा फुले के अनमोल विचार

**1.भगवान और भक्त के बीच मध्यस्थता की कोई आवश्यकता नहीं है।**

**2. भारत में राष्ट्रीयता की भावना का विकास तब तक नहीं होगा, जब तक खान-पान एवं वैवाहिक सम्बन्धों पर जातीय बंधन बने रहेंगे।**

**3.परमेश्वर एक है और सभी मानव उसकी संतान हैं।**

**4.सभी प्राणियों में मनुष्य श्रेष्ठ है, और सभी मनुष्यों में नारी श्रेष्ठ है, स्त्री और पुरुष जन्म से ही स्वतंत्र है, इसलिए दोनों को सभी अधिकार सामान रूप से भोगने का अवसर मिलना चाहिए।**

**5.विद्या बिना मति गयी, मति बिना नीति गयी, नीति बिना गति गयी, गति बिना वित्त गया, वित्त बिना शूद गये, इतने अनर्थ, एक अविद्या ने किये।**

**6.शिक्षा स्त्री और पुरुष दोनों के लिए समान रूप से आवश्यक है।**

**7.अच्छा काम पूरा करने के लिए बुरे उपाय से काम नहीं लेना चाहिये।**

**8.स्वार्थ अलग-अलग रूप धारण करता है, कभी जाति का रूप भी धारण कर लेता है.**

*****

# हिंदी रंगमंच के विकास में नाट्य-निर्देशिकाओं का योगदान

**डॉ.मधु कौशिक**
असोसिएट प्रोफेसर
रामानुजन कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय

**अजीत कुमार सिंह**
शोधार्थी (पीएच.डी)
विश्वविद्यालय-दिल्ली

निर्देशक की अवधारणा मूलतः भारत की देन है। पश्चिम में यह अवधारणा बाद में आई। इस संदर्भ में नेमिचन्द्र जैन ने लिखा है, ''निर्देशक यूँ तो पश्चिम रंगमंच में भी एक नया ही तत्व है जिसे प्रकट हुए शायद अभी सौ वर्ष भी नही बीते हैं। फिर भी आधुनिक पश्चिमी रंगमंच का सम्पूर्ण विकास निर्देशक के साथ जुड़ा हुआ है, विशेषकर सुरुचिपूर्ण अथवा मात्र मनोरंजन के प्रकार से आगे बढ़कर कलात्मक अभिव्यक्ति ही केन्द्रीय सूत्र है जो नाट्य-प्रदर्शन के विभिन्न तत्वों को पिरोता है और उनकी समग्रता को एक समन्वित, बल्कि सर्वथा स्वतंत्र कला-रूप का दर्जा देता है।''1 हिंदी रंगमंच के शुरूआती दौर में यदि देखें तो निर्देशक का अस्तित्व अलग से नहीं मिलता है। यहाँ सूत्रधार, लेखक, संगठन या मंडली का प्रमुख अथवा संचालक या फिर अनुभवी अभिनेता ही निर्देशक की भूमिका का निर्वाह किया करता था। नाटक सिर्फ एक व्याख्यात्मक पाठ्य नहीं है, अपितु यह एक सृजनात्मक कला है और नाटक को यह सृजनशीलता निर्देशक ही प्रदान करता है। अतः रंगमंच में निर्देशक एक महत्वपूर्ण इकाई है।

जिस तरह हमारा समाज पुरुष वर्चस्ववादी है, उसी तरह रंगमंच में भी पुरुषों का वर्चस्व रहा है। हिंदी रंगमंच के शुरूआती दौर में नाटक में स्त्रियों का होना वर्जित था। स्त्री पात्र की भूमिका भी पुरुष ही किया करते थे, जिससे साफ जहिर होता है कि स्त्रियों को इस क्षेत्र में भागीदारी की अनुमति नहीं थी। स्त्रियों को यह अनुमति बाद के वर्षों में प्राप्त हुई। हिंदी नाटकों की नींव वास्तव में भारतेन्दु युग में पड़ी और हिंदी रंगमंच का विकास भी 19वीं सदी (भारतेन्दु युग) में ही हुआ, ऐसा माना जाता है। हिंदी रंगमंच का अस्तित्व और विकास शुरू से ही एक जटिल समस्या रही है। ऐसी स्थिति में रंगमंच की ओर लोगों का रुझान कम ही रहा। इस पितृसतात्मक समाज में जहाँ मान, मर्यादा, सम्मान की दुहाई दी जाती हो, वहाँ तो स्त्रियों को तो इससे दूर ही रखा गया ।

स्वतंत्रता, नारी शिक्षा, आधुनिकता और नव-जागरण ने हमारी चेतना, सोच-विचार, रहन-सहन, व्यवहार आदि में महत्वपूर्ण परिवर्तन किये हैं। जिसके फलस्वरूप स्त्रियों ने समाज से अनवरत लड़ाई लड़ने के पश्चात अधिकांश क्षेत्रों में अपनी जगह बनाई है, बावजूद इसके स्त्री-पुरुष विषमता और पितृसत्ता के बंधनों से मुत्ति के सवाल जस के तस बने हुए हैं। वर्तमान समय में पूँजीवाद और दलित-शोषण की भाँति स्त्री-शोषण भी एक जटिल समस्या है, जिस पर लगातार विमर्श हो रहे हैं। भारतीय रंगमंच के क्षेत्र में देखें तो, कु० सत्यवती ने 1931 में रंगमंच पर स्त्रियों के स्थान पर सवाल उठाया था और तत्कालीन रंगपरिवेश के साथ-साथ सामाजिक परिवेश में भी स्त्रियों की भूमिका का अंकन किया। सत्यवती जी ने स्पष्ट कहा है कि, ''स्त्री के आदर्श तथा कार्य भी उतने ही महत्व के हैं, जितने पुरुष के तथा उसका स्थान भी पुरुष के समकक्ष है, उसके नीचे नहीं। हिन्दू समाज ने आजकल स्त्रियों के लिए क्या आदर्श बना रखा है? घर में बैठकर बिना किसी मसरफ़ के अपना जीवन व्यतीत करना।''2 लगातार होते चले आ रहे शोषण के बावजूद रंगमंच के क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी पहचान बनाई हैं। ये शांता गांधी भारतीय रंगजगत में निर्देशक तथा लेखिका के रूप में जानी जाती है। इन्होने 'रज़िया सुल्तान' और भवई शैली में 'जसमा ओड़न' नामक नाटकों की रचना की और उनका सफल निर्देशन भी किया। ये नाटक स्त्री चेतना पर आधारित हैं। गिरीश रस्तोगी ने 'अंधा युग ', 'आधे अधूरे', 'आषाढ़ का एक दिन ', ' ध्रवस्वामिनीं ', ' कितना कुछ एक साथ ', 'नींद क्यों रात भर नहीं आती', 'शायद हाँ ', 'सूर्य की अंतिम किरण से सूर्य की पहली किरण तक', 'खामोश अदालत जारी है', 'खड़िया का घेरा' आदि नाटकों का निर्देशन किया। आज वह हमारे बीच नहीं हैं, पर रंगमंच के लिए बतौर निर्देशक व लेखक के रूप में इनकी भूमिका अविस्मरणीय है।अमाल अल्लाना ने अब तक 'आधे अधूरे ', 'आषाढ़ का एक दिन', 'द्रौपदी', 'खामोश अदालत जारी है', 'हिम्मतमाई' आदि स्त्री मुद्दों पर आधारित नाटकों के निर्देशन किए हैं। नादिरा ज़हीर बब्बर द्वारा निर्देशित नाटक 'चिन्दियों की एक झालर', 'जसमा ओड़न', 'संध्याछाया', 'यहूदी की लड़की', 'सकुबाई', 'बेगमजान' आदि हैं।

निर्देशन के अतिरिक्त नादिरा जी ने कई विदेशी नाटकों का हिंदी अनुवाद किया और कई मौलिक नाटक भी लिखे हैं। रंगमंच में कविता नागपाल भी एक जाना-माना नाम हैं। इन्होंने उस समय रंगमंच में कदम रखा, जब संभ्रांत परिवार की स्त्रियों को इस कार्य के लिए हेय दृष्टि से देखा जाता था। 1963 में इन्होंने कानपुर के 'दर्पण नाट्यदल' के साथ रंगकर्म की शुरूआत की। 'बकरी' 1974, 'मिट्टी न होवे मतरई' (कॉकेशियन चॉक सर्किल का पंजाबी रूपान्तरण) 1972-74, 'ग्रैंड फिनाले' 2001-02 आदि नाटकों का निर्देशन किया हैं। वहीं त्रिपुरारी शर्मा ने अब तक 'अजीजुन्निसा: सन् सत्तावन का किस्सा', 'आधे अधूरे', 'कृति विकृति', 'बिरजिस कद्र का कुनबा', 'लाडो मौसी', 'आजाद मौलाना' आदि नाटकों का निर्देशन किया है, साथ ही कई नाटकों की रचना भी की है। इनके अतिरिक्त अनुराधा कपूर, कीर्ति जैन, सबीना मेहता, हेमा सिंह, चित्रा सिंह आदि ने भी निर्देशन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। नाट्य-लेखन में गिरीश रस्तोगी, मृणाल पाण्डे, मन्नू भंडारी, शांति मेहरोत्रा, मृदुला गर्ग, कुसुम कुमार, त्रिपुरारी शर्मा आदि ने ख्याति प्राप्त की है, वहीं अभिनय के लिए हिंदी रंगमंच में सुधा शिवपुरी, सुषमा सेठ, सीमा भार्गव, मोना चावला, मीरा जैन, तरला मेहता, नादिरा बब्बर, नीना गुप्ता, दीपा साही, डॉली अहलूवालिया, अनीला सिंह आदि अनगिनत स्त्रियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।निर्देशन के क्षेत्र में स्त्री निर्देशिकाओं के हिंदी रंगमंच में दिये योगदान मुख्य हैं। जिनमें विजया मेहता, अमाल अल्लाना, कीर्ति जैन, अनुराधा कपूर, नादिरा ज़हीर बब्बर, त्रिपुरारी शर्मा, अंजला महर्षि, अनामिका हक्सर, उत्तरा बावरकर, हेमा सिंह, कविता नागपाल, कुसुम कुमार, मीता वशिष्ठ, चित्रा मोहन, पूजा ठाकुर, विधु खरे दास, सुषमा शर्मा आदि सम्मिलित हैं। दिल्ली, मुंबई जैसे शहरों में स्त्री निर्देशकों और कलाकारों की कमी भले न हो किंतु अन्य हिंदी प्रदेशों में इनका अभाव आज भी बना हुआ है। इसका मूल कारण क्या सिर्फ, टी०बी०, फिल्म, आर्थिक अभाव या स्त्री-पुरुष असमानता है? यह एक गंभीर प्रश्न है। वंदना वशिष्ठ के अनुसार, ''भारत में महिला निर्देशकों की भागीदारी देखें तो पाएंगे कि हिंदुस्तानी रंगमंच में उन्हें अपनी बात कहने का अवसर आसानी से नहीं मिला। सबसे पहली चुनौती तो उनके सामने यही आई कि पुरुष वर्चस्व वाले इस खेल में उनका अपना स्थान हो, जिसे पाने के लिए उन्होंने भी उपलब्ध नाटक करने शुरू किए।''3

स्त्री निर्देशक के रूप में उपरोक्त नाटककारों और निर्देशकों ने स्त्री के व्यक्तित्व एवं अस्तित्व की खोज को अपने मंचन में प्रमुखता से प्रस्तुत किया। पुरुष वर्चस्ववादी समाज में रंगमंच के क्षेत्र में भी पुरुषों का ही बोलवाला था, ऐस में स्त्रियों का इस क्षेत्र में अपनी जगह बनाना चुनौतीपूर्ण ही बना हुआ है। फिर भी अनेक स्त्रियों ने निर्देशन के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किए हैं। इस शोध में स्त्रियों का निर्देशन की ओर रुझान, बतौर निर्देशक उनका व्यक्तित्व और कुल मिलाकर निर्देशक के रूप में पहचान खोजना आवश्यक है। हिंदी के मंचीय नाट्य-लेखन की दृष्टि से कुसुम कुमार, मन्नू भंडारी और मृणाल पांडे का नाम उल्लेखनीय है। डॉ. कुसुम कुमार के पास अभिनेय भाषा और रंगमंचीय दृश्य सौन्दर्य को पकड़ने की क्षमता है, जिसके चलते उनके नाटक कई बार अनेक नाट्य संस्थाओं ने सफलता से मंचित किए हैं। उनका 'संस्कार को नमस्कार' नाटक उत्तेजक भाषा और लैंगिक शोषण के प्रसंगों के चित्रण के कारण प्रस्तुति में विशेष सतर्कता की मांग करता है। ब्रजराज किशोर द्वारा इसकी एक प्रस्तुति पर दी गयी टिप्पणी दृष्टव्य है- ''चैथे दृश्य के मंचन में अतिरिक्त सावधानी की अपरिहार्यता भी स्पष्ट है, अन्यथा इसके लिजलिजे हो जाने का डर है, जैसा कि अभी दिल्ली प्रदर्शन में हुआ था।''4 चूँकि कुसुम कुमार के उक्त नाटक का दिल्ली में मंचन एक पुरुष निर्देशक द्वारा किया गया, अतः कुसुम कुमार की संवेदना को और स्त्री मन की गहराई की समझ का वहाँ अभाव था। इसी वर्ग में मृणाल पांडे का नाम लिया जा सकता है। कथाकार होने के साथ-साथ पत्रकारिता और टी.वी. आदि माध्यमों की समझ के कारण उन्होंने नाट्य लेखन की चुनौती को स्वीकार किया उनके नाटकों में स्त्री चेतना के दृष्य नाट्य

दृश्य और नाट्य भाषा में प्रमुखता से परिलक्षित होते हैं। मृणाल पाण्डेय कहती हैं कि, ''दरअसल मुझे अपने आरंभिक दोनों नाटक ('मौजूदा हालात को देखते हुए' तथा 'जो राम रचि राखा') 'स्टूडियो पीसेज' लगते हैं। हो सकता है कि नाटककार के रूप में ये नाटक मेरी चेतना के विकास की अनिवार्य मंजिल थी, किन्तु ये नाटक बढ़िया हैं, यह नहीं कहूँगी। इनमें नाटकीय कथ्य ज़रूर हैं , किन्तु ये गायक के रियाज की तरह हैं। अलबत्ता 'आदमी जो मछुआरा नहीं था' को मैने बड़ी मेहनत से लिखा और मुझे लगता है इसमें काफी संभावनाएँ है।''5स्त्री निर्देशकों ने हर तरह के नाटकों की प्रस्तुति की है। हर निर्देशक की अपनी एक पद्धति/ शैली होती है, काम करने का तरीका होता है जैसे-कार्यशाला में तैयार करके की जाने वाली प्रस्तुति, किसी विषय पर कल्पनाओं के आधार पर नाटक तैयार करना आदि। यह प्रक्रिया नाट्यलेख के चुनाव से शुरू होकर बतौर एक निर्देशक स्त्री अपने नाटक को पृष्ठ से मंच (Page to Stage) तक कैसे ले जाती है, यह गौर करने लायक है। उनकी अपनी निर्देशन पद्धति होती है। कुशल निर्देशन का उदाहरण नादिरा बब्बर के नाटकों में दीखता है। उदाहरण रूप में देखें तो नादिरा ज़हीर बब्बर का 'दयाशंकर की डायरी' है। इस नाटक में मंच को तीन हिस्सों में बांटा गया है- मंच की बाईं ओर ऑफिस, दाहिनी ओर घर और पिछले हिस्से में स्टेज को ऊंचाई देकर रेलवे प्लेटफार्म को दर्शाया गया है। ये तीनों दृश्य प्रकाश योजना के द्वारा कथावस्तु के अनुकूल उभरते हैं और अदृश्य हो जाते है। इसके अतिरिक्त बिजली का चमकना, रात का समय दीखाना, पात्रों की मनः स्थितियों को उभारता है। उनका 'ऑपरेशन क्लाउडबस्ट' नाटक, मंचियता की दृष्टि से बहुत प्रभाव छोड़ता है। उनकी 'दयाशंकर की डायरी' के साथ 'सकुबाई' एकल प्रस्तुतियाँ है। ये नाटक अभिनेता के सफल वाचिक अभिनय के साथ मंच-सज्जा पर निर्देशकीय छाप छोड़ते हैं। नादिरा बब्बर ने कि महिलाओं की सामाजिक स्थिति और उसके बारे में पारम्परिक सोच के कारण रंगकर्म में महिलाओं की सक्रियता कम होने की बात की है। पिछले पाँच दशकों से हिंदी नाटक और रंगमंच के साथ जुडी रेखा जैन ने ना केवल नाट्यलेखन किया बल्कि अभिनेत्री, निर्देशिका, नाटक निर्माता के रूप में अपनी स्वतंत्र पहचान बनायी। आरम्भ में शम्भू मित्र केनिर्देशन में 'अंतिम अभिलाषा' नाटक में अभिनय करके अपने नाट्यकर्म की शुरूआत की। उन्होंने शुजालपुर, कलकत्ता, मुम्बई, इलाहाबाद और दिल्ली आदि की यात्रा कर अंततः दिल्ली आकर बाल नाटककार और निर्देशक के रूप में ख्याति अर्जित की। 'दिल्ली चिल्ड्रेन थिएटर' में अनेक तरह के बाल नाटक लिखते - खेलते हुए उन्होंने 1971 में 'उमंग'की स्थापना की। रेखा जैन नाटकों का लेखन और निर्देशन इस प्रकार करती हैं कि उससे बच्चों को अपनी छिपी क्षमता पहचानने की प्रेरणा प्राप्त होती है। इस संदर्भ में वह स्वयं कहती हैं- ''बच्चों के लिए कुछ भी लिखते समय हम जो भी घटनाएँ, चरित्र और परिवेश लें, तो इस बात का ध्यान रखना बहुत जरूरी है कि बच्चों को खुलेपन का अहसास हो, उनका कोमल मन कल्पना में विचरण कर सके और साथ ही उसकी सर्जनात्मक भावना को विकसित होने का भरपूर अवसर मिलें। परम्परा से चली आती कथाओं, कविताओं का संग्रह या उनकी यांत्रिक पुनरावृति नहीं, उनकी कल्पनाशील पुनर्रचना आज की आवश्यकता है।''6दिल्ली में रहकर उन्होंने बाल-रंगमंच संबंधी बहुत काम किया। इप्टा की स्थापना के पीछे जो लम्बी प्रक्रिया थी, उसके कई आयामों की रेखा जैन साक्षी थी। इप्टा में नाट्य प्रशिक्षक के तौर पर काम करते हुए विविध प्रयोगों के कारण एक प्रकार की गति निर्मित हुई। इस संदर्भ में पंचानन पाठक कहते हैं- ''रंगकर्मियों में लगाव और परिश्रम की कमी नहीं थी, परन्तु बहुत कुछ ढीला-ढाला चल रहा था। रेखाजी के सक्रिय सहयोग, उनकी कार्य करने की प्रबल इच्छा तथा आदर्शो के प्रति उनकी दृढ धारणा ने इलाहाबाद के प्रगतिवादी रंगमंच को एक प्रकार की सुरुचिपूर्ण उर्जस्विता प्रदान की। रंगकारी में एक ऐसी गति, एक ऐसा अभियान, ऐसा उत्साह जागृत हुआ जो पहले कभी नही था।''7

नाट्य समूह 'अलरिप्पू' (नई दिल्ली) की निर्देशिका त्रिपुरारी शर्मा ने 1979 में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से स्नातक की उपाधि हासिल कर अपनी रंगयात्रा का आरम्भ किया। रंगमंच संबंधी विविध क्षेत्रों (रेडियो, दूरदर्शन, टेलीफिल्म) के लिए पटकथा एवं संवाद लेखन का कार्य किया। बीजिंग में सम्पन्न 'अंतर्राष्ट्रीय महिला कांफ्रेंस की एक वर्ष के लिए सदस्य और रंगकला परियोजना की संयोजक के रूप में उन्होंने काम किया। रंगमंच के साथ, रंगमंच की शिक्षिका तथा निर्देशक के रूप में रहते हुए कई मौलिक नाटक भी लिखे। 'अक्स पहेली', 'विक्रमादित्य का न्यायासन', 'बिरसा मुंडा', 'काठ की गाडी', 'रेशमी रूमाल', 'बहु', 'पोशाक', 'सन् सत्तावन का किस्सा: अजिजुनिसा' आदि प्रसिद्ध नाटक लिखे। अपने परिवेश के साथ जुड़कर सारोकार से नाटक लिखकर स्त्री मन की अभिव्यक्ति प्रकारांतर से की।नाटककार, निर्देशक, नाट्य प्रशिक्षक और अध्यापिका के रूप में कार्यरत गिरीश रस्तोगी का हिंदी नाटकं और रंगमंच के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान रहा है। 1968 में 'रूपांतरण' नाट्य मंच की स्थापना कर उपन्यास, कहानी तथा कविता से नाट्य रूपांतरण किया बीस से अधिक नाट्य समीक्षात्मक पुस्तकों का लेखन तथा विविध पत्र-पत्रिकायों में समकालीन नाट्य साहित्य एवं रंगमंच की गतिविधियों पर समीक्षात्मक लेखन कर हिंदी नाटक और रंगमंच को नई दिशा देने का काम गिरीश रस्तोगी ने किया।

नाटक अपने आप में एक विमर्श का माध्यम है। जब कोई स्त्री निर्देशक इस माध्यम को अपने अभिव्यक्ति के लिए चुनती है तो बात अपने आप में विशेष बन जाती है। उसका स्त्री प्रश्नों तथा स्त्री विमर्श के प्रति क्या नजरिया है, यह देखना आवश्यक है क्योंकि स्त्री विमर्श के प्रति उसकी जो भूमिका है, उसका प्रतिबिंब उस स्त्री निर्देशक के नाट्य निर्देशन में जरूर देखा जा सकता है। उनके निर्देशित नाटकों के माध्यम से भी उनकी स्त्री विमर्श के प्रति जो भूमिका है, उसे व्याख्यायित किया जा सकता है। नाटक के चुनाव से लेकर प्रस्तुति तक की प्रक्रिया हर निर्देशक की अलग होती हैं। अनुराधा कपूर, त्रिपुरारी शर्मा, माया राव, अनामिका हक्सर, अमाल अल्लाना, नीलम मान सिंह चौधरी, कीर्ति जैन इत्यादि ने इस दौर में उल्लेखनीय काम किया है, खासकर जेंडर का मसला जो इनकी प्रस्तुतियों में देखने को मिलता है, अन्यत्र दुर्लभ है और ऐसी प्रस्तुतियों के लिये इन्होंने प्रस्तुति के फार्म में बदलाव किया। 'महिला निर्देशकों ने जेंडर के जिन प्रश्नों को मंच पर लाया, उन्हें आधुनिक प्रदर्शनों में अब तक संबोधित ही नहीं किया गया था। इस प्रकार के काम से दो बातें सामने आयी। इसने अपने विषय पर इस तरह से विचार किया जैसे कि इन अनुभवों का अधिकांश हिस्सा अब तक अदृश्य रहा हो और तब इन अनुभवों को ऐसे प्रस्तुत किया गया जिसने प्रचलित प्रदर्शन आख्यान को विस्थापित कर दिया।

**हिंदी रंगमंच में स्त्री निर्देशकों की समस्याएं**

पुरुषवादी समाज में जहाँ स्त्रियों का शोषण होता रहा है, वहाँ रंगमंच जैसे क्षेत्र में स्त्रियों को अपना अस्तित्व स्थापित करने में अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उनके काम का आकलन ज्यादातर स्त्री होने के परिप्रेक्ष्य में ही किया जाता रहा है। हिंदी रंगमंच के क्षेत्र में स्त्री निर्देशिकाओं की कमी का कारण, रंगमंच में स्त्री-पुरुष असमानता और आर्थिक आय की कमी का होना है। आज भी हमारे समाज में स्त्री-पुरुष असमानता बनी हुई है जो हर क्षेत्र में देखने को मिलती है। जाहिर है कि रंगमंच इससे अछूता नहीं है, यहाँ भी यह भावना सदैव रही है। साथ ही हिंदी रंगमंच में आय की समस्या सदैव रही है, एक निर्देशक के समक्ष कोई भी नाटक चयन करने से पूर्व उसके मंचन की समस्या होती है, संसाधनों के लिए जूझना पड़ता है। साथ ही एक स्त्री निर्देशक को घर-परिवार की जिम्मेदारियों को भी निभाना पड़ता है। वर्तमान समय में जहाँ एक ओर स्त्री को स्वतंत्रता मिली है वहीं दूसरी ओर उसका शोषण करने में हमारे समाज ने कोई कसर नहीं छोड़ी। स्त्री विमर्श, स्त्री शोषण के खिलाफ उसे मनुष्य के रूप में देखने समझने व उसके अधिकारों के लिए एक मुहिम है। आज पूरे विश्व का यह एक ज्वलंत मुद्दा बना हुआ है, जिस पर पिछले कई वर्षों से विचार विमर्श चला आ रहा है जो नाटकों में भी भलीभाँति दृष्टव्य है। बदलते समय के साथ आज हम आधुनिकता, उत्तर-आधुनिकता की बात कर रहे हैं, किन्तु विचारों से हम कितने आधुनिक हैं? यह एक बडा सवाल है। आज भी हिंदी रंगमंच में स्त्री निर्देशिकाओं को वो स्थान क्यों नहीं मिल पा रहा है? जो पुरुष निर्देशकों को मिलता है।

******

**संदर्भ –सूची**

1.रंग प्रसंग, वर्ष 2014, सं. रत्न थियम, पृष्ठ संख्या- 69
2.आनंद, महेश, रंग दस्तावेज: सौ साल-1, पृष्ठ संख्या- 292
3.रंग प्रसंग, वर्ष 2013, सं. रत्न थियम, पृष्ठ संख्या-243
4.हिंदी नाटक और रंगमंच, समकालीन परिदृश्य, डॉ. ब्रजराज किशोर, पृष्ठ संख्या-127
5.नटरंग, अर्धशती विशेषांक , अंक 50, 52, मार्च-दिसम्बर 1989, पृष्ठ संख्या-73
6.रंग व्यक्तित्व माला, रेखा जैन और महेश आनंद, पृष्ठ संख्या-85
7.रंग व्यक्तित्व माला, रेखा जैन और महेश आनंद, पृष्ठ संख्या-85

# हरिवंश राय बच्चन की आत्मकथाओं में भाषा-वैशिष्ट के सामाजिक स्वरूप का अध्ययन

**अनुराधा शुक्ला**
(शोधार्थी हिंदी)
पंडित एस. एन. शुक्ला विश्वविद्यालय
शहडोल, (मध्य प्रदेश)

**सारांश :** भाषा एवं समाज का आपस में गहरा संबंध होता है। हम भाषा को समाज से और समाज को भाषा से अलग नहीं कर सकते मानव सभ्यता के विकास के साथ-साथ भाषा का विकास हुआ, जिसके माध्यम से मनुष्य के सब प्रकार के सामाजिक सांस्कृतिक व्यवहारों की अभिव्यक्ति मिली। इतना ही नहीं भाषा के माध्यम से ही प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन की सामाजिक स्थितियों एवं संस्कृति से संपर्क स्थापित करता है।" साहित्यकार भी एक सामाजिक प्राणी होता है जब समाज में जन्म लेता है तो वह दुनिया की विविध परिस्थितियों से अनभिज्ञ रहता है धीरे-धीरे समाज में उसका विकास होता है और वह समाज से अच्छी बुरी चीजों को ग्रहण करता है। अच्छे और बुरे का फर्क समझता है। इसी समाजीकरण के दौरान उसकी समाज के प्रति अपनी एक दृष्टि बनती है या कह सकते हैं कि उसकी अपनी खास दृष्टि का निर्माण होता है। डॉ हरिवंश राय बच्चन के गद्य रचना में एक ओर इलाहाबाद की लोक संस्कृति का योगदान है तो दूसरी ओर पारिवारिक पृष्ठभूमि एवं स्वयं की साहित्य साधना। काव्य की तरह ही उनकी आत्मकथा के गद्य में भी भाषा का जो स्वरूप है वह बच्चन के जीवन की कहानी को लोक जीवन से जोड़ती है यह कवि बच्चन की सबसे बड़ी उपलब्धि है कि वे गद्य में भी जीवंतता लाने में सक्षम हुए हैं।"अजित कुमार ने बच्चन की आत्मकथा के गद्य के बारे में लिखा है - जो बात इस कृति के बारे में कही जानी चाहिए यह है कि इसका गद्य अद्भुत अपूर्व है और कि वह गद्य की कवियों की कसौटी है। जैसी पारंपरिक उक्ति को नए सिरे से प्रमाणित करता है। इसकी पड़ताल का मतलब होगा गद्यकार बच्चन को समझने के साथ-साथ कवि बच्चन का भी अपने लिए पुनः आविष्कार करना । यह भली-भांति जानना की हिंदी की गद्य रचना को गद्य की व्याकरणिक विन्यास से अपनी कविता में पूरी सामर्थ्य के साथ उतारने वाला व्यक्ति ही -मैं गाता हूं इसलिए जवानी मेरी... इसलिए खड़ा रहा कि तुम मुझे पुकार लो... आज मल्हार कहीं तुम छेड़े, मेरे नयन भरे आते है आदि की प्रत्यक्षता को तीखेपन से पाठक श्रोता के मन में उतार देने वाले कवि ही इतना सजीव सशक्त गद्य रचना कर सकता था।

**बीज शब्द** - सशक्त, समाजीकरण, सौंदर्य, साक्षात्कार, जीवंतता।

**प्रस्तावना -** परिवर्तन संसार का शाश्वत सत्य है। यही सत्य मनुष्य के विकास की दूरी है। क्योंकि भाषा का संबंध मनुष्य के विकास से जुड़ा होता है। अतः भाषा के स्तर पर भी हमेशा परिवर्तन होता रहता है। यही कारण है कि समाज के सुव्यवस्थित एवं संगठित होने के साथ-साथ भाषा भी परिष्कृत एवं नए रूपों में चमत्कृत होती रहती है समाज में रहने वाला रचनाकार इस भाषा को अपने ढंग से ग्रहण करता है और इसे अपनी रचनाओं के माध्यम से अभिव्यक्त करता है। विभिन्न रचनाकारों की भाषा में काफी अंतर होता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि एक तरफ काल विभेद के कारण उनके द्वारा आत्मसात भाषा के स्वरूप में परिवर्तन होता रहता है। एक ही कालखंड में रहने वाले रचनाकारों की भाषा में जो अंतर दिखाई पड़ता है उसके पीछे उसके पारिवारिक संस्कारों एवं व्यक्तिव अनुभूतियों का बहुत बड़ा हाथ होता है। और यही कारण है कि बड़े-बड़े साहित्यकारों जैसे तुलसीदास, कबीरदास, सूरदास, मीराबाई, निराला, पंत, महादेवी वर्मा, अज्ञेय, प्रेमचंद, बच्चन आदि की रचनाओं की भाषा में आसमान जमीन का अंतर है। ऐसा इसलिए है क्योंकि प्रत्येक रचनाकार की समाजीकरण की प्रक्रिया भिन्न है।

साहित्यकार भी एक सामाजिक प्राणी होता है। जब समाज में जन्म लेता है तो वह दुनिया की विविध परिस्थितियों से अनभिज्ञ रहता है धीरे-धीरे समाज में उसका विकास होता है और वह समाज से अच्छी और बुरी चीजों को ग्रहण करता है अच्छे और बुरे का फर्क समझता है। इसी सामाजिकरण के दौरान उसकी प्रगति एवं समाज के प्रति अपनी एक दृष्टि बनती है या यह कह सकते हैं कि उनकी अपनी खास दृष्टि का निर्माण होता है इस दृष्टि में समाज की तमाम चीजें समाहित होती हैं। उनकी दृष्टि के निर्माण में भाषा की मुख्य भूमिका होती है। इस प्रकार रचनाकार के सामाजिकरण के दौरान ही उसकी अपनी भाषा का निर्माण हो जाता है। जिसके तहत वह रचना करता है। इस रचना पर उसके समाज और उसकी परिस्थितियों का जबरदस्त प्रभाव रहता है। "मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि बचपन में जो संस्कार बन जाते हैं परिस्थितियां बदल जाने पर भी उसका असर व्यक्ति पर किसी न किसी रूप में और मात्रा में बना रहता है।" बच्चन की जीवन और साहित्य से परिचित व्यक्ति जानते हैं कि सादगी स्वच्छता का जो सौंदर्य बोध उन्हें बचपन एवं तरुणाई में मिला वह उनके व्यक्तित्व का तो अटूट हिस्सा था ही उसके काव्य का भी था उसी सौंदर्य बोध से निर्मित सादा और स्वच्छ गद्य उनकी आत्मकथा की आत्मा है।

बच्चन के विपुल शब्द भंडार में उर्दू फारसी एवं संस्कृत के शब्द भी हैं। किंतु ये शब्द सरल और जन प्रचलित के हैं। इन्होंने स्वयं ही लिखा है कि थोड़ी उर्दू फारसी थोड़ी संस्कृत जानने का प्रभाव मेरी भाषा पर अच्छा पड़ा। उर्दू के शब्दों से मुझे कभी परिवेश नहीं रहा। ज्यादा उर्दू ना जाने के कारण मेरी कविता में कभी ऐसे शब्द नहीं आए जो हिंदी की प्रकृति पर अत्याचार करते जान पड़े। उसी प्रकार संस्कृति का भी कम ज्ञान मेरे लिए उपयोगी सिद्ध हुआ है। ना तो मैं संस्कृत से ऐसा अनभिज्ञ हूं कि साधारण और प्रचलित तथा भावउद्बोधक और सुंदर शब्दों का प्रयोग ना कर सकूं और ना मैं इतनी संस्कृत जानता हूं कि बड़े-बड़े शब्दों को लेकर रख दूं की उनका अर्थ देखने के लिए कोश उठाना पड़े।बच्चन की बातों से स्पष्ट है कि उनकी भाषा का झुकाव ना तो उर्दू की तरफ है ना संस्कृत की तरह। वे अब ऐसी भाषा लिखने को पक्षधर रहे हैं कि जो किसी भी प्रकार के तामझाम से मुक्त हो। उन्होंने लिखा है कि भाषा के संबंध में मुझे अपने परिवार और परिवेश से जो संस्कार मिले हैं उनमें अनुदारता और संकीर्णताओं के लिए कोई जगह नहीं है। और यही कारण है कि बच्चन ने सभी प्रकार की भाषा संबंधी संकीर्णता से मुक्त होकर सर्वसाधारण की लोक भाषा से पोषित हिंदी को महत्व दिया। उन्होंने अपनी रचनाओं में ऐसी भाषा का प्रयोग किया जो हिंदी भाषी किसी भी वर्ग के लोगों को सरलता से समझ में आ जाए। उनकी आत्मकथा की लोकप्रियता के पीछे इस सरल भाषा का महत्वपूर्ण स्थान है।अब महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि आखिर बच्चन ने जनमानस की बोलचाल की भाषा को ही अपनी रचना का आधार क्यों बनाया? इसका प्रमुख कारण यह है कि बच्चन से पहले छायावादी युग की अधिकांश रचनाओं की भाषा जनसाधारण की समझ से परे थी। इस तरह से यह प्रबुद्ध वर्ग की भाषा थी। यही कारण था कि इस समय की रचनाओं का पाठक वर्ग सीमित था। ऐसे समय में बच्चन ने महसूस किया कि ऐसी भाषा को रचना के माध्यम बनाया जाए जो अधिकांश लोगों के बीच बोली और समझी जाती है। उन्होंने जनसामान्य की बोलचाल की भाषा के महत्व को समझा एवं एक विशाल पाठक वर्ग के निर्माण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया।

सर्वप्रथम इन्होंने इस तरह की भाषा का प्रयोग का विसर्जन करते समय किया। उन्हें सफलता मिली और पाठक समुदाय के बीच उनका तारतम्य स्थापित हुआ। लोगों ने सहर्ष दिल से उन्हें अपना जनकवि मान लिया क्योंकि वह जनसाधारण की बोलचाल से सजी हिंदी में एक लय में काव्य पाठ सुना रहे थे। जब वे सफलता के सर्वोच्च शिखर पर स्थापित हो गए और लोगों की दिलचस्पी उनकी अपनी रचनाओं से होते हुए उनके व्यक्तिगत जीवन की ओर बढ़ी तब उन्होंने अपनी आत्मकथा लिखने की सोची। एक बार फिर उनके सामने यह महत्वपूर्ण सवाल उठ खड़ा हुआ कि आत्मकथा की भाषा का स्वरूप कैसा हो? इस पर उन्होंने काफी मंथन भी किया। एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा है - "जब लिखने की नौबत आई मुझे मालूम हुआ कि इसमें बहुत सारी खोज करनी पड़ेगी माध्यम की शब्द की मुहावरे की ताकि अपने आपको दूसरों के सामने रख सकूं। लिखने का मतलब यह था कि अपने को भी देखूं और अपने को दूसरों के सामने प्रस्तुत भी करूं। इन दोनों के भीतर जो साम्य लाना था। वह बहुत बड़ी समस्या थी जिसे आत्मकथा लेखक ही समझ सकेगा।

जब आप कभी अपना आत्मचित्रण करेंगे तो आपको पता चलेगा कि आप अपने लिए क्या और दूसरों के लिए क्या हैं, इन दोनों में इतना अंतर दिखेगा की उसे मिटाने के लिए आपको शब्दों की बहुत बड़ी चुनौती लेनी पड़ेगी अभिव्यक्ति के बहुत बड़े संघर्ष को झेलना पड़ेगा जो मैंने बहुत हद तक अपना आत्म चिंतन कर अपना आत्म चित्रण करते समय झेला है।" बच्चन ने आत्मकथा लिखते समय जिन प्रश्नों की चुनौती का सामना किया वह स्वाभाविक है। जनसाधारण की सरल लोक भाषा से पोषित हिंदी में रचना करना भी सरल कार्य नहीं है। इसके लिए एक ओर जहां प्रतिभा की जरूरत है वही अपनी संस्कृति पर गहरी पकड़ भी जरूरी है। एक साधारण व्यक्ति से असाधारण व्यक्ति बनने की प्रक्रिया का नाम बच्चन है। अत: बच्चन के दिमाग में यह अवश्य रहा होगा कि ऐसी भाषा से अपने जीवन की कथा कही जाए जो अन्य लोगों की जीवंतता से जुड़ जाए। इस प्रक्रिया में वे सफल भी रहे और उनकी आत्मकथा काफी लोकप्रिय भी हुई।

निःसंदेह बच्चन की सफलता के पीछे उनकी उस जादुई भाषा का कमाल था जो सरल सहज एवं अवध की लोक संस्कृति से पोषित थी। बहुत पहले आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने सरल भाषा की महत्ता को स्वीकारते हुए लिखा था - "इस दशा में हमारी राय है कि इस समय हिंदी में जितनी पुस्तकें लिखी जाए खूब सरल भाषा में लिखी जाएं। यथासंभव उनमें संस्कृत के कठिन शब्द ना आने पावें। क्योंकि जब लोग सीधी सादी भाषा की पुस्तकों को नहीं पढ़ते तब वे क्लिष्ट भाषा की पुस्तकों को क्यों छूना चाहे। जो शब्द बोलचाल में आते हैं फिर चाहे वे फारसी हों चाहे अरबी के हों चाहे अंग्रेजी के हों उनका प्रयोग बुरा नहीं कहा जा सकता। पुस्तक लिखने का मतलब सिर्फ यह है कि उसमें जो कुछ लिखा गया है उसे लोग समझ सके। यदि वह समझ में ना आया अथवा क्लिष्टता के कारण इसे किसी ने ना पढ़ा तो लेखक की मेहनत की बर्बादी होती है।"

बच्चन जी का जन्म इलाहाबाद में हुआ था और उनकी मातृभाषा भी अवधि थी। इस कारण उनकी आत्मकथा में अवध की लोक संस्कृति के तत्व उभर कर सामने आए हैं। यह तत्व भाषा से लेकर लोक प्रसंगों तक है। अवध की लोक संस्कृति ने बच्चन की भाषा को एक नई चेतना दी है। बच्चन की आत्मकथा में वर्णित लोक भाषा का तत्व उनकी निम्नलिखित पंक्तियों में देखा जा सकता है - "लड़की का नाम चंपा था। विवाह के समय चंपा को देखने मुझे याद नहीं। सुना जाता था कि आग भाभुका का जैसा उसका रंग है। और वह बहुत सुंदर है। कर्कल का विवाह तो हो गया था, पर उनका गौना पांच छः साल बाद होने को था। विवाह किसी एक बात मुझे याद है; लड़की वाले के यहां खाना जो परोसा गया था अलोना था...राम रस यानी नमक अलग से परोसा गया था। ब्राह्मणों के यहां यह रिवाज था कि सब्जियां इत्यादि बगैर नमक के पकाई जाए और परोसी जाए। ऐसा विश्वास था कि अलोने भोजन को छूत नहीं लगती।"

उपयुक्त पंक्तियों में साधारण सी परंपरा को जिस भाषा के साथ प्रस्तुत किया गया है, उससे लोक संस्कृति की खुशबू आती है। यह खुशबू आत्मीयता से भर देती है। आग भभूका, अलोना, राम रस, आदि शब्द रोजमर्रा के जीवन में व्यवहार किए जाने वाले शब्द हैं। बच्चन के गद्य की यह खासियत रही है कि वह पाठक समुदाय को एक अलग तरह की निजता का बोध कराता है। साथ ही किसी भी वर्णन को रोचकता एवं जीवंतता से भर देता है। भाषा की कसावट एवं संप्रेषण बच्चन की आत्मकथा में सर्वत्र फैली हुई है। इसे एक और उदाहरण के द्वारा समझा जा सकता है। जिसमें किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व का चित्रण है - "पंडित विश्राम तिवारी जिला इलाहाबाद की तहसील हंडिया के गांव मर्रो के निवासी थे। हंडिया के तहसीली स्कूल से उन्होंने मिडिल पास किया था। और उनके बारे में यह कहा जाता है कि जब वह नॉर्मल पढ़ने के लिए, नॉर्मल मिडिलचियों के लिए टीचर ट्रेनिंग कोर्स था। अपने गांव से पैदल चलकर इलाहाबाद आए थे तो जमुना के पुल को देख इन्होंने अचरज से मुंह बना लिया था। रियल का इतना बड़ा पुल देखने का उनके जीवन में यह पहला अवसर था - कहा था ओऽखो: सौ रुपया के तो ए में लोहे लाग होई। यानी मजदूरी ऊपर से। पंडित जी के दिमाग की सीमा, संकरी सूझ बूझ और गबदीपने की कल्पना उनके इस एक वाक्य से ही की जा सकती हैं; पर प्रायः ऐसे ही लोगों पर शहर का रंग बड़ी जल्दी चढ़ता है।"

बच्चन जी ने इसी प्रकार का शब्द चित्र विभिन्न स्थानों के वर्णन करते समय खींचा है। जब वे अपने विदेश प्रवास के दौरान घूमी गई जगहों का वर्णन करते हैं तो वह वर्णन वहां की खास विशेषताओं का चित्र खींच लेता है।

उनकी आत्मकथा में समाज के स्वरूप के बदलाव के साथ -साथ भाषा का भी रूप बदलता नजर आता है। आत्मकथा के पहले दो खंडों में भाषा का जो रूप है, वह बाद के दो खंडों में नहीं है। इसका कारण यह है कि प्रथम दो खंडों में लोक जीवन के तत्व ज्यादा हैं। अतः उनके वर्णन में उस लोकजीवन की भाषा के कुछ खास-खास शब्द मुहावरे और लोकोक्तियां प्रयुक्त हुई हैं लेकिन अंतिम दो खंडों में खासकर अंतिम भाग दशद्वार से सोपान तक में लोग तत्वों के चित्रण के अभाव में भाषा का वह रूप उभर कर सामने नहीं आ पाया है। यहां पर मेरा मतलब यह है कि अंतिम दो खंडों में लोग जीवन के तत्व नहीं है। पहले दो खंडों की तुलना में काफी कम है। खासकर अंतिम खंड में समाज के स्वरूप में परिवर्तन के कारण भाषा में भी परिवर्तन आया है। यह भाषा उस समाज की खास विशेषताओं को समाए हुए हैं। क्योंकि चारों खंडों के लेखक बच्चन ही है, अतः भाषा उस समाज की खास विशेषताओं को धारण करते हुए जीवंतता के साथ प्रस्तुत हुई है।

******

**संदर्भ ग्रंथ:**


1. भाषा और समाज रामविलास शर्मा राजकमल प्रकाशन प्रा. लि. दरियागंज नई दिल्ली - 110002
2. हरिवंश राय बच्चन की साहित्य साधना सं. पुष्पा भारती में संकलित लेख अजित कुमार का लेख कवि बच्चन की आत्मकथा से उद्धत पृष्ठ 125।
3. बच्चन की आत्मकथा पूर्वाध लेख, गोपेश्वर सिंह कसौटी अंक 15 पृष्ठ 400
4. बच्चन रचनावली भाग 6 सं. अजित कुमार राजकमल प्रकाशन प्रा. लि. दरियागंज नई दिल्ली पृष्ठ 220, 212
5. भूमिका स्वाधीनता आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी द्विवेदी रचनावली सं. भारत यायावर भाग 10 पृष्ठ 116
6. क्या भूलूं क्या याद करूं – हरिवंश राय बच्चन पृष्ठ 144
7. क्या भूलूं क्या याद करूं – हरिवंश राय बच्चन पृष्ठ 131

# परशुराम शुक्ल के बाल कहानियों में निहित नैतिक सन्देश

**डॉ.बी.कामकोटी**
शोध निर्देशक
सह-आचार्य एवं हिन्दी विभाग अध्यक्षा,हिन्दी विभाग
अण्णामलै विश्वविद्यालय
अण्णामलै नगर,चिदम्बरम,तमिलनाडु

**ए.आर.मुत्तुनाच्चम्मै**
शोध छात्रा
अण्णामलै विश्वविद्यालय
अण्णामलै नगर,चिदम्बरम,तमिलनाडु

बच्चे राष्ट्र की सम्पत्ती और रीढ हैं। किसी भी राष्ट्र का भविष्य उस राष्ट्र के बच्चों की उचित शिक्षा - दीक्षा , भरण-पोषण व सही मार्गदर्शण पर निर्भर करना है। बाल साहित्य के माध्यम से एक प्रबुद्ध पीढी के निर्माण का कार्य किया जा सकता है। बाल साहित्य की कई विधाओं में बाल कहानी का महत्व पूर्ण स्थान है। बाल कहानियाँ अनेक प्रकार की होती हैं - राजा-रानी की बाल कहानियाँ, परियों की बाल कहानियाँ, जासूसी बाल कहानियाँ, ऐतिहासिक बाल कहानियाँ, जीव-जगत की बाल कहानियाँ, वैज्ञानिक बाल कहानियाँ, पौराणिक कहानियाँ ,साहस की कहानियाँ,हास्य परख कहानियाँ,परी कथाएँ,लोक कथाएँ , त्यौहारों और व्यक्तियों की कहानियाँ,सामंती जीवन की कहानियाँ, वैज्ञानिक कहानियाँ, मुहावरेदार कहानियाँ, बाल जीवन की कहानियाँ, ज्ञान कथाएँ, हास्य तथा विनोद की कहानियाँ, प्राचीन कहानियों का पुनः कथन कहानियाँ,वास्तविक जीवन की कहानियाँ, काल्पनिक कहानियाँ जैसी हैं।

आरम्भ में लोक कथाओं का प्रचलन था। घर के बडे-बुजुर्ग, दादा-दादी आदि रात में सोते समय बच्चों को कहानियाँ सुनाते थे। बच्चे जब बडे होकर बुजुर्ग बन जाते हैं तो वे अपने बच्चों को बाल कहानियाँ सुनाते हैं। इस प्रकार ये बाल कहानियाँ एक पीढी से दूसरी पीढी को हस्तान्तरित होती रहती हैं।

इन बाल कहानियों से बच्चों का भरपूर मनोरंजन तो होता ही है , साथ ही उनहें नेकी, ईमानदारी, सत्य, अहिंसा,परोपकार आदि के महत्व की जानकारी भी मिल जाती है। अर्थात् बच्चों का नैतिक विकास भी होता है। इस प्रकार की कहानियाँ प्रायः विचारप्रधान न होकर भावप्रधा होती है। बाल कहानी बच्चों के व्यक्तित्व के विकास में विशेष रूप से सहयोगी होती है, अतः इसका एक उद्देश्य अवश्य होता है।

यह उद्देश्य मनोरंजन हो सकता है, नैतिक शिक्षा हो सकती है अथवा बच्चों का ज्ञानवर्धन हो सकता है। हिन्दी बाल साहित्य में परशुराम शुक्ल का नाम किसी परिचय का मोहताज नहीं है। उन्होंने बच्चों के लिए बाल कविता, बाल कहानी, बाल उपन्यास, बाल नाटक, बाल एकांकी, बाल धारावाहिक आदि विविध विधाओं में सशक्त लेखन करके अपनी अलग पहचान बनाई हैं। इसमें बाल कहानी का महत्वपूर्ण स्थान है। शिक्षाप्रद बाल कहानियाँ वे कहानियाँ हैं , जो बच्चों का जीवन- निर्माण हेतु मार्ग दर्शन करती हैं। यद्यपि बाल साहित्य का प्रधाम उद्देश्यमनोरंजन है, पर सिर्फ मनोरंजन से उनका चरित्र निर्माण नहीं हो सकता। इसलिए मनोरंजन कहानी में शिक्षाप्रद बातें बताना भी साहित्यकार का दायित्व है।डॉ.परशुराम शुक्ल का जन्म 6 जून 1947 को कानपुर जिले के सैबसू गाँव में हुआ। उनका प्रकाशन हिन्दी बाल साहित्य का सैद्धान्तिक विवेचन सहित बाल कहानी, बाल कविता, बाल एकांकी, बाल उपन्यास, बाल धारावाहिक, सूचनत्मक बाल साहित्य पर 250 से अधिक पुस्तकें और 6000 से अधिक स्फुट रचनाएँ प्रकाशित हुई हैं

डॉ.परशुराम शुक्ल ने ऐसी बाल कहानियाँ पर्याप्त मात्रा में लिखी हैं, जिनमें से कुछ इस प्रकार हैं, पुरस्कृत बाल कहानियाँ संकलन में 'बडा कौन है?' ,' सबक' , 'पश्चाताप के आँसू' , 'घमंड का फल' और 'हवाई महल' । ये बाल कहानियाँ यथार्थ पर आधारित हैं। ये कहानियाँ बच्चों का जीवन गढने की दिशा में अपना विशिष्ट महत्व रखती हैं।इनमें कहीं सफलता का रहस्य बताया गया है, कहीं सत्संगति का महत्व है। कहीं मेहनत का फल और कहीं साहस, शौर्य ,श्रम की भी बात कही गई है।

**मित्रता:-**

डॉ. परशुराम शुक्ल जी की बाल कहानी संग्रह की पहली कहानी **"बडा कौन ?"** जिसमें दो प्राकृतिक रूप सागर (समुद्र) और हंस पक्षी की मित्रता के माध्यम से मित्रता के महत्व को रेखांकित किया गया है। वे दोनों एक दूसरे के सुख दुख के साथी हैं।सागर अपने को बडा कहता था और हंस अपने को बडा सूचना देता था। कहा सुनी पर दोनों में विवाद के कारण मन मुटाव हो जाता है। और एक दूसरे से अलग हो जाते हैं। कुछ समय बाद दोनों मित्रों को एक दूसरे की याद आने लगती है। एक दिन लक्षमण और भीमा दोनों पंच रास्ते में सागर के पास बातचीत करते हैं। हंस को सारस-बगुला समझा जाता है। तथा सागर को ताल-तलैया। इसके साथ ही सामाजिक मान-सम्मान कम हो जाता है। इससे दोनों मित्र बहुत दुखी होते हैं। उस समय लक्षमण और भीमा पंचों के प्रयास से सागर और हंस पुनः मिल जाते हैं। उनके मिलते ही उनका खोया हुआ मान-सम्मान भी प्राप्त हो जाता है। तब पंचों में लक्षमण कहता है कि " मित्रों ! अब भविष्य में कभी आपस में झगडा मत करना आपस में लडने से दुख तो होता ही है इसके साथ ही साथ समाज में मान-सम्मान कम हो जाता है।"[1] इस कहानी में यह शिक्षा देने का प्रयास किया जाता है कि हमें आपस में लडाई- झगडा नहीं करने के बिना एक सुर में रहने को कहते हैं।

**उदासी**

दूसरी कहानी **सबक** में गंदी आदत को चित्रित किया गया है। वेटनरी डॉक्टर विक्रम सिंह का बेटा वीरेंद्र समझदार और बुद्धिमान के साथ ही साथ डरपोक भी है। फिर भी उसका स्वभाव ऐसा है कि जीव-जंतुओं को बहुत सताना है। एक बार वीरेंद्र कुत्ते की पूछँ में पटाखे बाँध कर फोड देता है। कुत्ते की उछल-कूद देखकर वीरेंद्र के साथ-साथ आस-पास के लोग भी मजा लेते हैं। उनके मजा को वीरेंद्र कोई अपना तीर-मार समझ लेता है। कुछ समय के बाद सर्दी के एक दिन वीरेंद्र के स्कूल में कुछ कार्यक्रम के कारण देर से घर वापस आता है। रास्ते में एक कुत्ता उसके पाँव काट देता है। पापा इलाज करवाके वीरेंद्र जल्दी ही ठीक हो जाता है। कुछ समय तक सताने को छोडकर रहता है। इसके बाद वीरेंद्र गुलेल तैयार करके उसका ध्यान पक्षियों की ओर चल जाता है। एक दिन गलती से पक्षियों पर रखा निशाना आम के पडों के मालिक हरकिशन पर पड जाता है। इसके कारण हरकिशन के साथ-साथ वीरेंद्र के पापा भी उसको खूब मारता है। इस प्रकार वीरेंद्र अपनी गंदी आदतों के कारण परीक्षा में फेल हो जाता है। दूसरी बार भी कुछ समय तक सताने को छोडकर पढाई में ध्यान देकर अच्छे से परीक्षा देकर अपनी नानी का घर रामपुरा चला जाता है। कुछ दिनों के बाद वहाँ भी अपनी गंदी आदत शुरु करता है। इस बार वीरेंद्र जानवरों ज्यादा से डराता पडा जाता है। वीरेंद्र कहता है कि " कभी नहीं, अब में कभी किसी को नहीं सताऊँगा। पापा...पापा..मुझे बचा लो । "[2] शुक्ल जी इस कहानी के माध्य से कहते हैं कि यहाँ तक कि समझदार और बुद्धिमान लडकों भी कभी-कभी अपनी गंदी आदतों के कारण पढाई छोड देते हैं और साथ ही साथ मम्मी-पापा, पडोसियों और मित्रों भी समझाते हैं पर किसी की बात का प्रभाव नहीं डाला । इस प्रकार का काम करना उन्नति के लिए हानिकारक है।अच्छे काम करो लेकिन बुरा मत करो अगर किसी का अच्छा नहीं कर सको तो बुरा भी न करो ।

**विद्वता से ईर्ष्या**

तीसरी कहानी **पश्चाताप के आँसू** में पंडित दीनदयाल और पंडित जटाशंकर के बीच प्रतिद्वंद्विता को चित्रित किया गया है। पंडित दीनदयाल,पंडित जटाशंकर से अच्छे वक्ता के साथ ही साथ शिक्षक, विद्वान, मृदुभाषी और व्यवहार कुशल भी हैं। पंडित जटाशंकर कथावाचक के साथ ही साथ कुण्डली बनाने और शादी-विवाह आदि काम भी करते हैं। पंडित दीनदयाल प्रवचन के समय कथाओं के माध्यम से नैतिक उपदेश देते हैं। पंडित दीनदयाल की प्रवचन सुनने श्रोतओं की गिनती के साथ ख्याति भी दिन ब दिन बढती जाती है। एक दिन पंडित जटाशंकर उनकी प्रवचन सुनने उनके यहाँ पहुँते हैं। पंडित दीनदयाल उनको हार्तिक स्वागत करते हें। पंडित जटाशंकर उनकी प्रवचन से बिलकुल चकित हो जाते हैं। पंडित जटाशंकर भी पंडित दीनदयाल के समान व्यवहार करने और प्रवचन देने का प्रयास करते हैं किन्तु उन्हें अधिक सफलता नहीं मिलता। कुछ दिनों के बाद पंडित जटाशंकर की पत्नी भागवन्ती भी

प्रवचन सुनने जाती है। तब पंडित जटाशंकर, पंडित दीनदयाल की विद्वता पर ईर्ष्या करते हुए अपमान करता है। फिर भी पंडित दीनदयाल उसका सम्मान करते हुए कहते हैं कि " पंडित जी ! मुझसे अवश्य ही अनजाने में कोई अपराध हुआ है। तभी तो आपने मझ पर क्रोध किया। मेरे अपराध को क्षमा करें। मेरे करण आपको दिखी होना पडा और क्रोध करना पडा। इसके लिए मैं बहुत दुखी हूँ। कृपा करके मुझे क्षमा कर दें और मेरा दोष बतायें, जिससे में अपना दोष दूर कर सकूँ।"[3] परशुराम शुक्ल जी इस कहानी के द्वारा कहते हैं कि हर एक काम में प्रतिस्पर्धा हो सकती हैं,लेकिन ईर्ष्या न करना बेहतर है। ईर्ष्या को छोडकर अपनी प्रतिभा को विकसित करना ही फलदायी सिद्ध हो सकता है।

प्रतिभा

डॉ. परशुराम शुक्ल जी की घमण्ड का फल कहानी में बालक हृदय की झाँकी को प्रस्तुत करते हैं। इस कहानी का मुख्य पात्र पाँच वर्ष का बालक मोहन है। उसके बाबा गंगाराम एक कुम्हार हैं। वे बर्तन और खाली समय पर खिलौना बनाते हैं। सप्ताह में एक बार बाजार जाकर अपने बर्तन और खिलौने को बेचकर परिवार चलाते हैं। गंगाराम खिलौने बनाते समय उसका बेटा मोहन बहुत दिलचस्पी से देख रहा है। एक बार मोहन अपने बाबा से खिलौने बनाने के लिए थोडी सी मिट्टी माँगता है। बाबा मना करते हैं। फिर भी मोहन जिद करके मिट्टी पाता है। पहली बार हाथी और दूसरी बार ऊँट बनाकर अपने बाबा से खिलौने के बारे में पूछता है। तब बाबा कहते हैं कि "बेटा ! तुम्हारा खिलौना अच्छा है, लेकिन बहुत अच्छा नहीं। इससे भी अच्छा खिलौना बनाओ।"[4] इसी प्रकार बार-बार कहते रहते हैं। इस बार गंगाराम अपने खिलौने के साथ ही साथ अपने बेटे का खिलौने भी बाजार ले जाते हैं। पहली बार से दूसरी बार मोहन के खिलौने गंगाराम के खिलौने से भी ज्याद पैसे को बिक जाता है। कुछ समय के बाद मोहन बडा हो जाता है। उसके बाद एक रानी की मूर्ति बनाता है। मोहन अपने बाबा से रानी खिलौने के बारे में पूछता है। उसके बारे में भी बाबा गंगाराम हमेशा की तरह कहते हैं। इसे सुनकर मोहन क्रोध से कहता है कि "बाबा ! तुम झठ बोलते हो। मेरा खिलोना बहुत अच्छा है। इससे अच्छा खिलौना तो बन ही नहीं सकता। तुम्हारा बनाया खिलौना तो केवल आठ आने में बिकता है, जबकि मेरे खिलौने के पाँच रुपये तक मिल जाते है। "[5] इस कहानी के माध्यम से परशुराम शुक्ल जी कहते हैं कि जब हम खुद को दूसरों के साथ तुलना करते हैं तब अपनी कुशल्ता का विकास नहीं होता। बढों के निर्देशों को साथ ही हमारी कुशल्ता का विकास होता है।।

श्रम में जीना

परशुराम शुक्ला जी की कहानी" हवाई महल" भिखारियों के माध्यम से ख्याली पुलाव पकाने और फिर झगडा करने की बात को चित्रित किया जाता है। इस कहानी के मुख्य पात्र दीनू और मोती हैं। दोनों भिखारी हैं। और घनिष्ठ मित्र भी हैं। वे एक साथ रहते हैं। एक दिन उन दोनों को अच्छा और स्वादिष्ट खाना मिलता है। दोनों दोस्त खाने की याद करके अपनी अपनी योजनाओं को प्रकट करते हैं। दिनू खेत खरीद कर उसमें गेहूं पैदा करने की और मोती एक भैंस खरीद कर उसके दूध से घी और मट्ठा बनाने की बात करते हैं। मोती अपनी भैंस को दीनू के खेत में चरने भेज देने को कहता है। पर दीनू अपने खेत में भैंस चराने की अनुमति नहीं देता। इस प्रकार वाद-विवाद करते- करते झगड़ा तक हो जाता है। उनके पास न तो खेत था और न भांस।अभी एक वृद्ध व्यक्ति दोनों भिखारियों की बात सुनकर समझ गया कि वे दोनों कल्पना में खरीदी गई खेत और भैंस के लिए लड़ रहे हैं। तब वृद्ध कहते हैं कि "अभी ना पास में खेत है और न भैंस। तुम व्यर्थ में झगड़ा कर रहे हो। जाओ और प्रेम से रहो।"[6] इस कहानी के माध्यम से परशुराम शुक्ल जी कहते हैं कि बिना कोई काम काल्पनिक बिष्यों पर वकत जाया करके झगडा करने से हमारी ही नुक्सान होगी। हमारी काल्पनिकता से बाहर आकर हमें जीवन की यथार्थ और वास्तविकता पर ध्यान देते हुए भविष्य की विकास की ओर आगे बढना बेहतर है।

इस तरह परशुराम शुक्ल जी अपनी कहानियों के माध्यम से मित्रता, एकता, अनुभूति,सुधार करना, कुशलता बढाना और आज्ञाकारिता आदि सद्गुणों को अपने साथ रखकर लडना,सताना, ईर्ष्या , क्रोध, घमंड , समय बर्बाद करना आदि दुर्गुणों को अपने मन से दूर हटाकरके उज्जवल भविष्य को निर्माण करने को कहते हैं। वे बच्चों की अनुशासन में दोषों को इंगित करने और उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन करने का प्रयास करते हैं। पक्षियों, पशुओं ,पहाडों और सागरों को वाणी देकर उन्हें मानवीय-पात्र के रूप में प्रसतुत करके बाल पाठकों के मन में अच्छे गुण को जगाने का मार्ग दर्शन करते हैं।

*******

**संदर्भ ग्रंथ सूची**


1. पुरस्कृत बाल कहानियाँ - डॉ.परशुराम शुक्ल - पुस्तक वाडिका प्रकाशक,दिल्ली।प्रथम संस्करण 2019
2. पुरस्कृत बाल कहानियाँ - डॉ.परशुराम शुक्ल - पृ.स.12
3. पुरस्कृत बाल कहानियाँ - डॉ.परशुराम शुक्ल - पृ.स.17
4. पुरस्कृत बाल कहानियाँ - डॉ.परशुराम शुक्ल - पृ.स.20
5. पुरस्कृत बाल कहानियाँ - डॉ.परशुराम शुक्ल - पृ.स.22
6. पुरस्कृत बाल कहानियाँ - डॉ.परशुराम शुक्ल - पृ.स.23
7. पुरस्कृत बाल कहानियाँ - डॉ.परशुराम शुक्ल - पृ.स.26


# 'बादल में बारूद' यात्रावृत्तांत का विश्लेषण


**मधुसूदन**

शोधार्थी

मो.91 8904284447


**प्रस्तावना:**

'यात्रा' मनुष्य के जीवन से जुड़ा एक अभिन्न अंग है। प्रति दिन वह यात्रा पर निकलता है। एक साहित्यकार में और एक सामान्य मनुष्य में बस इतना सा अंतर होता है कि साहित्यकार सुक्ष्म से सुक्ष्म बिंदु को भी देख-समझ लेता है मगर सामान्य मनुष्य उसके प्रति बस सरासरी नज़र डालके छोड़ देता है। ऐसी ही पारखी नज़र हिंदी की कथाकार 'मधु कांकरिया' के द्वारा किए गए यात्राओं में हमें देखने मिलता है। एक यात्रा पर उनके द्वारा 'स्व' की तलाश के साथ उस उक्त स्थान का अस्तित्व जानने और समझने के लिए वे व्याकुल होती हैं। प्रकृति और मनुष्य के संबंध से लेकर मनुष्य और संस्कृति एवं सभ्यताओं आदि का भी चित्रण इनके यात्रावृत्तांतों में मिलता है।

'बादलों में बारूद' मधु कांकरिया द्वारा किए गए पूर्वोत्तर भारत के राज्य 'मेघालय' का वृतांत है। इस वृत्तांत में एक ओर शिलांग, चेरापूंजी आदि की प्राकृतिक सुषमा समेटे हुए है तो सन् 47 में मिलटरी द्वारा किए गए भयावह कृत्यों एवं आज भी उस क्षेत्र में हो रहे एनकाउंटर जिसमें इस प्रदेश के एच.एन.एल.सी और वहाँ के सैनिक टुकड़ियों के संघर्ष का भी चित्रण मिलता है। एक राज जब मधु काकरिया अपने साथी 'लक्ष्मण डिंगडा' के घर रैनबसेरे के लिए रुकी होती हैं उसी रात वहाँ एनकाउंटर होने के कारण लेखिका को लगता है कि इतने सौदर्य प्रिय स्थान पर ये एनकाउंटर ये गोलीबारी। उनका मन मसोसकर रह जाता है।

जब लेखिका शिलांग पहुँचती हैं वहाँ उसके साथ स्थानिय 'लक्ष्मण लिंगडा' जो कि मूलतः गारो जनजाति से संबंध रखता है वह बालक। नेपाल से आए हुए प्रेदीप धिंगारे और उनका पुत्र आदित्य तथा असाम गोवाहाटी के आरिफ़ साथ थे।

शिलांग या कहे कि पूर्वोत्तर भारत के खासी, गारो और जटंग पहाड़ी जनजातियों यहाँ बसी हुई है। जहाँ उनकी अपनी संस्कृति, सभ्यता, परंपरा, रीति-रिवाज़, खान-पान, वेश-भूषा, जन-जीवन, श्रम-उद्योग, शिक्षा, आधुनिकीकरण, धर्मांतरण और आतंक आदि को समेटा उनका यह यात्रावृतांत केवल एक शिलांग का नहीं बल्की पूरे सात राज्यों का दर्शन करवाता है।

वैसे देखा जाए तो 'बादलों में बारूद' यात्रावृतांत में कुल नौ वृत्तांत संग्रहित है। किंतु शोधार्थी अपनी सहायता के लिए केवल एक वृत्तांत जिसके शीर्षक के आधार पर ही संपूर्ण पुस्तक का नामकरण


**बीज-शब्द:** वांग्ला-नृत्य, मातृसत्तात्मक व्यवस्था, जर्कसां, लुक-ईस्ट, एच.एन.एल.सी.।


'बादलों में बारूद' का विश्लेषण

*'जिस सभ्यता ने एटम बम का निर्माण किया... वह क्रूर नहीं थी?'* कहने को एटम बम एक आधुनिक वैज्ञानिक आविष्कार है। मगर आज एटम बम के कारण हर साल हज़ारो-करोड़ो लोग, कई सभ्यताएं-संस्कृतियों का नाश इस एटम बम के कारण हुआ या हो रहा है। मगर क्या किसी सभ्यता का अंत केवल बमों के कारण ही हो रहा है। जवाब है नहीं। क्योंकि मनुष्य ने आज किसी सभ्यता या संस्कृति का नाश करने के लिए नए हथियार जैसे आधुनिकीकरण, नवनिर्माण आदि बमों का प्रयोग करने लगे हैं।

आज का मनुष्य अपने निजी स्वार्थ के लिए प्रकृति का दोहन करने लगा है। पेड़ो, पहाड़ो, ज़मीन यहाँ तक की ज़मीन पर बसनेवालो तक को लुटने लगा है। ऐसा ही कुछ मेघालय या पूर्वोत्तर राज्यों का यही हाल है। जहाँ के लोग पहले केवल भात और मांस खाकर रहते थे। उन्हें किसी लालची सभ्यता ने नमक डालकर खाने के लिए दिया और उनकी ज़मीन को हथिया लिया।

'बादलों में बारूद' इसमें शिलांग़ के साथ-साथ मेघालय, नागालैंड, असम, मणिपुर, मिज़ोरम, अरूणाचल प्रदेश अर्थात् संपूर्ण *'ईस्ट स्टेट'* का हाल मिलता है। वहाँ की गौरवपूर्ण संस्कृति, सभ्यता

का चित्रण मिलता है।

इस वृत्तांत को समझने के लिए इसमें प्रमुख मुद्दों/ विषयों के आधार पर किया जा रहा है:-

**१. खासी, गारो और जटंग जानजाति -**

भारत में बहुत से जनजाति जंगलों में बसते हैं। इन आदिवासी जनजातियों की अपनी पहचान है। इनकी अपनी संस्कृति है। सभ्यता है। रीति-रिवाज़ है। मान्यताएं है। इन सभी के साथ इनका अपना अस्तित्व है। आदिवासी संस्कृति प्रकृति और मनुष्य संबंध से जुड़ी हुई है। जिसमें आदिवासी समाज के लोग प्रकृति को पूजनिय योग्य समझते हैं। उनके लिए पेड़, पहाड़ ही उनके देवी-देवता और उनके रक्षक होते हैं। वे अपनी भक्ति दिखाने के लिए किसी मंदिर का सहारा नहीं लेते।

**अ.संस्कृति -**

हर आदिवासी समाज की अपनी संस्कृति है, उनकी सभ्यता है। वैसे ही शिलांग की आदिवासी जनजाति 'गारो' कि भी है। मेघालय में स्थित है *'पहाड़ों के देवता'* शाइलांग का घर जिसे आज 'शिलांग' कहा जाता है।

इस स्थान की कबीलाई संस्कृति की अपनी विशेषता है। संपूर्ण भारत में जहाँ पितृसत्तात्मक सामाजिक व्यवस्था का पालन होता है। वहीं मेघालय एक ऐसा राज्य है जहाँ मातृसत्तात्मक सामाजिक व्यवस्था देखने को मिलती है। इस राज्य में पुत्र अपनी माँ का सरनेम लगाता है। और यहाँ विवाह के पश्चात वर वधु के घर आता है मगर संपूर्ण भारत में वधु ही वर के घर जाती है। संपत्ती पर पुत्र से कई ज्यादा अधिकार पुत्री का होता है, विशेष रूप से छोटी पुत्री का अधिकार सबसे ज्यादा होगा। मेघालय वैसे भी भारत में विलय होने के साथ ही अपनी अलग साख बनाए हुए है। यहाँ की सामाजिक व्यवस्था, प्रकृति का मनोरम चित्र, पारिवारिक व्यवस्था, प्रथाएं इन सभी के कारण और वहाँ का शांत वातावरण, पहाड़ों से बात करते हुए बादल, बादलों से बरसनेवाला पानी, जिनसे ना जाने कितनी ही नदियाँ व प्रपातों का निर्माण होता है।

**आ. बलि-प्रथा-**

आदिवासी आधुनिक जगत से अलग होने के कारण उनके समाज में आज भी बलि-प्रथा का चलन है। वैसे भारत के कई राज्यों, शहरों यहाँ तक की गाँवों में भी यह बलि प्रथा देखी जा सकती है।

मेघालय में गारो जनजाति में यह परंपरा रही कि यहाँ कुछ समय पहले तक पशु बलि के साथ साथ नरबलि का भी चलन था। इस बात को प्रदीप की कथन से समझा जा सकता है 'पशुबलि तो बहुत आम चीज़ है। एक समय तो हम लोग नरबलि तक चढ़ाते थे।'

**इ. वेश-भूषा-खान-पान -**

कबीलाई संस्कृति होने के कारण और हमेश बादल और वर्षा के चलते यहाँ के लोगों की वेशभूषा भी काफ़ी अलग होती है। आज कल फैशन के चलते यहाँ का युवा वर्ग नए कपड़ो की ओर आकार्षित हुआ है मगर यहीं की परंपरागत वेश-भूषा का भी चलन देखने को मिलता है। मेघालय की परंपरागत वेश-भूषा को *'जर्कसां' (कपड़ो पर पहना हुआ चादर नुमा वस्त्र जो ओवरकोट की भाँती लगता है)* कहा जाता है। यहाँ के लोग खाने में मुख्य रूप से मांस और भात(चांवल) का उपयोग करते हैं। मुखवास के रूप में *खासी सुपारी* का प्रयोग करते हैं, जिसे बाहर से गए हुए पर्यटक खा भी नहीं सकते। कारण है यह सुपारी काफ़ी गर्म होती है, जिसे खाते ही माथा घूम जाता है। इसे सिर्फ़ पहाड़ियों के लोग पचा पाते हैं।

**ई. श्रम और जीवन-**

मनुष्य की निजी जरुरत है साँस लेने के लिए हवा, पेट भरने के लिए खाना, और सर छुपाने के लिए घर की जरूरत होती है। यह सब उसे प्रकृति से मिल जाते हैं। मगर इससे परे कि जरूरतों को पूरा करने के लिए उसे श्रम करना पड़ता है। श्रम के मामले में पहाड़ी स्त्रियाँ हर मोर्चे पर दिखाई देती है। घर का काम हो या बाज़ार का। व्यापर हो या बच्चों का पालने-पोषण हर ओर यह स्त्रियाँ मुस्तैदी से तैनात दिखाई देती है। एक ओर जीवन के बंदोबस्त में लगे स्त्री-पुरुष अपने काम में लगी हैं। पत्थर तोड़ते, कुदाल चलाते पीठ पर भारी भरकम टोकरियां ढ़ोती पहाड़िनें हैं। यहाँ जिंदा रहना सच में अत्यंत कठिन काम है। क्योंकि एक ओर पहाड़ी रास्ते अगर ज़रा सा भी ध्यान भटका तो सीधे नीचे पहाड़ी खण्डहरों में। लेखिका एक बात से अचरज में पड़ जाती है। यहाँ के बच्चों के नाक-नक्श को देख कर। क्योंकि ये बच्चे मंगोलियन जैसे दिखते हैं। छोटी-छोटी आंखें और वैसी ही नाक।

**उ. वांग्ला-नृत्य और प्रकृति-**

प्रकृति के अत्यंत निकट होने के कारण आदिवासी समुदाय की सभी पर्व-त्यौहार में प्रकृति शामिल होती है। पूरे भारत में फसल के कटाव के बाद कृषी से जुड़ी अनेको पर्व मनाए जाते हैं और साथ ही पारंपरिक नृत्य व गीत भी होते हैं। ऐसा ही नृत्य मेघालय के गारो जनजाति का है जिसे *'वांग्ला-नृत्य'(फसल के बाद अक्तूबर महीने में मनाया जानेवाला यह नृत्य गारो जननाति का सबसे बड़ा त्यौहार है। यह दो-तीन सप्ताह तक चलता है)* कहा जाता है। मान्यता है कि इस नृत्य के द्वारा गारो समुदाय के लोग *ईश्वर और प्रकृति को कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं।*

**२. प्रकृति-**

मेघालय शब्द का अर्थ ही है 'मेघो का आलय या घर'। जहाँ मेघा यानी बादल का घर हो वहाँ की प्रकृति की शोभा ही अनोखी होती है। चारो ओर ऊचें ऊचें पहाड़, उनके पीछे से निकलनेवाली सूरज की किरणे। पेड़, पशु-पक्षी और वक्त बे वक्त होनीवाली वर्षा जो कभी पानी बरसाती है तो कभी स्नो। प्रकृति से मनुष्य का अटूट संबंध है। आदिवासी समुदाय के हर पर्व में हमें प्रकृति का एकाकार देखने को मिलता है। मनुष्य जब प्रकृति के खोद में जाता है उसे अपने आप से मिलने का मौका और सुकून भरी ज़िंदगी दोनो मिलते हैं। मधु काकंरिया को प्रकृति, पेड़, पहाड़, घाटियाँ, वनस्पती, प्रपात से इतना लगाव है कि वह उन्हें देखते हुए मनुष्य के जीवन के सत्य को खोजने निकल जाती है। शायद प्रकृति के इसी रूप को हमारे पूर्वजों, ऋषी-मुनियों ने देखा हो और एकांत के लिए इन पहाड़ों की ओर निकल पड़े हो। कारण जो भी हो मनुष्य अगर प्रकृति से बात कर पाता तो आज वह उसका दोहन नहीं करता।

मधु कांकरिया मेघालय के प्रकृति को देख मंत्रमुग्ध हो जाती है। वह निस्चेत अपनी ही तलाश में निकल जाती है। उन्हें हमेशा प्रकृति की अनोखी सौंदर्य को देख जगता प्रकृति की सुंदरता ऐसे खुलती है जैसे प्याज़ की एक परत के बाद दुसरे परात खुलता है। मधु कांकरिया लिखती हैं कि 'नीचे नीली घांटियां...वादियां और सामने पर्वतों की हरी -नीली श्रृंखलाएं।...जीवन और स्वप्न जगाती प्रकृति जैसे हमें धरती की धूल-धक्कड़ से ऊपर किसी स्वप्नलोक में उड़ा देन को आतुर थी।' प्रकृति में एक चादुई एहसास होता है। इसकी छाया के केवल वही व्यक्ति पर पड़ती है जो प्रकृति के अधिक निकट है। जो प्रकृति को अपने अंदर जिये। प्रकृति के जितना निकट मनुष्य पहुँचता है, प्रकृति उस पर उतनी ही उदार होती जाती है। एक ही बार में प्रकृति अपना सब कुछ मनुष्य के सामने नहीं रखती। वह भी मनुष्य के स्वार्थ भावनाओं को जानती है। जिस कारण वह उसे ज़रा-ज़रा सा ही देती है। क्योंकि एक बार में ही प्रकृति सब कुछ लुटा देगी तो मनुष्य के अंदर की लालच और ज्यादा कलुषीत होगी।

**३. इतिहास के पृष्ट-**

मेघालय और संपूर्ण पूर्वोत्तर भारत, भारत में होते हुए भी अपनी एकदम अलग साख रखता है। यहाँ के आदिवासी जनजातिया कहती हैं कि उनका खुद का एक राजा और राज्य हुआ करता था जिस पर कोई अन्य राज्य से कोई आंख तक नहीं डालता था। तो यहाँ का नज़ारा ही बदल गया। लेखिका मेघालय और इस प्रदेश के हो रहे इस तरह के कृत्यों को समझने के लिए उस क्षेत्र के इतिहास की परत को खोलने लगती है। '1826 तक आसाम और इस क्षेत्र का एक बड़ा हिस्सा बर्मी साम्राज्य का अंग था। 1947 के बाद राजनीतिक रूप से इसका विलय भारत में हुआ। 1972 के आसपास आसाम का मेघालय, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मिजोराम आदि कई राज्यों में विघटन हुआ पर आज तक ये राज्य राष्ट्र के अभिन्न हिस्से नहीं बन पाए।' सच में आज भी भारत के इन राज्यों को, वहाँ बसनेवाले लोगों को कुछ शक की निगाह से देखा जाता है। शायद इसके लिए गाँधी टोपी और खादी पहने नेता कारण हैं या कोई अन्य कारण। भारते के पूर्वोत्तर राज्य पाँच देशों से अपनी सिमाएं साझा करते हैं। जिनमें कुछ ईस्लामिक, कुछ हिंदु और कम्यूनिष्ट देश शामिल हैं। 1971 में बांग्लादेश की आज़ादी के बाद अमेरिका के हेनरी किसिंजर ने पूर्वोत्तर भारत के इन राज्यों के संदर्भ में घोषणा कि थी कि 'एक और मुस्लिम स्टेट बनने के आसार दिख रहे हैं... जो अब भारत के पूर्वोत्तर से ही निकलेगा।' अगर भारत सरकार ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो शायद किसिंजर की भविष्यवाणी सच हो जाए।

**अ. ईसाइयत का प्रवेश-**

200 साल तक अपनी हुकूमत करनेवाले ब्रिटिश भारत में केवल अपनी सत्ता नहीं वरन् अपने साथ अपने धर्म को भी लेकर आए थे। अपने धर्म के प्रचार के लिए उन्होंने मिशनरियों को नियुक्त किया। और यहाँ के लोगों को अपने धर्म को अपनाने के लिए कहा। मगर उनकी यह चाल भारत देश में तो चल गई मगर नेपाल में वह कामयाब नहीं हो सके। वहाँ से उन्हें खदेड़ दिया गया। वे वहाँ ना अपनी सत्ता कायम कर पाए और ना ही अपने धर्म का प्रचार ही कर सके।

इन पूर्वोत्तर राज्यों के आदिवासियों को मिशनरी बहला-फुसलाकर धर्मांतरण करवा रहे हैं। यहाँ के खासी, गारो और जटंग जनजातियों को वे ईसाइ बना रहे हैं। आज इन राज्यों में मंदिर नहीं चर्चों की स्थापना की होड़ लगी है। हर स्थान का नाम ईसाइयत के नाम में बदला जा रहा है। इस बात की पुष्टि लक्ष्मण के इन बातों से कि जा सकती है 'पिछले पचास वर्षों में मेघालय में ईसाईकरण काफ़ी तेज़ी से हुआ है। मिजोराम के बाद यह दुसरा राज्य है जहां कि 95 फीसदी जनता ईसाई हो गई है।'

**४. समस्याएं-**

भारत के पूर्वोत्तर राज्य अनेकों समस्याओं से ग्रस्त हैं। जिनमें वहाँ के लोगों के जीवन से लेकर उनके बच्चों की स्कूली शिक्षा, नौकरी, आदि है। किंतु इनके अलावा भी वहाँ के कुछ अन्य समस्याएं भी नज़र आती हैं जैसे वहां के संस्कृति का नाश, वहां के वन्य जीवों पर खतरा, पहाड़ों के कारण होनेवाली जान-माल की हानि।

**अ. धर्मांतरण-**

इन राज्यों में इतनी त्वरीत गति से धर्मांतरण हो रहा है कि वहां की आदिवासी जनजातियों की संस्कृति पर आज खतरे के बादल दिखाई दे रहे है। ईसाइकरण के कारण और सरकार द्वारा किए गए भेदभाव के कारण वहां के लोग मजबूर होकर अपने बच्चों को इन्हीं मिशनरियों के स्कूल में भेज देते हैं जिसके कारण उन्हें शिक्षा तो मिलती है मगर उन्हें अपनी संस्कृति से दुर किया जाता है।

**आ. प्रगति का नारा-**

पिछड़े हुए वर्ग को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने के नाम पर अपना जेब भरनेवाले टाटा, बिर्ला जैसे व्यापरपरस्त लोगों, प्रगति के नाम पर देश में राजनीति करनेवाले नेताओं, प्रगति का नारा देकर क्षेत्र को लुटनेवाले चटुकारों-पूँजिपतियों सरकारों के बीच स्थानिय जनता पिसती है। मेघालय भी प्रगति के नाम पर आज अपनी सुंदर पहाड़-प्रकृति की रमणियता खो रहा है। वहाँ के ऊँचे-ऊँचे मिनारनुमा पहाड़ आज ढंह रहे हैं। प्रगति का नाम लेकर पेड़ काटे जा रहे हैं। जंगल-जंगल तबाह किए जा रहे हैं। जिससे वहाँ निवास करनेवाले मनुष्यों के साथ वहाँ के जीव-जंतु, पशु-पक्षी तक सभी प्रभावित हो रहे हैं। एक प्रदेश को बसाने के लिए दुसरे प्रदेश को उजाड़ा जा रहा है।

**इ. एन.एच.एल.सी और सेना -**

'एनकाउंटर' शब्द ही काफी है किसी के दिल में डर जगाने के लिए। ऐसा ही कुछ हुआ मधु ककंरिया के साथ उस रात जिस दिन वे लक्ष्मण डिंगडा के घर रुकी थी। 'अंधेरी पहाड़ी रातों की निस्तब्धा और प्रशांति के साथ एकात्म होते हुए हम सभी नींद की गहरी झील में तैर रहे थे कि एकाएक सघन सन्नाटे को चीरती भेदती एक आवाज ठांय-ठांय।' यह ध्वनी काफ़ी थी किसी का भी दहकाने के लिए। घर के सभी लोग एक दुसरे को खेरते हुए खड़े हो गए। कुछ क्षण बाद पता यह पता चला कि यहाँ तो हर छह-सात महीने में एकादा एनकाउंटर हो जाता है।

दिलीप बाबू जो लक्ष्मण के पिता है वे बताते हैं कि 'नौजवान लड़के-लड़कियां एक बेहतर दुनिया का स्वप्न लिए, स्वप्नों से भरे आते हैं... इन संगठनों में शामिल होते हैं और माटी होकर बाहर निकल जाते।' यह वाक्य केवल वाक्य ना होकर लग रहा है सदियों से उनके अंदर दबा हुआ लावा बह रहा है। जिसमें वे इन जनजातियों के क्रोध को प्रकट कर रहे हैं। वे बिना रुके बोलते जाते हैं राह में आनेवाली हर बाधा को बहा ले जाने के उम्मीद से कि उनके सपने शायद अब फल-फूल सकते हैं, जब यहां नवनिर्माण का शोर होने लगा चारों ओर एक नई सुबह हुई किंतु वह सुबह केवल इस तरह के एनकाउंटर तक ही सीमित रह गई।

आदिवासियों के भोलेपर का फ़ायदा शहर से आए हुए मौकपस्तों ने लिया। पहले तो उनकी संस्कृति का नाश किया, फिर उनके पहाड़, फिर उनके सपने, ऐसे ही एक एक कर सब को नाश कर दिया। और जब यहां के नौजवानों ने आवाज़ उठाई तो उन्हें उन्हें हमेशा के लिए उनकी आवाज बंद कर दी। वे कहते हैं 'हमारा घड़ा और हम ही प्यासे' 'पूरा नार्थ-ईस्ट आज बारूद के ढेर पर है।' यह वचन सत्य के उतने ही निकट हैं जितने कि यह कहना यहां सब ठीक है।

सच कहा जाए तो 'भारत का यह पूर्वोत्तर भाग किसी दिन कश्मीर से ज्यादा सुलगता अंगारा बन सकता है' मधु काकंरिया जी के ये शब्द एक दिन कहीं हकिकत ना बन जाए इस बात का डर है। अगर ऐसा हुआ तो ना सिर्फ़ वहां के लोग के साथ अन्याय होगा वरन् वहां की प्रकृति, संस्कृति और सभ्यता का भी नाश होगा।उपसंहार

'बादलों में बारूद' यह यात्रावृतांत उस सच्चाई को बयान करता है जिस सच्चाई से हम अपना दामन छुडाना चाहते हैं। यह भारत के पूर्वोत्तर भाग के इतिहास का दस्तावेज़ है। जिसमें वहाँ कि प्राकृतिक रमणियता के साथ, वहां की संस्कृति, खान-पान, रीति-रीवाज़, रहन-सहन से लेकर वहां कि दुर्व्यवस्था तक को अपने भीतर ले आता है। मधु काकंरिया का यह वृतांत सुंदर के उपर के उस काले धब्बे को भी दिखाता है जिसे कोई देखना नहीं चाहता।

*****

**संदर्भ सूची :-**


1. .मधु काकंरिया- बादलों में बारूद(पृ.सं-93)
2. मधु काकंरिया- बादलों में बारूद(पृ.सं-90).
3. . मधु काकंरिया- बादलों में बारूद(पृ.सं-93)
4. .मधु काकंरिया- बादलों में बारूद(पृ.सं-92)
5. .मधु काकंरिया- बादलों में बारूद(पृ.सं-95)
6. .मधु काकंरिया- बादलों में बारूद(पृ.सं-96)
7. .मधु काकंरिया- बादलों में बारूद(पृ.सं-96)
8. .मधु काकंरिया- बादलों में बारूद(पृ.सं-93)
9. .हाइन्यूट्रेप नेशलन लिबरेशन काउंसिल एक सामाजिक
10. . मधु काकंरिया- बादलों में बारूद(पृ.सं-102)
11. बादलों में बारूद (पृ.सं-90-106) मधु कांकरिया किताबघर प्रकाशन प्रथम संस्करण : २०१४
12. . मधु काकंरिया- बादलों में बारूद(पृ.सं-103)
13. . मधु काकंरिया- बादलों में बारूद(पृ.सं-104)
14. . मधु काकंरिया- बादलों में बारूद(पृ.सं-105)

# अज्ञेय के साहित्य में पारंपरिक सरोकार

- रचना तनवर
शोधार्थी
ए - 1,503केन्द्रीय बिहार, फेस- 1
सेक्टर 125, मोहाली, पंजाब
मो.8894176755

साहित्य जिस युग में रचा जाता है उस युग के बुनियादी सरोकार साहित्यकार में स्वतः ही होते हैं किन्तु अज्ञेय ने हिन्दी साहित्य जगत् के लिए प्रयोगवाद की स्थापना की इसलिए उनका योगदान और भी बढ़ जाता है। तत्कालीन समय में रचे जा रहे साहित्य से प्रभावित न होकर एक नये युग की स्थापना करना साहित्यकार की बहुत बड़ी उपलब्धि होती है।परम्परागत भारतीय शास्त्रों में रचयिता के अन्तरंग की गहराई में उतरकर रचनाकार की शक्ति को दैवी चमत्कार मानकर उसके पूर्वकृत पुण्यों और पूर्वजन्मार्जित संस्कारों की दुहाई देकर सृजन को उसकी प्रतिभा के बल पर सामान्य जन की अपेक्षा विशिष्टता का अधिकारी बना दिया था। व्युत्पत्ति और अभ्यास का स्थान तो प्रतिभा के बाद ही आया। किन्तु अज्ञेय द्वारा प्रतिभा को भी स्वीकार किया गया और सृजक की विशिष्टता को भी। अज्ञेय ने प्रतिभा को आन्तरिक तनाव की स्थिति माना है। तनाव से उनका अभिप्राय उस स्थिति से है जिस स्थिति में भिन्न-भिन्न प्रकार की सम-विषम अनुभूतियाँ, शब्द विचार और चित्र रचनाकार के मानस में उमड़ते रहते हैं और रचनाकार इनके बीच एक ऐसा चमत्कारिक योग घटित कर पाता है कि उसका उन्मेष ही कला या काव्य का रूप धारण कर लेता है। एलन टेट द्वारा इसी को टेंशन कहा गया है। इलियट ने भी इसकी व्याख्या की है। इलियट से प्रभावित होकर ही अज्ञेय त्रिशंकु में कहते हैं कि- "वास्तव में कलाकार का मन एक भंडार है जिसमें अनेक प्रकार की अनुभूतियाँ, शब्द, विचार, चित्र इकट्ठे होते रहते हैं उस क्षण की प्रतीक्षा में जबकि कवि प्रतिभा के ताव से एक नया रसायन, एक चमत्कारिक योग उत्पन्न नहीं हो जाएगा।''[1]

अज्ञेय ने रचना प्रक्रिया को 'यंत्रणा भरी' कष्टमय प्रक्रिया माना है, इसके कारण ही वे कवि को 'हविष्यवाही अग्निपुरुष या अग्नि स्नात कविपुरुष' की संज्ञा देकर आभ्यांतर ताप से त्रस्त मानते हैं। वे यह स्वीकार करते हैं कि रचना के पीछे निहित उस आन्तरिक शक्ति को ब्रह्म न कहा जाए, किन्तु उसे जिज्ञासु भाव से यज्ञ की संज्ञा अवश्य दी जा सकती है। जिससे उसके लौकिक- अलौकिक रूप का मानव से अधिक सामर्थ्यवान परब्रह्म से नीचे' होने का संकेत मिल सकता है।अज्ञेय ने परम्परागत साहित्य पर गहन विचार करके उसके महत्त्व को भी स्वीकारा है। समय के साथ-साथ उस पर क्या प्रभाव पड़ा क्या परिवर्तन आए साहित्य ने समाज को कैसे प्रभावित किया। कृतिकार और कलाकार ने अपनी कृतियों एवं कलाओं के माध्यम से समाज में क्या परिवर्तन लाए, साहित्य का समाज पर क्या प्रभाव रहा, मनोरंजन के क्षेत्र में साहित्य का क्या महत्त्व रहा। इन सभी मुख्य मुख्य बातों पर अज्ञेय ने विस्तृत लेखन किया है।

अपनी साहित्यिक परम्परा को एक आधुनिक सन्दर्भ देने में या साहित्य की अद्यतन प्रवृत्तियों को अपने साहित्यिक दाय के चौखटे में रखकर देखने में प्रायः एक बात की उपेक्षा कर जाते हैं जो वास्तव में अत्यन्त महत्त्व की है। वह यह है कि साहित्यिक कृति के मूल्यांकन के लिए यह जानना एकान्त आवश्यक है कि कृतिकार का अपने पाठक या गृहीता समाज के साथ कैसा सम्बन्ध रहा। क्योंकि जैसा यह सम्बन्ध होगा, या इस सम्बन्ध की जैसी अवधारणा कृतिकार करेगा, उसी के अनुकूल सम्प्रेषण की परिपाटी वह (कृतिकार) अपनाएगा - वैसी ही रचना वह करेगा।पारम्परिक भारतीय ग्राहक, श्रोता अथवा पाठक समाज -विशेषण छोड़कर जिसे समाज कहना वर्तमान सन्दर्भ में पर्याप्त होना चाहिए- साधारण अर्थ में 'लोकतन्त्र' अथवा प्रतिनिधि समाज नहीं था। फिर वह समाज चाहे काव्य का गृहीता हो, चाहे चित्र अथवा मूर्तिकला का चाहे किसी अन्य कला रूप का। वह समाज भी उतना ही और उसी अर्थ में विशिष्ट अथवा अभिजात समाज था जितना और जिस अर्थ में कलाकार एक विशिष्ट वर्ग का प्राणी था। यह विशिष्टता अधिकारों की या सामाजिक बुराईयों की विशिष्टता उतनी नहीं थी जितनी संस्कारों की विशिष्टता ग्रहण के सामर्थ्य का अभिप्राय था बुद्धि और भावना के गुणों से निर्मित वह क्षमता जो गहराई पा सके। उस केवल तत्त्व को जो वहाँ है, जिसका वहाँ होना जाना हुआ और पहले से माना हुआ है, जिसकी पहचान और जिससे एकात्मता ही कला का लक्ष्य और उद्देश्य है। जिसमें यह क्षमता नहीं थी वह ग्राहक नहीं था ऐसे लोगों का समुदाय समाज नहीं था। उनके लिए अन्य प्रकार के मनोरंजन सम्मत थे : नाना प्रकार की उप- कलाएँ, उप-काव्य, उप-नाटक.....।

सहृदयता का यह गुण अथवा सामर्थ्य अगर समाज के लिए अपेक्षित अथवा वाँछित था तो कलाकार - कृतिकार के लिए नितान्त अनिवार्य था। कवि अथवा कलाकार के सहृदय होने का अर्थ था सहज बोध और प्रतिभा से सम्पन्न होना, तन्मय हो सकना। आनन्द के उस केन्द्र तक उसे पहचान और ग्रहण कर सकना जोकि हर कलानुभूति में होता है (बल्कि जो कलानुभूति होती है, जो उसे यथार्थ अनुभूति से पृथक करता है-) और उसका सम्प्रेषण कर सकना, उसे संवेद्य बना सकना। दूसरे शब्दों में कलाकर- उस अनुभूति से ग्राहक समाज से एकात्म हो सकने की पूर्वपीठिका प्रस्तुत करता था। यों कला सम्प्रेषण से कुछ अधिक थी : सम्पृक्ति का वह स्तर योग का ही रूप था। इस अन्योन्याश्रय में कुछ मूल सिद्धान्तों पर मतैक्य भर नहीं, उससे कहीं गहरी प्रतिश्रुति होती थी। कला दो अजनबियों का अलाप न होकर एक समान निधि के दोभोक्ताओं का संलाप होती थी और यह संलाप एक की पहचान दूसरे से नहीं बल्कि दोनों की पहचान उनकी साँझी सम्पत्ति से कराता था।''2अज्ञेय ने कलाकर के मन की उपमा एक भण्डार से की है, उन्होंने चमत्कारिक योग और रासायनिक क्रिया की तीव्रता की जो बात कही है उस पर इलियट का प्रभाव देखा जा सकता है। इलियट ने भी कवि के मन को एक पात्र या आधान माना है। उसका कथन है कि उस पात्र या आधान में असंख्य संवेदनाएँ वाक्यांश और बिम्ब पकड़ में आकर संचित होते रहते हैं और तब तक बने रहते हैं जब तक कि अपने मिश्रण से एक नया रासायनिक पदार्थ तैयार करने वाले सभी कण एकत्र नहीं हो जाते। इस रासायनिक पदार्थ को ध्यान में रखा जाए तो स्पष्ट हो जाएगा कि काव्य के लिए संवेगों की तीव्रता या उनकी महता का महत्त्व ज्यादा नहीं है। उसके लिए महत्त्वपूर्ण है कलात्मक प्रक्रिया या उसके दबाव की तीव्रता जिसके द्वारा यह संयोजन

सम्भव होता है।कलाकार के लक्ष्य, कला के उद्देश्य और कवि तथा समाज के सम्बन्ध के इस निरूपण की भारतीय परम्परा ईसवी संवत् से कुछ अधिक लम्बी है। निःसन्देह इसके उपलब्ध सर्वप्रथम शास्त्रीय प्रमाणों का विषय नाट्य और नृत्य रहा, किन्तु उसमें जब काव्य की प्राथमिकता को स्वीकार करते हुए नाटक को दृश्य काव्य माना गया, तब यह कहने में अतिव्याप्ति दोष न होगा कि वह कला सम्प्रेषण का एक सिद्धान्त था। तब से सत्रहवीं शती तक- अर्थात् आधुनिक पूर्वकाल तक- इस सिद्धान्त का विकास, व्याख्या और अलंकरण होता रहा, और कुछ व्याख्याताओं ने आश्चर्यजनक प्रतिभा और सूक्ष्म चिन्तन का परिचय दिया। उसके विस्तार में न जाकर इतना ही लक्ष्य करना काफी होगा कि इस सबसे कलाकार और समाज के परस्पर सम्बन्ध की परिकल्पना में कोई मौलिक परिवर्तन नहीं आया, न यह सिद्धान्त ही बदला कि कवि कलाकर का काम समाज अथवा गृहीता को उस सत् तक ले जाना है जो सत्यों के मूल में है - आनन्द के अन्तरतम कोष तक। यह सबकुछ नहीं बदला बदली तो यथार्थता की अवधारणा ही। आध्यात्मिक चिन्तन के समान्तर और उससे प्रभावित चलते हुए काव्यशास्त्र की यथार्थ की कोटियों से बढ़कर स्थूल यथार्थ के सम्पूर्ण खंडन तक पहुँच गया और वहाँ से फिर उसके सीमित स्वीकार तक लौटा। स्वभावतः इसके साथ-साथ कलाओं का- और विशेष रूप से काव्य का- पहले ह्रास हुआ और फिर नवोत्थान।

नाट्यशास्त्रकार के लिए यथार्थ काफी सत्य ही था। यह नहीं था कि वह द्वैत का एक आभास था। आन्नद भी सत्य था, बल्कि वही परम सत्य था, उसकी सत्यता अन्य सब को यथार्थता प्रदान करती थी। काव्य की सत्यता इतनी ही थी कि दोनों की आत्यान्तिक एकता प्रत्यक्ष करा दे। इस समस्या का हल पाना ही कवि की सोच थी। नाट्य की इस परिकल्पना से संघर्ष की उस अर्थ में कोई सम्भावना नहीं थी जिसमें पश्चिम उसे समझता है : बल्कि पश्चिम की दृष्टि से तो यह परिकल्पना नाटक की संभावना ही मिटा देती है।

अद्वैत में आस्था और वह आनन्द रूप अद्वैत में- तनाव की उस धुरी को ही मिटा देती है जिसके आस-पास ही पश्चिमी नाटक घूम सकता है।
किन्तु जगत् की यथार्थता का खंडन आनन्द की यथार्थता का ही खंडन था। बौद्ध-चिन्तन में तो ऐसा स्पष्ट ही कहा गया । दुःख के भ्रम से मोक्ष, आनन्द की प्राप्ति नहीं था, केवल मोक्ष था, निरनुभव था, उसमें आत्यन्तिक कुछ था तो आत्यन्तिक शून्य । यह दर्शन काव्य सृष्टि को क्या प्रेरणा दे सकता जबकि इससे सृष्टि मात्र असत्य हो जाती थी? और यों भी, अगर संसार दुःख ही हो, तो उसका असत्य होना ही अच्छा है क्योंकि तब दुःख असत्य हो जाता है। हिन्दू चिन्तन में आनन्द को असत्य नहीं माना गया और अन्तिम, आत्यन्तिक सत् आनन्द का निकेत ही रहा, पर जगत् को उस आत्यन्तिक को हेतु-रहित 'लीला' मान लेने पर उससे धार्मिक तादात्म्य ही संभव रह जाता था। काव्यमूलक तादात्म्य अत्यन्त कठिन होता था। प्राचीन नाटककार यथार्थ में मंचीय या नाट्य रूप के द्वार से एक वृहतर यथार्थ की ओर ले जाता था, इस नए दर्शन के अधीन उसे एक भ्रान्ति (और यह भी अहेतुक!) के नाट्य रूप के माध्यम से वृहत्तर सत्य तक पहुँचाना और पहुँचाना होता था - जो कि बिलकुल दूसरी स्थिति थी । यह आश्चर्य का विषय नहीं रहता कि इस काल में धार्मिक साहित्य के अलावा कोई महान् साहित्य नहीं रचा गया । काव्य को तात्कालिकता से जूझने के लिए सत्य चाहिए जिसमें उसकी आस्था हो सके और उस समय ऐसा सत्य केवल धार्मिक सत्य रह गया था - केवल परमेश्वर।3
यद्यपि परम्परा और प्रयोग दोनों में घनिष्टता होती है। प्रत्येक प्रयोग कालान्तर में परम्परा बन जाता है और प्रत्येक परम्परा प्रयोग को जन्म देती है। जो परम्परा निर्जीव और असामयिक हो जाती है, उससे विकासात्मक प्रवृत्तियाँ नष्ट हो जाती हैं। वस्तुतः कोई भी सत्य निरपेक्ष नहीं होता वह व्यक्ति, समाज, देश काल और वातावरण 'सापेक्ष' होता है। जिस सत्य को पिछले युग ने स्वीकार किया हो यह अनिवार्य नहीं कि उसे आज का युग भी हू-बू-हू स्वीकार करे। "यह सही है कि हमारी परम्परा आज अनेकानेक रूढ़ियों से ग्रस्त हो चुकी है लेकिन इस बात से भी इन्कार नहीं किया जा सकता कि उसमें अनेक जीवन्त और प्रगतिशील तत्त्व हैं जिनकी मानवीयता समय-समय पर पश्चिम को भी और सारी दुनिया को प्रभावित करती रही है और अनेक विदेशी महापुरुषों ने कृतज्ञतापूर्वक भारतीय चिन्तन का ऋण स्वीकार किया है। हमारी परम्परा द्वारा स्थापित और स्वीकृत जीवन मूल्यों ने एक स्थायी और सुदृढ़ सामाजिक व्यवस्था के लिए अपने को बहुत उपयोगी साबित किया था। नये साहित्य ने उन मूल्यों को तोड़ा है लेकिन अफसोस यह है कि उनका कोई विकल्प नहीं प्रस्तुत कर सका । "

*****

**सन्दर्भ ग्रन्थ:-**

1 त्रिशंकु : अज्ञेय, पृ. 38
2 सर्जना और सन्दर्भ : अज्ञेय पृ. 147, 148
3 वही, पृ. 149 150
4.रचना के सरोकार : विश्वनाथप्रसाद तिवारी, पृ. 75

## भगवान बुद्ध का अष्टांगिक मार्ग

भगवान बुद्ध ने अष्टांगिक मार्ग का उपदेश दिया था। बौद्ध धर्म अनुयायी इन्हीं मार्गों पर चलकर मोक्ष प्राप्त करते हैं। बुद्ध द्वारा बताए गए इन 8 मार्गों का अपना अलग मतलब है। आइए जानते हैं।

**1. सम्यक दृष्टि :**
चार आर्य सत्यों को मानना, जीव हिंसा नहीं करना, चोरी नहीं करना, व्यभिचार( पर-स्त्रीगमन) नहीं करना, ये शारीरिक सदाचरण हैं। इसके अलावा बुद्ध ने वाणी के सदाचरण का पाठ भी पढ़ाया। जिसमें मनुष्यों को झूठ न बोलना, चुगली नहीं करना, कठोर वचन नहीं बोलने की शिक्षा दी गई। लालच नहीं करना, द्वेष नहीं करना, सम्यक दृष्टि रखना ये मन के सदाचरण है।

**2. सम्यक संकल्प :**
चित्त से राग-द्वेष नहीं करना, ये जानना की राग-द्वेष रहित मन ही एकाग्र हो सकता है, करुणा, मैत्री, मुदिता, समता रखना, दुराचरण (सदाचरण के विपरीत कार्य) ना करने का संकल्प लेना, सदाचरण करने का संकल्प लेना, धम्म पर चलने का संकल्प लेना।

**3. सम्यक वाणी :**
सम्यक वाणी में आता है, सत्य बोलने का अभ्यास करना, मधुर बोलने का अभ्यास करना, धम्म चर्चा करने का अभ्यास करना। बौद्ध धर्म इंसान को मधुर वाणी सिखाता है।

**4. सम्यक कर्मांत :**
सम्यक कर्मांत में आता है, प्राणियों के जीवन की रक्षा का अभ्यास करना, चोरी ना करना, पर-स्त्रीगमन नहीं करना। बुद्ध ने सत्य और न्याय के लिए हिंसा को, यदि आवश्यक हो तो जायज ठहराया।

**5. सम्यक आजीविका :**
मेहनत से आजीविका अर्जन करना, पाँच प्रकार के व्यापार नहीं करना, जिनमे आते हैं, शस्त्रों का व्यापार, जानवरों का व्यापार, मांस का व्यापार, मद्य का व्यापार, विष का व्यापार, इनके व्यापार से आप दूसरों की हानि का कारण बनते हो।

**6. सम्यक व्यायाम :**
आष्टांगिक मार्ग का पालन करने का अभ्यास करना, शुभ विचार पैदा करने वाली चीजों/बातों को मन मे रखना, पापमय विचारो के दुष्परिणाम को सोचना, उन वितर्कों को मन मे जगह ना देना, उन वितर्कों को संस्कार स्वरूप मानना, गलत वितर्क मन मे आए तो निग्रह करना, दबाना, संताप करना।

**7. सम्यक स्मृति :**
कायानुपस्सना, वेदनानुपस्सना, चित्तानुपस्सना, धम्मानुपस्सना, ये सब मिलकर विपस्सना साधना कहलाता है, जिसका अर्थ है, स्वयं को ठीक प्रकार से देखना। ये जानना की राग-द्वेष रहित मन ही एकाग्र हो सकता है। किसी भी मनुष्य को, जिसे स्वयं को जानने की इच्छा हो, को विपस्सना जरूर करनी चाहिए, इसी से दुख-निवारण के पथ की शुरुआत होगी।

**8. सम्यक समाधि :**
अनुत्पन्न पाप धर्मो को ना उत्पन्न होने देना, उत्पन्न पाप धर्मो के विनाश मे रुचि लेना, अनुत्पन्न कुशल धर्मो के उत्पत्ति मे रुचि, उत्पन्न कुशल धर्मो के वृद्धि मे रुचि। इन सबको शब्दशः पालन करने से जीवन सुखमय होगा, निर्वाण (सास्वत खुशी, परमानंद एवं विश्राम की स्थिति) की प्राप्ति होगी।

******

# रामचरितमानस के राम और मानवीय मूल्य

**डॉ.रामरति**
शोध निर्देशिका
प्रोफेसर, हिन्दी विभाग
बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, अस्थल बोहर,
रोहतक (हरियाणा)



**जयन्ती**
शोधार्थी(हिन्दी)
बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालयअस्थल बोहर
रोहतक (हरियाणा)

**शोध सार -** हिंदी साहित्य और भारतीय जनमानस के लिए तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस एक अमूल्य धरोहर है। संपूर्ण भारतवर्ष रामकथा की सुवास से सुवासित है जो एक ओर आदर्श मानव जीवन की सीख देती है वहीं दूसरी ओर इस धरा पर रामराज्य का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत करती है। यह प्रबंधात्मक महाकाव्य भारतीय सामाजिक व्यवस्था के आदर्श स्वरूप का संविधान है जिसका अनुकरण कर रामराज्य की परिकल्पना को चरितार्थ करना संभव है। रामचरितमानस धर्म का पर्याय है तो राम भारतीय अस्मिता के प्रतीक है इसलिए राम के निगुर्ण ब्रह्म व सगुण दाशरथि राम दोनों ही स्वरूप भारतीय जनमानस के कंठ का हार है। आधुनिक युग में मानवीय मूल्यों की संकटापन्न स्थिति से उबरने का उपाय श्रीरामशरणम् में निहित है और यही हमारी सामाजिक व सांस्कृतिक आवश्यकता भी है। रामचरितमानस के नायक राम अपने संपूर्ण जीवनवृत्त में चारित्रिक विशिष्टताओं और मानवीय मूल्यों का आदर्श स्वरूप प्रदान करते हैं और इसी कारण वे भारत देश की सीमाओं में न बँधकर संपूर्ण विश्व को मानवता का पाठ पढ़ाते हैं।

**बीज शब्द -** मूल्य, त्याग, संस्कार, मर्यादा, भक्ति, चरित्र

**शोध-पत्र -** भारतीय संस्कृति में धर्म जीवन का अभिन्न अंग है। इस संस्कृति में महाभारत, गीता, श्रीमद्भागवत और रामचरितमानस मानव जीवन के चार प्रमुख दिग्दर्शक हैं। महाभारत मनुष्यों को संसार में रहने का तरीका सिखाती है। गीता कर्म करने की प्रेरणा देती है। श्रीमद्भागवत मानव जीवन में मृत्यु का उद्देश्य समझाती है तो वहीं रामचरितमानस इंसान को जीना सिखाती है। यह राम कथा मनुष्य को मनुष्य बनना और मनुष्य बनकर संसार में जीने के तरीके सिखाती है।

पौराणिक मान्यताओं में राम विष्णु के अवतार हैं जिन्होंने धर्म की पुनस्थापना व आसुरी शक्तियों को नष्ट करने हेतु इस धरती पर मानव रूप में अवतार लिया।

**जब-जब होय धर्म की हानि, बाढ़हि असुर महा अभिमानी।**
**तब-तब धरी प्रभु मनुज सरीरा, हरहिं कृपानिधि सज्जन पीरा।।**

राम मानवीय मूल्यों के प्रणेता और प्रसारक बनकर इस धरा पर अवतरित हुए। उनके आदर्श जीवन चरित को विश्व सम्मुख लाने का श्रेय महर्षि वाल्मीकि व गोस्वामी तुलसीदास को दिया जाता है।महर्षि वाल्मीकि ने लौकिक संस्कृत में वैदिक जीवन मूल्यों को रामकथा के रूप में प्रस्तुत कर रामायण के माध्यम से लोक को आदर्श वैदिक जीवन जीने की सत्प्रेरणा दी जबकि तुलसीदास ने अवधी भाषा को अपनाकर रामचरितमानस को कलमबद्ध किया। मानस के माध्यम से तुलसी का मूल उद्देश्य उन मर्यादाओं व मूल्यों का स्थापित करना है जिससे समाज का मंगल हो।[1]

**रामचरितमानस मुनि भावन।**
**बिरचेउ संभु सुहावन पावन।**
**त्रिबिध दोष दुख दारिद दावन।**
**कलि कुचालि कुलि कलुष नसावन।।[2]**

(अर्थात् यह रामचरितमानस मुनियों को प्रिय है, इस सुहावने और पवित्र मानस की रचना शिवजी ने की। यह तीनों प्रकार के दोषों, दुःखों और दरिद्रता तथा कलियुग की कुचालों और सब पापों का नाश करने वाला है।)वाल्मीकि रामायण पर आधृत इस रामकथा की रचना 1574 ई0 में की गई। 2 वर्ष 7 माह व 26 दिन में रचित यह महाकाव्य 7 कांडो, 1074 कड़वक और 18 प्रकार के छंदों से सुसज्जित है। शांत रस में रचित यह ग्रंथ मानवीय मूल्यों का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत करता है जिसके विषय में रहीमदास लिखते हैं -

**राम चरित मानस विमल संतन जीवन प्राण।**
**हिंदूवान को वेद सम यवनहिं प्रकट पुरान।।**

रघुकुल दीपक राम ने इस वंश की परंपराओं के संरक्षक बन कर कदम-कदम पर रघुकुल की मान-मर्यादा के पालन हेतु निजि हित को त्याज्य माना। धैर्य, शील, परोपकार, विनम्रता, दृढ़ संकल्प, वचन पालन, वात्सल्य सरीखे मानव मूल्यों के रूप में राम का चरित्र सदैव अनुकरणीय है।

दशरथ पुत्र राम का संपूर्ण जीवन त्याग, मर्यादा और संयम का बेहतरीन चित्र प्रस्तुत करता है। उन्होंने विषम परिस्थितियों में भी धर्म और मूल्यों की गरिमा को बनाए रखा। मानस में वर्णित प्रत्येक घटनाक्रम में राम ने मनसा, वाचा, कर्मणा जो भी प्रतिज्ञा की उसे अपना धर्म मानकर निभाया इसलिए 'रघुकुल रीति सदा चली आई, प्राण जाई पर वचन न जाई' जैसी पंक्तियाँ आज भी भारतीय जनमानस की जुबान पर रहती हैं। राम का उदार और विराट चरित्र मानस में आरंभ से अंत तक व्याप्त है। राक्षसों का उद्धार करने से लेकर देवी अहिल्या उद्धार, केवट और शबरी प्रसंग जैसे घटनाक्रम उनके उच्च मानवीय मूल्यों का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं

**ऐसो को उदार जग माही**
**बिनु सेवा जो द्रवै दीन पर**
**राम सरिस कोउ नाही।।**

अयोध्या के राजकुमार राम प्रत्येक मानवीय संबंध का आदर्श रूप प्रस्तुत करते हैं। वे भरत व लक्ष्मण के लिए आदर्श भाई, पिता के लिए आज्ञाकारी पुत्र, अपने भक्तों के लिए सर्वसुखदायक प्रभु और अयोध्या की प्रजा के लिए आदर्श राजा के मूल्यों को स्थापित करते हैं।

**राम सरिस को दीन हितकारी। कीन्हे मुकुत निसाचर झारी।।**
**खल मल धाम काम रत रावन। गति पाई जो मुनिवार पावन।।[3]**

अपने बनवास के दौरान उन्होंने एक आदर्श मित्र की मिसाल कायम की जिसके लिए निषादराज, विभीषण और सुग्रीम में कोई भेद न था। समाज के सभी वर्गों को समान महत्त्व देकर उन्होंने आदर्श स्थापित किया।

**पुरूष नपुंसक नारी वा जीव चराचर कोइ।**
**सर्वभाव भज कपट तजि मोहि परम प्रिय सोइ।।**

उनके लिए सभी मनुष्य एक समाज है जिसे वे निशंक गले से लगाकर अपनी शरण में ले लेते हैं। शबरी के झूठे बेर खाकर उन्होंने भक्त-वत्सल होने का परिचय दिया वहीं नवधा भक्ति का उपदेश देकर सांसारिक मनुष्यों को ईश्वर भक्ति की सही राह भी दिखाई।

केवट प्रसंग में राम एक सामान्य मनुष्य की भांति गंगा पार कराने के लिए केवट से प्रार्थना करते हैं।

**अब बिनती राम सुनहु सिव जौ मो पर निज नेहु।**
**जाई बिबाहहु सैलजहि यह मोहि मागें देहु।।4**

सर्वशक्तिमान, सर्वज्ञ होकर भी राम का याचक बनकर नाव माँगना अहंकार रहित जीवन का संदेश देता है। एक साधारण मानव से महामानव बनने की यह कथा प्रत्येक मनुष्य के लिए प्रेरणा स्रोत है।

अयोध्या के राजा राम सर्वगुणसंपन्न व मर्यादा पुरूषोत्तम हैं। मनुस्मृति में बताए गए सभी गुण राजा राम में विद्यमान हैं -

**इन्द्र निलयमार्काणामग्नेश्चवरूणस्य च।**
**चन्द्रवितेशयोश्चैव मात्रा निर्हत्य शाश्वती।।[5]**

वे प्रजाहित हेतु प्राणप्रिय सीता का त्याग करने में किंचित भी देर नहीं करते। राजा के रूप में राम एक प्रजापालक, न्यायप्रिय व कुशल प्रशासक हैं जो भरत को समझाते हुए कहते हैं कि हमें प्रजा से ऐसे कर लेना चाहिए जैसे सूर्य पृथ्वी से जल लेता है -

**बरषत हरषत लोग सब करषत लखै न कोई।**
**तुलसी प्रजा सुभागते भूप भानु सो होई।।**

लंका विजय पर स्वयं को उसका अधिकारी न मानकर विभीषण को राजा बनाने से राजा राम के नैतिक मूल्यों की श्रेष्ठता का पता चलता है। मातृभूमि के प्रति अपने असीम प्रेम दर्शाते हुए वे लक्ष्मण को भी यही संदेश देते हैं -

**जननी जन्मभूमिश्च सवर्गादपि गरीयसी।**

राम के जीवन आदर्शों और मूल्य-निर्वाह में प्रत्येक समाज व राष्ट्र की स्वाधीनता का सूत्र विद्यमान है। इस सूत्र को आत्मसात कर मानव से महामानव और महामानव से देवत्व का स्थान प्राप्त किया जा सकता है

जिससे समाज व राष्ट्र की उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा।विष्णु के अवतार रूप में अवतरित होने पर भी राम ने साधारण मानव की भाँति जीवन जिया, प्रत्येक परिस्थिति का धैर्य व संयम से सामना कर मानवीय मूल्यों के पदचिह्न बनाए जिनके अनुकरण से मनुष्य जाति देवत्व प्राप्त कर सकती है।राम और सीता के दांपत्य संबंधों से मनुष्य को प्रेम और त्याग की सीख मिलती है वहीं पिता-पुत्र और भाई-भाई के संबंधों से पारिवारिक मूल्यों का श्रेष्ठ रूप देखने को मिलता है। राम द्वारा रावण के विधिवत दाह-संस्कार से उनके उच्च नैतिक मूल्यों का पता चलता है तो दूसरी ओर पिता की मृत्यु पर राम का आचरण आध्यात्मिक मूल्यों का द्योतक है।रामचरितमानस का प्रत्येक कांड मानवीय मूल्यों का आगार है जिसमें बाल कांड से जीवन में सहजता की सीख मिलती है, अयोध्या कांड जीवन के दूसरे सूत्र सत्य और सदाचरण का संदेश देता है, अरण्य कांड मनुष्य को संतुलन सिखाता है, किष्किंधा कांड संघर्ष चेतना की प्रेरणा देता है, सुंदर कांड सफलता का मूल मंत्र उद्घाटित करता है वहीं लंका कांड मनुष्य को संकल्प धारण करने की प्रेरणा देता है। अंतिम कांड उत्तरकांड समर्पण और त्याग सरीखे मूल्यों को जीवन में अपनाने की सीख देता है। इस प्रकार मानस में राम कथा के माध्यम से जीवन के सात सूत्रों व मानवीय मूल्यों को आत्मसात करने की सीख मिलती है।[6]

तुलसीदास राम कथा के माध्यम से परिवार, समाज व राष्ट्र में मानवीय मूल्यों की उपादेयता सिद्ध करते हैं जिससे उच्चादर्श, समता, सुचिता और आपसी सौहार्द की स्थापना हो सके।

गोस्वामी तुलसीदास की दृष्टि में राम एक तारक मंत्र है जो मानव जाति के मंगल हेतु दशरथ नंदन के रूप में अवतरित हुए और समस्त भारतीय जनता के आराध्य बन गए। तुलसी को अपने राम पर अखंड विश्वास है। उनके राम का नाम ही मानव मात्र को मोक्ष और परम सुख का दान देता है।

**एक भरोसो एक बल का आस विस्वास,**
**राम नाम घनश्याम हित चातक तुलसीदास.**

तुलसीदास मानस के प्रत्येक दृष्टांत के माध्यम से इस बात का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं कि जीवन कैसे जिया जाए। मानव जीवन में आदर्श और मूल्यों को किस प्रकार अपनाया जाए यह सिद्धान्त महानायक राम कदम -कदम पर इंगित करते हैं। मानस के राम का संपूर्ण जीवन मानवीय मूल्यों के आधार पर टिका है। इन सब विशिष्टताओं के कारण ही आज भी भारत में रामराज्य की कल्पना की जाती है जिसमें प्रत्येक नागरिक निर्भीक होकर स्वाभिमान सहित अपना जीवन यापन कर सके।

वर्तमान जीवन की भोगवादी संस्कृति और विघटित मानवीय मूल्यों के उद्धार हेतु राम का जीवन अनुकरणीय है। उनके आदर्श जीवन चरित्र का अनुकरण कर समाज व राष्ट्र को मूल्य संकट से उबारा जा सकता है। उनका चरित्र प्रत्येक जाति व संप्रदाय से बहुत ऊपर है जिससे सीख लेकर समाज को सही दिशा दी जा सकती है।जिस प्रकार तुलसी का साहित्य संसार समन्वय की विराट चेष्टा है उसी प्रकार राम का जीवन वृत्त विभिन्न परपंराओं व मूल्यों में सामंजस्य के साथ जीने की कला सिखाता है।राम के जीवन दर्शन का आधार प्रेम है जो छोटे-बड़े, अपने-पराये, जड़-चेतन सभी के प्रति समान भाव से परिलक्षित होता है।[7]तुलसी ने राम-नाम के माध्यम से इस प्रेम की वर्षा प्रत्येक भारतीय जनमानस पर की जिससे वे आज भी स्वयं को राम में रमा हुआ मानते हैं, उनके मन मन्दिर में राम, सीता , लक्ष्मण व हनुमान के साथ सदैव विराजमान हैं। यद्यपि तुलीसदास मानस में रघुनाथ गाथा को स्वान्तः सुखाय मानते हैं फिर भी उनके स्व-सुख की भावना में लोक हित की भावना सर्वत्र दृष्टिगोचर होती है जिसने जीवन के सभी क्षेत्रों में मूल्यों की स्थापना की। ये ही मूल्य सदैव भारतीय समाज के मार्गदर्शक रहे हैं और भविष्य में भी प्रेरणास्त्रोत व निर्देशक रहेंगे। मानव जीवन के प्रत्येक आश्रम में मानस के राम प्रेरणास्त्रोत हैं फिर चाहे वह ब्रह्मचर्याश्रम हो, गृहस्थाश्रम हो, वानप्रस्थाश्रम अथवा संन्यासाश्रम हो। राम का जीवन दर्शन वह मशाल है जिसका प्रकाश मानव जीवन को मूल्यों से संपन्न कर विश्व कल्याण के मार्ग की ओर प्रेरित करता है। मनुष्य का प्रत्येक पुरूषार्थ राम-नाम के सहारे श्रेष्ठता को प्राप्त करता है। तुलसीदास के अनुसार भी राम नाम सभी प्रकार की भक्ति से विशिष्ट व ऊँचा स्थान रखता है।

**एक छत्रु एक मुकुटयमि सब बरननि पर जोउ।**
**तुलसी रघुवर नाम के बरन बिराजत दोउ।।**

तुलसीदास स्वयं को तुलसी का पौधा मानकर राम को भँवरा मानते हैं जिनका मेल संसार की सभी व्याधियों से छुटकारा पाने का महामंत्र है। विश्व में मानवीय मूल्यों के बीजारोपण हेतु राम का जीवन चरित्र व मानवीय मूल्य वह अमृत है जिससे इस धरा पर मूल्यों की सत्ता फिर से कायम हो सकेगी। अतः राम की रामता से ही भारत वास्तव में भा-रत (कांतिमान) है यह कहना अतिश्योक्ति नहीं अपितु वास्तविकता है।

******

**संदर्भ ग्रंथ सूची:-**


1. शुक्ल, सुरेश कुमार श्रीरामकथा-विमर्श 2010 124 लोकवाणी संस्थान
2. पोद्दार, प्रसाद,रामचरितमानस 2007 (सं)25 गीता प्रेस हनुमान (टीकाकार)
3. वही
4. वही
5. वही 820
6. वही
7. केशान, कालीचरण रामकथा 2016नीता प्रकाशन
8. शास्त्री, मनुस्मृति 2020-74 प्रभात डॉ.रामचंद्र वर्मा प्रकाशन
9. मेहता,जीना सिखाती है सं० 2019-191 प्रभात पं0 विजय शंकर रामकथा प्रकाशन
10. शुक्ल, सुरेश कुमार श्रीरामकथा-विमर्श 2010
11. लोकवाणी संस्थान

# मोहन राकेश के कथा साहित्य में परंपरागत और आधुनिक मूल्यों का द्वन्द्व-

**डॉ.नवनीता भाटिया**
शोध-निर्देशिका सह.आचार्य
ओ. पी. जे. एस. विश्वविद्यालय चुरु -राजस्थान

**गजराज सिंह**
शोधार्थी
ओ. पी. जे. एस. विश्वविद्यालय चुरु -राजस्थान

**शोध सारांश**

स्वातंत्रयोत्तर भारतीय समाज में परंपरागत और आधुनिक मूल्यों का द्वंद दृष्टिगोचर होता है। राकेश जी के कथा साहित्य में समाज की परंपरागत मान्यताओं के खोखलेपन तथा युवा पीढ़ी की जागरूकता एवं अस्तित्व बोध को प्रकट किया गया है। राकेश जी ने अपनी कथाओं के द्वारा प्राचीन सामाजिक रूढ़ियों का विरोध एवं आधुनिक मूल्यों को स्वीकृति प्रदान की है।

**शोध-पत्र-**

मोहन राकेश के कथा साहित्य में परंपरागत और आधुनिक मूल्यों का द्वन्द्व स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतवर्ष में प्राचीन रूढ़ियों और परंपराओं का विरोध प्रारम्भ हो गया था। भारतीय नौजवानों में विरोध की यह भावना अधिक तीव्र गति से विकसित हो रही थी। नवयुवको ने तो नैतिकता तथा रूढ़ियों के बंधन को तोड़ना अपना धर्म स्वीकार कर लिया था। वैज्ञानिक उपलब्धियों तथा औधोगिक क्रांति के फलस्वरूप भारतीय नवयुवक पश्चिमी सभ्यता के रहन-सहन, संस्कृति तथा दर्शन को अपनाने को उधत थे। परिणामस्वरूप भारतीय परंपरागत व नैतिकता के मूल्यों में परिवर्तन आना स्वाभाविक ही था। नौजवान अब केवल आँख बंद करके नैतिकता एवं आदर्शों की स्वीकृति में संकोच करने लगे थे। उन्होंने तो जागरूकता और अस्तित्वबोध के कारण परंपरागत मान्यताओं के विषय में प्रश्न करना शुरू कर दिया था।

नवयुवकों की विरोधी प्रवृत्तियों के कारण देश में जीवन से सम्बन्धित दृष्टिकोण भी दो भागों में विभक्त होने लगा। प्रथम वर्ग उन व्यक्तियों का था, जो परंपरागत मूल्यों एवं आदर्शों के साथ पूरी ईमानदारी से जुड़े हुए थे। दूसरे वर्ग के व्यक्ति सभी प्राचीन रूढ़ियों तथा परंपराओं को तोड़कर, पूरी तरह से नए जीवन मूल्यों को अपनाने हेतु दृढ़-प्रतिज्ञ थे। इस कारण परंपरागत मूल्यों तथा नवीन मूल्यों में व्यापक रूप से टकराव होना प्रारम्भ हो गया था। आधुनिक व्यक्ति, वैज्ञानिक दृष्टिकोण को अपनाते हुए प्रत्येक वस्तु तथा व्यक्ति की बातों का परीक्षण करता था, जिसके फलस्वरूप परंपरागत आदर्शों तथा नैतिकताओं के प्रति अंधविश्वास समाप्त होने लगा था। परंपरागत मूल्यों एवं आदर्शों को मानने वाले व्यक्ति प्रत्येक कार्य को धर्मसम्मत करने के पक्ष में थे जबकि वैज्ञानिक तरक्की तो धर्म को ही अवैध सिद्ध कर चुकी थी। इसलिए आधुनिक नवयुवक धर्म के प्रति अनास्था प्रकट करने लगा था। मोहन राकेश ने अपनी कथाओं में स्वयं को आधुनिक नवयुवक के प्रतिनिधि के रूप में पेश किया है। राकेश जी को जीवन में अनेक प्राचीन रूढ़ियों एवं खोखली मान्यताओं का शिकार होना पड़ा था। उन्होंने अपने कथा साहित्य में समाज में व्याप्त इन परंपरागत मान्यताओं के खोखलेपन को सिद्ध किया है। उनकी जंगला, क्वार्टर, चांदनी और स्याह दाग आदि कहानियों तथा आषाढ़ का एक दिन नाटक में परंपरागत और आधुनिक मूल्यों के द्वन्द्व को प्रकट किया गया है।

'जंगला' कहानी में भगत तथा उसकी पत्नी फूलकौर परंपरा तथा धार्मिक रूढ़ियों से जकड़े हुए है जबकि उनका पुत्र बिशने आधुनिक नवीन मूल्यों का समर्थक है। बिशने अपने माता-पिता की धार्मिक आस्थाओं तथा अंधभक्ति से समझौता नहीं करता है। भगत तथा फूलकौर, बिशने की इस बात से भी नाराज है कि उसने अपनी मर्जी से पति द्वारा छोड़ी गई स्त्री राधा के साथ विवाह कर लिया है। माता-पिता से वैचारिक मतभेद तथा प्रतिदिन होने वाले झगड़े से तंग आकर बिशने घर छोड़कर चला जाता है। बिशने का मित्र राधेश्याम पारिवारिक समझौते की कोशिश करता हुआ, एक दिन बिशने के वापिस लौटने की सूचना उसके माता-पिता को देता है। फूलकौर राधेश्याम को स्पष्टता से कहती है कि वह पुनः उस चुडैल राधा को घर में घुसने नहीं देगी। ''उस दिन आई थी, तो मैंने उस पर सौंह जो डाली थी! कहा था कि बाप की बेटी है, तो इसके बाद न कभी खुद इस घर में कदम रखे, न उसे रखने दे!''1फूलकौर के इस बर्ताव से खिन्न भगत किसी और पर दोषारोपण न करने की सीख देता है, तो फूलकौर भगत को भी फटकार लगाती है।''और तुमसे न कहूं जो खाना-पीना तक छोड़ बैठे थे? हाय-हाय करते थे कि दूसरे की ब्याहकर छोड़ी हुई औरत घर में बहू बनकर कैसे आ सकती है?''[2]

इस कथा में भगत व फूलकौर परंपराओं को छोड़ने तथा अपनी गलतियों को स्वीकार करने हेतु बिलकुल तैयार नहीं है। बिशने अपने परंपरावादी माता-पिता की बिना परवाह किए, विश्वास के साथ, पति से परित्यकता स्त्री राधा को पत्नी के रूप अपनाता है। वह मानवीयता के परिप्रेक्ष्य में सम्बन्धों को परखते हुए अपने चुनाव को ठीक समझता है। यह कहानी केवल पारिवारिक संघर्ष को ही अभिव्यक्त नहीं करती बल्कि तत्कालीन समाज में व्यक्ति के बदलते परिवेश तथा आधुनिक जीवन मूल्यों को भी स्थापित करती है। इस कहानी में शिल्पी राकेश जी का बिशने नामक चरित्र के माध्यम से नवयुवकों को राधा जैसी बेसहारा स्त्रियों का सहारा बनने का सन्देश निहित है।

'क्वार्टर' कहानी में शंकर तथा उसके पिता के मध्य मूल्यों का द्वन्द्व दृष्टिगोचर होता है। शंकर का यह स्वभाव है कि वह आमदनी से अधिक खर्च करता है। शंकर के पिता ने अपने जीवन में कभी फिजूलखर्ची नहीं की, इसलिए वह अपने पुत्र की की इस आदत को पसंद नहीं करता है। घर में शंकर की फिजूलखर्ची पर उसके पिता प्रतिदिन ताना देते है। एक दिन बाजार से गुन्नु को कोका-कोला की बोतलें लेकर आते देख वह खूब बडबड़ाते है।''हराम की कमाई आती है, खर्च किए जाते हैं।'' खिड़की से आती धूप से आंखे मिचकाते वे तकिए की स्थिति बदलने की कोशिश करते हैं। ''और कमाई भी कहां की है? कर्ज़ का पैसा है सब। ठीक है। लिए जाओ कर्ज़ और किए जाओ ऐश। पता उस दिन चलेगा जिस दिन बरतन नीलाम होंगे। बाहर खड़े होंगे सड़क पर तौलिया बांधे।''[3]

यद्यपि शंकर अपने पिता का बहुत सम्मान करता है परन्तु उसे अपने पिता की टोका-टोकी की आदत बिलकुल पसन्द नहीं है। वह चाहता है कि पिता जी उसके किसी कार्य में हस्तक्षेप न करे। एक दिन तंग आकर शंकर धीमी आवाज में सख्ती से अपने पिताजी से पूछते है।

''अब किस चीज़ की तकलीफ है आपको? खामखाह बकझक क्यों किए जा रहे हैं?''[4]

इसी प्रकार पूरी कथा में मूल्यों का द्वन्द्व चलता रहता है।'चांदनी और स्याह दाग' कहानी में भी पुरानी रूढ़ियों तथा परंपराओं के विरूद्ध नए मूल्यों को स्थापित किया गया है। कहानी का नायक समद् प्राचीन संस्कारों तथा रूढ़ियो के प्रति विरोध जताकर अपनी प्रेमिका मेहर को ही पत्नी के रूप में चुनता है, जो कई दिनों तक कबाइलियों के बलात्कार का शिकार रही है। यद्यपि मेहर परंपरा का पालन करते हुए समद् की पत्नी बनने से इन्कार करती है किन्तु समद् उसके तर्कों को पुरानी मान्यता बताकर नकार देता है। इस कथा में तीन वर्ष बाद पैसा कमाकर अपने गाँव वापिस लौटे समद् की जानकारी में आता है।

''गांव के कई घरों में कबाइली चार-चार, पांच-पांच दिन तक टिके रहे थे। उन घरों की लड़कियों की आंखे बदल गई थी। उनमें एक अस्वाभाविक पीलापन आ गया था। वे उसी तरह लकड़ियां काटती थी, जेहलम से पानी भरती थी और सिंघाडे बीनने के लिए जाती थीं, मगर....।

उन लड़कियों में उसकी महबूबा मेहर भी थी। उसके घर में सात-आठ कबाइलियों का एक गिरोह कई दिनों तक रहा था।''5

यह सब पता लगने के बाद भी समद् के इरादों में थोड़ा भी परिवर्तन नहीं आता बल्कि मेहर को प्राप्त करने की इच्छा पूर्ववत बनी रहती है। उसे मेहर अब भी गाँव में सबसे हसीन व सुन्दर प्रतीत होती है। वह मेहर को समझाता हुआ कहता है कि जो कुछ भी हुआ उसमें तुम्हारा कोई कसूर नही है। परंपरावादी मेहर फिर भी समद् को आगे बढ़ने से रोकते हुए कहती है।

''मैं वह मेहर नहीं हूं, जिसे तू पाना चाहता था, इस जिन्दगी मे। अब मैं वह मेहर हो भी नहीं सकती। मैं तो एक गला हुआ बीमार जिस्म हूं और कुछ नही, जिसमें अब ज़हर ही ज़हर है....।''[6]कहानी के नायक समद् के इरादे चट्टान की तरह मजबूत है। वह मेहर को पुनः समझाते हुए कहता है कि वह कबाइलियों के आक्रमण को केवल एक

हादसा समझकर भूल जाए। कबाइलियों को वहां से गए हुए काफी समय बीत चुका है। अतः वह दृढ़ता के साथ मेहर को अन्त में कहता है। ''मुझे किसी ज़हर की परवाह नहीं,-उसने धीमे मगर निश्चित स्वर में कहा और मेहर का चेहरा अपने पास लाकर उसके ओठ चूम लिए-ज़हर भरे।''[7] इस प्रकार कहानी का सुखद अंत समद तथा मेहर के एकीकरण से होता है। समद की आत्मीयता की भावना मेहर के शरीर के जहर भरे स्याह दाग को चांदनी की भाँति स्वच्छ बना देती है। कथानायक समद आधुनिक जीवन दृष्टि से युक्त युवक है जिसमें प्राचीन परंपराओं तथा रूढ़ियों का पूर्णतः लोप है। वह आत्मविश्वास के साथ समाज की प्रतिक्रिया का सामना करने को तैयार प्रतीत होता है। राकेश जी द्वारा इस कहानी के माध्यम से यह सन्देश प्रेषित किया गया है कि नवयुवकों को मेहर जैसी निराश्रित लड़कियों को स्वीकार करने में संकोच नहीं करना चाहिए।

'आषाढ़ का एक दिन' नाटक की कथा में स्त्री पात्रों अम्बिका एवं मल्लिका के माध्यम से माता-पुत्री के बीच द्वन्द्व प्रदर्शित किया गया है। अम्बिका एक परंपरावादी एवं आदर्श माता का तथा मल्लिका आधुनिकता बोध एवं नवीन मूल्यों से युक्त पुत्री का किरदार निभाती है। मल्लिका अपने जीवन में कालिदास के प्रति प्रेम को सर्वाधिक महत्व देती है। अम्बिका अपनी पुत्री के भावी जीवन को सुखमय बनाने के लिए, उसे कालिदास के प्रति प्रेम को भूल जाने के लिए समझाती है।

''मैं ऐसे व्यक्ति को अच्छी तरह समझती हूँ। तुम्हारे साथ उसका इतना ही सम्बन्ध है कि तुम एक उपादान हो जिसके आश्रय से वह अपने से प्रेम कर सकता है, अपने पर गर्व कर सकता है। परन्तु तुम क्या सजीव व्यक्ति नहीं हो? तुम्हारे प्रति उसका या तुम्हारा कोई कर्तव्य नहीं है? कल तुम्हारी माँ का शरीर नहीं रहेगा, और घर में एक समय के भोजन की व्यवस्था भी नहीं होगी, तो जो प्रश्न तुम्हारे सामने उपस्थित होगा, उसका तुम क्या उत्तर दोगी। तुम्हारी भावना उस प्रश्न का समाधान कर देगी?''[8]

किन्तु मल्लिका फिर भी अपने प्रेम को भावना से भावना के प्रेम की संज्ञा देकर, अपने निःस्वार्थ प्रेम को भूल जाने को तैयार नहीं होती है। मल्लिका अपनी माँ को उत्तर देते हुए कहती है कि वह उसके जीवन की चिंता न करे। वह बार-बार समझाने पर भी कालिदास के समक्ष विवाह का प्रस्ताव नहीं रखती है। ''माँ, आज तक का जीवन किसी तरह बीता ही है। आगे का भी बीत जाएगा। आज जब उसका जीवन एक नयी दिशा ग्रहण कर रहा है, मैं उनके सामने अपने स्वार्थ की घोषणा नहीं करना चाहती।''[9] इस प्रकार कहा जा सकता है कि राकेश जी ने अपनी कथाओं के द्वारा प्राचीन सामाजिक परंपराओं तथा रूढ़ियों का विरोध करते हुए आधुनिक जीवन मूल्यों को स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने आधुनिक समाज में मानवीयता तथा नवीन मूल्यों की प्रतिस्थापना पर बल दिया है।

******

## सन्दर्भ:-


1. मोहन राकेश, मोहन राकेश की संपूर्ण कहानियां, राजपाल एण्ड सन्ज़, दिल्ली, संस्करण-2004, जंगला, पृ0 स0-187
2. वही
3. वही, क्वार्टर, पृ0 स0-124
4. वही
5. वही, चांदनी और स्याह दाग, पृ0 स0-445
6. वही, पृ0 स0-446, 447
7. वही, पृ0 स0-447
8. मोहन राकेश, आषाढ़ का एक दिन, राजपाल एण्ड सन्ज़, दिल्ली, संस्करण-2019, पृ0 स0-26
9. वही, पृ0 स0-27


## सावित्रीबाई फुले के कार्य

•ज्योतिराव फुले और सावित्रीबाई फुले दोनों का मानना था कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे महिलाएँ और दबे-कुचले वर्ग सशक्त बन सकते हैं और समाज के अन्य वर्गों के साथ बराबरी से खड़े होने की उम्मीद कर सकते हैं।

•भारत के सामाजिक और शैक्षणिक इतिहास में महात्मा जोतिराव फुले और उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले एक असाधारण युगल के रूप में विख्यात हैं। वे पुरुषों और महिलाओं के बीच समानता और सामाजिक न्याय के लिये एक आंदोलन का निर्माण करने हेतु आवेग-पूर्ण संघर्ष में लगे हुए थे।

•सावित्रीबाई फुले और ज्योतिराव फुले ने मिलकर वर्ष 1854-55 में भारत में साक्षरता मिशन भी शुरू किया था।

•दोनों ने सत्यशोधक समाज (सत्य की तलाश के लिये समाज) की शुरुआत की जिसके माध्यम से वे सत्यशोधक विवाह प्रथा शुरू करना चाहते थे जिसमें कोई दहेज नहीं लिया जाता था।

•उनका उद्देश्य समाज में विधवा विवाह करवाना, छुआछूत मिटाना, महिलाओं की मुक्ति और दलित महिलाओं को शिक्षित बनाना था।

•सावित्रीबाई फुले को आधुनिक भारत में एक ऐसी महिला के रूप में भी श्रेय दिया जाता है जिन्होंने ऐसे समय में जब महिलाओं को दबाया जा रहा था और वे उप-मानव के अस्तित्व में जी रही थीं फुले ने स्वयं की आवाज़ को बुलंद किया और महिला अधिकारों के लिये संघर्ष किया।

•उनकी कविताएँ भले ही मराठी में लिखी गई थीं किंतु उन्होंने मानवतावाद, स्वतंत्रता, समानता, भाईचारा, तर्कवाद और दूसरों के बीच शिक्षा के महत्त्व जैसे मूल्यों की पूरे देश में वकालत की।

•उनके द्वारा स्थापित संस्था 'सत्यशोधन समाज' ने वर्ष 1876 और वर्ष 1879 के अकाल में अन्न सत्र चलाया और अन्न इकटठा करके आश्रम में रहने वाले 2000 बच्चों को खाना खिलाने की व्यवस्था की।

•उन्होंने देश के पहले किसान स्कूल की भी स्थापना की थी। वर्ष 1852 में उन्होंने दलित बालिकाओं के लिये एक विद्यालय की स्थापना की।

•उन्होंने कन्या शिशु हत्या को रोकने के लिये प्रभावी पहल की थी, इसके लिये उन्होंने न सिर्फ अभियान चलाया बल्कि नवजात कन्या शिशुओं के लिये आश्रम भी

******

स्त्री विमर्श

# दीप्ति खण्डेलवाल के उपन्यासों में नारी शोषण की समस्या



**डॉ. पारुल सिंह**
आचार्या
श्री कृष्ण प्रणामी आर्ट्स कॉलेज,दाहोद।
मो. 9428673109

क्या हम सचमुच दृष्टिहीन हो गए हैं?...

हमने धृतराष्ट्र की तरह आँखों पर
मजबूत पट्टी बांध ली है
हम दिखावे की दुनिया में दौड़ रहे हैं
उचित-अनुचित, सही-गलत, न्याय-अन्याय का
फैसला अपनी सुविधानुसार कर ले रहे हैं
अनुचित कार्य से यदि हमें लाभ हो रहा है
उसे हम न्याय के तराजू पर सही कह रहे हैं...

जबकि अंतरात्मा जानती है कि
ये वास्तव में गलत है
अगर लाभ है तो हम
गलत लोगों के साथ खड़े होकर
नारा लगाते हैं और धरना देते हैं
हम जोरदार प्रदर्शन करते हैं...

धरा और प्रकृति के सुंदरतम
मूल्यवान संपदा को आखिर
किस अधिकार के तहत
हम मिटा दे रहे हैं
प्रकृति ने सोच समझकर
इनको बनाया होगा
हमारे द्वारा किए जा रहे
विनाश के खेल को
प्रकृति अच्छी तरह से देख रही है...
अगर इसी तरह विनाश का खेल
मनुष्य द्वारा खेला जाता रहा
तो प्रकृति का सौंदर्य खत्म हो जाएगा
मनुष्यों, पशु-प्राणियों और जंतुओं का
जीवित रहना नामुमकिन होगा
भूकंप, असमय वर्षण, आंधी-तूफान
नित नई महामारियों का आगमन
चारों ओर बस! हाहाकार होगा
हमें करना होगा इस पर चिंतन-मनन
आसपास खाली जमीं पर
पेड़-पौधों का करना होगा सृजन
तभी हम सभी के जीवन में होगा
खुशियों का पुष्पन-पल्लवन...

## 3.महत्वाकांक्षी युद्ध...

आज तक मैंने पढ़ा है
नफरत और प्रेम में
अंततः प्रेम की ही जीत होती है
यह भी पढ़ा है कि जीत आखिर में
सत्य की होती है
शांति और युद्ध में
शांति चिरस्थाई होती है
तमाम भयानक युद्ध के इतिहास को
किताबों में पढ़ा है
सिरफिरों की महत्वाकांक्षाओं ने
ऐसे युद्धों को मढ़ा है
उन्ही युद्ध की विभीषिका को
आज हम प्रत्यक्ष होते हुए देख रहे हैं
रूस और यूक्रेन के युद्ध को बंद होने की पहल
सभ्यता और अपने को शक्तिशाली राष्ट्र का
ढिंढोरा पीटने वाले क्यों नहीं कर रहे हैं...

कितनी वीभत्स दृश्य की खबरें
रूस-यूक्रेन युद्ध की सुनाई दे रही हैं
मानवता और सभ्यता की अंतिम हदें
इस युद्ध में पार हो रही हैं
अखबारों में पढ़कर और टीवी में देख
रोंगटे खड़े हो जा रहे हैं
अविश्वसनीय लगता है कि
आज इस आधुनिकता के दौर में भी
मनुष्य के वर्चस्व की महत्वाकांक्षा
या इक अनोखी जिद
हिमालय की ऊंची चोटियों जैसी हैं
जिसका परिणाम है कि हँसते-खेलते देश को
बमबारी करके तहस-नहस कर दिया गया
पूरी तरीके से बर्बाद कर दिया गया
दिखाया जा रहा है कि
हम सर्वश्रेष्ठ और बलशाली हैं
क्या ? दिखाई नहीं दे रहा कि
भूख से बिलखते बच्चे क्रंदन कर रहे हैं
कितने सुखद सपने संजोए होंगे उस नवदंपति ने
अभी कुछ दिन ही सुखद पल साथ बिताए होंगे
जिनकी अभी हाल में शादी हुई होगी
रात में साथ सोए रहे होंगे और बमबारी हो गई
पूरा घर उड़ गया और रक्त की धार उनके अंग-भंग
शरीरों से बह रहे होंगे...
आदमी की कीमत ऐसे युद्धक्रांताओं की
नजर में कुछ भी नहीं है
चारों ओर सिर्फ बर्बादियों के निशान
मलवे में अपने घर की न रह गई हो पहचान
जहाँ सड़कें और बाजार गुलजार रहते थे
आज वहाँ सिर्फ सुनसान
स्कूलों में जहाँ बच्चों की
किलकारियाँ गूँजती थी
आज वे स्कूल खंडहर नजर आ रहे हैं
बच्चे अनाथ होकर सड़कों पर घूम रहे हैं
बचे हुए लोग दाने-दाने को मोहताज हैं
आखिर कब बंद होंगे ऐसे महत्वाकांक्षी युद्ध
यूक्रेन में शांति के कब संदेश देंगे बुद्ध...

*****

## 4. जिंदगी के टेढ़े-मेढ़े पथ...

वक्त के थपेड़ों से घबराता हूँ
कभी ठोकर इतनी जोर से लगती है
गिर भी पड़ता हूँ, पर डरता नहीं हूँ
मुश्किलों का सामना करता हूँ
संभल कर आगे बढ़ता हूँ...

मानता हूँ, कि जब वक्त अच्छा न चल रहा हो
तो खराब दौर में पराए तो पराए हैं
अपने भी साथ चलने को तैयार नहीं होते हैं
क्रोध तो आता है, खुद में जब्त कर जाता हूँ
अपने बुरे वक्त का विश्लेषण करता हूँ
कदापि हिम्मत न खोता हूँ
दुगने उत्साह से चल पड़ता हूँ...

जिंदगी तुमसे अच्छे कर्म करने का
मैं वादा करता हूँ
कांटो का ताज मुझे मिला है
पर सोचता हूँ कि कांटो के साथ
गुलाब भी खिला होता है
दुःखों के पहाड़, मेरे लक्ष्य में विघ्न करेंगे
मुझे खुद पर पूर्ण विश्वास है
जिंदगी को खूबसूरत बनाने का
मेरे द्वारा किए जा रहे प्रयास हैं
निश्चित ही बेहतर करूँगा
निश्चय ही श्रेष्ठ करूँगा
और सफलता का वरण करूँगा
इसी उम्मीद में अकेले ही
मैं निकल पड़ता हूँ...

माना कि सत्य मौन है
लेकिन सत्य अटल है
अंततः सत्य सफल होता है
सत्य का अनुगमन कर
जिंदगी को अब तक जिया है
भले ही सफलता का अमृत रस
अभी तक नहीं पिया है
वक्त ने मेरा साथ नहीं दिया है
अनीति के सरल सुगम पथ पर
विजय श्री का न करूँगा आह्वान
मुझे नहीं चाहिए ऐसा सम्मान
सद के टेढ़े-मेढ़े पर्वत पर
मैं आनंदमग्न होकर चढ़ता हूँ...

******

## 4. बाबूजी को कभी हारते नहीं देखा...

कितनी मुश्किलें हों, कितनी परेशानियाँ हों
बाबूजी जी कभी हारते नहीं देखा
कभी मन की पीड़ा, हृदय के दर्द को
किसी से कहते नहीं देखा
कभी-कभार बरामदे में या जाड़े में
अम्मा से कुछ जरूर चर्चा किया करते थे
वट वृक्ष की तरह पूरे परिवार को
सदैव छाँव दिया करते थे
आगे बढ़ने की सलाह दिया करते थे...
हम भाई और इकलौती बहन को
सूरज की तरह रोशनी देते रहे
हमारे तम को हरते रहे
काबिल बनाने की जो भी
युक्तियाँ हो सकती थी
जीवन भर करते रहे
कभी कर्ज में डूबते रहे
कभी कर्जदारों की धौंस भी सहते रहे
पर लायक बनने को सचेत करते रहे...

बाबूजी सपने देखते थे
उनके बच्चों बड़े ओहदे पर पहुँच कर
अपने पैरों पर खड़े हो जाए
किसी अच्छे पद पर नियुक्त हो जाएँ
सत्य पर चलने की उनकी निष्ठा
आसपास कई गाँवों में उनकी थी खूब प्रतिष्ठा
निर्णय लेने की उनमें गजब की थी क्षमता
परिवार, आसपास, गाँव और समाज के
दुखदर्द में पूरी शिद्दत से खड़े रहते थे
सच को कहने से कभी न डरते थे
आज बड़ा होकर उनके दिखलाए पथ पर
चलने की कोशिश करता हूँ
पर थोड़ी सी मुश्किल होने पर
बहुत परेशान हो जाता हूँ
तब बाबूजी के मुश्किलों में जीने की कला
याद करने लगता हूँ
बाबूजी के कभी न हारने की
हिम्मत एवं हौसलें को दिल से सलाम करता हूँ
आँखों में आँसू भर लिया करता हूँ...

**********

【साहित्यिक परिचय】

नाम-- लाल देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
पिता--स्व. श्री अमर नाथ लाल श्रीवास्तव
माता--स्व. श्रीमती लीला श्रीवास्तव
स्थायी पता--ग्राम-कैतहा, पोस्ट-भवानीपुर,
जिला-बस्ती पिन - 272124 (उत्तर प्रदेश)
शिक्षा--बी. एससी., बी. एड., एल. एल बी., बी टी सी.(शिक्षक, साहित्यकार व सामाजिक कार्यकर्ता) व्यवसाय-- शिक्षण कार्य
सामाजिक कार्य- सचिव--जॉगर्स क्लब बस्ती (अवैतनिक) सदस्य--प्रगतिशील लेखक संघ-बस्ती लेखन की विधा--कविता/कहानी/लघुकथा/लेख/व्यंग्य/बाल साहित्य
मोबाइल 7355309428
ईमेल laldevendra204@gmail.com

किन्नर विमर्श

# व्यथा की कथा किन्नर कथा

-प्रो. संजय एल.मादार

आधुनिक हिंदी साहित्य अपने परिवेश की देन है।तत्कालीन परिवेश के क्रिया प्रतिक्रिया के वैचारिक मंथन से साहित्य अपने समय और समाज के सरोकारों से संबंध और उन विसंगतियों को बदलने के लिए प्रतिबद्ध है।

साहित्य का मोती समाज की सिपी में जन्म लेता है। (कोडवेल) यह बात साहित्य और समाज के अनोन्याश्रीत संबंध को स्पष्ट करती है। साहित्य निर्माण के साथ-साथ ही विमर्श का भी दौर चलता रहा है। साहित्य के समान विमर्श की व्यापकता भी अति विशाल है क्योंकि सामान्य जन को प्रभावित करने वाले विषय की परिस्थिति इसके अंतर्गत समा जाती है। आधुनिक परिवेश में अन्य विमर्श के साथ साथ किन्नर विमर्श ने भी अपना स्थान पा लिया है। जो संघर्ष विषमता एवं विकृतियों के खिलाफ विद्रोही कदम है । स्वाभिमान से जीने की जी-जी विशा संघर्ष करा रही है। यह संघर्षा या विद्रोह जैसे शब्दों तक सीमित न रहकर एक सामूहिक स्वर बनकर समाज में उभरा है।

एक बात सोचने के लिए मजबूर करती है की अपने समाज में शिवलिंग की पूजा होती है और अर्धनारीश्वर के रूप में शिव की सामाजिक स्वीकृति है। यहां पर यह भी माना जाता है कि एक मनुष्य के स्त्री पुरुष दोनों भावों का संतुलन ही उसे सफलता की ओर ले जाता है। परंतु इस तरह की उच्च विचार रखने वाले समाज में थर्ड जेंडर के व्यक्तित्व पर सामाजिक रुप से अलग कर दिया जाता है। हिन्दी साहित्य की अधिकतर विधाओं में जैसे आत्मकथा कहानी उपन्यास आदि में किन्नर जीवन को विषय बनाकर लेखन कार्य हो रहा है। किन्नर अपनी देह को लेकर आजीवन अपमानित , तिरस्कृत संघर्षमय जीवन व्यतीत करते हैं। तथा आजीवन अपनी अस्मिता की तलाश में रहते दिखाई दे रहें हैं।

उपन्यास जैसे बड़े फलक की साहित्य विधा में किन्नर समाज की व्यथाएँ, पीड़ाए प्रताड़नाए तथा उपेक्षा और साथ ही साथ अभिशप्त जीवन की तमाम सूक्ष्माताओं तथा व्यापकताओं को अभिव्यक्त किया है। हिंदी साहित्य में उपन्यास के माध्यम से तृतीय लिंगी समाज का पहला परिचय नीरजा माधव जी ने "यमदीप" (2002) में कराया है। उपन्यास की कथा किन्नर समाज को लेकर चलती है। इसके साथ साथ (2005) में अनुसूया त्यागी का उपन्यास "मैं भी औरत हूं" इसी समाज की कथा को व्यक्त करता है। उपन्यास की लेखिका खुद डॉक्टर होने के कारण इस विकृति को दूर करने के संकेत देने का प्रयास करती है। इसी कड़ी में चित्रा मुद्गल का "पोस्ट बॉक्स - 203 नाला सोपारा" किन्नर समाज की नारकीय जीवन से मुक्त कराने और उन्हें भी सम्मानित जीवन का अधिकार दिलाने की एक सार्थक पहल है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि परिवार, समाज और किन्नर वर्ग से अपनी मानसिकता को बदलने की अपील करता है। 'नाला सोपारा' उपन्यास का ताना-बाना पत्रात्मक शैली में बुना गया है। नायक विनोद के द्वारा मां को लिखे गए पत्रों के माध्यम से ही प्रकृति प्रदत शारीरिक दोष का खामियाजा एक बच्चे को किस प्रकार भुगतना पड़ता है साथ ही साथ घर परिवार से दूर अलग कर दिए जाने की तड़प जीवन भर उन्हें किस तरह सालती रहती है इसका जीवंत चित्रण इस उपन्यास में हुआ है। उपन्यास में चित्रित पीड़ा का एहसास पाठकों को अंत तक होता रहता है। विनोद के पत्र पाठकों को भीतर ही भीतर किन्नर समाज के प्रति प्रेम करुणा और सहानुभूति उत्पन्न कराने में समर्थ दिखाई पड़ते हैं। जिन्हें सदैव तिरस्कार दृष्टि से देखा गया। और कभी उनके भीतर झांकने की कोशिश नहीं की गई। चित्रा मुद्गल अपने इस उपन्यास के माध्यम से यह स्पष्ट करना चाहती हैं कि जननांग दोषी बच्चे के परिवार वाले भी भय और घृणा की दृष्टि से देखते हैं। उनकी यही इच्छा रहती है की घर की स्त्रियां और विशेष रुप से संतान को जन्म देने वाली स्त्री पर उसकी परछाई न पड़े। लेखिका पूरे किन्नर बिरादरी को सम्मानित जीवन प्रदान करना चाहती हैं। उनकी दृढ़ इच्छा है कि किन्नर कहे जाने वालों की भी अपनी मानसिकता बदल लेनी चाहिए। अपने जीवन को जहाँ नीयति मान ली है उससे उन्हें भी बाहर निकलने की पूरी कोशिश करनी चाहिए।

किन्नर के आशीर्वाद को लेकर अपने मंगल की कामना करने वाला मुख्यधारा का समाज आज भी इनको हेय दृष्टि से देखता है। किन्नर जीवन की वास्तविक तस्वीर दिखाने वाली एक और कृति है "गुलाम मंडी"। लेखिका निर्मला भुराडिया ने गरीबी, देह व्यापार, स्त्री शोषण के साथ साथ तृतीय लिंगी लोगों की समस्याओं को अभिव्यक्ति प्रधान करने का प्रयास करती दिखाई देती हैं। यह उपन्यास एक साथ अनेक विषयों को लेकर चलता है। उनमें एक है किन्नर। यह उपन्यास किन्नर लोगों की जीवन के प्रति सहानुभूति जगाता है। साथ ही पाठकों के समक्ष प्रश्न भी उत्पन्न करता है कि प्रकृति ने जिसे जैसा बनाया है उसमें उसका क्या दोष? सारी चीजें हम स्वयं तय नहीं कर सकते हैं । ऐसी स्थिति में प्रकृति ने जिसको जैसा बनाया है, उसे उसी रूप में स्वीकार करने में समाज को आपत्ति क्यों होती है! इस तरह के अनेक प्रश्न उपन्यास पढ़ते समय पाठक के सामने खड़े होते हैं। उपन्यास की लेखिका कहती हैं कि "बचपन से ही देखते आई हूँ उन लोगों के प्रति समाज के तिरस्कार को, जिन्हें प्रकृति ने तयशुदा जेंडर नहीं दिया इसमें इनका क्या दोष?" यह कहने में अतिशयोक्ति नहीं होगी कि उपन्यास में मुख्य कथा के समानांतर ही किन्नर कथा चलती है। बल्कि यूँ कहें कि एक मोड़ पर उसी में घुल मिल जाती है । इस प्रकार यह उपन्यास किन्नर समाज के यथार्थ का उद्घाटन करने के साथ साथ देह व्यापार की समस्याओं की तरफ भी हमारा ध्यान आकर्षित करता है। लेखिका निर्मला भुराडिया ने 'गुलाम मंडी' लिखकर न सिर्फ एक जटिल विषय को अपने लेखन का केंद्र बनाया है, बल्कि गहनतम संवेदना के स्तर पर गुलामी के दंश को बड़ी कुशलता से अभिव्यक्त किया है। इस विषय को लेकर उन्होंने कोशिश की है की इससे आसपास और साथ साथ की जो भी विकराल समस्याएँ हैं, उन्हें भी समेटा जाए। उपन्यास में एक जगह लेखिका प्रश्न उठाती दिखाई देती है कि 'मात्र देह मानी जाने से लेकर देवी कहलाने तक एक स्त्री के अंदर का दुख आज तक कोई नहीं समझ सका, तो किन्नर के दर्द को समझने का कलेजा कहाँ से आएगा।' प्रश्न यह भी उठता है कि आखिर में बाकी इंसानों की तरह मानवीय गरिमा के हकदार किन्नर क्यों नहीं है?

प्रदीप सौरभ कृत 'तीसरी ताली' उपन्यास में समाज के हाशिए पर जिंदगी व्यतीत करने वाला एक वर्ग जिसमें वह विकृत वर्ग जो देश के विभिन्न भागों में फैला हुआ है। उसकी दुनिया समांतर जीवन जीती है। उपन्यासकार ने इस समाज के तहखाने तक पहुँच कर उसके जीवन के वास्तविक जीवन का चित्रण अंकित किया है । यह वर्ग हमें मालूम तो है मगर हमारे आसपास उनके होने पर भी हम उनके जीवन से उतने परिचित नहीं है। परिवार परित्यक्त और समाज से बहिष्कृत एवं दंडित ये लोग किस तरह जीवन जीते हैं, इसका वास्तविक चित्रण इस उपन्यास में हुआ है। वास्तविकता यह है कि यह उपन्यास उनके जीवन का जीवंत दस्तावेज है ।

अपनी अस्मिता की तलाश करती हुई एक और रचना 'पुरुष तन में फसा मेरा नारी मन' । मनोबी बंदोपाध्याय द्वारा रचित यह आत्मकथात्मक उपन्यास है। इसमें उन सच्चाई यों को बेबाकी ढंग से स्वीकार किया है वह साधारण या आम व्यक्ति के समझ से परे है । यह एक साहस पूर्ण यात्रा है, जो बचपन से लेकर अपनी प्रौढ़ावस्था के सफलता तक की संघर्षपूर्ण आत्म कहानी कहती है। यह उसकी पहचान को परिभाषित करती है ।इसमें मनोबी अपने लैंगिक पहचान के लिए संघर्षरत है। यह संघर्ष परिवार और समाज के साथ-साथ स्वयं की पहचान स्थापित करने की कोशिश रही है। क्योंकि मनोबी पढ़ी लिखी है। इसलिए शिक्षा के बल पर अपने जीवन को नया अर्थ दे पाई है। विशेष बात यह है कि अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार को भी देती है। यह आत्मकथात्मक उपन्यास पाठकों के ज्ञान चक्षु खोलने वाला सिद्ध होता है।

निष्कर्ष के रूप में कहा जाए तो यह वर्ग हमेशा से समाज में विद्यमान तो रहा है लेकिन किसी भी काल में इसके अधिकार की बात कभी नहीं उठाई गई। इसके लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार जैसी सुविधाएँ कोसों दूर रही हैं। इनका सामाजिक मान्यता प्राप्त पहचान का कोई चिन्ह नहीं है। समाज का एक बड़ा हिस्सा पूर्वाग्रह से पीड़ित होने के कारण समाज में इस वर्ग के संघर्ष का कोई अंत नहीं रहा है। जन्म से लेकर अंत तक समाज में रहते हुए भी समाज से बहिष्कृत होकर जीवन यापन करना पड़ता है। इन्हें समाज में उचित स्थान मान मिले।जिन समस्याओं का सामना जन्म से करना पड़ता है वह समाज के सामने सकारात्मक तरीके से सामने आए और वे भी समाज की मुख्यधारा से जुड़े रहें ।'मैं पायल' उपन्यास की पायल अपनी अस्मिता को तलाशते हुए अपनी मन की व्यथा व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रश्न करती है _

**"अधूरी देह क्यों मुझको बनाया**
**बता ईश्वर तुझे यह क्या सुहाया**
**किसी का प्यार हूँ न वास्ता हूँ,**
**न तो मंजिल हूँ मैं न रास्ता हूँ**
**कि अनुभव पूर्णता का हो न पाया**
**अजब खेल यह रह रह धूप छाया।**

-पायल की पीड़ा यही है कि हमें किन्नर नहीं इंसान समझा जाए।

******

**संदर्भ-**

1. यमदीप- नीरजा माधव
2. मैं भी औरत हूँ- अनुसया त्यागी
3. तीसरी ताली- प्रदीप सौरभ
4.मैं पायल- महेंद्र भीष्म
5. गुलाम मंडी- निर्मला भुराड़िया
6. पोस्ट बॉक्स- 203 नाला सोपारा



## अल्फाज सिंगरौली के पांच गजलें

(1)

किसी की दुनिया जली किसी का मकान जल उठा,
सियासत की लपटें उलझी तो हिंदुस्तान जल उठा।

नफरत की हवा जब कलम के आगोश तक पहुची,
शेर ओ शायरी जली अदब का बागवान जल उठा।

सियासी लोगों ने कुरसी की खातिर ऐसी चालें चल दी,
इस तरफ हिन्दू तो उस तरफ मुसलमान जल उठा।

मज़हब के नाम से किया गया खून खराब क्यूँ यहां,
चीख चीत्कार आंसू आशियाना श्मशान जल उठा।

अपने कलम से निकलने लगी जब खून की लकीरें,
अपने जीने और मरने का सारा अरमान जल उठा।

(2)

हिचकियों को समझना जरा मुश्किल है,
सिसकियों को समझना जरा मुश्किल है।

यार हम तो ठहरे सादा मिज़ाज के लोग,
कनखियों को समझना जरा मुश्किल है।

शज़र ऊंची आवाज में बोले उसे समझो,
तल्खियों को समझना जरा मुश्किल है।

सुनो दो कुलो का भार ढोती है लड़कियां,
लड़कियों को समझना जरा मुश्किल है।

हमारे चेहरे पे सिकन उम्र का पड़ाव नही,
झुर्रियों को समझना जरा मुश्किल है।

(3)

भरोसा उठ गया है हर किसी से,
जब से धोका मिला है उर्वशी से।

इश्क़ जताने के और भी तरीके हैं,
हम नस नही काटेंगे बुजदिली से।

हम सुखनवर हैं अहले जहां बालों,
सब का दिल जीत लेंगे शायरी से।

इस घर में गुरबत का एक साया है,
ये दुनिया हमें देखती है बेहिसी से।

हम जुगनू ही सही मगर 'अल्फ़ाज़,
हम को डर नही लगता तीरगी से।

(4)

जिसे नफ़रत है मुसलमान से,
वो निकल जाए हिंदुस्तान से।

हक़ बोल कर गुनाह किया मैंने,
सर मेरा काटा जाए सम्मान से।

सब किताबों को पढ़कर देखिए,
इश्क़ ही मिलेगा गीता कुरान से।

मुझ से मिलते है वाहे गुरु वाले,
रामराम कहते हैं मुझे ईमान से।

सलीब पे चढ़ उल्फत सिखाया,
हम भी यूं झूल जायेगे शान से।

जैन बौद्ध जिन को कहते हैं हम,
सब के रिश्ते हैं हमारे मकान से।

इश्क़ सीखेंगे बच्चे मजहबो से,
मुझे उम्मीद है अपने संतान से।

(5)

छोड़ आये हैं गांव और कुछ नही,
गर्दिश में है पांव औऱ कुछ नही।

परिंदो के कलरव सुनाई नही देते,
कौओं के हैं कांव औऱ कुछ नही।

पेंड़ कतराने लगे है साया देने से,
पिता का है छांव और कुछ नही।

भँवर का डर नही है रत्ती भर भी,
डगमगाई है नांव और कुछ नही।

हालात शायद बदलेंगे लगता है,
है वक़्त का दांव और कुछ नही।

विविध विमर्श

# राष्ट्र निमार्ण में मजदूरों की भूमिका: उनका वर्तमान और भविष्य

**डॉ.अशोक डेहरिया**
सहायक प्राध्यापक
डिपार्टमेंट ऑफ़ रीजनल प्लानिंग एन्ड इकॉनोमिक ग्रोथ,
बरकतउल्लाह यूनिवर्सिटी भोपाल,

**डॉ.जीतेंद्र कुमार**
सहायक प्राध्यापक
डिपार्टमेंट ऑफ़ रीजनल प्लानिंग एन्ड इकॉनोमिक ग्रोथ
बरकतउल्लाह यूनिवर्सिटी भोपाल, मो.9770507023

**सरांस :-**

**इस शोध पत्र का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र निर्माण में मजदूरों की भूमिका को उजागर करना और उनके साथ विभिन्न रूपों में हो रहे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सामाजिक-आर्थिक शोषण और अत्याचारों के कारणों का पता लगाना ताकि उनसे मुक्ति पाने के लिए उनके वर्तमान और भविष्य के लिए उचित नीति बनायी जा सके. इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु विभिन्न प्रश्नों के माध्यम से उत्तर जानने का प्रयास किया गया है जैसे वे कौनसे कारण हैं जिनकी वजह से मजदूर वर्ग को अन्य लोगों की तरह आधारभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रहीं हैं? क्यों वे शोषण और अत्याचार से मुक्त नहीं हो पा रहे हैं? और वे कौन सी परिस्थितियां हैं जिनकी वजह से वे मजदूर वर्ग की श्रेणी से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं और निरंतर कर्ज और सेठ साहूकारों और पूंजीपतियों के चुंगल में फंसते जा रहे हैं?. इन प्रश्नों का उत्तर इस शोध पत्र के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है. इसके लिए प्राथमिक और द्वितीयक आंकड़ों को विभिन्न स्रोतों से एकत्रित कर गहराई से विशलेषण किया गया है ताकि मजदूरों की वास्तविक समस्याओं का पता लग सके. विशलेषण में यह पाया गया की मजदूरों की स्थिति पलायन की वजह से कुछ हद तक बेहतर तो हुई है लेकिन ये उनके विकास का स्थायी हल नहीं है जब तक उनके लिए स्थानीय स्तर पर उचित रोजगार की व्यवस्था न की जाये. निरंतर भूमि के विखंडन, तकनीकीय परिवर्तन, बढ़ती जनसँख्या, बढ़ती आवश्यकताओं, बढ़ती मंहगाई और सीमित स्थानीय रोजगार और कम मजदूरी जैसे तत्वों ने उन्हें पलायन के लिए मजबूर कर दिया है.**

**मुख्य शब्द:** राष्ट्र निर्माण, मजदूर वर्ग, पलायन, मंहगाई, जातिवाद, ऋणग्रस्तता, कृषि संकट और आर्थिक नीतियाँ।

**प्रस्तावना:-**

यदि मजदूरों को राष्ट्र का निर्माता कहा जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी, आज देश के जितने भी विकसित प्रदेश हैं जो अपने विकास पर गर्व करते हैं या तो वे वहाँ की सरकार को या राजनीतिक दलों को श्रेय देते हैं या फिर वहाँ पर उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों को लेकिन वे हमेशा वहाँ पर काम करने वाले मजदूरों को भूल जाते हैं जो देश की विकास की नींव से लेकर विकास की चमचमाती इमारत का निर्माण करते हैं. आज हम विकास की उस ऊँचाई तक नहीं पहुंचे हैं न शायद कभी पहुँच पायेंगे की हमारे सभी कार्य बिना मजदूरों के हो सकें. हमें घर के छोटे-छोटे कार्यों और साफ-सफाई से लेकर बड़े-बड़े उद्योगों, फैक्ट्रियों, कंपनियों, खदानों, होटलों, सड़कों इत्यादि में मजदूरों की आवश्यकता पड़ती है. और पूंजीपतियों और उच्च आय वर्ग के लोगों का तो मजदूरों के बिना कोई काम भी नहीं होता और वही लोग उनका शोषण और अत्याचार भी करते हैं. यदि एक दिन सभी मजदूर अपना कार्य करना बंद कर दें तो सारा देश तहस-नहस हो जायेगा फिर भी हमारी मजदूरों के प्रति कितनी संवेदनशीलता है यह स्पष्ट दिखाई देती है और कोरोनाकाल में और भी स्पष्ट हो गयी है (डेहरिया: देशबंधु ).

मजदूर वर्ग हमारे समाज का ही अभिन्न अंग है जो जातिवाद, पूंजीवाद और कमजोर आर्थिक नीतियों और ख़राब कानूनों के परिणाम स्वरुप ही इस वर्ग का उदय हुआ है एवं धीरे-धीरे स्थायी रोजगार और निश्चित आय के अभाव में इस वर्ग का आकार और व्यापक होते जा रहा है. यदि इस समस्या को दूर करने हेतु समय पर उचित और ठोस कदम नहीं उठाया गया तो आने वाले वर्षों में मजदूर वर्ग एक ऐंसा वर्ग के रूप में उभरेगा जो देश के लिए ही नहीं पूरी दुनिया के लिए एक गंभीर समस्या बन जायेगा जो कई प्रकार की सामाजिक, असामाजिक और राजनीतिक समस्याओं को जन्म देगा. आज देश की लगभग 25 से 30 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करती है जो या तो कृषि मजदूरी पर निर्भर है या फिर आजीविका के लिए यहाँ-वहाँ पलायन

**बढ़ती पलायन की प्रवृत्ति:-**

आज विशेषकर आदिवासी बाहुल्य प्रदेशों के मजदूर वर्ग के लोग दैनिक मजदूरी और आजीविका की तलाश में परिवार सहित एक राज्य से दूसरे राज्य में पलायन करते हैं और कई प्रकार की जोखिम भरी फैक्ट्रियों, कंपनियों, ईंट के उद्योगों और बहु-मंजिला इमारतों में कार्य करते हैं जो कभी-कभी कई प्रकार की दुर्घटनाओं के शिकार हो जाते हैं. और पलायन की यह स्थिति विशेषकर बिहार, उड़ीसा, झारखण्ड, उत्तरप्रदेश, और मध्यप्रदेश में रहने वाले मजदूर वर्ग में खासकर देखने को मिलती है. क्योंकि उद्योगिक और कृषि की दृष्टि से पिछड़ेपन की वजह से इन प्रदेशों में मजदूरी की दर बहुत ही कम है और स्थायी रोजगार भी नहीं है इसीलिए इन प्रदेशों के लोग काम की तलाश में यहाँ-वहाँ पलायन करते रहते हैं. और यह स्थिति कोरोनाकाल की पहली और दूसरी लहर में काफी स्पष्ट हुई है, लाखों मजदूर रात-दिन सैंकड़ों किलोमीटर पैदल चलकर अपने-अपने घर पहुंचे है जिनकी पीड़ा और भावनाओं को हम आंकड़ों के माध्यम से व्यक्त नहीं कर सकते. करती है, और देश में लगभग 80 प्रतिशत से अधिक लघु एवं सीमान्त कृषक हैं वे भी कुछ वर्षों में भूमि के निरंतर विखंडन से भूमिहीन होकर दैनिक मजदूर वर्ग की श्रेणी में आ जायेंगे और हमारी कुल जनसंख्या का आधी से अधिक आबादी मजदूर वर्ग की हो जायेगी. क्योंकि एक तरफ हम निजीकरण को भी इतना बढ़ावा दे रहे हैं की सार्वजानिक क्षेत्र में कुछ वर्षों के बाद नौकरियां ही नहीं बचेंगी. और हमारे देश की शिक्षा व्यवस्था इतनी कमजोर है की ग्रामीण क्षेत्र के युवा निजी क्षेत्र के अच्छे पदों में कार्य करने लायक ही नहीं होते विशेषकर मजदूर वर्ग के लोग क्योंकि वे सामान्य शिक्षा तो जैसे-तैसे ग्रहण कर लेते हैं लेकिन तकनीकि और आधुनिक शिक्षा से वंचित रह जाते हैं जो आज के उद्योगिक और तकनीकि जगत की आवश्यकता है (डेहरिया: नवप्रदेश).

**कृषि संकट**:-

कृषि हमारी सिर्फ आजीविका का साधन ही नहीं, बल्कि यह समाज में स्थायी रूप से रहने एवं सम्मान से जीने का आधार है और संस्कृति का एक अभिन्न हिस्सा भी है इसलिए लोग भावनात्मक रूप से कृषि से जुड़े रहते हैं. लोग अपनी भूमि को बिना किसी विशेष वजह के बेचना या खोना नहीं चाहते क्योंकि कृषि रोजगार का बहुत बड़ा स्रोत है जिसमें आज भी लगभग 40 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या किसी न किसी रूप में कृषि संबंधी कार्यों से जुड़ी हुई है इसीलिए कृषि को हमारी अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार माना जाता है किन्तु स्वतंत्रता के पश्चात् सकल घरेलु उत्पाद में कृषि का प्रतिशत निरंतर कम हुआ है, 1950 के दशक में जो लगभग 55 प्रतिशत था वह घटकर लगभग 19 प्रतिशत के आसपास रह गया है जो हमारे लिए एक चिंता का विषय है (कुमार: 2017).

**लघु एवं सीमान्त कृषकों में बढ़ती ऋणग्रस्तता:-** भले ही हमने कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता में कृषि सुधार कानूनों एवं कृषि संबंधी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से वृद्धि की है. जिसके परिणामस्वरूप हम खाद्य सुरक्षा के मामले में आत्म निर्भर बने हैं एवं हमारे कृषि संबंधी आयात कम हुए हैं लेकिन इसमें सबसे अधिक योगदान सिर्फ हरित क्रान्ति से लाभान्वित हुए कुछ गिने चुने राज्यों जैसे पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तरप्रदेश एवं बड़े तथा सम्पन्न किसानों का रहा है जबकि तुलनात्मक रूप से इसमें देश के पिछड़े लघु एवं सीमान्त किसानों का योगदान बहुत ही सीमित रहा है. आज देश में लघु एवं सीमान्त कृषकों की संख्या 80 प्रतिशत से भी अधिक है (Agricultural Statistics: 2018). और इन लघु एवं सीमान्त किसानों की आय कृषि से उतनी नहीं होती कि जिससे वे अपने परिवार का भरण पोषण कर सकें. इसलिए वे कृषि के अलावा गैर कृषि कार्यों से आय प्राप्त कर अपना जीवन यापन करते हैं.

विशेषकर आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के लोग देश के बड़े-बड़े शहरों में जाकर निर्माण एवं अन्य क्षेत्रों में काम करते हैं (कुमार: 2017). हमारी कृषि की प्रमुख विशेषता यह है कि यह मानसून पर निर्भर है लगभग 50 प्रतिशत से अधिक कृषि क्षेत्र आज भी असिंचित है, ये कृषक सिर्फ खरीफ की फसल लेते हैं और फसल आने के तुरंत बाद भाव का इंतजार किये बिना स्थानीय व्यापारियों को बेच देते हैं जिनसे वे कर्ज लेते हैं. तो क्या इन किसानों की आय दुगुनी हो पायेगी? जो सिर्फ एक ही फसल लेते हैं वो भी खरीफ की जिसमें धान, मक्का, ज्वार एवं बाजरा आदि शामिल है, जिनकी कीमत अत्याधिक कम होती है और लागत अधिक होती है .

**मध्यप्रदेश में मक्के की खेती:-**

मध्यप्रदेश में पिछले कुछ वर्षों से खरीफ की फसल में अधिकांशतः मक्के की खेती की जा रही है (खरीफ फसल कृषि माला रिपोर्ट: 2016). लेकिन बीते 3-4 वर्षों से किसानों को उचित कीमत तो क्या उनकी लागत भी नहीं निकल पा रही है. वर्ष 2016 में नोटबंदी की वजह से स्थानीय छोटे-छोटे व्यापारियों के पास नगदी न होने के कारण किसानों से बहुत ही सस्ती कीमत में मक्के की खरीदी की थी (800 से 1100 रु. प्रति क्विंटल) इसके बाद कोरोना काल के दौरान पिछले वर्ष (2020) एवं इस वर्ष (2021) में भी बहुत ही सस्ते दामों (800 से 1200 रु. प्रति क्विंटल) में मक्के की खरीदी की गई है तो क्या इसकी भरपाई करना संभव है?

**कृषकों की आय पर लगता प्रश्न चिन्ह:-**

सिर्फ कृषि उत्पादन बढ़ने/बढ़ाने से कृषकों की आय दुगुनी नहीं होगी जब तक उनकी उचित कीमत नहीं मिलेगी तब तक कृषि लागत कम नहीं होगी. हमारा कृषि उत्पादन तो बढ़ा है लेकिन इसके साथ-साथ लागत भी बहुत तेजी से बढ़ी है. खाद, बीज, एवं कीटनाशक दवाइयों की कीमत आसमान छू रही हैं जिन पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है. गौरतलब हो की 3.5 से 4 कि.ग्रा. मक्के की थैली की कीमत 1200 से 15000 रु. तक होती है जबकि एक क्विंटल मक्के की कीमत 1200 से 1300 रु. तक है. यदि एक कृषक स्वयं के परिवार के सदस्यों की मजदूरी कृषि लागत में जोड़ता है तो उसकी बचत तो क्या उसकी मजदूरी भी नहीं निकलती. सामान्यतः कृषक, कृषि लागत में परिवार द्वारा किये गए कार्यों को नहीं जोड़ता जिसकी वजह से उसका थोड़ा बहुत फायदा दिखता है. यदि किसानों को कुछ राशि देकर आय बढ़ाई जाती है तो क्या हमेशा स्थायी रूप से उनकी आय इसी प्रकार बढ़ती रहेगी रहेगी? यह भी एक विचारणीय प्रश्न है.

**कृषि जोतों का विखंडन:-**

आज देश में कृषि जोतों का विखंडन भी बहुत तेजी बढ़ रहा है जिसकी वजह है जनसंख्या वृद्धि, एकल परिवार एवं भूमि स्वामित्व की प्रवृत्ति. कृषि भूमि एक प्रकृति प्रदत्त उपहार है जिसे अन्य वस्तुओं की तरह उत्पादित नहीं किया जा सकता और न ही एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाया जा सकता है. बेशक इसकी उर्वरा शक्ति को बढ़ाया जा सकता है एवं स्वामित्व को बदला जा सकता है. कृषि भूमि की उत्पादन क्षमता को एक सीमा तक ही बढ़ाया जा सकता है इसलिए कृषकों की आय को कृषि के माध्यम से बढ़ाना एक सीमा के बाद संभव नहीं है. आज की युवा पीढ़ी कृषि कार्य करना पसंद नहीं करती क्योंकि वह समझती है कि कृषि करके जीवन यापन करना बहुत कठिन है इसलिए वह गैर कृषि क्षेत्रों में कार्य करना पसंद करती है. परिणामस्वरूप विशेष रूप से आदिवासी क्षेत्रों में पलायन की दर बहुत तीव्रता से बढ़ रही है लोग देश के बड़े-बड़े शहरों में कार्य कर कर रहे हैं, जिससे उनकी परिवार की स्थिति धीरे-धीरे सुदृढ़ हो रही है. आज अधिकांश घरों में मोटरसाईकिलें, मोबाईल एवं अन्य आधुनिक वस्तुएं देखने को मिलती हैं. कोई अनाज बेचकर इतनी मँहगी वस्तुएँ नहीं खरीदता क्योंकि कृषि से इतनी आय नहीं होती की एक साधारण किसान उससे इतनी मंहगी वस्तुएं खरीद पाए (कुमार: 2017).

**कृषि क्षेत्र में ख़त्म होते रोजगार के अवसर: -**

आज रोजगार के अवसर कृषि क्षेत्र में ख़त्म हो रहे हैं, ट्रेक्टर, थ्रेसर, सिड्रिल एवं अन्य कृषि यंत्रों के उपयोग की वजह से सभी किसानों के यहाँ कृषि संबंधी कार्य सीमित हो गए हैं जिसकी वजह से बेरोजगारी की दर बहुत तेजी से बढ़ी है परिणाम स्वरूप पलायन भी तेजी से बढ़ा है. आज हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय एवं जातिगत उद्योग-धंधे लगभग ख़त्म हो चुके हैं जिसकी वजह से रोजगार के अवसर ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत सीमित रह गए हैं, यहाँ तक की बी.ए. और एम.ए. कर लोग काम की तलाश में शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं. जिसके परिणाम स्वरूप शहरों में शिक्षित बेरोजगारों की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है जो एक गंभीर समस्या बन चुकी है और अब कृषि आय का मुख्य स्रोत न रहकर द्वितीयक स्रोत बन गया है जबकि रोजगार की दृष्टि से यह क्षेत्र अन्य क्षेत्रों की तुलना में 40 प्रतिशत से भी अधिक रोजगार प्रदान करता है लेकिन सकल घरेलु उत्पाद में इसका योगदान सिर्फ 17 प्रतिशत के आसपास ही रह गया है (कुमार: 2017).

**अध्ययन क्षेत्र में बढ़ती ऋणग्रस्तता:-**

पिछले कुछ वर्षों से मक्का छिन्दवाड़ा जिले की खरीफ की मुख्य फसल बन गया है। और इसका लाभ किसानों को पूर्व में मिला भी है। लेकिन बीते दो-तीन वर्षों से मक्के के भाव में निरंतर अप्रत्याशित रूप से गिरावट आयी है। जिसका असर किसानों की ऋणग्रस्तता पर तेजी से पड़ा है। छिन्दवाड़ा जिले से 60 किलोमीटर दर बसा हुआ अमरवाड़ा तहसील का आदिवासी बाहुल्य ग्राम भाजीपानी के अध्ययन के दौरान यह पाया गया की यहाँ प्रत्येक किसान मक्के की खेती करता हैं। और अधिक उत्पादन की लालच में किसान मक्के की उन्नत किस्म के बीज बोते है जिनकी कीमत काफी अधिक होती है। बुआई के लिए किसान मंहगी-मंहगी मक्के की थैलियाँ स्थानीय व्यापारियों से खरीदते हैं जो वजन की तुलना में काफी मंहगी होती हैं । मक्के के बीज की किस्में कई प्रकार की होती हैं कभी-कभी तो सामान्य किसान थैली पर छपे आकर्षक मक्के के चित्र और पैकिंग से प्रभावित होकर ही मक्के की थैलियाँ खरीद लेते हैं। एक थैली का वजन 3.5 किलोग्राम से लेकर 4 लिलोग्राम तक होता है जिसकी कीमत 500, 600 रु प्रति थैली से लेकर 2000 रु प्रति थैली तक होती है। कृषक अपनी बजट के अनुसार मध्यम कीमत वाली थैलियाँ खरीदते हैं। सामान्यतः इस गाँव के किसान 900 रु से लेकर 1300, 1400 रु तक की थैलियाँ खरीदते हैं (कुमार: फील्ड सर्वे)।

गाँव में सीमान्त, लघु एवं मझोले कृषकों की संख्या अधिक है लगभग 10 प्रतिशत किसान ही बड़े किसोनों के अंतर्गत आते हैं। यहाँ छोटे से लेकर बड़े किसान खेती से संबंधित क्रियाकलापों के लिए स्थानीय व्यापारियों से ऋण लेकर खेती करते हैं और ऋण मक्का बोने से पहले सिर्फ लिया ही नहीं जाता बल्कि बेच भी दिया जाता है। और ऋण लेने की प्रक्रिया मक्के की बुआई से लेकर मक्के की फसल आते तक चलती रहती है। कभी-कभी तो कृषक इतना ऋण ले लेते हैं की उसकी भरपाई मक्के से नहीं कर पाते हैं क्योंकि किसान कृषि के अलावा अन्य खर्चों के लिए भी ऋण लेते हैं। ये ऋण कृषक रबी की फसल में चुकाते हैं या फिर अगले मक्के के सीजन में चुकाते हैं जैसे-जैसे समय बढ़ता जाता है व्यापारी भी अपना ऋण जोड़ते जाते है लेकिन बहुत से कृषक ब्याज तो क्या अपना मूलधन भी नहीं चुका पाते हैं। व्यापारी सामान्यतः बुआई से पहले 900 रु से लेकर 1000 रु प्रतिक्विंटल के हिसाब से किसानों को ऋण देते है लेकिन जो कृषक फसल बोने के एक या दो महीने बाद ऋण लेता है उस समय व्यापारी 1100 रु या 1200 रु प्रति क्विंटल के हिसाब से ऋण किसानों को ऋण देते हैं । मक्का की फसल आते ही कृषक पूर्व निर्धारित कीमत पर व्यापारियों को मक्का बेच देते हैं (कुमार: फील्ड सर्वे)।

**सुझाव:-**विभिन्न आर्थिक, सामाजिक, और तकनीकीय परिवर्तनों की वजह से मजदूर वर्ग की आर्थिक और सामाजिक स्थिति काफी दयनीय हो रही है जिसके लिए सरकार को स्थानीय स्तर पर स्थायी रोजगार जनरेट करने के लिए ट्रेनिंग सेंटर खोलना चाहिए ताकि ग्रामीण युवा कुछ कार्य सीखकर अपना व्यावसाय खोल सकें. वर्तमान में हर क्षेत्रों में तेजी से होते मशीनीकरण और तकनिकीय परिवर्तनों की वजह से कई प्रकार के रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं लेकिन उचित ट्रेनिंग के अभाव में ग्रामीण युवा इस प्रकार के रोजगार से वंचित हो जाते हैं और उनको शारीरिक श्रम के लिए मजबूर होना पड़ता है. यदि सरकार इनसे संबंधित ट्रेनिंग सेंटर खोलकर गांवों में ही ट्रेनिंग देती है तो उन्हें शारीरिक श्रम करने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ेगा और वे बेहतर रोजगार खोलकर अपना जीवन यापन कर सकते

**निष्कर्ष:-**

मजदूर सिर्फ राष्ट्र के निर्माता ही नहीं होते बल्कि अन्नदाता भी होते हैं लेकिन इसका श्रेय उनको कभी नहीं मिलता. इस शोध पत्र में मजदूरों द्वारा राष्ट्र निर्माण में किये गए कार्यों का स्पष्ट वर्णन किया गया है और उनके साथ विभिन्न रूपों में हो रहे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सामाजिक -आर्थिक शोषण और अत्याचारों के कारणों को भी

स्पष्ट किया गया है. विशलेषण में यह पाया गया की मजदूरों की स्थिति पलायन की वजह से कुछ हद तक बेहतर तो हुई है लेकिन ये उनके विकास का स्थायी हल नहीं है जब तक उनके लिए स्थानीय स्तर पर उचित रोजगार की व्यवस्था न की जाये. निरंतर बढ़ती जनसंख्या और भूमि के विखंडन, कृषि में तकनीकीय परिवर्तन, बढ़ती आवश्यकताओं, बढ़ती मंहगाई और सीमित स्थानीय रोजगार और कम मजदूरी तत्वों ने उन्हें पलायन के लिए मजबूर किया है. इसके आलावा कमजोर आर्थिक नीतियां और असमान सामाजिक और आर्थिक संरचना की वजह से भी मजदूर वर्ग की जनसँख्या में तेजी से विस्तार हुआ है जिनकी वजह से उनकी वर्तमान तो अंधकार में है ही और भविष्य भी अंधकार में होना स्वाभाविक है यदि उनके लिए समय पर सही नीतियां नहीं बनायी जाती हैं तो।

*****

**संदर्भ: -**


1. डेहरिया, जीतेंद्र कुमार (2021): 'लॉकडाउन और मंहगाई की मार से मजबूर हुआ मजदूर वर्ग' *देशबंधु* (दैनिक समाचार पत्र) अंक 14, प्र. क्र. 6, 20 अप्रैल 2021.
2. डेहरिया, जीतेंद्र कुमार (2021): 'राष्ट्र निर्माण में मजदूरों की भूमिका: उनका वर्मान और भविष्य' *नवप्रदेश* (दैनिक समाचार पत्र) अंक 14, प्र. क्र. 6, 1 मई 2021.
3. Kumar, Jeetendra (2017): *Labour and Accumulation in Rural Madhya Pradesh: A Case Study of Dikhatpura Village in Morena District*, PhD Thesis Submitted at School of Economics, University of Hyderabad.
4. Govt. of India Report (2010): *Agricultural Statistics at A Glance*, Published by Government of India, Ministry of Agriculture & Farmers Welfare Department of Agriculture, Cooperation & Farmers Welfare Directorate of Economics and Statistics.
5. मध्य प्रदेश शासन रिपोर्ट (2016): 'खरीफ फसल कृषि माला' किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मध्यप्रदेश द्वारा प्रकाशित, प्र. सं. 20.
6. Govt. of India Report (2005) 'Indebtedness of Farmer Households' Published by National Sample Survey Organisation Ministry of Statistics and Programme Implementation Government of India, page no 17.
7. http://mpkrishi.mp.gov.in/hindisite_New/compendium2005-06_new.aspx


# गांधी जी के अनमोल विचार

1. किसी पर भरोसा करना अच्छी बात है क्युकी भरोसा ना करने से कमजोरी पैदा होती है।
2. जो आदमी समय बचाता है वह उससे धन बचाता है और बचाया हुआ धन कमाए हुए धन के समान है।
3. एक आँख दूसरी आँख के बदले सारी दुनिया को अंधी बना सकती है।
4. जिन्दगी ऐसे जियो जैसे की तुम कल मरने वाले हो और सीखो ऐसी तसल्ली से जेसे की तुम हमेशा जीने वाले हो।
5. आदमी की पहचान उसके पहनावे और कपड़ो से नहीं की जाती बल्कि उसकी पहचान तो उसके गुणऔर चरित्र से होती है।
6. मौन एक बहुत ही अच्छा भाषण है आप अगर इसको अपनायेगे तो धीरे-धीरे आपको भी सारी दुनिया सुनने लगेगी।
7. प्रसन्नता ही एकमात्र ऐसी चिज है जिसे आप ओरो में बाटंगे तो उसका कुछ हिस्सा तो आपके हिस्से में जरुर आयेगा।
8. सच एक बहुत बड़ा पेड़ है और जैसे - जैसे हम उसका साथ देते है वह पेड़ उतना ही ज्यादा फलता और बढता है अगर हम उस पेड़ की सेवा अच्छे से करंगे तो वो पेड़ कभी खत्म नहीं होगा।
9. दुनिया में चाहे जितने भी विचार हो उनमे से बस एक ही जीवित रहेगा और वो है सच और सच कभी ना ख़त्म होने वाला विचार है।
10. जो आप ने आज किया है वो आपके कल पर निर्भर करता है और आपका कल आपका भविष्य है इसलिए आप अपने आज पर पूरा ध्यान दो ताकि आपका भविष्य अच्छा बन सके।
11. मानवता एक सागर की तरह है और आप अपना विश्वास मानवता पर मत भूलो अगर मानवता के सागर में एक भी बूंद गंदी समां गई तो पूरा सागर गन्दा हो जायेगा।
12. किसी भी देश की महानता और नैतिक प्रगति को इसी बात से समझा जा सकता है की उस देश में जानवरों के साथ कैसा सल्लुक किया जाता है इससे आपको उस देश की प्रगति के बारे में पता चल जायेगा।
13. अपने आप को जानने के लिए सबसे अच्छा तरीका है दुसरो की सेवा करना।
14. आप तब तक उस चीज को जरुरतमंद नहीं समझते जब तक वो आप के पास रहती है अगर आपने उसको खो दिया तब जाकर आपको उसका दर्द महसूस होता है।
15. ख़ुशी ही एक ऐसी चीज है जो हमारे मन के दरवाजे को आसानी से खोलने का दम रखती है और ख़ुशी ही हमें जीने का ढंग समझाती है इसके बिना हमारा जीवन बिल्कुल अधुरा है।

******

# भारतीय राजनीति का वर्तमान स्वरूपः एक विमर्श

**अरूण कुमार**
सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान)
राजकीय महिला महाविद्यालय
झाँसी (उ.प्र.)

**शोध सारांश-**

शासन की समस्त प्रणालियों में लोकतन्त्र सर्वश्रेष्ठ शासन प्रणाली है। यह मुख्यतः जन आशाओं एवं आकांक्षाओं से आबद्ध प्रणाली होती है। इसमें जनता द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधियों के माध्यम से नियमों एवं नीतियों का निर्धारण किया जाता है तथा इसके अन्तर्गत शासन द्वारा नियुक्त प्रशासनिक कार्मियों के द्वारा व्यवस्था का प्रबन्धन एवं संचालन किया जाता है। जनता जो लोकतन्त्र का आधार है समष्टि की अभिव्यक्ति है। यह मुख्यतः जाति, वर्ग, सम्प्रदाय तथा क्षेत्रीयता जैसी धारणाओं में विभाजित रहती है, जिस कारण उनमें राष्ट्रीय हित के चिन्तन का अभाव पाया जाता है और इनमें संकीर्णता की भावना प्रबल रूप लेती रहती है। स्वतन्त्रता से पूर्व जन सामान्य में संकीर्णता के स्थान पर स्वतन्त्रता के ध्येय को लेकर समर्पण था। आज अपनी अनेक विकृत चुनौतियों के बावजूद भी भारतीय लोकतन्त्र का वजूद विश्व के सफलतम लोकतन्त्र के रूप में स्थापित है। भारतीय परिवेश में जब लोकतन्त्र को स्वीकार किया गया था तो तत्कालिक परिस्थितियाँ बहुत ही विषम एवं भयावह थी और इन परिस्थितियों से निकलकर भारतीय लोकतन्त्र ने अपनी स्थिरता व विकास का नया प्रतिमान विश्व के समक्ष प्रस्तुत किया है, लेकिन आज भारतीय लोकतन्त्र दिशाहीन प्रतीत हो रहा है। वर्तमान समय में जनता का जनता के लिए जनता के द्वारा संचालित यह व्यवस्था धनवान, अपराधियों एवं बाहुबलियों के चंगुल में फंस गयी है तथा जनता की स्थिति दास या सेवक मात्र की हो गयी है। लोकतन्त्र के आधार स्तम्भों में शामिल राजनीतिक दल भी दिशाहीन एवं विचारधारा रहित प्रतीत हो रहे हैं। राजनीतिक दल आज जनमानस को भेड़-बकरियों की भांति हॉकने की कोशिश करते हैं और इसके लिए वे धर्म, जाति-बिरादरी, प्रलोभन तथा डण्डे का भय दिखाते हैं।

**मुख्य शब्द-** भारत, लोकतन्त्र, राजनीतिक दल, जातिवाद, साम्प्रदायिकता।

स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद से ही भारत में राजनीतिक स्थिरता लाने का प्रयास शीर्ष प्राथमिकता में था। बढ़ती जनसंख्या के दबाव, सीमित होते संसाधन, वैज्ञानिक प्रगति, निजीकरण, उदारीकरण एवं भूमण्डलीकरण की प्रक्रिया, आर्थिक सम्बन्धों का प्रसार, राष्ट्रीय सम्प्रभुता के बदलते आयाम, अन्तर्राष्ट्रीयता की बदलती अवधारणा एवं बढ़ती हुई जन-आकांक्षाओं ने भारतीय राजनीति में स्थापित मानकों को विचलित किया है तथा नये मानकों को स्थापित होने के लिए मार्ग प्रशस्त किया है। जन मानस की गरिमा एक सफल राष्ट्र में ही सुनिश्चित होती है और यह गरिमा राजनीतिक दलों के माध्यम से लोगों की राजनीतिक सहभागिता का स्तर स्पष्ट होने से नेतृत्व में परिवर्तित होती है। इसी नेतृत्व को सत्ता तक पहुँचाने के लिए देश नागरिकों द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग कर शान्तिपूर्वक तरीके से सत्ता में बदलाव लाया जाता है। भारतीय राजनीति अपने व्यापक स्वरूप में सभी वर्गों के लिए देश की आत्मा एवं आवाज है क्योंकि इसने महिलाओं एवं ग्रामीण जनता को स्वाशासन का अधिकार देकर भारतीय लोकतन्त्र को प्रगतिशील और जीवन्त बना दिया है। इसमें कल्याणकारी राज्य की अवधारणा को स्वीकार कर बच्चों, वृद्धों, दिव्यांगों आदि को सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा निरन्तर उपलब्ध करायी जा रही है।

इतना स्पष्ट एवं आदर्शवादी जीवन्त स्वरूप होने के बावजूद भी भारतीय राजनीति के वर्तमान परिदृश्य में नेतृत्व के लिए मानक चारित्रिक विशेषताओं का निर्धारण नहीं हैं तथा जो मानक निर्धारित है उनमें भी छेद है। आज तक भारतीय राजनीति में अपराधियों एवं बाहुबलियों का प्रवेश रोकने का कारगर प्रयास नहीं हो सका है। ''यद्यपि भारतीय राजनीति में विद्यमान राजनीतिक दलों ने अपनी सुचिता को प्रदर्शित करने के लिए कुछ सिद्धान्तों को चलन में रखा, परन्तु व्यवहारिक धरातल पर उनकी सच्चाई में जमीन-आसमान का अन्तर है और आज उनका एक मात्र लक्ष्य ऐन-केन-प्रकारेण सत्ता को प्राप्त करना रहता है।''[1] दलीय सिद्धान्त सामूहिक न होकर व्यक्ति विशेष की इच्छा एवं वाचन के इर्द-गिर्द परिक्रमा लगाने वाला मात्र रह गया है। ऐसी परिस्थिति में आज बौद्धिक गुणों से सम्पन्न नेतृत्व के हाथों में सत्ता की बागडोर सौंपने के लिए नियम-निर्धारण तथा उन्हें कार्यान्वित करने की आवश्यकता है।

भारतीय राजनीति के सन्दर्भ में चिन्तन करते हुये महात्मा गाँधी, जवाहर लाल नेहरू एवं सरदार पटेल जैसे राष्ट्र नेताओं ने कभी इस बात की कल्पना नहीं की होगी कि भारतीय लोकतन्त्र का नेतृत्व ऐसे लोगों के हाथों में समाहित हो जाये जो कि सच्चरित्रता, सदाचार, संयम एवं नैतिकता जैसे गुणों के विरुद्ध जीवन का ध्येय रखते हो। जब अपराधी प्रवृत्ति के लोग सांसद एवं विधायक बनेंगे तो राजनीति एवं लोकतन्त्र निश्चित रूप से प्रभावित होंगे। ''लोकतांत्रिक मूल्यों एवं जनमानस की आस्था एवं भरोसे के प्रतीक संसद एवं विधानमण्डल लोकतन्त्र के मन्दिर है, लेकिन जब से गठबन्धन की राजनीति का दौर प्रारम्भ हुआ तब से ये मन्दिर दूषित होना चालू हो गये क्योंकि इनमें बाहुबलियों एवं अपराधी प्रवृत्ति के लोगों का प्रवेश, महत्व एवं प्रभाव बढ़ना प्रारम्भ हो गया।''[2] अपनी अपराधिक छवि एवं धनबल के कारण ये लोग न केवल संसदीय गरिमा को तार-तार करने लगे, बल्कि भारतीय राजनीति के आदर्शवादी मूल्यों को भी प्रभावित करने लगे। आज भारतीय राजनीति के सफल संचालन में ये लोग निरन्तर गतिरोध ला रहे है जिससे संसदीय प्रक्रिया प्रभावित होना शुरू हुयी और लोकतान्त्रिक मूल्यों को क्षति पहुँचने लगी है।

''वर्तमान समय में भारतीय राजनीति एक लाभकारी व्यवसाय बन चुकी है। संसद एवं विधानमण्डलों में निर्वाचित होने के पश्चात ज्यादातर सदस्य समाज एवं राष्ट्रहित को त्यागकर उद्योगपतियों के हितों को साधने का कार्य करते हैं।''[3] इसके साथ ही साथ ये सत्ता प्राप्त करने के लिए वैमनस्यता की राजनीति करने से भी पीछे नहीं हटते और राष्ट्रीय हितों के मुद्दों को छोड़कर साम्प्रदायिकता, जातिवाद एवं क्षेत्रीयता जैसे मुद्दों को उठाकर समाज व राष्ट्र को विघटित करने का प्रयास करते हैं। जिस कारण आज हमारी राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता में अवरोध पैदा हो रहा है। भारतीय राजनीति के आज के परिवेश में गौर करने वाली बात यह भी है कि राजनीति में आने वाले व्यक्तियों में आत्म चेतना की कमी है और इसी कारण हम देखते हैं कि राजनीति में भाषा की कोई मर्यादा शेष नहीं रह गई है। ''सामाजिक अवमूल्यन के इस परिवेश में किसी भी राजनीतिक दल का कोई भी नेता दूसरे के विरुद्ध किसी भी स्तर पर जाकर भाषा का प्रयोग कर रहा है।''[4] इसके अतिरिक्त हम देखते हैं कि अधिकांश सांसदों एवं विधायकों की अपने क्षेत्र के विकास में कोई विशेष रूचि नहीं रहती क्योंकि वे अपनी स्थानीय विकास निधि को सही समय पर एवं उचित तरीके से खर्च नहीं कर पाते हैं।

इसके अतिरिक्त भारतीय राजनीति में जनता की सेवा को आतुर नेताओं में भौतिक संसाधनों को प्राप्त करने व अधिकाधिक मात्रा में धन संग्रह की लालसा की प्रवृत्ति दृष्टिगोचर होती है। राजनीति के इन हालातों के कारण सामाजिक स्थिति ऐसी बनती जा रही है कि अनैतिक रूप से धन कमाने वाले व्यक्ति का लोगों द्वारा निरन्तर यशगान किया जा रहा है तथा इस प्रवृत्ति को हतोत्साहित करने की परम्परा हमारे सामाजिक परिवेश से विलुप्त होती जा रही है। ''भारतीय राजनीति की यह स्थिति हमारी वैदिक परम्परा के विरुद्ध है जिसमें यह माना जाता था कि जिस व्यक्ति के पास भरण-पोषण से अधिक धन संग्रह है, उसे वे कमजोर वर्ग के कल्याण हेतु दान करेंगे, लेकिन व्यक्ति राजनीतिक रसूख व बाहुबल के कारण आज जनता की गाढ़ी कमाई भी लूटने में लगे है।''[5]

भारतीय राजनीति में विद्यमान अधिकांश राजनीतिक दल क्षेत्रीयता, जातिवाद, सम्प्रदायिकता, लोकतान्त्रिक मूल्यों रहित, अपराधीकरण, अप्रशिक्षित पार्टी सदस्यों, अकुशल नेतृत्व क्षमता तथा विभाजनकारी नीतियों जैसी समस्याओं के दलदल में फंसे है। क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की जातिवादी व साम्प्रदायिक राजनीति का स्वरुप अब राष्ट्रीय राजनीतिक दलों में भी स्वीकार करना प्रारम्भ कर दिया है। इस कारण भारतीय राजनीति से आदर्शवादी मूल्यों का विलोपन हुआ है। ''यद्यपि जाति एवं धर्म हमारे समाज के प्रमुख घटक एवं सच्चाई है लेकिन राजनीतिक दलों के नेतृत्वकर्ताओं ने राजनीति में इनका उपयोग सत्ता प्राप्ति के उद्देश्य से करना प्रारम्भ कर दिया है जिससे ये

''यद्यपि आज हमारे देश की राजनीति में पर्याप्त स्थिरता एवं परिपक्वता दिखाई देती है फिर भी भारतीय राजनीति के स्वरुप का निर्धारण धर्म, जाति, सम्प्रदाय, अलगाववाद, पृथकतावाद जैसे संकीर्ण मुद्दों से होता है।''[8] महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य को सम्पूर्णता प्रदान करने के बावजूद भी समाज में आज भी महिलायें घरेलु हिंसा, बलत्कार, कन्याभूण हत्या, दहेज उत्पीड़न जैसी कुरीतियों से ग्रसित है। चुनावों की निष्पक्षता पर आज भी प्रश्न चिन्ह लगाया जाता है। ''क्षेत्रीय असमानता, कालाबाजारी, भ्रष्टाचार, आर्थिक असमानता अपर्याप्त शिक्षा, अवसरहीनता, आतंकवाद व नक्सलवाद जैसी विसंगतियाँ आज भी भारतीय राजनीतिक प्रणाली में देखने को मिलती है।''[9] इन विसंगतियों का समाधान सुनियोजित विकास एवं सुशासन से ही सम्भव है। अतः राजनीति में आने वाले नागरिकों को अपनी दृष्टि व्यापक बनाने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त हमें अपनी सामाजिक संरचना की जटिलता को शिथिल करने तथा राष्ट्रीय उपलब्धियों को जनसामान्य तक पहुँचाने के लिए बुद्धिजीवी वर्ग को आगे लाना पड़ेगा। ''भारतीय लोकतन्त्र को गतिशीलता तभी प्राप्त हो सकेगी जब इसके सफल संचालन में देश का प्रत्येक नागरिक योगदान दें।''[10]

प्रायः देश के हित में लिए गये निर्णयों के सन्दर्भ में सभी राजनीतिक दलों में एकमतता का अभाव भी भारतीय राजनीति की एक विसंगति है। ''अभी हाल ही में 8 नवम्बर, 2016 को प्रधानमन्त्री द्वारा जो नोटबन्दी की घोषणा की गयी थी उसका मुख्य उद्देश्य, काला धन, नकली मुद्रा, आतंकवाद, नक्सलवाद एवं ड्रग्स तस्करी तथा देश विरोधी गतिविधियों में भारतीय मुद्रा के प्रयोग पर रोक लगाना था परन्तु विपक्षी राजनीतिक दलों ने इस नीतिगत घोषणा को अपनी राजनीति चमकाने के उद्देश्य से इसका विरोध करने लगे थे।''[11] विपक्षी राजनीतिक दलों द्वारा हमेशा अपने स्वार्थों की पूर्ति व सत्ता प्राप्त करने की लालसा के कारण राष्ट्रीय नीतियों को गलत सिद्ध करने की कोशिश की जाती है, जो देश के भविष्य के लिए अच्छा संकेत नही हैं। आज भारतीय राजनीति में विद्यमान, तड़ीपार, मौत का सौदागर, टीपू-डकैत, सामन्त व आलाकमान जैसे शब्द से सिद्ध करते हैं कि भारतीय राजनीति किस दिशा में जा रही है।वर्तमान राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में भारतीय राजनीति एवं लोकतान्त्रिक व्यवस्था के लिए आतंकवाद व नक्सलवाद गम्भीर चुनौती के रूप में विद्यमान है। ''स्वतन्त्रता के बाद से ही सामाजिक, आर्थिक पिछड़ेपन की समस्या ने नक्सलवादी विचारधारा को जन्म दिया और यह एक परिस्थितिजन्य समस्या है।[12] यद्यपि प्रारम्भ में इसकी पृष्ठभूमि सामाजिक सरोकार से जुड़ी थी लेकिन अपने नये अवतार में यह एक राजनीतिक समस्या बन चुकी है और बीते कुछ सालों में इसने काफी उग्र स्वरूप धारण कर लिया है। ''देश के लगभग 40ः भू-भाग पर नक्सल्लियों की सामान्तर सरकारे चलती है। नक्सलवाद आज किसी विशेष राज्य की समस्या नहीं बल्कि यह भारतीय राजनीति की समक्ष गम्भीर चुनौती है। अकारण हिंसा, अपराध एवं उग्रवादी तरीके अपनाने के कारण नक्सलवाद देश की आन्तरिक सुरक्षा के लिए घातक सिद्ध हो रहा है।''[13] इसीलिए आवश्यकता इस बात की है कि नासूर बन चुके इस रोग का नये सिरे से समाधान निकाला जाये।

नक्सलवाद के साथ आतंकवादी घटनाक्रमों ने भी भारतीय राजनीतिक व्यवस्था के समक्ष नवीन चुनौतियाँ प्रस्तुत की है। ''आतंकवाद मुख्यतः सामाजिक व राजनीतिक व्यवस्था को हानि पहुँचाने के उद्देश्य से क्रियान्वित किया जाता है और इसका सर्वाधिक प्रभाव आम जनता पर पड़ता है।''[14] भारत में आतंकवाद ने अपने जिहादी स्वरूप को स्पष्ट किया है और राजनीतिक संवाद एवं चेतना के धरातल पर एक सुनिश्चित स्थान बना लिया है। आतंकवाद ने समाज में विद्यमान वर्गों के बीच विभाजनकारी रेखा को खींचा जिससे धार्मिक कट्टरता को बढ़ावा मिला है। इसी कारण आज हमारे देश में एक वर्ग से निरन्तर घृणा की जा रही है। हम पाते हैं कि आतंकवाद की समस्या हमारे देश के समक्ष एक नियति बनकर खड़ी है। संसद हमले के आरोपी अफजल गुरू, ताज हमले में पकड़े गये अजनल कसाब व जम्मू कश्मीर में सुरक्षा बलों द्वारा मारे गये बुरहान वानी की शव यात्रा में लाखों की भीड़ एकत्रित होना तथा देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों से देश विरोधी नारे लगाने वाले छात्रों के साथ देश के नामचीन नेताओं, मीड़िया हाउसों एवं फिल्मी जगत की प्रमुख हस्तिओं का खड़ा होना देश एवं सेना के पराक्रम पर अंगुली खड़ा करना आदि ऐसे दृष्टान्त है जो हमें सोचने पर मजबूर करते हैं कि अखिरकार लोग देश को किस दिशा में ले जाना चाहते हैं और देश का भविष्य क्या है ?

इस प्रकार गौर करे तो भारतीय राजनीति के समक्ष अनेक प्रकार की नवीन प्रवृत्तियाँ जैसे क्षेत्रवाद, जातिवाद, भाषावाद, साम्प्रदायिकता, भुखमरी, बेरोजगारी, पर्यावरण संकट, गरीबी, गठबन्धन की राजनीति तथा नौकरशाही का राजनीतिक आकर्षण आदि उभर कर सामने आई है। ''इन प्रवृत्तियों में क्षेत्रवाद, जातिवाद, साम्प्रदायिकता तथा भाषावाद ऐसे मुद्दे है जो कभी समाप्त नहीं हो सकते। गठबन्धन की राजनीति बहुदलीय व्यवस्था की संस्कृति की उपज है जिसका यथार्थ सत्य राजनीति में अवसरवादिता को बढ़ावा देना है। राजनीति के इस स्वरूप ने अवसरवादिता के साथ सौदेबाजी की व्यवस्था को भी जन्म दिया।''[15] यह प्रवृत्ति राष्ट्रीय और राजनीतिक दायित्वों के प्रति गैर जिम्मेदार एवं गैर जबावदेह होती है। अतः वर्तमान राष्ट्रीय हित में इस प्रवृत्ति की भूमिका को भी सीमित करना होगा जिससे राष्ट्रीय एकता बनी रही। महिला आरक्षण का विषय भी भारतीय राजनीति का ज्वलन्त मुद्दा है। महिलायें इसके लिए एकजुट होकर संघर्ष कर रही है।

**निष्कर्षतः-** भारतीय राजनीति को सुदृढ़ एवं गतिमान बनाने में संसदीय व्यवस्था, न्यायिक प्रक्रिया, जागरूक बुद्धिजीवी वर्ग, सतर्क मीड़िया एवं संगठित कार्यकारी वर्ग ने प्रमुख भूमिका निभायी है, लेकिन इसकी गत्यात्मक प्रवृत्ति में अवरोध खड़ा करने का कार्य राजनीति का अपराधीकरण, उत्तरदायित्व का अभाव, धनबल एवं बाहुबल का प्रभुत्व, साम्प्रदायिकता, जातिवाद, गरीबी, बेरोजगारी, निर्धनों एवं अल्पसंख्यक समूहों का दमन, क्षेत्रवाद, महिलाओं का शोषण तथा लिंगभेद जैसे कुप्रभावों ने किया है। इसके अतिरिक्त आतंकवाद एवं भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं ने भी भारतीय राजनीति के विकास के मार्ग को रोका है। इन प्रवृत्तियों के निराकरण के लिए हम अपनी पुरातन संस्कृति के आदर्शों के साथ-साथ गाँधीवादी मूल्यों का सहारा ले सकते हैं।

******

## सन्दर्भ ग्रन्थ:-


1. सेंगर, शैलेन्द्र **;** भारतीय लोकतन्त्र के समक्ष चुनौतियाँ, गुंजन प्रकाशन, नई दिल्ली, (2009) पृ.सं.-14.
2. जैन, कमलेश **:**न्यायपालिका कसौटी पर, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, (2001) पृ.सं.-9.
3. कश्यप, सुभाष **:**हमारी संसद, नेशनल बुक ट्रस्ट इण्डिया, नई दिल्ली (2010) पृ.सं.-16.
4. राय, अरूंधति **:** कठघरे में लोकतन्त्र, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, (2012) पृ.सं.-58.
5. सेंगर, शैलेन्द्र : भारतीय प्रशासन बदलते आयाम, कविता बुक सेण्टर, नई दिल्ली, (2015) पृ.सं.-32
6. सुध, खुशबू **:**धर्म राजनीति एवं मूल्यहीनता, पोइंटर पब्लिशर्स, जयपुर, (1999) पृ.सं.-56
7. जौहरी, जे0सी0 **:**तुलनात्मक शासन एवं राजनीति, स्टर्लिंग पब्लिशर्स प्रा0लि0 नई दिल्ली, (2016) पृ.सं.-163
8. चौधरी, लाखाराम **:** इण्डियन जर्नल सोशल साइंस एवं राजनीति विज्ञान में प्रकाशित वर्तमान भारतीय राजनीति: दशा एवं दिशा लेख, (2016) पृ.सं.-3.
9. त्रिपाठी, ममता मणि **:**समकालीन भारतीय राजनीति के मुद्दे: समस्या एवं समाधान, भारती पब्लिशर्स एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स, फैजाबाद, (2013) पृ.सं.-19.
10. सिंह, महेश्वर: भारतीय लोकतन्त्र: समस्यायें व समाधान साहित्य सागर प्रकाशन, जयपुर, (2000) पृ.सं.-77.
11. पाण्डेय, अरूण **:**हमारा लोकतन्त्र, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, (2000) पृ.सं.-155.
12. अग्रवाल, प्रमोद कुमार **:**भारत के विकास की समस्यायें लोक भारती प्रकाशन, इलाहाबाद, (2007) पृ.सं.-78.
13. रूपा, मंगलानी **:**भारतीय शासन एवं राजनीति राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, (2009) पृ.सं.-152.
14. आहूजा, राम :सामाजिक समस्यायें, रावत पब्लिकेशन्स, जयपुर, (2003) पृ.सं.-105.
15. जैन, श्रीमती राजेश ;भारतीय राजनीति के नये आयाम, विश्व भारती पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, (2008) पृ.सं.-176.

# डॉ. भीमराव अंबेडकर के राजनैतिक एवं संवैधानिक विचार और उनका भारतीय समाज पर प्रभाव

**ओम प्रताप सिंह**
शोधार्थी, इतिहास विभाग, शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, भोपाल (म.प्र.)
(बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल, म.प्र.)
Mob: 8700564523

**सारांश -** बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर सामाजिक क्रांति नवजागरण के अग्रदूत थे। वे संविधान के निर्माता, प्रबुद्ध, चिंतक एक महान समाजशास्त्री थे। जिन्होंने समता, स्वतंत्रता, बंधुत्व एवं न्याय पर आधारित समाज के गठन के लिए सतत् प्रयास किये। भारत के सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक तथा धार्मिक रूप से उपेक्षित दलित वर्ग के उत्थान हेतु उन्होंने निष्ठा और समर्पण की जिस स्थिति को अपनाया उसके आधार पर उन्हें भारत का अब्राहम लिंकन और मार्टिन लूथर कहा गया। डॉ. अम्बेडकर अगाध ज्ञान के प्रकाश से पल्लवित, कर्तव्य निष्ठ, अद्भुत प्रतिभा के धनी, सत्यनिष्ठ, स्पष्टवादिता के धनी भारतीय दलित के उत्थान के लिये संकल्पित थे।

**बीज-शब्द -** डॉ. भीमराव अम्बेडकर, समाज, संविधान, छुआछूत, दलित, शोषण, अधिकार, राजनैतिक

वर्ष 1935 भारत के सामाजिक, राजनैतिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण रहा। इस वर्ष डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने 13 अक्टूबर सन् 1935 के दिन धर्मान्तरण की घोषणा की। डॉ. अम्बेडकर द्वारा धर्मान्तरण की घोषणा से हिन्दू समाज ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण भारत में हलचल पैदा हो गयी। इस घोषणा का सर्वाधिक प्रभाव कांग्रेस, गांधीजी सहित सनातनी हिन्दुओं में देखने को मिला। गांधी जी ने अछूतों की झग्गी, झोपड़ियों तक जाने के कार्यक्रम बनाये, पदयात्रायें प्रारम्भ की, यहाँ तक अपनी अछूत विरोधी छवि को सुधारने हेतु कांग्रेस के बड़े नेताओं ने अपनी सोच में परिवर्तन लाने के अनेक प्रयत्न किये।

वहीं दूसरी ओर डॉ. अम्बेडकर ने अपना ध्यान व्यापक अध्ययन, चिंतन, लेखन, दलितों के राजनैतिक अधिकारों के लिए संघर्ष तथा संगठन, दलित किसान, कामगारों की एकता तथा महिलाओं की जागृति से जुड़े कार्यों में लगाया। कहने का आशय यह है कि डॉ. अम्बेडकर ने अपना रास्ता बदल दिया और उन्होंने इस बात का प्रण किया दलितों व अछूतों का हक अब केवल राजनैतिक क्षेत्र में अपनी प्रभावशील घुसपैठ के द्वारा ही संभव है जिसके लिए दलित संगठनों को मजबूती प्रदान कर उन्होंने अनुसूचित महासंघ की स्थापना की।

डॉ. अम्बेडकर ने लन्दन में आयोजित **प्रथम गोलमेज सम्मेलन** (1930-31) में भारत की स्वतंत्रता के साथ-साथ दलित वर्गों के राजनैतिक अधिकारों को दिलाने की जोरदार वकालत की। **द्वितीय गोलमेल सम्मेलन** में भी उन्होंने दलित वर्गों को विभिन्न विभागों जैसे - पुलिस, सेना आदि में जनसांख्यिक अनुपात के आधार पर समान अधिकारों का मुद्धा उठाया। सन् 1932 ई. में गांधी जी का भूख हड़ताल तुड़वाकर **पूना समझौते** के तहत दलित वर्गों के हितों व अधिकारों को डॉ. अम्बेडकर ने सर्वोपरि रखा।

डॉ. अम्बेडकर ने अपने राजनैतिक माँगों के दौरान दलित वर्गों के लिए सात सूत्रीय अधिकारों की माँग की जो इस प्रकार है -

**1.समान मूल अधिकार।**
**2.भेदभावपूर्ण व्यवहार के प्रति संरक्षण।**
**3.सरकारी नौकरियों में उनके सुरक्षित स्थान अर्थात् नौकरियों में आरक्षण।**
**4.विधान सभाओं में उनके आरक्षित स्थान।**
**5.उनके कल्याण के लिए अलग विभाग की स्थापना।**
**6.सामाजिक बहिष्कार करने वालों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान।**
**7.शोषण से मुक्ति की ओर ध्यान देने वाले प्रावधान।**

